

// कामयाब लोगों के चेहरे पर हमेशा दो चीज होती हैं, एक खामोशी और दूसरा हंसी। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित

सुबल वाणी



अगर तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो, तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 14 अक्तूबर, 2025 | कार्तिक कृष्ण पक्षः अष्टमी/नवमी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 284 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12







## न्यूज ब्रीफ

### राहुल गांधी आज वाई पूरण कुमार के परिवार से करेंगे मुलाकात

**नई दिल्ली (अप्रस)।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को चंडीगढ़ में आईपीएस अधिकारी वाई पूरण कुमार के परिवार से मुलाकात करेंगे। कुमार ने हाल ही में कथित तौर पर खुदकुशी कर ली थी। पार्टी सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी शाम को चंडीगढ़ पहुंचेंगे और कुमार के परिजनों को सांत्वना देंगे। इससे पहले कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कुमार की पत्नी अमनीत कुमार को पत्र लिखकर शोक व्यक्त किया था।

### झारखंड, मिजोरम और जम्मू-कश्मीर में उपचुनाव के लिए अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली (अप्रस)।** चुनाव आयोग ने तीन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में खाली हुई विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा की। झारखंड, मिजोरम और जम्मू-कश्मीर की विधानसभा की कुछ सीटें हाल ही में खाली हुई हैं, जिन्हें भरने के लिए चुनाव आयोग ने चुनावी प्रक्रिया की तारीखें तय की हैं। यह उपचुनाव 16 नवंबर तक पूरा कर लिया जाएगा। झारखंड की 45-घाटशिला (एसटी) विधानसभा सीट (जो राम दास सोरेन के निधन के कारण 15 अगस्त, 2025 को खाली हुई थी) पर उपचुनाव होने जा रहा है। चुनाव आयोग ने इस सीट के लिए उपचुनाव की तारीखों का ऐलान करते हुए कहा है कि 16 नवंबर तक नया विधायक चुना जाएगा। निर्वाचन के लिए 21 अक्टूबर को नामांकन की अंतिम तारीख रहेगी। 22 अक्टूबर को नामांकन की जांच होगी और 24 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। 11 नवंबर को मतदान होगा।




पंजाब कैबिनेट के अहम फैसले

# किसानों को मिलेगा 20 हजार रुपए प्रति एकड़ मुआवजा, जेलों में तैनात होंगे स्नीफर डॉग

**मुआवजा बढ़ाने का अनुकरणीय कदम उठाने वाला देश का पहला राज्य बना पंजाब**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** सीएम भगवंत मान की अध्यक्षता में सोमवार को कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें अहम फैसले लिए गए। कैबिनेट ने किसानों के लिए फसल नुकसान के मुआवजे की राशि को बढ़ाकर प्रति एकड़ 20 हजार रुपए करने की मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण क्षतिग्रस्त फसलों और घरों के नुकसान के लिए प्रभावित लोगों को उचित राहत प्रदान करने के लिए, मंत्रिमंडल ने नुकसान की भरपाई के लिए राज्य के बजट से मुआवजा देने हेतु संशोधित राहत राशि की दरों को कार्योत्तर मंजूरी दे दी। इस साल राज्य को भयंकर बाढ़ का सामना करना पड़ा, जिसके कारण राहत राशि में वृद्धि का फैसला लिया गया। इस फैसले के तहत 26 से 75 प्रतिशत तक फसल नुकसान के लिए प्रति एकड़ 10 हजार रुपए और 76 से 100 प्रतिशत तक नुकसान के लिए प्रति एकड़ 20 हजार रुपए मुआवजा दिया जाएगा। इसके अलावा, आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए प्रति घर 40,000 रुपए दिए जाएंगे, जबकि पहले यह राशि केवल 6,500 रुपये प्रति एकड़ थी। भारत सरकार द्वारा एस.डी.आर.एफ. से दी जाने वाली राशि में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी, इसलिए अतिरिक्त मुआवजा राशि राज्य सरकार अपने खजाने से वहन करेगी।



### पंजाब माइनर मिनरल रूल्स-2013 में संशोधन को मंजूरी

अंतरराज्यीय चेकपोस्टों के संचालन को सुचारू बनाने के लिए मंत्रिमंडल ने पंजाब माइनर मिनरल रूल्स, 2013 में संशोधन को मंजूरी दे दी, जिससे राज्य में प्रवेश करने वाले वाहनों, जो प्रोसेस्ड या अनप्रोसेस्ड छोटे खनिज पदार्थ (माइनर मिनरल्स) ले जा रहे हों, पर शुल्क लगाया जा सकेगा। इससे विभाग द्वारा अंतरराज्यीय चेकपोस्टों पर होने वाले संचालन लागत को पूरा करने में मदद मिलेगी। साथ ही, इन चेकपोस्टों के सिस्टम को और मजबूत व प्रभावी बनाने में भी सहायता मिलेगी, जिससे उनकी देखभाल और रखरखाव में मदद मिलेगी।

कैबिनेट ने आपराधिक गतिविधियों और नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकने, मुलाकातियों की तलाशी के स्तर को बढ़ाने और जेलों के समग्र सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करने के लिए मंत्रिमंडल ने पंजाब ट्रांसपेरेंसी इन प्रोक्योरमेंट एक्ट, 2019 की धारा 63(1) के तहत स्नीफर कुत्ते खरीदने के लिए छूट दी है। जेलों के भीतर आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए जेलों की सुरक्षा आवश्यकताओं के लिए बी.एस.एफ./सी.आर.पी.एफ. से छह स्निफर कुत्ते खरीदे जाएंगे। यह कदम जेलों की सुरक्षा बढ़ाने और जेलों में आपराधिक गतिविधियों की जांच में सहायता करेगा।

**विभिन्न विभागों में कार्यरत ओएसडी का निर्धारित मानदेय बढ़ेगाः** मंत्रिमंडल ने विभिन्न विभागों में कार्यरत ओ.एस.डी. (लिटिगेशन) को मिलने वाले निर्धारित मानदेय को बढ़ाने की भी मंजूरी दे दी। विभिन्न विभागों में ओ.एस.डी. (लिटिगेशन) की 13 अस्थायी रिक्तियों को सृजित किया गया है, और वर्ष 2020 में उनकी रिटेनरशिप फीस को 50,000 रुपए से बढ़ाकर 60,000 रुपए कर दिया गया था। अब ओ.एस.डी. (लिटिगेशन) की निश्चित वेतन/रिटेनरशिप फीस को 10,000 रुपए तक बढ़ा दिया गया है।

**कैबिनेट सब-कमेटी के गठन के लिए कार्योत्तर मंजूरीः** मंत्रिमंडल ने मंडी गोबिंदगढ़ और खन्ना क्षेत्र की रोलिंग मिलों को कोयले से पी.एन.जी. में परिवर्तित करने के लिए कैबिनेट सब-कमेटी के गठन को कार्योत्तर मंजूरी दे दी। मंत्रिमंडल ने राज्य में टेलीकम्यूनिकेशंस (राइट ऑफ वे) रूल्स-2024 को लागू करने की मंजूरी दे दी।

### प्लॉटों की आरक्षित कीमत निर्धारित करने की नीति में संशोधन को मंजूरी

विकास प्राधिकरणों के तहत विभिन्न स्थानों की आरक्षित कीमत निर्धारित करने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाने के लिए मंत्रिमंडल ने प्लॉटों की आरक्षित कीमत तय करने की नीति में संशोधन को मंजूरी दे दी। संशोधित ई-नीलामी नीति के अनुसार, साइट की आरक्षित कीमत राष्ट्रीय बैंकों में सूचीबद्ध तीन स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ताओं (वैल्यूअर्स) के मूल्यांकन के आधार पर निर्धारित की जाएगी। एक बार नीलामी के लिए निर्धारित की गई आरक्षित कीमत एक कैलेंडर वर्ष के लिए मान्य रहेगी।

### सहकारी कमेटियों के लिए स्थान आवंटन की नीति मंजूर

मंत्रिमंडल ने ग्रुप हाउसिंग स्कीम-2025 के तहत बहुमंजिला फ्लैटों के निर्माण के लिए सहकारी कमेटियों को स्थान आवंटन की नीति को भी मंजूरी दे दी। इस नीति का उद्देश्य सहकारी हाउसिंग कमेटियों को सुविधा प्रदान करके पंजाब के शहरी क्षेत्रों में किफायती और योजनाबद्ध आवास को सुनिश्चित करना है। यह फैसला भूमि आवंटन के लिए पारदर्शी, निष्पक्ष और संरचनात्मक ढांचा प्रदान करता है, जिससे राज्य के शहरी नियोजन लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध निर्माण और विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### मेगा हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को पूरा करने की नीति को हरी झंडी

प्रमोटरों को होने वाली कठिनाइयों और आम लोगों को राहत देने के लिए मंत्रिमंडल ने विभिन्न विकास प्राधिकरणों के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मेगा हाउसिंग प्रोजेक्ट्स को पूरा करने की नीति को मंजूरी दे दी। प्रोजेक्ट के विकास के लिए लागू अवधि और पहले से स्वीकृत प्रोजेक्ट्स को पूरा करने की तारीख को 31 दिसंबर, 2025 से अधिकतम पांच वर्ष की अवधि के लिए, प्रमोटर के अनुरोध पर 25,000 रुपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से केवल एक बार विस्तार की अनुमति दी जाएगी। लागू अवधि में विस्तार के लिए दी गई मंजूरी के लिए भुगतान पहले जमा करना होगा, और इसके बाद लागू अवधि में किसी भी विस्तार की अनुमति नहीं होगी।

# आईपीएस पूरन कुमार के पोस्टमार्टम पर गतिरोध जारी, सातवें दिन भी नरम नहीं पड़ा परिवार

**एसआईटी अधिकारियों ने अमनीत पी कुमार से की बातचीत**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार के पोस्टमार्टम में अब पेंच फंस गया है। चंडीगढ़ पुलिस ने परिवार की मांग पर जहां एफआईआर में एससी/एसटी एक्ट की कड़ी धारा को शामिल कर दिया है। चंडीगढ़ प्रशासन लगातार परिवार के संपर्क में है। सोमवार को प्रशासन ने परिवार की एक और मांग को पूरा करते हुए पोस्टमार्टम टीम में एक मजिस्ट्रेट को शामिल करने पर सहमति दे दी है। चंडीगढ़ पुलिस की एसआईटी में शामिल एसपी सिटी केएम प्रियंका ने सोमवार की सुबह अमनीत पी कुमार से मुलाकात की। देर शाम एसआईटी के एक अन्य अधिकारी ने अमनीत से केस के सिलसिले में बातचीत की। उन्होंने बताया कि मेडिकल बोर्ड में एक बैलिस्टिक विशेषज्ञ और एक मजिस्ट्रेट को शामिल करने की मांग मान ली गई है। पीजीआई में मेडिकल बोर्ड का गठन पहले ही हो चुका है। परिवार की मांग पर चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से यह तय किया गया है कि पोस्टमार्टम पीजीआई के डॉक्टरों की टीम द्वारा किया जाएगा।

इस बीच आज चंडीगढ़ प्रशासन ने पोस्टमार्टम की तैयारी भी की लेकिन अमनीत पी कुमार शव की शिनाख्त करने के लिए पीजीआई नहीं गईं। इस संबंध में रविवार की रात एसआईटी ने उन्हें पत्र लिखकर शव की शिनाख्त के लिए कहा था लेकिन वह आज पीजीआई नहीं गईं। चंडीगढ़ प्रशासन के अधिकारियों के बाद हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने भी आज अमनीत पी कुमार से मुलाकात की। करीब आधा घंटा तक चली बैठक का कोई नतीजा सामने नहीं आया। अनुराग रस्तोगी भी परिवार को मनाने में विफल रहे। जिसके चलते आज सातवें दिन भी वाई पूरन कुमार के शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका।

### केंद्र सरकार ने राम दास अठावले को मैदान में उतारा, सीएम से मिले केंद्रीय मंत्री




चंडीगढ़। हरियाणा के आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में अब केंद्र सरकार की एंट्री हो गई है। हरियाणा सरकार द्वारा इस प्रकरण के बाद से डैमेज कंट्रोल के लिए तैनात किए गए दो कैबिनेट मंत्रियों ने दो दिन से अमनीत पी कुमार के परिवार से बातचीत नहीं की है। वाई पूरन कुमार का परिवार अभी तक एक बार भी फ्रंट पर नहीं आया है लेकिन अमनीत के भाई एवं पंजाब के बठिंडा से आम आदमी पार्टी के विधायक अमित रतन कोटफत्ता इस प्रकरण की कमान संभाले हुए हैं। अमनीत पी कुमार तथा उनके पारिवारिक सदस्यों का रुख देते हुए हरियाणा सरकार अब बातचीत से पीछे हट गई है। सरकार की तरफ से कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार तथा कृष्ण बेदी को इस मामले में डैमेज कंट्रोल का जिम्मा सौंपा गया था। दोनों मंत्री परिवार को मनाने में असफल रहे हैं। रविवार व सोमवार को मुख्यमंत्री की तरफ से कोई भी मंत्री अमनीत पी कुमार से मुलाकात के लिए नहीं पहुंचा। इस बीच केंद्र सरकार ने राज्य मंत्री रामदास अठावले को मैदान में उतार दिया है। अठावले ने आज सुबह परिवार से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। इसके बाद फिर उन्होंने अमनीत से बातचीत की। इसके बावजूद गतिरोध बना हुआ है। उधर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी के अलावा वरिष्ठ आईएएस आर.एस. वुंड्रू ने भी अमनीत से मुलाकात की। इसके बाद दोनों अधिकारियों की गृह सचिव के साथ बैठक की। प्रदेश के आला अधिकारियों के बीच इस मुद्दे को लेकर आज दिन भर बैठकों का दौर चलता रहा।

# बिहार विधानसभा के दूसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बिहार में विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण की 122 सीटों तथा सात अन्य राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेश की आठ सीटों के लिए सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी। इसी के साथ पंजाब के तरनतारन, राजस्थान के अंता, ओडिशा के नुआपारा, झारखंड के घाटशिला, तेलंगाना के जुबली हिल्स, मिजोरम के डम्पा और केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर विधानसभा की नगरोटा व बडगांव की रिक्त सीटों के उपचुनावों के लिए भी अलग-अलग अधिसूचना जारी की गयी हैं। बिहार में विधानसभा की कुल 243 सीटों के लिए दो चरणों में छह और 11 नवंबर को चुनाव कराये जायेंगे। बिहार में दूसरे चरण के चुनाव के साथ ही पंजाब, राजस्थान, ओडिशा, झारखंड,तेलंगाना, मिजोरम तथा जम्मू- कश्मीर के विधानसभा के उपचनाव 11 नवंबर को कराये जाने हैं।

इन सभी चुनाव की मतगणना 14 नवंबर को करायी जाएगी। अधिसूचनायें जारी होने के साथ ही बिहार की दूसरे चरण के चुनाव और अन्य राज्यों के उपचुनावों के लिए प्रत्याशियों के नामांकन की प्रक्रिया भी आज से शुरु हो जाएगी।



ताजपोशी

**कार्यभार संभालते ही सक्रिय हुए हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष, सभी नेताओं को पत्र लिखकर बोले-**

# बैनर-पोस्टर में प्रोटोकॉल अनुसार लगेगी नेताओं की फोटो

**कहा- अब से कांग्रेस पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में प्रचार सामग्री पर प्रदेश मुख्यालय द्वारा निर्धारित फोटो ही प्रयोग की जाएगी**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने कार्यभार संभालते हुए पार्टी के नेताओं को एकता और अनुशासन को मजबूत करने के लिए उन्होंने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों और पदाधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं। अब से किसी भी स्तर पर आयोजित कार्यक्रम, सम्मेलन, रैली या जयंती समारोह के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग और अन्य प्रचार सामग्री में नेताओं की तस्वीरें तय प्रोटोकॉल के अनुसार ही लगाई जाएंगी। राव नरेंद्र सिंह द्वारा जारी सर्कुलर में साफ लिखा गया है कि अब से कांग्रेस पार्टी के किसी भी कार्यक्रम में प्रचार सामग्री पर प्रदेश मुख्यालय द्वारा निर्धारित फोटो ही प्रयोग की जाएगी।

इनमें सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, केसी वेणुगोपाल, बीके हरिप्रसाद, राव नरेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी सैलजा, रणदीप सिंह सुरजेवाला व दीपेंद्र सिंह हुड्डा शामिल हैं। सर्कुलर में यह भी उल्लेख है कि फोटो का क्रम तय रहेगा। यानी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं की फोटो ऊपर और प्रमुख राज्य नेताओं की नीचे लगाई जाएगी। किसी भी जिला या स्थानीय कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष की फोटो सबसे नीचे बाईं ओर लगाई जा सकेगी।

कई बार जिलों में बैनर-पोस्टर से किसी नेता की फोटो गायब होने पर विवाद खड़े हुए हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए राव नरेंद्र सिंह ने यह स्पष्ट आदेश दिया है कि भविष्य में किसी भी कार्यक्रम में फोटो प्रोटोकॉल का उल्लंघन न हो, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न न हो। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा है कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि सभी कार्यकर्ता और जिला अध्यक्ष पार्टी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए उपरोक्त दिशा-निर्देशों का पालन करेंगे। इस सर्कुलर की प्रति सभी जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों, पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता, सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों को भेजी गई है।

### पंजाब सरकार ने निभाया वादा, सिर्फ़ 30 दिनों में सबसे ज़्यादा मुआवजा देकर रचा इतिहास

# मुख्यमंत्री ने 631 किसानों को वितरित किया मुआवजा

देश के किसी राज्य या किसी सरकार ने आज तक 20 हज़ार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा नहीं दिया: सीएम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अजनाला (अमृतसर), 13 अक्टूबर।** पंजाब सरकार ने बाढ़ पीड़ित किसानों को राहत पहुंचाने में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मुआवजा वितरण के लिए तय की गई 45 दिनों की समयसीमा से पहले ही अमृतसर जिले के 631 किसानों को 5.70 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए। यह कार्य महज 30 दिनों में पूरा कर सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता साबित की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि पहली बार किसी राज्य सरकार ने किसानों को प्रति एकड़ 20,000 रुपये मुआवजा देने का फैसला किया है। आमतौर पर राज्य आपदा राहत कोष के अंतर्गत केवल 6,800 रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाता है, जिसमें राज्य सरकार का हिस्सा 1,700 रुपये होता है। लेकिन इस बार पंजाब सरकार ने खुद 13,200 रुपये अतिरिक्त जोड़कर यह राशि बढ़ाई है।

बाढ़ के कारण अमृतसर जिले के 198 गांव प्रभावित हुए हैं, जिनमें 59,793 एकड़ फसल पूरी तरह बर्बाद हुई। 958 मकान पूरी तरह ढह गए और 3,711 मकानों को आंशिक क्षति पहुंची है। इसके अलावा 307 पशुओं की मृत्यु भी दर्ज की गई है। 10 लोगों की जान गई, जिनके परिजनों को चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता पहले ही दी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पहली बार विशेष गिरदावरी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से की गई। राज्य के 2,508 गांवों में विशेष सर्वेक्षण किया गया, जिसमें से 825 गांवों में आपत्तियों की प्रक्रिया पूरी होने के बाद मुआवजा जारी कर दिया गया है। शेष गांवों में भी 28 अक्टूबर तक मुआवजा वितरित कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि पूरी तरह क्षतिग्रस्त घरों के लिए 1.20 लाख रुपये और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों के लिए 40,000 रुपये की राशि दी जाएगी, जबकि पहले यह राशि केवल 6,500 रुपये थी। पशुओं और पोल्ट्री के नुकसान की भरपाई के लिए 7 करोड़ रुपये का मुआवजा निर्धारित किया गया है। इसके अंतर्गत 1,766 पशुओं और करीब 2.2 लाख मुर्गियों की हानि शामिल है। सरकार ने ÷जिसदा खेत, उसदी रेत÷ नीति को लागू करते हुए किसानों को अपने खेतों में जमा रेत और गाद हटाने या बेचने की अनुमति दी है। इसके साथ ही 5 लाख एकड़ बाढ़ प्रभावित भूमि में गेहूं के मुफ्त बीज वितरित किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में मुफ्त स्वास्थ्य शिविर और पशुओं के लिए टीकाकरण अभियान भी चलाया गया।

मुख्यमंत्री ने केंद्र सरकार पर भी आरोप लगाए कि पंजाब को बाढ़ से करीब 14,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने अब तक कोई सहायता नहीं दी है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार भीख नहीं मांग रही, बल्कि केंद्र से अपना वैध हिस्सा मांग रही है, जो अवैध रूप से रोका गया है। मुख्यमंत्री ने अंत में कहा कि पंजाब सरकार राज्य की प्रगति और जनता की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां सहित कई अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा बल के गठन से सड़क हादसों में 48 प्रतिशत की कमी आई

सड़क सुरक्षा बल के गठन से सड़क हादसों में 48 प्रतिशत की कमी आई है, जिसकी सराहना केंद्र सरकार ने भी की है। मुख्यमंत्री ने बताया कि 55,000 से अधिक युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गई हैं। नशे के खिलाफ अभियान का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त रसूखदार नेताओं को जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों में इन नेताओं को कोई छूने की हिम्मत नहीं करता था, लेकिन अब कानून सभी पर समान रूप से लागू हो रहा है। कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू पर तंज कसते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति 9 से 5 की नौकरी नहीं है, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता केवल सोशल मीडिया पर तस्वीरें पोस्ट कर जनता को गुमराह करने की कोशिश करते हैं।

# मुख्यमंत्री ने कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के लिए पंजाब और अर्जेंटीना के बीच आपसी सहयोग बढ़ाने की वकालत की

अर्जेंटीना के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात, आधुनिक कृषि तकनीकों में दिखाई रुचि



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कृषि को लाभदायक व्यवसाय बनाने के लिए पंजाब और अर्जेंटीना के बीच आपसी सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। अर्जेंटीना के सेंट्रो एग्रो-टेक्निको रीजनल के प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि इस प्रतिष्ठित संस्थान के शिक्षक और विद्यार्थी 8 से 17 अक्टूबर तक पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के अध्ययन दौरे पर आए हुए हैं। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना की अर्थव्यवस्था में कृषि का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है – विशेषकर पशुपालन और अनाज उत्पादन के क्षेत्र में अर्जेंटीना दुनिया के अग्रणी खाद्य उत्पादक देशों में से एक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि यह छात्र पंजाब में प्रचलित आधुनिक कृषि तकनीकों और तौर-तरीकों को समझने के लिए यहां आए हैं। मुख्यमंत्री ने पंजाब और अर्जेंटीना के बीच लंबे समय से चल रहे सहयोग का उल्लेख करते हुए कहा कि यह साझेदारी दोनों क्षेत्रों के लिए लाभदायक साबित होगी, क्योंकि कृषि दोनों की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। उन्होंने कहा कि पंजाब और अर्जेंटीना कृषि क्षेत्र में मिलकर काम कर सकते हैं ताकि पारस्परिक सहयोग को और प्रोत्साहन मिले।

भगवंत सिंह मान ने यह जानकर खुशी जताई कि अर्जेंटीना का प्रतिनिधिमंडल हर वर्ष शैक्षणिक टूर के तहत पंजाब कृषि विश्वविद्यालय का दौरा करता है, जबकि पंजाब कृषि विश्वविद्यालय का प्रतिनिधिमंडल भी हर वर्ष अर्जेंटीना जाता है ताकि वहां की कृषि प्रणाली से अनुभव प्राप्त कर अपने छात्रों की विशेषज्ञता को और निखारा जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्जेंटीना और पंजाब दोनों ही कृषि से संबंधित समान चुनौतियों और समाधान का सामना करते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह द्विपक्षीय सहयोग कृषि को लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को पंजाब की समृद्ध संस्कृति से भी अवगत करवाया और आशा व्यक्त की कि उन्हें अपने प्रवास के दौरान पंजाब की संस्कृति की झलक अवश्य मिलेगी।

इस अवसर पर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सतबीर सिंह गोसल, डायरेक्टर स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. निर्मल जौड़ा, एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. विशाल बेक्टर, रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंस विभाग की प्रमुख डॉ. शरणबीर कौर बल्ल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वर्ण मंदिर में हीरो मोटोकॉर्प ने नई डेस्टिनी 110 की भेंट की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 13 अक्टूबर।** हीरो मोटोकॉर्प ने अपनी परंपरा को निभाते हुए आज अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) में अपनी नई हीरो डेस्टिनी 110 स्कूटर की विशेष भेंट की। कंपनी का यह कार्यक्रम श्रद्धा और कृतज्ञता से भरा रहा। अधिकारियों ने स्वर्ण मंदिर में अरदास कर नई डेस्टिनी 110 की सफलता और ग्राहकों की सुरक्षित यात्रा के लिए आशीर्वाद मांगा। हीरो मोटोकॉर्प, जो दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी है, हर नए मॉडल की शुरुआत किसी पवित्र स्थल से करने की परंपरा निभाती रही है। इस अवसर पर कंपनी के एरिया मैनेजर श्री नितिन पराशर (चंडीगढ़ कार्यालय) और उनकी टीम उपस्थित रही। साथ ही इस मौके पर श्री नवल कपूर, मालिक ङ्क स्पीडवेज हीरो, अमृतसर और श्री हरप्रीत सिंह, मालिक ङ्क हरप्रीत हीरो, तरनतारन भी मौजूद थे।

श्री नितिन पराशर ने कहा, 'हीरो मोटोकॉर्प हर नई शुरुआत को ईश्वरीय आशीर्वाद से जोड़कर देखती है। स्वर्ण मंदिर में डेस्टिनी 110 की भेंट हमारे ग्राहकों और पूरे हीरो परिवार की समृद्धि की कामना का प्रतीक है।' नई हीरो डेस्टिनी 110 को रोज़मर्रा के उपयोग के लिए बेहतर आराम, आकर्षक डिज़ाइन और दमदार परफॉर्मेंस के साथ पेश किया गया है। हीरो मोटोकॉर्प की यह पहल केवल एक वाहन की भेंट नहीं, बल्कि 'भक्ति से गतिशक्ति' की भावनात्मक यात्रा का प्रतीक बनी।

### सरकार ने धान की अंतरराज्यीय अवैध ढुलाई पर कसा शिकंजा

# कोटकपूरा के शेलर मालिक सहित 6 व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

गुरमीत सिंह खुड्डियां द्वारा डीएमओज़ को पंजाब में अन्य राज्यों से धान का एक भी दाना ना आने देने के निर्देश



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** पंजाब के कृषि और किसान कल्याण मंत्री श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि धान की अवैध अंतरराज्यीय ढुलाई पर सख्ती करते हुए मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने फरीदकोट जिले के कोटकपूरा थाने में एफआईआर दर्ज की है। खुड्डियां ने कहा कि स्थानीय मार्कफेड शाखा प्रबंधक की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की धारा 318(4) और 61(2) तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा 7 के तहत एफआईआर संख्या 0184 दर्ज की गई है। यह मामला कोटकपूरा के गांव हरी नौ स्थित दो चावल मिल मालिकों और राजस्थान के पांच व्यक्तियों के खिलाफ दर्ज किया गया है। पुलिस ने अवैध धान से भरी राजस्थान नंबर की चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी जब्त की हैं।

इस घटना के मद्देनजर श्री खुड्डियां ने आज अपने कार्यालय में पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन हरचंद सिंह बरस्ट के साथ मिलकर जिला मंडी अधिकारियों (डीएमओज़) और मुख्य कृषि अधिकारियों (सीएओ) की एक महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विशेष रूप से सीमावर्ती जिलों में, पंजाब की सीमाओं के भीतर अन्य राज्यों से एक भी दाना धान का नहीं बिकना चाहिए।

पंजाब के कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के कृषि मार्किट ढांचे की रक्षा और स्थानीय किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों के धान की बिक्री के प्रति ''शून्य-सहनशीलता'' की नीति अपना रही है।

धान की खरीद संबंधी कार्यों की समीक्षा करते हुए, श्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने सभी मार्केट कमेटी सचिवों और डीएमओज़ को निर्देश दिया कि शेलर को धान भेजने से पहले पीएयू-कैलिब्रेटेड नमी मापक यंत्रों से नमी की जांच सुनिश्चित करें ताकि किसानों को उचित मूल्य मिले और पंजाब के अनाज की गुणवत्ता बनी रहे।

कृषि और किसान कल्याण विभाग के प्रबंधकीय सचिव डॉ. बसंत गर्ग ने सभी मुख्य कृषि अधिकारियों को जागरूकता अभियान को और तेज करने, किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करने तथा उन्हें इन-सीटू और एक्स-सीटू तरीकों का उपयोग कर पराली प्रबंधन करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।

पंजाब मंडी बोर्ड के सचिव श्री रामवीर ने कैबिनेट मंत्री को बताया कि राज्य की सभी अनाज मंडियों में किसानों को फसल बेचने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि पंजाब मंडी बोर्ड द्वारा अन्य राज्यों से धान की अवैध ढुलाई को रोकने के लिए विशेष नाके भी स्थापित किए जा रहे हैं।

## पंजाब की जातियों को केंद्रीय सूची में शामिल करने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग 14 अक्टूबर को चंडीगढ़ के होटल माउंटव्यू में करेगा जन सुनवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी), नई दिल्ली भारत सरकार की केंद्रीय ओबीसी सूची में पंजाब की विभिन्न जातियों को शामिल करने के संबंध में 14 अक्टूबर 2025 को दोपहर 2.00 बजे होटल माउंटव्यू (कॉन्फ्रेंस हॉल), सेक्टर-10, चंडीगढ़ में एक जन सुनवाई आयोजित करेगा।

प्रवक्ता ने बताया कि यह जन सुनवाई पहले यू.टी. चंडीगढ़ के गेस्ट हाउस में होनी निर्धारित थी, लेकिन अब यह सुनवाई होटल माउंटव्यू (कॉन्फ्रेंस हॉल), सेक्टर-10, चंडीगढ़ में होगी।

उन्होंने कहा कि इस जन सुनवाई का मुख्य उद्देश्य संबंधित जातियों के प्रतिनिधियों को आयोग के समक्ष अपने विचार, तथ्य और मांगें सीधे तौर पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करना है। राज्य सरकार ने संबंधित जाति समूहों और उनके प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे इस जन सुनवाई में सक्रिय रूप से भाग लें और अपने सुझाव आयोग के साथ साझा करें।

# खाद्यान्न पर बारिश के प्रभाव का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीमें पंजाब की मंडियों का दौरा करेंगी: कटारूचक

पंजाब ने राज्य भर में 17 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की – मंत्री को प्रतिकूल मौसम के बावजूद केंद्रीय पूल के लिए 172 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य पूरा होने की उम्मीद



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**खरड़ (साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर), 13 अक्टूबर।** पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक ने आज यहाँ कहा कि धान पर हाल ही में हुई बारिश के प्रभाव का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीमें जल्द ही पंजाब की मंडियों का दौरा करेंगी। सोमवार को खरड़ अनाज मंडी के अपने दौरे के दौरान, खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री ने चल रहे खरीद कार्यों पर संतोष व्यक्त किया और चुनौतीपूर्ण मौसम के बावजूद सुचारू खरीद सुनिश्चित करने वाले किसानों, एजेंसियों और अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि पंजाब में अब तक 18 लाख मीट्रिक टन धान की आवक दर्ज की गई है, जिसमें से 17 लाख मीट्रिक टन की खरीद पहले ही हो चुकी है। मंत्री ने आगे बताया कि खरीदे गए धान के बदले किसानों को 3,215 करोड़ रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के पास चालू खरीफ विपणन सत्र के लिए पहले से ही 27,000 करोड़ रुपये की नकद ऋण सीमा (सी सी एल) है।

उन्होंने कहा, 'कुछ क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम के कारण फसल को हुए नुकसान के बावजूद, पंजाब केंद्रीय पूल में 172 लाख मीट्रिक टन धान डालने के अपने लक्ष्य को पूरा करेगा।' मंत्री ने कहा, 'पंजाब के किसान मौसम की चुनौतियों का डटकर सामना कर रहे हैं।' जिले में खरीद व्यवस्था की प्रगति से अवगत कराते हुए, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक डॉ. नवरीत ने मंत्री को बताया कि एस ए एस नगर जिले में 2,01,199 मीट्रिक टन धान की अपेक्षित आवक के मुकाबले 75,996 मीट्रिक टन धान की खरीद हो चुकी है।

### पंजाब सरकार का बड़ा कदम

# बुड्ढा दरिया की सफाई और रंगाई उद्योग के गंदे पानी के समाधान के लिए टीडब्लयूआईसी से विचार-विमर्श

तमिलनाडु वॉटर इन्वेस्टमेंट कंपनी के साथ ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज तकनीक पर हुई चर्चा, लुधियाना के उद्योगों को मिलेगा किफायती और टिकाऊ समाधान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** बुड्ढा दरिया की सफाई, इसके पुनर्जीवन और लुधियाना के रंगाई उद्योग से जुड़ी गंदे पानी की समस्याओं के समाधान के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए, पंजाब सरकार ने 8 अक्टूबर को मैगसीपा, चंडीगढ़ में तमिलनाडु वॉटर इन्वेस्टमेंट कंपनी (टीडब्ल्यूआइसी) के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया। यह कंपनी तमिलनाडु सरकार और आइ.एल. एंड एफ. एस. का एक संयुक्त उपक्रम है, जो तिरुपुर और इरोड जैसे प्रमुख वस्त्र क्लस्टरों में ज़ीरो लिक्विड डिस्चार्ज (जैडएलडी) आधारित सामान्य अपशिष्ट शोधन संयंत्र (सीइटीपीज़) स्थापित करने के लिए जानी जाती है।

यह बैठक पंजाब विकास आयोग (पीडीसी) के सदस्य (उद्योग एवं वाणिज्य) वैभव महेश्वरी द्वारा बुलाई गई थी। यह बैठक उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री संजीव अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति के व्यापक प्रयासों का हिस्सा थी, जिसका उद्देश्य बुड्ढा दरिया प्रदूषण का समाधान करना और पंजाब के औद्योगिक क्लस्टरों में प्रदूषण नियंत्रण प्रणालियों का आधुनिकीकरण करना है।

बैठक में पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की चेयरपर्सन श्रीमती रीना गुप्ता, पंजाब विकास आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा बांसल, सचिव (विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी) श्री प्रियांक भारती, आईएएस, नगर निगम लुधियाना के आयुक्त श्री आदित्य धाचवाल, आईएएस, तथा पंजाब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड , पंजाब जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड और स्थानीय निकाय विभाग के प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने शिरक्त की।

टीडब्लयूआइसी के सीईओ साजिद ने कंपनी के जैडएलडी आधारित सीइटीपी विकसित करने के सफल अनुभव साझा किए और एमएसएमई संचालित रंगाई क्लस्टरों के लिए उपयुक्त जल पुनर्चक्रण, साल्ट रिकवरी और कम लागत वाले संचालन मॉडलों से संबंधित तकनीकों पर चर्चा की। बैठक में लुधियाना के रंगाई उद्योग संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जिन्होंने जमीनी समस्याओं पर चर्चा की और आधुनिक, किफायती एवं स्थायी तकनीकों की खोज में गहरी रुचि दिखाई। बैठक के बाद यह सहमति बनी कि टीडब्लयूआइसी शीघ्र ही पंजाब के सीइटीपी उन्नयन और पर्यावरणीय प्रबंधन के लिए संभावित विकल्पों पर एक तकनीकी कंसैपट पेपर साझा करेगा।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा ने कहा कि टीडब्लयूआइसी के साथ यह बैठक राज्य के उन सतत प्रयासों का हिस्सा है, जिनके तहत पंजाब अन्य राज्यों के सर्वश्रेष्ठ अनुभवों से सीखने की दिशा में कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि बुड्ढा दरिया के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति के तहत हम पर्यावरण की रक्षा, उद्योगों को सुरक्षित रखने, नौकरियों की सुरक्षा और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए काम कर रहे हैं। पंजाब औद्योगिक और पर्यावरणीय सुरक्षा के लिए व्यावहारिक, किफायती और टिकाऊ समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध है।

यह बैठक पंजाब सरकार के सक्रिय और समस्याओं के समाधान के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को दर्शाती है, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ उद्योगों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए राज्य के आर्थिक विकास को नई दिशा देना है।

# अशीर्वाद योजना के तहत 5751 बेटियों को मिली 29.33 करोड़ रुपये की विवाह सहायता: डॉ. बलजीत कौर

मंत्री ने कहा–17 जिलों की लाभार्थी बेटियों तक पहुंचा पंजाब सरकार का 'अशीर्वाद'



जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता और अल्पसंख्यक मामलों की मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अशीर्वाद योजना के अंतर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति वर्ग की 5751 लाभार्थी बेटियों को कुल 29.33 करोड़ रूपए की राशि जारी की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अशीर्वाद योजना के तहत जिला बठिंडा, बरनाला, फरीदकोट, फाज़िल्का, फिरोज़पुर, श्री फतेहगढ़ साहिब, गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, लुधियाना, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पटियाला, रूपनगर, एस.ए.एस. नगर (मोहाली), एस.बी.एस. नगर (नवांशहर), संगरूर और मालेरकोटला जिलों की 5751 लाभार्थी बेटियों के आवेदन अशीर्वाद पोर्टल पर प्राप्त हुए थे। इन सभी लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के लिए कुल 29.33 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

उन्होंने बताया कि इस राशि से जिला बरनाला की 58, बठिंडा की 633, फरीदकोट की 67, फिरोज़पुर की 349, श्री फतेहगढ़ साहिब की 106, गुरदासपुर की 265 और होशियारपुर की 70 लाभार्थी बेटियों को वित्तीय सहायता दी गई है।

इसी प्रकार जालंधर की 1087, लुधियाना की 839, मोगा की 885, श्री मुक्तसर साहिब की 192, पटियाला की 357, रूपनगर की 147, एस.ए.एस. नगर की 65, एस.बी.एस. नगर की 359, संगरूर की 210 और मालेरकोटला की 62 लाभार्थी बेटियों को भी इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि अशीर्वाद योजना के तहत राज्य सरकार गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह हेतु 51,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की लोक-कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदक पंजाब राज्य का स्थायी निवासी होना चाहिए, उसका परिवार गरीबी रेखा से नीचे हो, और वह अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित हो। परिवार की वार्षिक आय सभी स्रोतों से 32,790 रुपए से कम होनी चाहिए। इस योजना के तहत प्रत्येक परिवार की अधिकतम दो बेटियों को ही लाभ दिया जा सकता है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि सहायता राशि का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी बी टी ) के माध्यम से सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाता है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार समाज के हर वर्ग के लोगों के जीवन स्तर को ऊँचा उठाने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

# 'युद्ध नशों विरूद्ध' के 226वें दिन 2.9 किलो हेरोइन सहित 79 नशा तस्कर दबोचे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत प्रदेश से नशे का पूरी तरह खात्मा करने के लिए चलाए जा रहे ''युद्ध नशों विरुद्ध'' अभियान के 226वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 364 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राज्य भर में 63 एफआईआर दर्ज कर 79 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पिछले 226 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 32,867 हो गई है। इन छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 2.9 किलोग्राम हेरोइन, 2.6 किलोग्राम अफीम, 674 नशीली गोलियां/कैप्सूल और 7,850 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस आयुक्तों, उपायुक्तों और एसएसपी को पंजाब को नशा-मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशे के खिलाफ चल रही इस जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी भी गठित की है। इस अभियान के दौरान 66 गजटेड अधिकारियों की निगरानी में 1,000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से ज्यादा पुलिस टीमें राज्यभर में 364 स्थानों पर छापेमारी में शामिल हुईं। इस दिनभर चले ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 391 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। गौरतलब है कि पंजाब सरकार ने राज्य से नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - प्रवर्तन, डि-एडिक्शन और रोकथाम (इडीपी) लागू की है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 21 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास उपचार लेने के लिए राजी किया है।

# मुख्यमंत्री नायब सैनी 'शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार' से सम्मानित

## ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन ने सामाजिक सौहार्द और सिख समुदाय के कल्याण हेतु किए गए प्रयासों के लिए मुख्यमंत्री को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और बलिदान पर आधारित पुस्तक 'तिलक जंजू का राखा' का किया विमोचन

यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों को गुरुओं के महान आदर्शों व सिद्धांतों और उनके दिखाए मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती रहेगी- मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को आज 'ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन' की ओर से प्रतिष्ठित 'शेर-ए-पंजाब महाराजा रणजीत सिंह पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें उनके प्रेरणादायी नेतृत्व, सामाजिक सौहार्द के प्रति प्रतिबद्धता और हरियाणा के सिख समुदाय के कल्याण के लिए किए गए सतत प्रयासों की सराहना स्वरूप प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ के सेक्टर 18 स्थित टैगोर थियेटर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्री गुरु तेग बहादुर जी को नमन करते हुए कहा कि आज का यह अवसर मेरे लिए अत्यंत प्रेरणादायी और हृदयस्पर्शी है। जब हम हिंद की चादर नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर आधारित पुस्तक के विमोचन के साक्षी बने हैं।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने ग्लोबल पंजाबी एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक डॉ. इकबाल सिंह लालपुरा द्वारा लिखित हिंदी पुस्तक ÷तिलक जंजू का राखा÷ का विमोचन किया। यह पुस्तक सिखों के नौवें गुरु, श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, यात्राओं और अद्वितीय सर्वोच्च बलिदान का गहन शोधपूर्ण वृत्तांत है।

श्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत के इतिहास में श्री गुरु तेग बहादुर जी, एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने मानवता की रक्षा और धर्म की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। जिस समय भारत में औरंगजेब का शासन था और हालात इतने नाजुक थे कि गुरु गद्दी पर बैठना शहंशाह से शत्रुता मोल लेना था। ऐसे संकट के समय में श्री गुरु तेग बहादुर जी ने निर्भीकता का परिचय देते हुए गुरु पद पर सेवा करना स्वीकार किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब औरंगजेब अपने ?ेर-जुल्म के बल पर हिंदुओं को मुसलमान बनाने पर तुला था। उसने हिंदुओं के मंदिर ध्वस्त कर देने के आदेश जारी किए और नए मंदिरों के निर्माण पर पाबंदी लगा दी। जब कश्मीरी पंडितों को इस अन्याय का सामना करना पड़ा तो वे अपने धर्म की रक्षा के लिए श्री गुरु तेग बहादुर जी की शरण में आए। उनकी व्यथा सुनकर गुरु जी ने कहा कि यदि कोई महापुरुष अपना बलिदान दे तभी आपका धर्म बच सकता है। यह सुनकर 9 वर्ष के बालक गोबिंद राय (श्री गुरु गोबिंद सिंह जी) ने कहा कि 'पिता जी, आपसे बड़ा महापुरुष और कौन हो सकता है। आप अपना ही बलिदान क्यों नहीं देते।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी ने अपने पुत्र की बात सुनकर पंडितों से कहा कि जाओ औरंगजेब से कह दो कि, 'यदि गुरु तेग बहादुर इस्लाम स्वीकार कर लें तो हम सब स्वतः ही इस्लाम स्वीकार कर लेंगे'। हिंदू धर्म की रक्षा के लिए 11 नवम्बर, 1675 को श्री गुरु तेग बहादुर जी ने अपना शीश कुर्बान कर दिया। उन्होंने शीश दे दिया पर धर्म नहीं छोड़ा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब औरंगजेब ने दिल्ली के चांदनी चौक में श्री गुरु तेग बहादुर जी का शीश कलम करवा दिया था तो भाई जैता ने उनके शीश को श्री आनन्दपुर साहिब ले जाने का संकल्प लिया। जब मुगल सेना भाई जैता का पीछा कर रही थी तो उन्हें जिला सोनीपत के ब?खालसा गांव में कुशाल नाम का एक गुरु शिष्य मिला। उसने भाई जैता को कहा कि मेरी शक्ल गुरु जी से मिलती है। इसलिए आप मेरा शीश उतारकर मुगल सेना को सौंप दें। इस तरह कुशाल ने अपना शीश कलम करवा दिया और भाई जैता गुरु जी का शीश श्री आनन्दपुर साहिब ले जाने में सफल हुए।

### प्रधानमंत्री की पहल पर साहिबजादों की वीरता और बलिदान की स्मृति में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है 'वीर बाल दिवस'

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' में श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश वर्ष को देशभर में मनाया गया। श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व पर उनकी स्मृति में डाक टिकट और एक सिक्का भी जारी किया गया। प्रधानमंत्री ने दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह के शहीदी दिवस को हर वर्ष 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया।

### हरियाणा की पावन धरा से सभी सिख गुरुओं का रहा गहरा नाता

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी से लेकर दशम पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी तक, सभी सिख गुरुओं ने हमें सेवा, समानता और साहस की शिक्षा दी। हरियाणा की पावन धरा से सभी सिख गुरुओं का गहरा सम्बन्ध रहा है। जहां-जहां वे पधारे, ऐसे 30 से अधिक स्थानों पर उनकी याद में गुरुघर स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा से प्रेरित होकर हरियाणा सरकार सेवा भाव से सर्वसमाज के कल्याण के कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में भी श्री गुरु नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व, श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 350वां प्रकाश पर्व भव्य तरीके से मनाया गया। हर कदम पर हमारी डबल इंजन सरकार ने श्रद्धा और सम्मान के साथ काम किया है। उन्होंने कहा कि दिसम्बर, 2022 में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति की स्थापना की गई। इससे सिखों की काफी समय से चली आ रही मांग को पूरा किया। इससे हरियाणा में सिख समुदाय को स्वायत्तता मिली है। सिरसा स्थित गुरुद्वारा श्री चिल्ला साहिब को 27 जून, 2024 को 70 कनाल भूमि स्थानांतरित करने का फैसला लिया गया और इसे गुरुद्वारा साहिब को दे दिया गया। यमुनानगर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज का नाम हिन्द की चादर श्री गुरु तेग बहादुर सिंह जी के नाम पर रखा गया है। असंध के कॉलेज का नाम श्री गुरु गोबिन्द सिंह जी के छोटे बेटे बाबा फतेह सिंह जी के नाम पर रखा गया है। लखनौर साहिब में माता गुजरी के नाम से वी.एल.डी.ए. कॉलेज स्थापित किया गया है। श्री हजूर साहिब गुरुद्वारा, श्री ननकाना साहिब, श्री हेमकुंड साहिब व श्री पटना साहिब जाने वाले प्रदेश के तीर्थ यात्रियों को वित्तीय मदद उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'स्वर्ण जयंती गुरु दर्शन यात्रा योजना' शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि आज जब हम विज्ञान, तकनीक, सोशल मीडिया, एआई के युग में जी रहे हैं, तब श्री गुरु तेग बहादुर जी जैसे महापुरुषों के उपदेश पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 25वें दिन भी जारी



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अरविंद मोहन शर्मा)।** हरियाणा के एलसीएलओ (स्थानीय समिति स्थानीय परिचालक) कर्मचारी यूनियन का धरना 25वें दिन भी लघु सचिवालय कुरुक्षेत्र के सामने जारी रहा। हरियाणा सरकार की तानाशाही नीतियों के विरोध में कर्मचारियों ने अब काली दीवाली मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। धरने की अध्यक्षता रोहित धानिया (रोहतक) ने की तथा संचालन प्रवीण (भिवानी) ने किया। धरने को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रोहित धानिया ने कहा कि हमारा आंदोलन शांतिपूर्ण और अनुशासनपूर्ण तरीके से चल रहा है। राज्य प्रधान नीतू रानी ने बताया कि आज कई महिलाओं ने होई माता का व्रत रखा। सभी महिलाएँ मुख्यमंत्री निवास, कुरुक्षेत्र पर एकत्र हुईं, जहाँ उन्होंने होई माता की पूजा-अर्चना कर कथा सुनी और माता से अपने बच्चों के साथ-साथ हरियाणा सरकार को भी सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान ओमप्रकाश और रोशन फौजी ने संयुक्त रूप से कहा कि जब तक सरकार एलसीएलओ कर्मचारियों को उनकी ड्यूटी पर वापस नहीं लेती, तब तक सर्व कर्मचारी संघ, कुरुक्षेत्र से जुड़े सभी विभागीय कर्मचारी इस धरने को समर्थन और सहयोग देते रहेंगे।

### कार्तिक में दीपदान का है विशेष महत्व



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** मां सरस्वती तीर्थ के तट पर स्थित भगवान महामृत्युंजय मंदिर में कार्तिक मास की कथा करते हुए राजपुरोहित ज्योतिषी प्रदीप कुमार ने कार्तिक मास में किए जाने वाले धर्म कार्यों के बारे बताते हुए कहा कि कार्तिक मास में भगवान विष्णु जल में निवास करते हैं। यही कारण है कि सुबह सवेरे लोग धार्मिक स्थलों तीर्थों नदी तालाबों पर जाकर स्नान करते हैं। कार्तिक मास में तुलसी व धात्री आमला व भगवान शिव तथा विष्णु के मंदिर में दीपदान करना चाहिए। दीप प्रज्वलित करने से भारी पुण्य की प्राप्ति होती है। कथा सुनाते हुए उन्होंने देव ऋषि नारद के पूर्व जन्म की कथा को भी सुनाया। अहोई अष्टमी का पावन पर्व होने पर उन्होंने अहोई अष्टमी के व्रत व इसके पूजन के बारे में ज्ञान दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने पुत्र की लंबी आयु के लिए यह व्रत व पूजन करती है ।माता व पुत्र के प्रति स्नेह का प्रतीक ही अहोई अष्टमी है। अहोई अर्थात जो अनहोनी को बदल दे वही अष्टमी है। उसे ही अहोई अष्टमी कहते हैं। जो माता के रूप में पूजी जाती है। इस मौके पर राम कुमार शीश मदन गोपाल योगेश लक्की कुणाल शर्मा पवन हैप्पी सहित अनेकों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रोटरी क्लब ने मनाया दीपावली उत्सव परिवार मिलन



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 अक्टूबर।** रोटरी कलब करनाल द्वारा नगर के एक होटल में दिपावली उत्सव व पारिवारिक मिलन का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें सभी सदस्यों व परिवारजनों ने गीत, संगीत, तंबोला से मनोरंजन किया, दीपमालिका प्रज्वलित की, बच्चों ने फुलझडी जलाई, उपहार भेंट किए व स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। उक्त कार्यक्रम में रोटेरियंस गौतम जैन, भारती शर्मा, डा. डी डी शर्मा,डॉ पी के जैन, राजेश बांभा, डॉ अरुण सूद, डा. विक्रम मितल, मीनाक्षी जैन, जगदीश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, विनोद मिश्रा, ब्रिज गर्ग, विजय गुप्ता, ईश्वर बहल, कुलभूषण जैन, रणवीर सिंह, अश्वनी उप्पल, ऊषा शर्मा, डॉ सुषमा सूद, डा. जतिन आर्य, नरेंद्र गोयल, मीना मिड्ढा, शकुन्तला सिंह, पी आर नाथ, विरेश जैन, अक्षित राणा, शिनू गोयल, स्नेहा जैन, विनी मितल, अन्नू बांभा व अन्य मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक स्वागत करेगा हरियाणा का मुस्लिम समाज: खुर्शीद आलम

सोनीपत में पीएम के दौरे को लेकर किया प्रदेश व्यापी दौरा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 13 अक्टूबर।** सोनीपत में होने वाली प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में सोनीपत का मुस्लिम समाज बढ़चढ़ कर हिस्सा लेगा, यह साबित करेगा कि हम भी अपने देश के प्रधानमंत्री के साथ कन्धे से कन्धा मिला खड़े हैं। यह बात खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कोर्डीनेटर हरियाणा हज कमेटी ने सोनीपत में अपने जनसम्पर्क के बाद कहे। सोनीपत में 17 अक्तुबर को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी बड़ी जनसभा को सम्बोधित करने आ रहे हैं जिसमें हजारों करोड़ की योजनाओं की घोषणा करेंगे। चौधरी ज़ाकिर हुसैन चेयरमैन वक्फ बोर्ड हरियाणा सरकार एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्प संख्यक मोर्चा भाजपा और चौधरी औरंगजेब मेव पूर्व चेयरमैन हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार सदस्य हरियाणा भाजपा के द्वारा हरियाणा के मुस्लिम समाज के कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि सोनीपत में होने वाली विशाल जनसभा में ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम समाज भी पहुंचे। इसके लिए करनाल निवासी पूर्व खुर्शीद आलम पूर्व मिडिया कॉर्डिनेटर हरियाणा राज्य हज कमेटी हरियाणा सरकार को जिम्मेदारी देते हुए कहा है सोनीपत में रहकर मुस्लिम समाज घर-घर से इकट्ठा हो कर रैली में पहुंचे, इसकी जिम्मेदारी दी है। इसके साथ करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर आदि जनपदों में मुस्लिम समाज के लोगों में सम्पर्क कर 17 तारीख को देश के ही नहीं बल्कि दुनियां के सब ताकतवर नेता श्री नरेन्द्र मोदी जी प्रधानमन्त्री ज़ी सोनीपत की धारा पर आ रहे हैं उनके आगमन पर हरियाणा के मुस्लिम समाज को भी बड़ चढ़ का हिस्सा लेना चाहिए। चौधरी ज़ाकिर हुसैन साहब, चौधरी औरंगजेब साहब दोनों भाजपा मुस्लिम नेताओं ने समाज के लोगों से अपील करते हुए अनुरोध किया है कि रात्रि सोनीपत विश्राम गृह में खुशीद आलम सहित प्रदेश के काफी मुस्लिम समाज के कार्यकर्ताओं को बुला रखा था सभी को अलग-अलग निर्देश देकर अपने-अपने क्षेत्र से 17 अक्तुबर को अधिक से अधिक संख्या में मुस्लिम समाज को सोनीपत में होने वाली विशाल रैली में हम सब भी बहुत ज्यादा से ज्यादा संख्या में अपने साथ सोनीपत पहूंच कर मोदी जी का स्वागत करें। मुस्लिम समाज के भाजपा वरिष्ठ नेताओं के आदेशानुसार खुर्शीद आलम ने करनाल शहर में अलग-अलग मुस्लिम समाज के लोगों से सम्पर्क किया और 17 अक्तुबर को सोनीपत में चलने के लिए अनुरोध करते हुए कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में 11 साल का सरकार चलाने का विशाल रिकार्ड बना लिया है।



## 50 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में भाजपा पार्षद गिरफ्तार

### नपा वाइस चेयरपर्सन के पक्ष में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोट देने के एवज में मांगे थे 50 लाख

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 13 अक्तूबर।** एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 50 लाख रुपए रिश्वत लेने के मामले में भाजपा पार्षद जितेन्द्र कुमार को गिरफ्तार किया है।



जितेंद्र कुमार चीका नगर पालिका के वार्ड नंबर 14 से पार्षद हैं। आरोपी ने पूछताछ में दो और पार्षदों के नाम का कबूलनामा किया है जिनसे भी एसीबी जल्द ही पूछताछ करेगी। साथ ही गिरफ्तार किए गए आरोपी पार्षद के खिलाफ आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जून माह में विजय कुमार नाम के एक व्यक्ति ने एसीबी को शिकायत दी थी। शिकायत में कहा गया था कि वार्ड नंबर 14 का पार्षद जितेंद्र कुमार, नगरपालिका वाइस चेयरपर्सन पूजा शर्मा के पक्ष में अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोट देने के एवज में 50 लाख रुपए मांग रहा था। उसमें उसने अपने साथ-साथ दो और पार्षदों के बारे में जानकारी दी थी। कुछ समय से नगर पालिका में अविश्वास प्रस्ताव लाने की चर्चा चल रही थी। इस दौरान पार्षद जितेन्द्र कुमार ने अपने दो अन्य पार्षद साथियों के साथ विजय से संपर्क किया और कहा कि वे प्रस्ताव के विरोध में वोट देंगे, लेकिन इसके बदले 50 लाख रुपए की राशि चाहिए। विजय कुमार के अनुसार तीनों पार्षदों ने 6 लाख रुपए पहले नकद देने की मांग की थी और बाकी रकम बाद में लेने की बात कही। विजय ने यह पूरी बातचीत गुप्त रूप से रिकॉर्ड कर ली और सबूतों सहित एसीबी को सौंप दी। जब पार्षदों को इस बात की भनक लगी कि शिकायतकर्ता कानूनी कार्रवाई करवा सकता है, तो उन्होंने रिश्वत से इंकार करते हुए मामले से पल्ला झाड़ लिया। जितेन्द्र कुमार की आवाज का मधुबन स्थित फोरेंसिक साइंस लेबोरेट्री में वॉयस मैच टेस्ट कराया गया, जिसमें रिकॉर्डिंग की आवाज उससे मेल खा गई। एसीबी के इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को पकड़ा गया है। जो अन्य लोग इसमें शामिल हैं, उनसे भी पूछताछ की जाएगी। अगर पूछताछ के दौरान कोई तथ्य ऐसा मिला कि वे भी इसमें शामिल थे तो उनको भी गिरफ्तार कर रिमांड लिया जाएगा।

### कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी व कैलीग्राफी प्रतियोगिताओं का आयोजन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/राजकुमार वालिया)।** देशभर में संचालित श्री जयराम शिक्षण संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में नर्सरी से द्वितीय कक्षा तक के बच्चों के लिए विविध रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनात्मकता, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ावा देना था। बच्चों ने इन सभी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया। विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत कविता पाठ, स्व-परिचय, कैलीग्राफी प्रतियोगिता तथा ईवीएस और गणित विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। बच्चों ने अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ सभी गतिविधियों में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

## हरियाणा में शुद्धि का प्रतीक बना लोटे में नमक

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 13 अक्तूबर।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में हरियाणा भर में नशे के विरुद्ध एक आंदोलन चलाया गया है। अपराधियों की धरपकड़ के साथ साथ नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम विशेष रूप से ÷शुद्धि का प्रतीक- लोटा नमक अभियान÷ लोगों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा के नेतृत्व में नशे के विरुद्ध प्रतिदिन कठोरता से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक गजेंद्र सिंह नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के पर्यवेक्षक हैं। ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी के रूप में नियुक्त पुलिस उप निरीक्षक डॉ अशोक कुमार वर्मा साइकिल यात्रा के साथ लोटा नमक लेकर गांव गांव में लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हैं। इस माह भी निरंतर नमक लोटा अभियान चलाकर 94 कार्यक्रम किये गए और 14 हज़ार लोगों को नशा न करने का संकल्प दिलाया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ अशोक कुमार वर्मा ने आज एकत्रित नमक को जल में प्रवाहित किया। उन्होंने बताया कि लोटे में नमक डालकर लोग संकल्प ले रहे हैं कि वे अपने जीवन में कोई नशा नहीं करेंगे।

## कैथल के विधायक आदित्य को नहीं है समझ: सुरभि गर्ग

### सुरजेवाला द्वारा नाबालिग बच्चे के प्रति अनुचित टिप्पणी पर जताया रोष

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 अक्तूबर।** नगर परिषद कैथल की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कांग्रेस विधायक आदित्य सुरजेवाला द्वारा चिल्ड्रन पार्क में एक नाबालिग बच्चे के प्रति की गई अनुचित टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में विधायक आदित्य सुरजेवाला एक बच्चे से कहते हुए सुने जा सकते हैं कि आप किश्ती में बैठे हो, अब अपनी गर्लफ्रेंड के साथ बैठना। ऐसा बयान न केवल सार्वजनिक पद की गरिमा के विपरीत है बल्कि समाज में गलत संदेश देने वाला भी है। किसी भी जनप्रतिनिधि से ऐसी असंवेदनशील और अशोभनीय भाषा की अपेक्षा नहीं की जाती। सुरभि गर्ग ने कहा कि आदित्य सुरजेवाला ने चिल्ड्रन पार्क और जवाहर पार्क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से बातचीत करते हुए असभ्य शब्द कहे, जो अत्यंत निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी बातों से बच्चों को क्या सीख मिलेगी, इसका अंदाज़ा लगाया जा सकता है। विधायक को चाहिए था कि वे बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते या फिर बच्चों को प्राचीन धरोहर विद्क्यार झील के महत्व के बारे में बताते। लेकिन इसके बजाय बच्चों के सामने अनुचित बातें कहकर वे उन्हें गलत दिशा में प्रेरित कर रहे हैं।

सुरभि गर्ग ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब विधायक सुरजेवाला ने विवादास्पद टिप्पणी की हो। इससे पहले भी उन्होंने भारत के संविधान को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए थे। विधायक को ऐसे बयानों पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। चेयरपर्सन ने आगे कहा कि विद्क्यार झील के जीर्णोद्धार का कार्य नगर परिषद के माध्यम से चल रहा है। इसके लिए 50 लाख रुपये का टेंडर जारी किया गया है, लेकिन विधायक आदित्य सुरजेवाला इसे दलदल बताकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहर के सभी पार्कों में सौंदर्यीकरण की योजना चलाई जा रही है, जिनमें झूले और ओपन जिम की व्यवस्था की जा रही है। साफ-सफाई के कार्य नियमित रूप से हो रहे हैं और इस संबंध में नगर परिषद अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश भी जारी किए गए हैं।

### कलायत में ईवीएम से होगा उप प्रधान चुनाव जल्द घोषित होगी तारीखः एसडीएम

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत उप मंडल कार्यालय में सोमवार को एसडीएम अजय हुड्डा की अध्यक्षता में नगर पालिका उप प्रधान चुनाव को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में जन प्रतिनिधियों से चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। एसडीएम अजय हुड्डा ने स्पष्ट किया कि उप प्रधान का चुनाव ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के माध्यम से कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। ईवीएम के प्रयोग से चुनाव प्रक्रिया में किसी प्रकार की गड़बड़ी की गुंजाइश नहीं रहेगी प्रशासनिक अधिकारियों ने सभी वार्ड पार्षदों को चुनाव की प्रक्रिया, समय और मतदान स्थल की जानकारी दी। एसडीएम ने कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन किया जाएगा। किसी भी प्रकार के दबाव या अनुचित प्रभाव को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।अजय हुड्डा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी कर ली जाएं।चुनाव के दिन सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाए। उन्होंने सभी पार्षदों से अपील की कि वे लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान करते हुए शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव में भाग लें।

### गांव जडौला में हुआ अशोक गुर्जर व विजेंद्र मैहला के सम्मान में भव्य स्वागत समारोह

## नायब सरकार ने बढ़ाया रोड बिरदारी का मान: विजेंद्र मैहला

ग्रामीणों ने फूलमालाएं व पगड़ी पहनाकर किया सम्मान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 13 अक्तूबर।** गांव जडौला की चौपाल में भाजपा ढांड मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला को ढांड मार्कीट कमेटी का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर भव्य सम्मान समरोह का आयोजन किया गया। समारोह में भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और समारोह की अध्यक्षता चेयरमैन विजेंद्र मैहला ने की। समारोह में पहुंचने पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता अशोक गुर्जर व नवनियुक्त चेयरमैन विजेंद्र मैहला का ग्रामीणों द्वारा फूलमालाओं और सम्मान का प्रतिक पगड़ी पहनाकर परंपरागत रूप से भव्य स्वागत किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अशोक गुर्जर ढांड ने कहा कि विजेंद्र मैहला जैसे कर्मठ और समाजसेवी व्यक्ति का चेयरमेन बनना न केवल गांव जडौला बल्कि पूरे पूंडरी क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि चेयरमैन मैहला मार्केट कमेटी के माध्यम से किसानों, आढ़तियों व व्यापारियों के हित में बेहतरीन कार्य करेंगे। भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि 17 अक्तूबर को हरियाणा की नायब सरकार को एक वर्ष पूरा हो रहा है। सरकार का यह एक वर्ष गौरवशाली वर्ष है। इस वर्ष में नायब सरकार ने बढ़े-बढ़े जनहित में निर्णय लिए हैं। चुनाव के दौरान किए गए संकल्पों को संकल्पित होकर नायब सरकार पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार की वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री मोदी सोनीपत में जन विकास-जन विश्वास रैली को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर गांव के सम्मानित बुजुर्गों, महिला मंडलों, युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा विजेंद्र मैहला को स्मृति चिन्ह, शॉल व पगड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में बलवान सिंह, बालकिशन, सतपाल सिंह, बलदेव सिंह, जयपाल सिंह, रणधीर सिंह, रमेश कुमार, पृथ्वी सिंह, डॉ. खजान सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामकिशन, वेदप्रकाश सहित भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग के सदस्य एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

ढांड मार्कीट कमेटी के चेयरमैन विजेंद्र मैहला ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि समस्त रोड बिरादरी का पूरे गांव व क्षेत्रवासियों का है। वे किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की नायब सरकार ने समूचे प्रदेश में रोड बिरादरी से 8 लोगों को कमेटी का चेयरमैन बनाने के साथ, विधानसभा चुनाव में समाज के 3 नेताओं को टिकट दी, विधायक हरविंद्र कल्याण को स्पीकर पद से नवाजने के साथ समाज के लोगों को कई चेयरमैनी पदों से सुशोभित करने का काम किया है।

# दीवाली से पहले तरनतारन में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास दो ए.के.-47 राइफलें बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/अमृतसर, 13 अक्तूबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशानुसार सुरक्षित और शांतिपूर्ण त्यौहारों के मौसम को सुनिश्चित करने के लिए चलाए जा रहे विशेष चेकिंग अभियान के दौरान, पंजाब पुलिस के स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एस एस ओ सी), अमृतसर ने सीमा सुरक्षा बल (बी एस एफ) के साथ संयुक्त अभियान में तरनतारन के खेमेंकरण क्षेत्र अंतर्गत भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक से दो ए.के.-47 राइफल सहित तीन हथियारों का जखीरा बरामद किया है। यह जानकारी आज यहां पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने दी।

बरामद किए गए हथियारों के इस जखीरे में एक पी एक्स 5 स्टॉर्म पिस्तौल, ए के-47 की मैगज़ीन और कारतूस भी शामिल हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह स्पष्ट हुआ है कि ये हथियार पाकिस्तान से आए थे। उन्होंने कहा कि तस्करों की पहचान करने और इस तस्करी नेटवर्क के पीछे के लोगों व संबंधों का खुलासा करने के लिए आगे की जांच जारी है ताकि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश किया जा सके।

एआईजी एसएसओसी अमृतसर सुखमिंदर सिंह मान ने जानकारी दी कि बीएसएफ अधिकारियों को खेमकरण सेक्टर के अंतर्गत भारत-पाकिस्तान सीमा पर गांव महिदीपुर के पास सीमा पार से हथियारों की एक खेप आने संबंधी पुख्ता सूचना मिली थी। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसएसओसी अमृतसर ने बीएसएफ के साथ समन्वय कर गांव महिदीपुर क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया, जिसके दौरान हथियारों की यह खेप बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों के स्रोत की जांच की जा रही है तथा इस अपराध में शामिल दोषियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के लिए आगे की जांच जारी है।

इस संबंध में थाना एसएसओसी अमृतसर में एफआईआर नंबर 60, दिनांक 13.10.2025 को आर्म्स एक्ट की धारा 25, 25(1)(), 25(6), 25(7), भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस) की धारा 111 व 61(2) और पासपोर्ट एक्ट की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना संख्या ETrU-T-06-2025-26

वरि. मंडल विद्युत अभियंता/क.वि./उत्तर रेलवे, अम्बाला छावनी द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-टेंडरिंग के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित करते हैं। इन निविदाओं को प्रत्येक कार्य के आगे दर्शायी गई तिथि को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर अपलोड किया जा सकता है। इनको 15:00 बजे के उपरान्त तत्काल खोला जायेगा।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा बंद/खुलने की तिथि | अनुमानित लागत | बयाना राशि | कार्य पूरा करने की अवधि | वैधता अवधि | टेण्डर फॉर्म की कीमत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ETrU-T-06-2025-26 | अंबाला डिवीजन के [illegible] सेक्शन में [illegible] लगे कैंटिलिवर के स्थान पर नए कैंटिलिवर का प्रावधान हेतु कार्य | 04.11.2025 | ₹ 3,16,36,958.04/- | ₹ 3,08,200/- | 09 महीने | 60 दिन | Downloading through IREPS portal-NIL (₹ 10,000/- to DEE/TRD/UMB ऑफिस से हार्ड कॉपी के लिए) |

1. निविदाकार को सभी जरूरी योग्यता दस्तावेज एवं PAN/GSTIN की Scanned Copies IREPS पोर्टल पर अपलोड करनी है। 2. निविदाकार के पास ई-निविदा में भाग लेने के लिए क्लास-III Digital Signature Certificate होनी चाहिए। 3. कार्य में GST, BOCWW, Income Tax एवं नियमानुसार आवश्यक टैक्स लागू होंगे। 4. कार्य में सिमिलर नेचर कंडीशन लागू है एवं इस प्रकार है Design, supply, erection, testing & commissioning of 50Hz, single phase 25 KV AC OHE. 5. टेंडर डॉक्यूमेंट एवं निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। संख्या : ETrU-T-06-2025-26 दिनांक 13.10.2025

3156/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ – 2025

दीपावली एवं छठ पूजा त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा अन्य क्षेत्रीय रेलों के सहयोग से निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ चलाई जायेंगी, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

### उत्तर रेलवे नेटवर्क से यात्रा प्रारम्भ करने वाली/समाप्त करने वाली त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की सूची

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृत्ति/चलने के दिन | | चलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 02252 | नई दिल्ली (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोमवार, बुधवार, शनिवार | 15.11.25 तक |
| 02251 | पटना जं. | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगलवार, बृहस्पतिवार, रविवार | 16.11.25 तक |
| 02253 | पटना जं. (वंदे भारत त्यौहार विशेष) | 10:00 | नई दिल्ली | 23:30 | सप्ताह में तीन दिन | शनिवार, सोमवार, बुधवार | 17.11.25 तक |
| 02254 | नई दिल्ली | 08:35 | पटना जं. | 21:30 | | रविवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.11.25 तक |
| 04203 | लखनऊ | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 04204 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ | 06:35 | | | |
| 04008 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:30 | जोगबनी | 17:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04007 | जोगबनी | 18:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04010 | दिल्ली जं. | 23:05 | सीतामढ़ी | 22:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04009 | सीतामढ़ी | 23:55 | दिल्ली जं. | 23:58 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर जं. | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर जं. | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04060 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 09:00 | जयनगर | 07:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04059 | जयनगर | 10:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 08:40 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04070 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 19:00 | | | |
| 04064 | दिल्ली जं. | 11:00 | भागलपुर | 10:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 04063 | भागलपुर | 13:40 | दिल्ली जं. | 15:30 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | |
| 04219 | शाहगंज | 22:35 | अयोध्या धाम | 01:40 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम | 02:10 | शाहगंज | 04:40 | | | |
| 04450 | नई दिल्ली | 15:10 | दरभंगा जं. | 16:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04449 | दरभंगा जं. | 18:15 | नई दिल्ली | 23:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04454 | नई दिल्ली | 20:00 | मानसी जं. | 23:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04453 | मानसी जं. | 01:10 | नई दिल्ली | 03:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04456 | नई दिल्ली | 22:40 | धनबाद जं. | 02:20 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04455 | धनबाद जं. | 04:00 | नई दिल्ली | 06:00 | | | 02.12.2025 तक |
| 04458 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 13:40 | भागलपुर | 14:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04457 | भागलपुर | 18:00 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 22:00 | | | 01.12.2025 तक |
| 04016 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 15:30 | सीतामढ़ी | 15:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04015 | सीतामढ़ी | 16:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 18:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 04452 | नई दिल्ली | 18:15 | हावड़ा जं. | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 19.12.2025 तक |
| 04451 | हावड़ा जं. | 23:50 | नई दिल्ली | 04:10 | | | 20.12.2025 तक |
| 04094 | हजरत निजामुद्दीन जं. | 11:00 | पटना जं. | 05:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04093 | पटना जं. | 07:45 | हजरत निजामुद्दीन जं. | 00:45 | | | 30.11.2025 तक |
| 04096 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 00:05 | पाटलिपुत्र | 21:30 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04095 | पाटलिपुत्र | 00:30 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 21:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 04098 | नई दिल्ली | 09:30 | हसनपुर रोड जं. | 12:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04097 | हसनपुर रोड जं. | 15:00 | नई दिल्ली | 18:30 | | | 30.11.2025 तक |
| 02877 | रांची जं. | 23:55 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 17.10.25 से 31.10.25 |
| 02878 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 04:00 | रांची जं. | 05:00 | | रविवार | 19.10.25 से 02.11.25 |
| 04504 | चंडीगढ़ जं. | 23:35 | पटना जं. | 21:00 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 04503 | पटना जं. | 23:00 | चंडीगढ़ जं. | 23:10 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जं. | 00:40 | छपरा जं. | 09:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04607 | छपरा जं. | 12:00 | अमृतसर जं. | 13:30 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05314 | गोमती नगर | 00:15 | महबूबनगर | 19:10 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05313 | महबूबनगर | 22:10 | गोमती नगर | 15:00 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05017 | मऊ जं. | 05:30 | ऊधना जं. | 12:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05018 | ऊधना जं. | 15:00 | मऊ जं. | 22:30 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05115 | छपरा जं. | 17:45 | ऊधना जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05116 | ऊधना जं. | 10:00 | छपरा जं. | 23:00 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जं. | 21:00 | अमृतसर जं. | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जं. | 13:25 | कटिहार जं. | 23:45 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 04090 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:25 | पटना जं. | 11:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 29.11.2025 तक |
| 04089 | पटना जं. | 18:20 | आनन्द विहार (टर्मिनल) | 14:50 | | | 30.11.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जं. | 06:25 | लखनऊ | 11:45 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ | 16:30 | वाराणसी जं. | 21:50 | | | |
| 04221 | वाराणसी जं. | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04222 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी जं. | 18:00 | | बुधवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 04224 | वाराणसी जं. | 14:50 | चण्डीगढ़ | 06:30 | सप्ताह में तीन दिन | सोम, बुध, शुक्र | 28.11.2025 तक |
| 04223 | चण्डीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जं. | 04:00 | | मंगल, बृहस्पति, शनि | 29.11.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 07:00 | गोमती नगर | 07:15 | साप्ताहिक | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05741 | गोमती नगर | 09:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:25 | | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 05734 | किशनगंज | 09:10 | अमृतसर जं. | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 05733 | अमृतसर जं. | 04:25 | किशनगंज | 17:30 | | शनिवार | 15.11.2025 तक |
| 05325 | गोमती नगर | 00:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 05:50 | साप्ताहिक | शनिवार | 01.11.2025 तक |
| 05326 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 07:55 | गोमती नगर | 10:45 | | रविवार | 02.11.2025 तक |
| 05023 | गोमती नगर | 23:55 | खातीपुरा | 17:30 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05024 | खातीपुरा | 18:50 | गोमती नगर | 11:45 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 04195 | आगरा कैंट | 05:00 | जोगबनी | 18:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 04196 | जोगबनी | 21:00 | आगरा कैंट | 07:10 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08763 | दुर्ग जं. | 07:20 | सुल्तानपुर जं. | 07:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08764 | सुल्तानपुर जं. | 10:00 | दुर्ग जं. | 12:50 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01491 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01079 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 22:30 | गोरखपुर जं. | 10:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01080 | गोरखपुर जं. | 14:30 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 00:40 | | | 02.12.2025 तक |
| 03107 | कोलकाता | 23:55 | लखनऊ | 00:10 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 06.11.2025 तक |
| 03108 | लखनऊ | 01:40 | कोलकाता | 00:40 | | शनिवार | 08.11.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 21:05 | | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 02391 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02392 | आनंद विहार (ट.) | 23:20 | पटना जं. | 17:20 | | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09083 | मुंबई सेंट्रल | 23:10 | बनारस | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09084 | बनारस | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 09111 | वडोदरा जं. | 19:00 | गोरखपुर जं. | 23:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09112 | गोरखपुर जं. | 05:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में छः दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 02.12.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | |
| 09639 | मदार जं. | 04:30 | रोहतक जं. | 12:50 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं. | 13:20 | मदार जं. | 22:35 | | | |
| 09523 | ओखा | 10:00 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 09524 | शकूर बस्ती | 13:15 | ओखा | 13:50 | | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 01415 | पुणे जं. | 06:50 | गोरखपुर जं. | 16:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 30.11.2025 तक |
| 01416 | गोरखपुर जं. | 17:30 | पुणे जं. | 03:15 | | | 01.12.2025 तक |
| 05301 | मऊ जं. | 04:00 | अंबाला छावनी जं. | 00:30 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 05302 | अंबाला छावनी जं. | 01:40 | मऊ जं. | 22:00 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05005 | बढ़नी | 15:10 | अमृतसर | 09:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 26.11.2025 तक |
| 05006 | अमृतसर | 12:45 | बढ़नी | 08:15 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01707 | जबलपुर | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 12:25 | साप्ताहिक | सोमवार | 03.11.2025 तक |
| 01708 | आनंद विहार (ट.) | 13:45 | जबलपुर | 09:30 | | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 01431 | पुणे जं. | 06:40 | गाजीपुर सिटी | 19:40 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, मंगलवार | 28.11.2025 तक |
| 01432 | गाजीपुर सिटी | 22:40 | पुणे जं. | 16:20 | | शनिवार, बुधवार | 29.11.2025 तक |
| 01123 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | मऊ जं. | 05:35 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 01124 | मऊ जं. | 07:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | | रविवार, मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 01051 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 12:15 | बनारस | 01:10 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01052 | बनारस | 06:35 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 09061 | बांद्रा (ट.) | 21:20 | बरौनी जं. | 19:15 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 09062 | बरौनी जं. | 12:15 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 09257 | भावनगर | 13:50 | शकूर बस्ती | 10:35 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 09258 | शकूर बस्ती | 13:15 | भावनगर | 10:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02417 | प्रयागराज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | प्रयागराज | 19:40 | | शनिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 02275 | सूबेदारगंज | 21:40 | दिल्ली जं. | 08:55 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सूबेदारगंज | 19:35 | | शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 05047 | बनारस | 10:45 | कोलकाता | 05:25 | साप्ताहिक | मंगलवार | 04.11.2025 तक |
| 05048 | कोलकाता | 08:25 | बनारस | 04:15 | | बुधवार | 05.11.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जं. | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | शुक्रवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जं. | 21:00 | | शनिवार, सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 09095 | बांद्रा (ट.) | 11:00 | अयोध्या कैंट | 17:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 19.11.2025 तक |
| 09096 | अयोध्या कैंट | 21:00 | बांद्रा (ट.) | 06:00 | | बृहस्पतिवार | 20.11.2025 तक |
| 09097 | बांद्रा (ट.) | 21:50 | लुधियाना जं. | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 09098 | लुधियाना जं. | 04:00 | बांद्रा (ट.) | 10:20 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07095 | चर्लपल्ली | 07:40 | हजरत निजामुद्दीन | 16:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, बृहस्पतिवार | 16.10.25 तक |
| 07096 | हजरत निजामुद्दीन | 19:00 | चर्लपल्ली | 04:00 | | बुधवार, शुक्रवार | 17.10.25 तक |
| 03255 | पटना जं. | 22:20 | आनंद विहार (ट.) | 18:35 | सप्ताह में दो दिन | रविवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट.) | 23:30 | पटना जं. | 18:35 | | सोमवार, शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जं. | 22:45 | दिल्ली जं. | 12:50 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जं. | 14:00 | गोरखपुर जं. | 06:25 | | शुक्रवार | अगले आदेश तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 01.12.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट.) | 10:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 18.10.25 से 29.11.25 |
| 05220 | आनंद विहार (ट.) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रविवार | 19.10.25 से 30.11.25 |
| 03697 | गया जं. | 14:15 | दिल्ली जं. | 07:45 | सप्ताह में पाँच दिन | रवि, बृहस्पति को छोड़कर | 29.11.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जं. | 08:55 | गया जं. | 00:30 | | सोम, शुक्र को छोड़कर | 30.11.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जं. | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शुक्रवार | 28.11.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जं. | 09:00 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 05579 | पूर्णिया कोर्ट | 16:30 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | सप्ताह में चार दिन | सोम, मंगल, शुक्र, रवि | 15.12.2025 तक |
| 05580 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | पूर्णिया कोर्ट | 13:45 | | बुध, बृहस्पति, शुक्र, रवि | 17.12.2025 तक |
| 05575 | सहरसा जं. | 20:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 10.12.2025 तक |
| 05576 | आनंद विहार (ट.) | 05:15 | सहरसा जं. | 10:30 | | मंगलवार | 16.12.2025 तक |
| 01493 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | 13.11.2025 तक |
| 01494 | हजरत निजामुद्दीन | 21:25 | पुणे जं. | 23:55 | | मंगलवार, शुक्रवार | 14.11.2025 तक |
| 04312 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | सियालदह | 23:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 15.11.25 तक |
| 04311 | सियालदह | 05:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 12:00 | | सोमवार | 17.11.25 तक |
| 04314 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:20 | सप्ताह में दो दिन | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 04313 | मुजफ्फरपुर जं. | 14:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:15 | | शुक्रवार, सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | सप्ताह में दो दिन | सोमवार, बृहस्पतिवार | अगले आदेश तक (20.10.25 को निरस्त) |
| 05306 | आनंद विहार (ट.) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुधवार, शनिवार | अगले आदेश तक (22.10.25 को निरस्त) |
| 05625 | कामाख्या | 22:00 | रोहतक | 14:45 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.11.2025 तक |
| 05626 | रोहतक | 22:10 | कामाख्या | 15:30 | | रविवार | 09.11.2025 तक |
| 02397 | गया जं. | 14:15 | आनंद विहार (ट.) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.25 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट.) | 08:20 | गया जं. | 00:30 | | सोमवार | 01.12.25 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट.) | 05:00 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट.) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | बृहस्पतिवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03309 | धनबाद जं. | 10:10 | दिल्ली जं. | 09:15 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.25 तक |
| 03310 | दिल्ली जं. | 11:45 | धनबाद जं. | 13:00 | | बुधवार, रविवार | 30.11.25 तक |
| 03639 | गया जं. | 22:00 | दिल्ली जं. | 17:00 | सप्ताह में तीन दिन | रवि, मंगल, बृहस्पति | 30.11.25 तक |
| 03640 | दिल्ली जं. | 19:00 | गया जं. | 11:30 | | सोम, बुध, शुक्र | 01.12.25 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | आनंद विहार (ट.) | 13:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.11.25 तक |
| 03222 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | राजगीर | 16:45 | | मंगलवार | 14.10.25 से 25.11.25 |
| 03223 | राजगीर | 04:05 | हरिद्वार | 05:15 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 26.12.25 तक |
| 03224 | हरिद्वार | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 27.12.25 तक |
| 07363 | हुबली जं. | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुबली जं. | 06:30 | | बृहस्पतिवार | 16.10.25 से अगले आदेश तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं. | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं. | 19:45 | | शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 08760 | दुर्ग | 10:45 | हजरत निजामुद्दीन | 11:10 | साप्ताहिक | रविवार | 23.11.2025 तक |
| 08761 | हजरत निजामुद्दीन | 12:30 | दुर्ग | 15:00 | | सोमवार | 24.11.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 30.11.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 02.12.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 25.11.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | बृहस्पतिवार | 27.11.2025 तक |
| 01483 | पुणे जं. | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 20:00 | सप्ताह में दो दिन | मंगलवार, शनिवार | 29.11.2025 तक |
| 01484 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे जं. | 23:55 | | बुधवार, रविवार | 30.11.2025 तक |
| 04123 | प्रयागराज जं. | 14:50 | हजरत निजामुद्दीन | 11:35 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, रविवार | 15.10.25 से 02.11.25 |
| 04124 | हजरत निजामुद्दीन | 15:45 | प्रयागराज जं. | 09:10 | | वीरवार, सोमवार | 16.10.25 से 03.11.25 |
| 09003 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | शकूर बस्ती | 08:00 | प्रतिदिन | सोम, मंगल, बुध, बृहस्पति, शुक्र, शनि, रवि | 15.10.25 से 31.10.25 |
| 09004 | शकूर बस्ती | 10:15 | मुम्बई सेन्ट्रल | 10:30 | | | 16.10.25 से 01.11.25 |
| 09425 | साबरमती जं. | 08:50 | हरिद्वार जं. | 05:30 | सप्ताह में दो दिन | बुधवार, शनिवार | 15.10.25 से 29.11.25 |
| 09426 | हरिद्वार जं. | 21:40 | साबरमती जं. | 21:30 | | वीरवार, रविवार | 16.10.25 से 30.11.25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

अधिकतम 29 डिग्री से.
डिग्री से. 18 न्यूनतम
सूर्योदय 6.24 बजे
सूर्यास्त 5.55 बजे
सोना 24 कैरेट 1,25,230.00
सेंसेक्स 82,500.82
अमेरिका 88.72
कैनेडियन 63.43
आस्ट्रेलिया 57.57

# महापौर हरप्रीत कौर बबला ने सेक्टर 42 स्थित झील पर छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

पूर्वांचल समुदाय को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** नगर निगम की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने आगामी छठ पूजा उत्सव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सेक्टर 42 स्थित नई झील का दौरा किया। छठ पूजा पूर्वांचल समुदाय के लिए सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक आयोजनों में से एक है। महापौर के साथ चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान, अधिकारियों ने महापौर को क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता अभियान के बारे में जानकारी दी। इसमें घास काटना, झील की सफाई और स्वच्छ पानी से भरना, बैठने की व्यवस्था की मरम्मत, उचित प्रकाश व्यवस्था, कूड़ेदान की व्यवस्था और श्रद्धालुओं के लिए अच्छी रोशनी और स्वच्छ पार्किंग सुनिश्चित करना शामिल था।

महापौर हरप्रीत कौर बबला ने समुदाय को आश्वासन दिया कि छठ पूजा को सुचारू और सम्मानजनक ढंग से मनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की जा रही हैं। उन्होंने कहा, 'पूर्वांचल समुदाय चंडीगढ़ के सामाजिक ताने-बाने का अभिन्न अंग है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि वे अपने त्योहार पूरी आस्था और गरिमा के साथ मना सकें।'

उन्होंने अधिकारियों को त्योहार के दौरान आयोजन स्थल की चौबीसों घंटे निगरानी, मोबाइल शौचालयों, पेयजल और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे उत्सव के दौरान स्वच्छता और सुरक्षा बनाए रखने के महत्व पर भी ज़ोर दिया। महापौर ने आगे कहा कि नगर निगम पूर्वांचल समुदाय और सभी समुदायों के सांस्कृतिक और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ एकजुट है और चंडीगढ़ में समावेशी और नागरिक-हितैषी शासन सुनिश्चित करता रहेगा।

## चंडीगढ़ नगर निगम को विज्ञापन मॉडल के ज़रिए गोल चक्करों के रखरखाव से 1.70 करोड़ रुपये की बोली प्राप्त होगी

शहरी रखरखाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ नगर निगम ने शहर के गोल चक्करों और पार्कों के फव्वारों के रखरखाव के लिए एक राजस्व-आधारित मॉडल शुरू किया है। इस मॉडल के तहत, एजेंसियों ने दो वर्षों के लिए 1.70 करोड़ रुपये के राजस्व वाले 5 गोल चक्करों के लिए बोलियाँ प्रस्तुत की हैं। विज्ञापन नियंत्रण आदेश के अनुसार, विज्ञापन अधिकारों और लाइसेंस शुल्क के बदले में बुनियादी ढाँचे के रखरखाव के लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई थीं। इस घटनाक्रम के बारे में जानकारी देते हुए, शहर की महापौर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने यहाँ बताया कि शहर भर के लगभग 35 गोल चक्करों में से, रखरखाव के लिए बोलियाँ प्राप्त हुईं, और पाँच प्रमुख गोल चक्करों के लिए तीन एजेंसियों को उपयुक्त पाया गया है। इनमें जंक्शन संख्या 27 (सेक्टर 17/18/21/22), जंक्शन संख्या 8 (सेक्टर 2/3/10/11), जंक्शन संख्या 11 (सेक्टर 5/6/7/8), जंक्शन संख्या 28 (सेक्टर 18/19/20/21) और सेक्टर 10 के वी-4 रोड पर स्थित छोटा गोल चक्कर शामिल हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम इन पाँच स्थलों से ही दो साल की अवधि में विज्ञापन और लाइसेंस शुल्क से 1.70 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित करेगा। उन्होंने कहा कि शेष 30 गोल चक्कर भी इसी मॉडल के तहत बनाए जाने हैं। उन्होंने कहा, 'इस पहल से न केवल सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यीकरण और रखरखाव सुनिश्चित होगा, बल्कि निगम को गैर-कर राजस्व भी प्राप्त होगा।' इसके अलावा, शहर के विभिन्न पार्कों में स्थित 52 फव्वारों को भी इसी राजस्व-साझाकरण मॉडल के तहत लाया जा रहा है। महापौर ने कहा कि यह पहल नवोन्मेषी शहरी प्रशासन और आत्मनिर्भर सार्वजनिक स्थान प्रबंधन के प्रति शहर की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# 1.75 करोड़ की साइबर ठगी में सातवा आरोपी अमृतसर से काबू, 5 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

इस मामले में छह आरोपी पहले से गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला, 13 अक्टूबर।** वर्ष 2024 में दर्ज एक साइबर ठगी के मामले में साइबर एसएचओ सब इंस्पेक्टर युद्धवीर सिंह की अगुवाई में कार्रवाई करते हुए सातवें आरोपी हैरी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पंजाब के अमृतसर का रहने वाला है। आरोपी को कोर्ट मे पेश कर 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मामला एक करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी से जुड़ा है।

इस मामले में पंचकूला के रहने वाले शिकायतकर्ता ने पिछले साल जुलाई में साइबर थाना पंचकूला में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, 5 जुलाई को शिकायतकर्ता को फेसबुक पर शेयर मार्केट से संबंधित एक विज्ञापन दिखाई दिया, जिसे उसने लाइक किया। इसके बाद उसे व्हाट्सएप के माध्यम से एक लिंक प्राप्त हुआ, जिसके जरिये उसे शेयर बाजार में निवेश कर दुगुना लाभ कमाने का लालच दिया गया। इसी झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने बड़ी राशि का निवेश कर दिया और कुल मिलाकर उससे करीब 1 करोड़ 75 लाख रुपये की ठगी की गई।

डीसीपी क्राइम के अनुसार प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने 16 दिसंबर को दो आरोपियों कृष्ण कुमार पुत्र दलबीर निवासी गांव तुकावाली, जिला सिरसा और सुभाष पुत्र बहादुर सिंह निवासी गांव जमाल, जिला सिरसा को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया था। इसके बाद 11 जुलाई 2025 को पुलिस ने तीसरे आरोपी संजय कुमार उर्फ बॉक्सर पुत्र सतीर सिंह निवासी गांव तरकावाली, जिला सिरसा को गिरफ्तार किया था, जिससे पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाई गई और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। उसके बाद चौथे आरोपी तेजेन्द्र पाल सिंह पुत्र जयपाल सिंह निवासी सिविल लाइन, सिरसा को 27 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को 28 जुलाई को अदालत में पेश कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। इसके बाद 3 अक्टूबर को पांचवे आरोपी हरजीत सिंह पुत्र मिंदर वासी अमृतसर, पंजाब गिरफ्तार को गिरफ्तार किया था। उसके बाद छठे आरोपी परविन्द्र पुत्र बलविंदर को भी गिरफ्तार किया था। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए साइबर थाना पंचकूला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(2), 318(4), 336(3), 338, 340 व 61 के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसकी जांच सब-इंस्पेक्टर भूप सिंह द्वारा की जा रही है। इस मामले में अन्य संदिग्धों की संलिप्तता सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि बहुत जल्द अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम को फिर बड़ी कामयाबी

# दो अलग-अलग मामलों में चोरी के दो पहिया वाहनों पर जाली नंबर प्लेट लगाकर घूमने वाले तीन शातिर आरोपियों को किया काबू

आरोपियो के कब्जे से 5 मोटर साइकिल, 2 फर्जी नंबर प्लेट, एक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के अलावा 7 मोबाइल फोन भी बरामद किए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** यूटी साउथ डिविजन का अहम थाना और हर दम से मुस्तैद रहने वाले थाना 31 पुलिस को फिर उस वक्त एक बड़ी कामयाबी मिली।जब पुलिस ने दो अलग अलग मामलो में चोरी के दो पहिया वाहन पर जाली नंबर लगाकर घूमने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 5 मोटर साइकिल,एक रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट,के अलावा 7 मोबाइल फोन भी बरामद किए है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान ईडब्ल्यूएस कालोनी मलोया निवासी 26 वर्षीय संदीप उर्फ सनी,19 वर्षीय नीरज उर्फ कल्लू और दूसरे मामले के आरोपी की पहचान राम दरबार निवासी 25 वर्षीय नीतीश और नोनू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी संदीप और नीरज के कब्जे से 3 मोटर साइकिल,एक फेक नंबर प्लेट और 7 मोबाइल फोन बरामद किए। जबकि आरोपी नीतीश के कब्जे से 2 मोटर साइकिल के अलावा एक फेक नंबर प्लेट बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि यूटी पुलिस की एसएसपी कंवरदीप कौर के दिशा निर्देशों के चलते एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर के सुपरविजन में थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम को गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि दो पहिया वाहनों को चोरी कर जाली नंबर प्लेट लगाकर घूमने वाले आरोपी सक्रिय है। थाना प्रभारी की मुस्तैद टीम ने पूरी तरह से एरिया में जाल बिछा दिया।और आरोपियों को अलग अलग जगहों से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। वाहनों की रिकवरी,रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट के अलावा 7 मोबाइल फोन भी बरामद किए।

जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम में शामिल एएसआई सतनाम सिंह रविवार को एरिया में पेट्रोलिंग कर रहे थे। पेट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस औद्योगिक क्षेत्र फेज दो बीट बॉक्स के पास गश्त कर रहे थे। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक सनी और कल्लू सैक्टर 34 से मोटर साइकिल चोरी कर उसकी नंबर प्लेट बदलकर बेचने के फिराक में है।और स्नैचिंग भी कर सकते है। मामले को गंभीरता से लेते हुए और यूटी पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते थाना पुलिस की टीम ने सैक्टर 47 ए/बी टर्न के पास नाका लगा लिया। सूचना के आधार पर पुलिस ने बिना हेलमेट के एक काले रंग की स्पलेंडर बाइक पर सवार दो युवकों को रोका। जांच करने पर पता चला कि मोटर साइकिल चोरी का है।आगे की नंबर प्लेट यूपी की और पीछे वाली नंबर प्लेट चंडीगढ़ नंबर की अंकित थी। पुलिस द्वारा वेरिफाई करने पर नंबर प्लेट फेंक पाई गई। पुलिस ने दोनों आरोपी संदीप और नीरज को मौके पर गिरफ्तार कर लिया।उनके कब्जे से 3 मोटरसाइकिल,एक पंजीकरण प्रमाण पत्र, 1 फर्जी नंबर प्लेट और 7 मोबाइल फोन बरामद किए गए।

**केस नबर दो :** जानकारी के अनुसार थाना 31 के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार की टीम ने दो पहिया वाहन चोरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के दो वाहन और एक फेंक नंबर प्लेट बरामद की। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना 31 पुलिस की टीम में शामिल एएसआई सागर अपने अन्य पुलिस पार्टी के साथ रविवार को गश्त कर रहे थे। जब पुलिस की टीम हवाई अड्डा क्षेत्र बीएसएफ रोड के पास पर पहुंची तो पुलिस ने देखा कि एक युवक जंगल की ओर से मोटर साइकिल को धक्का देते हुए आ रहा। पुलिस को देख कर उक्त युवक ने मोटर साइकिल को वही पर। छोड़ दिया।और भागने की कोशिश की। लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जिसकी पहचान राम दरबार निवासी नीतीश उर्फ नोनू के रूप में हुई।

पकड़े गए आरोपी ने मोटर साइकिल थाना 34 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत से 11 सितंबर 2024 को चोरी की थी। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी ने चोरी की मोटर साइकिल पर फेंक चंडीगढ़ नंबर लगा रखा था। जबकि वास्तविक नंबर हरियाणा का है। और कैथल के रहने वाले एक व्यक्ति के नाम पर पंजीकृत है। जिसने पुष्टि की। बता दे कि थाना पुलिस की टीम ने इससे पहले भी अलग अलग मामलो में जैसे नशीले पदार्थो की सप्लाई करने वाले और अपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले आरोपियो की धरपकड़ कर उन्हें जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया है। और पुलिस का अभियान लगातार इसी तरह जारी रहेगा। थाना प्रभारी का कहना है कि अगर किसी भी अपराधी ने एरिया में कोई भी वारदात के अलावा नशीले पदार्थो की सप्लाई की तो पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रव्यापी एकता मार्च की घोषणा

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू, चंडीगढ़ की मेयर हरप्रीत कौर बबला, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा तथा प्रदेश महामंत्री संजीत राणा ने आज चंडीगढ़ प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारत सरकार की ऐतिहासिक पहल 'Sardar@150' की घोषणा की, जो भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय ने माय भारत के माध्यम से विकसित भारत पदयात्रा अभियान की शुरुआत की है। इस राष्ट्र निर्माण पहल का उद्देश्य युवाओं में नागरिक सहभागिता को गहरा करना, राष्ट्रीय गौरव की भावना को प्रबल करना और देश की एकता के प्रति समर्पण को सशक्त बनाना है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जन भागीदारी से राष्ट्र निर्माण' के विज़न से प्रेरित है।

मीडिया से बातचीत में सतनाम सिंह संधू ने कहा, 'इस पहल के अंतर्गत भारत सरकार ने सरदार@150 यूनिटी मार्च की शुरुआत की है, जिसे माय भारत द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य सरदार पटेल के देश की एकता में अद्वितीय योगदान को नमन करना है। यह अभियान युवाओं में एक भारत, आत्मनिर्भर भारत की भावना को जगाने का आह्वान है, जिससे वे राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति और नागरिक कर्तव्य को अपने जीवन में अपनाएं।'

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा ने बताया कि चंडीगढ़ इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेगा। उन्होंने कहा, 'चंडीगढ़ के विभिन्न वर्गों के लोग, विशेष रूप से युवा, सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने के लिए एक विशाल पदयात्रा आयोजित करेंगे। हम अधिक से अधिक नागरिकों को इस ऐतिहासिक अभियान से जोड़ने का प्रयास करेंगे।'

सरदार@150 का डिजिटल चरण 6 अक्टूबर को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया द्वारा माय भारत पोर्टल पर लॉन्च किया गया। इसमें सोशल मीडिया रील प्रतियोगिता, निबंध लेखन प्रतियोगिता और सरदार@150 यंग लीडर्स प्रोग्राम शामिल हैं, जिसके अंतर्गत 150 युवाओं का चयन राष्ट्रीय पदयात्रा में भाग लेने के लिए किया जाएगा। यह अभियान दो प्रमुख चरणों में आयोजित होगा। पंजीकरण और भागीदारी से संबंधित जानकारी माय भारत पोर्टल पर उपलब्ध है: ? https://mybharat.gov.in/pages/unity_march देशभर के युवाओं से अपील है कि वे इस ऐतिहासिक एकता अभियान में भाग लेकर भारत की एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करें। प्रेस कॉन्फ्रेंस में कन्वीनर इंदिरा सिंह, मीडिया इंचार्ज रवि रावत, अमनदीप सिंह और मो. निराला उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय पदयात्राएं (31 अक्टूबर - 15 नवम्बर, 2025)

इस चरण में निबंध व वाद-विवाद प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता अभियान, स्वदेशी मेले, नशा मुक्त भारत संकल्प, योग व स्वास्थ्य शिविर और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चंडीगढ़ की पदयात्रा पूरे संसदीय क्षेत्र को कवर करेगी, जिसमें प्रतिभागी आत्मनिर्भर भारत संकल्प लेंगे और सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे।

### राष्ट्रीय पदयात्रा (26 नवम्बर - 6 दिसम्बर, 2025)

यह 152 किलोमीटर की पदयात्रा करमसद (सरदार पटेल का जन्मस्थान) से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, केवड़िया तक होगी। इस दौरान प्रदर्शनियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरदार गाथा सत्र आयोजित होंगे, जिनमें विद्वान सरदार पटेल के जीवन और योगदान पर चर्चा करेंगे।

# पटाखों की स्टाल के लिए ड्रा 16 को, आज और कल कर सकेंगे आवेदन

## 20 अस्थाई ग्रीन पटाखों की लगाई जाएंगी स्टाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 13 अक्तूबर।** हर साल की तरह इस बार भी प्रशासन द्वारा जिला में अलग अलग स्थानों पर अस्थाई ग्रीन पटाखों के लिए बिक्री के लिए ड्रा निकले जाएंगे, जिसमें जिलावासी आवेदन कर लाईसैंस प्राप्त कर सकते हैं। सोमवार को यह जानकारी एसडीएम चन्द्रकांत कटारिया ने देते हुए बताया कि पंचकूला में अस्थाई ग्रीन पटाखों के लाईसैंस के लिए स्थानों एवं दस्तावेजों सहित अस्थाई ग्रीन पटाखों के स्टाल लगाने के लिए 14 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे व 15 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना), लघु सचिवालय, सैक्टर-1, पंचकूला के कार्यालय में जमा करने होंगे। उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति अस्थाई ग्रीन पटाखों के स्टाल के लिए लाईसैंस प्राप्त करना चाहता है वो व्यक्ति 15 अक्टूबर की शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकता है। उन्होंने बताया कि सभी आवेदन आने के बाद 16 अक्टूबर दोपहर 1 बजे के बाद ड्रा के माध्यम से 20 अस्थाई ग्रीन पटाखों के विभिन्न स्थानों पर स्टाल के लिए लाईसैंस आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंचकूला शहर में हैफेड भवन के पीछे पार्किंग में 13 स्टाल, राजकीय सिनियर सैकेण्डरी स्कूल रामगढ में 02, राजकीय सिनियर सैकेण्डरी स्कूल बरवाला में 02, नेता जी स्टेडियम रायपुररानी में 03, स्टालों का ड्रा के माध्यम से लाईसैंस दिए जाएंगे।

### आवेदन के लिए क्या करें

एसडीएम ने बताया कि अस्थाई ग्रीन पटाखों के लिए आवेदन के साथ फोटो, रिहायश प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, विस्फोटक अधिनियम के तहत अन्य प्रशासनिक सेवाओं की प्राप्ति के अधीन 500 रुपए का ई-चालान (0070 हैड), लाईसैंस ट्रेडर नम्बर से ग्रीन पटाखें खरीद का प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, घोषणा पत्र और शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

# 'तिलक जंजू का राखा' पुस्तक पाठकों के लिए बहुमूल्य संसाधन: संजय टंडन

पुस्तक के विमोचन समारोह में संजय टंडन रहे विशेष अतिथि

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर 18 स्थित टैगोर थिएटर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सिक्खों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के पावन अवसर पर, भाजपा के राष्ट्रीय संसदीय बोर्ड एवं चुनाव समिति के सदस्य इकबाल सिंह लालपुरा जी द्वारा लिखित पुस्तक 'तिलक जंजू का राखा' का विमोचन किया। इस समारोह में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य एव हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष रूप में भाग लिया और शुभकामनाएं प्रदान की।

उन्होंने कहा कि किताब लेखक स इकबाल सिंह लालपुरा द्वारा लिखित पुस्तक के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि लेखक ने अपनी इस पुस्तक में नौवें गुरु द्वारा सन्निहित साहस, बलिदान और धार्मिकता के मूल्यों को खूबसूरती से उजागर किया है। गुरु साहिबान द्वारा आस्था और मानवता की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान के ऐतिहासिक वृत्तांतों पर आधारित इस पुस्तक के माध्यम से इकबाल सिंह लालपुरा ने उल्लेखनीय साहित्यिक योगदान प्रदान किया है जिसके लिए वो बधाई के पात्र हैं। यह पुस्तक निस्संदेह सिख इतिहास में रुचि रखने वाले छात्रों, शिक्षकों और आम पाठकों के लिए एक बहुमूल्य संसाधन के रूप में काम करेगी।

# आईओसीएल चंडीगढ़ में कचरे से बायो सीएनजी प्लांट लगाने को तैयार

एमसी अधिकारियों के साथ बैठक में विचार विमर्श के बाद अब एमओयू पर होगा साइन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** आईओसीएल यानि इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड चंडीगढ़ में कचरे से बायो-सीएनजी तैयार करने का प्लांट लगाने को तैयार है। एएमसीसी अधिकारियों के साथ मीटिंग में उसने कुछ सवाल किये हैं। इनमें से सर्वाधिक महत्वपूर्ण यह है कि बात है कि यदि निकट भविष्य में कचरे की मात्रा बढ़ती है तो प्लांट के लिए स्थल की जरूरत होगी, और वह एमसी को उपलब्ध करानी होगी।

इस पर एमसी ने बताया कि शहर में जमीन है ही नहीं। शहर से 150 टन गीला कचरा ही प्रतिदिन निकलता है। प्लांट 200 टन प्रतिदिन की क्षमता के अनुसार लग रहा है। ऐसे में इससे ज्यादा कचरा बढ़ने की संभावना नहीं है। कचरा कम करने का ही एमसी का प्रयास रहेगा। इसके अलावा आईओसीएल में कहा कि मिश्रित कचरे का 10 प्रतिशत ही प्रसंस्करण करेंगे। इससे ज्यादा होता है तो एमसी को इसका इंतजाम करना होगा। ज्यादा में एमसी के अधिकारियों ने बताया कि मिश्रित कचरे के लिए वह अलग से छोटा प्लांट लगा रहे हैं। इसलिए 10 प्रतिशत से अधिक आइओसीएल को नहीं मिलेगा।

### एमसी को नहीं देने पड़ेंगे पैसे

इन सभी सवालों के जवाब के बाद अब आईओसीएल और एमसी के बीच प्लांट लगाने का एमओयू साइन होगा। आईओसीएल यह प्लांट एमसी से बिना कोई पैसा लिए लगा रही है। इसके बाद नगर निगम को नये प्लांट के लिए कोई पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल निगम को मौजूदा प्लांट ठीक से काम नहीं कर पा रहा था। नई एजेंसी ने कुछ दिन पहले ही काम संभाला है। पहली एजेंसी के साथ कुछ बातों को लेकर निगम का डिस्प्यूट भी चल रहा था।

### मार्च की मीटिंग में रद्द हुआ था एजेंडा

इससे पूर्व 550 टन प्रतिदिन क्षमता का सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट लगाने का प्रस्ताव मार्च में नगर निगम सदन में रद्द कर दिया गया था। इस प्लांट का एजेंडा और आरएफपी नेशनल एन्वायरमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीच्यूट की कंसटेंसी में तैयाचर किया गया था। यह प्लांट भी वेस्ट टू सीएनजी टेक्नॉलोजी बेस्ट था। पार्षद ने इस प्लांट के लिए गोवा का स्टडी टूटर भी किया था। मार्च में सदन की बैठक के दौरान प्लांट की क्षमता ज्यादा रखने पर सवाल खड़े किए गए थे। साथ ही कंपनी के अचानक प्रति टन 4950 की जगह 3700 में कचरा प्रोसेस करने को पार्षदों ने घोटाला बताते हुए इसे रद्द कर दिया था। उसके बाद से ही नये प्लांट के लिए विकल्प की तलाश जारी है।

### कोर्ट में है मामला

उल्लेखनीय है कि पहले प्लांट सेक्टर 25 एरिया में लगा है, परंतु इस प्लांट का मामला जेपी एसोसिएट्स के साथ अदालत में विचाराधीन है। प्लांट निगम ने कब्जे में भले ही ले लिया था, किंतु इस पर कोर्ट केस चल रहा है। कारण से इस प्लांट की जगह नया प्लांट भी नहीं लगाया जा सकता है।

### खाली स्थल पर लगेगा प्लांट

डड्डूमाजरा डंपिंग ग्राउंड की बायो माइनिंग के बाद खाली हुई साइट पर नया प्लांट लगेगा। 20 एकड़ से भी अधिक जमीन खाली हो चुकी है, साथ के अंत तक बच्चे कचरे को हटाये जाने के बाद पूरा ग्राउंड खाली हो जाने का दावा किया जा रहा है। डंपिंग ग्राउंड में ही खाली हुई जमीन पर कंपोस्ट प्लांट भी पहले लगाया जा चुका है।

सम्पादकीय

# बंगाल के ओज को कलंकित कर रहे दुष्कर्म के मामले कब रुकेंगे

बीते दिनों पश्चिम बंगाल नवरात्र पूजा और पंडालों की विशेषता की वजह से सुर्खियों में था, लेकिन जैसे कला एवं संस्कृति से खुशहाल इस प्रदेश को नजर लग गई। इसके कुछ दिन बाद ही दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज में एक एमबीबीएस छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया और देश विचलित हो गया। यह कितना दुखद है कि आज बंगाल अपराध की राजधानी बनता जा रहा है। विडम्बना यह है कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अपराधी तत्वों पर नकेल कसने के बजाय महिलाओं को नसीहत दे रही हैं कि वे देर रात घरों से बाहर न निकलें। बेशक, उनकी सलाह के अनेक अर्थ निकाले जा रहे हैं, आज का समाज किसी के लिए भी बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। महिलाएं दिन के उजाले में भी सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन ममता बनर्जी उन्हें देर रात बाहर न निकलने की सलाह दे रही हैं। सामाजिक रूप से यह सलाह सही मानी जा सकती है, लेकिन अगर बतौर व्यवस्था संचालक या कहें कि बतौर मुख्यमंत्री वे ऐसा कह रही हैं तो यह उन अपराधियों, गुंडों और बदमाशों के पक्ष में बात जा रही है, जोकि बंगाल समेत हर राज्य में अपराध को अंजाम दे रहे हैं। अगर अपराधियों के डर से अगर समाज खुद को रोकेगा तो फिर सरकार और उसकी मशीनरी का क्या होगा। यह कितना हैरतअंगेज है कि सार्वजनिक स्थानों पर भी महिलाओं के साथ अपराध घट रहे हैं, तब उन्हें गुंडों-अपराधियों के डर से घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए। क्या यह एक लोकतांत्रिक समाज में होना चाहिए।

**अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी एक सप्ताह के लिए भारत दौरे पर आए तो यह भारत के लिए उस दरवाजे को खोलने जैसा है, जिसके रास्ते वह न केवल पाकिस्तान को साध सकता है, अपितु अफगान धरती में मौजूद रेयर अर्थ मिनरल्स की संभावनाओं की भी तलाश कर सकता है। दोनों देशों के बीच कई मुद्दों पर सहमति बनी है और इसके तहत भारत से एक उच्च स्तरीय दल वहां खनन क्षेत्र में संभावनाओं की तलाश करेगा। यह भारत के आर्थिक विकास को नई ऊंचाई प्रदान करेगा वहीं अफगानिस्तान में भी जनसामान्य का जीवन बदलेगा। अफगानिस्तान इस समय वैश्विक स्तर पर बेहद गरीबी, भूख और खाद्यान्न संकट का सामना कर रहा है, जिससे बाहर आने के लिए उसे भारत जैसे लोकतांत्रिक और ईमानदार देश की मदद की जरूरत है।**

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल आजकल रेप, हत्या की वारदातों, हिंसा, जुलूस, प्रदर्शन, पुलिस दमन, अराजकता का शिकार नजर आता है, जोकि हैरान करता है। अपराध से कोई राज्य नहीं बच सकता, क्योंकि कब, कहां, कैसे अपराध घट जाए, इसे कोई नहीं बता सकता। हालांकि राज्य सरकार का यह दायित्व है कि वह कानून और पुलिस बल के जरिये व्यवस्था और अनुशासन कायम करे। लेकिन पश्चिम बंगाल में व्यवस्था का मखौल बनता नजर आता है। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में एक मेडिकल छात्रा से दुष्कर्म के बाद पूरे बंगाल में कोलाहल था और देश में भी इसे लेकर घोर विरोध दर्ज कराया गया था। उस समय तमाम तरह के बयान सामने आ रहे थे। इसके बाद एक लॉ कॉलेज में भी एक छात्रा से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। बंगाल में विपक्षी दलों की ओर से ऐसे आरोप सामान्य हैं कि राजनीतिक विरोधियों को परास्त करने की मंशा यहां एक पार्टी की नेता एवं उनके अनुसरणकर्ताओं को इतनी पसंद है कि वे उन आहत, प्रताड़ित लोगों के दर्द को अनदेखा करते जाते हैं, जोकि आज के समय में बंगाल की रोजाना की कहानी हो गया है। उस प्रदेश की हालत का आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जहां अपराध घटने पर शिकायत देने से भी जनता घबराती हो, क्योंकि अपराध को अंजाम देने वाले अपराधी एक पार्टी विशेष से ही जुड़े हैं, वहीं पुलिस प्रशासन के लोगों को कार्रवाई न करने के संभव है सरकारी आदेश हासिल हैं।

बंगाल बौद्धिकों का प्रदेश रहा है, यह जगह कविवर रविंद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, नेता जी सुभाष बोस एवं अन्य अगण्य ऐसी विभूतियों का घर रही है, जिन्होंने न केवल देश अपितु पूरे विश्व को ज्ञान और उदार चरित्र का संदेश दिया। उन लोगों के कर्म, उनका चरित्र और उनके आदर्शों को रहती दुनिया तक याद रखा जाएगा। हालांकि उसी प्रदेश में आजकल अस्पताल, लॉ कॉलेज, मेडिकल कॉलेज के अंदर रेप एवं हत्या हो जाती है और फिर अपराधी को पकडने के बजाय शासन तंत्र उसे बचाने में लग जाता है। यह कितना बड़ा अन्याय है कि जिन लोगों पर नागरिकों को न्याय दिलाने का दायित्व है, वही उन अपराधियों के मददगार बन रहे हैं। इसकी वजह से वह जनता जिसका जमीर जिंदा है, सड़क पर आ जाती है, लेकिन सड़क पर उसे पुलिस की लाठियां खानी पड़ती हैं, तेज पानी की बौछारें झेलनी पड़ती हैं और फिर पुलिस केस भी झेलने पड़ते हैं। इससे पहले आरजी कर अस्पताल के अंदर रेप एवं मर्डर मामले में जिस प्रकार की घटनाएं सामने आई थी, वे हैरान करने वाली रहीं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नाम एक समय इस प्रकार लिया जाता था कि वे निर्बलों की मददगार हैं। उन्होंने सड़क से लेकर संसद तक देश के कमजोर तबकों के लिए काम किया लेकिन फिर प्रदेश की मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके तेवर जिस प्रकार से बदले हैं, वह उन सभी लोगों को चिंतित करता है जोकि नेताओं में अच्छाई को तलाशते हैं। वास्तव में बंगाल में अपराध अब जैसे इसका विकल्प बन गया है। राजनीतिकों की शह पर गुंडा तत्वों का हौसला बहुत बढ़ गया है। जाहिर है, जब अपराधियों और शासनकर्ताओं के बीच की दूरी कम हो जाती है तो फिर जनता को उत्पीड़न का शिकार होना ही पड़ता है।

# एनडीए के सीट बंटवारे में भाजपा ने साधे समीकरण, महा गठबंधन अभी पशोपेश में

दैनिक अर्थ प्रकाश






बिहार की राजनीति इन दिनों नए मोड़ पर खड़ी है। चुनावी तैयारियां ज़ोरों पर हैं और राजनीतिक दल अपने-अपने पाले मज़बूत करने में जुटे हुए हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए ने जहां सीटों का बंटवारा लगभग स्पष्ट कर दिया है, एनडीए ने सीट शेयरिंग को लेकर स्पष्टता दिखाई है। एनडीए के इस सीट बंटवारे में 101 सीटें भारतीय जनता पार्टी को और 101 ही जदयू को दी गई है। इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी ने चिराग पासवान की लोजपा-(आर) को 29, जीतनराम मांझी की 'हम' और उपेंद्र कुशवाहा की 'रालोमो' को 6-6 सीट दी गई है। इस स्थिति में बिहार विधानसभा चुनाव के बाद एनडीए की सीटें अधिक आती है तो यह स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि बिहार में मुख्यमंत्री भी भारतीय जनता पार्टी से ही होगा। भारतीय जनता पार्टी ने जदयू के अलावा अपने सहयोगी छोटे दलों को सीट शेयरिंग में सम्मानजनक हिस्सा दिया है, जो एनडीए की जीत के बाद बीजेपी का मुख्यमंत्री बनाने में एक चाबी के रूप में काम करेगा। चिराग पासवान वैसे भी स्वयं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हनुमान मानते हैं। इसके साथ-साथ जीतन राम मांझी और अन्य सहयोगियों को सम्मानजनक सीटें दी गई हैं। इन दलों ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनाव के बाद वे मुख्यमंत्री बनाने में बीजेपी को ही सपोर्ट करेंगे।

वहीं विपक्षी महागठबंधन में अब तक स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो सकी है। इसकी एक बड़ी वजह राष्ट्रीय जनता दल और उसके शीर्ष नेताओं पर लगे गंभीर कानूनी आरोप हैं, जो इस बार की सीट शेयरिंग प्रक्रिया को भी गहराई से प्रभावित कर सकते हैं।

विपक्ष के महागठबंधन के सीट शेयरिंग की बात की जाए तो पिछली बार महागठबंधन के तहत राजद ने सबसे अधिक सीटों पर चुनाव लड़ा था, जबकि कांग्रेस और वाम दलों को अपेक्षाकृत कम सीटें मिली थीं। इस बार स्थिति बदल सकती है। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी कम से कम 70 से 80 सीटों की मांग कर सकती है, जबकि पिछली बार उसे लगभग 70 सीटें मिली थीं जिनमें से वह केवल 19 जीत पाई थी। वाम दलों ने भी मजबूत प्रदर्शन कर अपनी मांग बढ़ा दी है। ऐसे में राजद को सीटों की संख्या घटानी पड़ सकती है, जो कि उसके अंदरूनी समीकरणों के लिए भी परेशानी का कारण बन सकती है।

अभी हाल ही में न्यायालय की तरफ से आए आरोप तय होने संबंधी मामले ने राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और 120 बी के तहत दर्ज मुकदमे विपक्षी खेमे में असमंजस की स्थिति पैदा कर रहे हैं। सीबीआई द्वारा 'लैंड फॉर जॉब' मामले में दाखिल की गई चार्जशीट और अदालती कार्यवाहियों ने राजद की नैतिक स्थिति को झटका दिया है। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि चुनाव जैसे संवेदनशील समय में इन मुकदमों की चर्चा जितनी तेज़ होती है, विपक्षी एकता उतनी ही मुश्किल में पड़ती है।

महागठबंधन के भीतर यह सवाल तेजी से उठ रहा है कि क्या एक ऐसे दल को बहुसंख्यक सीटें दी जानी चाहिए, जिसके प्रमुख चेहरे कानूनी शिकंजे में हैं। कांग्रेस, जो पारंपरिक रूप से राजद की सहयोगी रही है, अब सोच-समझकर कदम उठाना चाहती है। पार्टी के भीतर यह भावना उभर रही है कि भ्रष्टाचार के गंभीर मामलों में फंसे नेताओं के साथ अधिक निकटता जनता के बीच गलत संदेश दे सकती है। यही कारण है कि कांग्रेस इस बार सीट शेयरिंग में ज्यादा हिस्सेदारी चाह रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि तेजस्वी यादव आज भी युवा मतदाताओं के बीच लोकप्रिय हैं और उनकी रैलियों में भीड़ उमड़ रही है, लेकिन कानूनी मामलों ने उनके नेतृत्व की विश्वसनीयता को प्रभावित किया है। इस स्थिति में कांग्रेस और वाम दलों की रणनीति यह हो सकती है कि वे ज्यादा सीटों की मांग करके खुद को 'साफ़ छवि वाला विकल्प' के तौर पर प्रस्तुत करें। खासकर शहरी और मध्यमवर्गीय मतदाता वर्ग, जो भ्रष्टाचार के मुद्दों पर अधिक संवेदनशील है, उनके बीच यह दूरी बनाना एक राजनीतिक जरूरत भी बनती जा रही है। दूसरी ओर राजनीति के जानकारों का मानना है कि चुनाव प्रक्रिया के ऐन समय पर न्यायालय द्वारा आरोप तय किया जाना राष्ट्रीय जनता दल के तेजस्वी यादव के पक्ष में भी माहौल क्रिएट कर नॉरेटिव भी सैट कर सकता है। विरोधी दल तो पहले से ही राष्ट्रीय जनता दल के 15 साल के शासन को जंगल राज बता रहे हैं। ऐसे में भ्रष्टाचार का एक और यह मामला जुड़ जाने से चुनाव का नॉरेटिव किस पक्ष में सैट होगा यह आने वाला समय ही बताएगा।

भाजपा और एनडीए लगातार इस मुद्दे को चुनावी रैलियों और मीडिया में उठा रहे हैं। 'घोटालेबाजों की पार्टी' जैसे शब्दावली का प्रयोग करके एनडीए इस बात को जनता के ज़ेहन में बैठाने की कोशिश कर रही है कि विपक्ष भ्रष्ट नेताओं का गुट बन चुका है। यह रणनीति खासकर नए और युवा मतदाताओं पर असर डाल सकती है, जो विकास, रोजगार और सुशासन के मुद्दों पर वोट करते हैं।

अब सवाल यह उठता है कि इन कानूनी मामलों का लाभ किसे होगा और नुकसान किसे। साफ तौर पर कहा जाए तो यदि जनता भ्रष्टाचार के मुद्दे को गंभीरता से लेती है, तो इसका सीधा नुकसान राजद को होगा और कांग्रेस भी इसकी आंच से नहीं बच पाएगी। वहीं बीजेपी इस पूरे मामले को चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकती है, जिससे उसे अतिरिक्त लाभ मिल सकता है। हालांकि बिहार की राजनीति में जातीय समीकरण भी एक अहम भूमिका निभाते हैं, और लालू प्रसाद यादव के समर्थकों के बीच उनकी लोकप्रियता अभी भी कम नहीं हुई है, लेकिन वह आधार वोट कब तक और कितनी मज़बूती से टिका रह पाता है, यह इस बार के चुनाव में साफ़ हो जाएगा।

देखा जाए तो आईपीसी की धारा 420 और 120 बी जैसे गंभीर आरोप केवल कानूनी मसला नहीं, बल्कि राजनीतिक हथियार बन चुके हैं। यह महज अदालत की कार्रवाई नहीं है, बल्कि बिहार की राजनीतिक दिशा को प्रभावित करने वाला बड़ा कारक बनता जा रहा है। महागठबंधन यदि समय रहते सीटों का बंटवारा तय नहीं करता, और भ्रष्टाचार के आरोपों की धार को कम करने में विफल रहता है, तो उसे न केवल सीटों में कटौती झेलनी पड़ सकती है। इस पूरे परिदृश्य में विपक्षी महागठबंधन और एनडीए के लिए रास्ता साफ़ बिल्कुल भी नहीं दिखाई दे रहा क्योंकि इस बार बिहार में जान सुराज पार्टी भी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ रही है और पार्टी के नेता प्रशांत किशोर (पीके) लगातार भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यू के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं और ये आरोप कहीं ना कहीं लोगों में भी चर्चा का विषय बने हुए हैं। ऐसे में एनडीए और विपक्षी महागठबंधन किस प्रकार चुनावी दौर में अपने पक्ष में नॉरेटिव सेट तैयार कर पाते हैं। इसी पर चुनाव परिणाम आधारित होगा। लेकिन एक बात तय है यदि बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए बहुमत में आता है तो निश्चित रूप से बिहार का मुख्यमंत्री भारतीय जनता पार्टी का ही होगा।

**-सतीश मेहरा**

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### 24 घंटों से अधिक समय से दस लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं

परवाणू। निकटवर्ती होटल टिम्बर ट्रेल के पहाड़ी चोटी पर बने होटल को जाने वाली रोपवे की ट्राली तार टूट जाने के कारण आधी दर्जन से ज्यादा लोग गत शाम से झूल रहे है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक शिवालिक की पहाड़ियों में यह एक हजार फुट से ऊपर सांस रोके 24 घंटे से अधिक हो चुके है जबकि वायु सेना हैलीकाप्टर द्वारा बार-बार प्रयास किये जा रहे है लेकिन कामयाबी नहीं मिल पा रही। इन 10 लोगों में 4 महिला व एक बच्चा भी शामिल है। अन्य 5 के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जो वायु सेना के हेलीकाप्टर बार-बार प्रयास कर रहे थे उनको हवा तेज होने के कारण ट्राली गिरने का खतरा है। जिन्हें वापिस भेज दिया गया है। जालंधर से वायुसेना का छोटा हैलीकाप्टर मंगवाया जा रहा है जिसका हवा का भाव कम हो और उसके साथ ही कमांडो भी लाए जा रहे है। समाचार छपने तक 50 पर्यटक जो ऊपर रुके हुए थे वह सड़क द्वारा नीचे आ चुके थे लेकिन 10 लोग जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे थे। वायुसेना द्वारा चारों तरफ नीचे की ओर जाल बिछा दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कल उपर जा रही यह ट्राली एक पेड से अटक गई थी। एक हजार फुट ऊंचाई पर अटक जाने से घबराकर ट्राली के आपरेटर गुलाम हुसैन ने अपने वाकी टॉकी सैट समेत ट्राली से छलांग लगा दी और अपनी जान से हाथ धो बैठा। उसकी देखा देखी एक पर्यटक देवाशीव ने भी ट्राली से बाहर छलांग लगा दी और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। गुलाम हुसैन की उम्र 40 वर्ष थी जबकि देवाशीव की उम्र 35 वर्ष है।

### बिजली के सर्कट से आग लगने के कारण युवक झुलसा

चंडीगढ़। यहां के निकटवर्ती शहर पंचकूला के उद्योगिक क्षेत्र में एक युवक को बिजली के सर्कट से आग लगने के कारण बुरी तरह झुलसी अवस्था में पीजीआई में दाखिल करवाया गया है। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक उद्योगिक क्षेत्र एक में स्थित पैरा-माऊंट में अचानक बिजली के सर्कट से आग लगी जिसे यह बुझाने की कोशिश कर रहा था लेकिन अग्नि पर काबू न पा सका और खुद उसकी चपेट में आ गया। दूसरी ओर स्थानीय पुलिस ने सेक्टर 40 के युवक अरविन्द्र शर्मा व सेक्टर 21 के विकास शर्मा को लड़कियों से छेड़छाड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किया है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1882 - शिमला में पंजाब विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। यह ब्रिटिश उपनिवेशवादी सरकार द्वारा कलकत्ता, मुंबई और मद्रास- के बाद स्थापित किया गया भारत का चौथा विश्वविद्यालय था।

1933 - जर्मनी ने मित्र राष्ट्रों के समूह से बाहर आने की घोषणा की।

1943 - जापान ने फिलीपींस की स्वतंत्रता की घोषणा की।

1946 - हालैंड और इंडोनेशिया के बीच संघर्ष विराम समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

1948 - इजरायल और मिस्र के बीच जबरदस्त लड़ाई शुरु।

1953 - भारत में संपदा शुल्क अधिनियम प्रभाव में आया।

1956 - डॉ. भीमराव आम्बेडकर ने अपने 3,85,000 अनुयायियों के साथ कोचांदा में बौद्ध धर्म स्वीकार किया और अपने समर्थकों को 22 बौद्ध प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की सलाह दी।

1981 - होस्नी मुबारक मिस्र के चौथे राष्ट्रपति बने।

1979 - जर्मनी के बॉन में परमाणु ऊर्जा के खिलाफ एक लाख लोगों ने प्रदर्शन किया।

1997 - ब्रिटेन की महारानी ऐलिजाबेथ द्वितीय और प्रिंस फ़िलिप ने अमृतसर के जलियांवाला बाग़ में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

1999 - परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि (सी.टी.बी.टी.) अमेरिकी सीनेट में नामंजूर।

2000 - संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा पाक समेत 22 देशों में अपने दूतावास बंद।

2002 - कतर में मिलने के वायदे के साथ 14वें एशियाई खेलों का बुसान में रंगारंग समापन।

2004 - पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ को सेना प्रमुख बनाये रखने वाला विधेयक पारित किया।

2007 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने चिकित्सा और कृषि क्षेत्रों में परमाणु प्रौद्योगिकी के प्रयोग के लिए नेपाल को मंजूरी प्रदान की।

2008 - भारतीय रिजर्व बैंक ने म्युचुअल फंड्स की ज़रूरतें पूरी करने के लिए अतिरिक्त 200 अरब रुपये जारी करने की घोषणा की।

2010 - राजधानी दिल्ली में चल रहे 19वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन हुआ।

2012 - नाइजीरिया की एक मस्जिद में बंदूकधारियों ने 20 लोगों की हत्या की।

## बोल ब्यूटीफुल

**कंवल सिब्बल:** अफगान विदेश मंत्री की भारत यात्रा पर पाकिस्तान ने जैसी विस्तृत प्रतिक्रिया व्यक्त की है, वह दर्शाता है कि इस दौरे से पाकिस्तान में कितनी बेचैनी है।



**मोनिका वर्मा:** सऊदी अरब के साथ रक्षा समझौता पाकिस्तान को अफगानिस्तान से नहीं बचा पाया। अफगानिस्तान तो पाकिस्तान की सामरिक शक्ति का 10 प्रतिशत भी नहीं है। इसके बावजूद कुछ लोग सऊदी से समझौते के बाद दिन में ही सपने देखने लगे थे कि भारत के विरुद्ध यह करार पाकिस्तान के लिए मददगार होगा।

**कुशाल मेहरा:** नैतिकता के तकाजे के साथ कोई देश कभी महाशक्ति नहीं बन सकता। अपने हितों की पूर्ति की दिशा में निर्ममता के साथ आगे बढ़ने पर ही महाशक्ति बनने की आकांक्षा पूरी होती है। अमेरिका इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

**सुरेश सिंह:** ममता बनर्जी कह रही है कि लड़कियों को रात में बाहर नहीं जाने देना चाहिए। अगर यही शब्द किसी भाजपा नेता या मंत्री ने बोला होता तो अब तक देश में बवाल खड़ा हो जाता।

# सरकार बासमती धान की खेती को बचाने के लिए सामान्य धान से डेढ गुणा अधिक एमएसपी देकर समर्थन मूल्य प्रणाली के अंतर्गत लाए

बासमती धान भारत मे उत्पन्न, सुगंधित, लंबे और पतले दाने वाला विशेष चावल है। इसकी खेती विशिष्ट जलवायु मे हिमालय की तराई क्षेत्र में होती है। इसकी खास सुगंध और स्वाद के कारण इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी मांग है और निर्यात के लिए महत्वपूर्ण फसल है। वैश्विक स्तर पर कुल बासमती चावल का लगभग 70 प्रतिशत उत्पादन भारत और 30 प्रतिशत पाकिस्तान में होता है। देश मे लगभग 12 मिलियन मीट्रिक टन वार्षिक बासमती चावल के उत्पादन मे से लगभग 6 मिलियन मीट्रिक टन बासमती चावल का निर्यात होता है।

प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 21 फरवरी 2025 को जारी जानकारी के अनुसार वर्ष 2023 -24 में भारत ने 5.2 मिलियन टन बासमती चावल के निर्यात से 48,389 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा अर्जित की, यानि बासमती चावल का निर्यात औसत 9300 रूपये प्रति किवंटल की दर से किया गया। देश के घरेलू बाजार मे भी बासमती चावल का औसत बाजार मूल्य 10,000 रूपये प्रति किवंटल से अधिक ही रहता है।

इसके बावजूद, वर्ष 2023-24 में बिचौलियो और राईस मिलर्स के भ्रष्ट कार्टेल ने बासमती धान की खरीद मात्र 1500-3200 रूपये (औसत 2,700 रूपये) प्रति किवंटल दाम पर करके किसानो का खुला शोषण किया। जबकि वैज्ञानिक तथ्यो के अनुसार एक किवंटल बासमती धान से लगभग 70 किलो चावल मिलता है, यानि बासमती चावल के विपणन का 50 प्रतिशत से अधिक लाभ बिचौलियो, राईस मिलर्स और व्यापारी हड़प जाते है। जबकि बासमती धान की खेती करने वाले किसान को भारी-भरकम लागत 30,000 रुपये प्रति एकड लगाने और खरीफ सीजन की प्राकृतिक आपदा से जूझने के बावजूद नाममात्र लाभ और बहुत बार ऋणात्मक लाभ ही मिलता है। क्योंकि मानसून वर्षा वाले खरीफ सीजन मे कीट प्रकोप और हल्दी रोग जैसी बीमारियो से संवेदनशीलता के कारण, बासमती धान की उत्पादकता बहुत ज्यादा प्रभावित होती है। केन्द्रीय कृषि मुल्य एवं लागत आयोग के अनुसार वर्ष 2025 मे धान खेती की व्यापक लागत 2090 रूपये प्रति किवंटल है। इसलिए 2,100 रूपये प्रति किवंटल मे बिकने वाली बासमती धान किसानो के लिए घाटे का सौदा साबित हो रही है।

उल्लेखनीय है कि बासमती धान की खेती भारतीय उपमहाद्वीप में हिमालय की तलहटी के विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र हरियाणा, पंजाब, पश्चिम उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश आदि राज्यो तक ही सीमित है। इन राज्यो मे मोटे/सामान्य धान की खेती की विश्व स्तरीय उच्च उत्पादकता के कारण औसत पैदावार 28 किवंटल प्रति एकड है जो समर्थन मूल्य पर बिक्री से किसानो को लगभग 70,000 रूपये प्रति एकड की कुल आय और 40,000 रूपये प्रति एकड से अधिक का शुद्ध लाभ देती है।



जबकि बासमती धान खेती की औसत पैदावार मात्र 17 किवंटल प्रति एकड पर कुल आय 45,000 रूपये प्रति एकड और शुद्ध लाभ 15,000 रूपये प्रति एकड ही मिलता है। इसके अतिरिक्त बासमती धान के बाजार भाव मे लगातार अनिश्चिता बनी रहने से, किसानो मे बासमती धान की खेती से लगातार मौह भंग हो रहा है। एपीडा (कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण) ने 'बासमती' शब्द को वैश्विक स्तर पर भौगोलिक संकेत (जीआई) के रूप में पंजीकृत कराया और बासमती चावल की प्रामाणिकता की गुणवत्ता सुनिश्चित करता है। एपीडा की फसल सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2023 -24 में भारत में बासमती धान का कुल क्षेत्रफल लगभग 25 लाख हेक्टेयर रहा और उत्पादन 12- 15 मिलियन मीट्रिक टन हुआ। जिसमें पंजाब का क्षेत्रफल 8.12 लाख हेक्टेयर, हरियाणा का 7.87 लाख हेक्टेयर तथा उत्तर प्रदेश का 4.61 लाख हेक्टेयर रहा। भारतीय बासमती चावल के अनूठे गुणों का श्रेय इसके विशिष्ट क्षेत्र की कृषि-जलवायु परिस्थितियों के साथ फसल कटाई और प्रसंस्करण तरीकों को दिया जाता है।

बासमती चावल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए, सरकार को कृषि उपज मंडीयो मे पहली अक्तूबर से पहले बासमती धान की बिक्री पर कानुनी प्रतिबंध लगाना चाहिए। क्योंकि बासमती धान मे सुगंध के लिए उत्तरदायी जीन (बीएडीएच2) रासायनिक यौगिक 2-एसिटाइल -1- पाइरोलाइन (2-एपी) के उत्पादन को नियंत्रित करता है। जब दिन-रात का औसत तापमान 25 डिग्री सेल्सियस से कम होता है तो यह जीन सक्रिय होकर बासमती धान फसल मे विकसित हो रहे चावल के दानों में सुगंध की मात्रा कई गुना बढ़ा देता है। यह तापमान उत्तर पश्चिम भारत मे आमतौर पर 10 सितंबर के बाद ही सम्भव होता है। पूसा बासमती -1509 जैसी कम अवधि वाली किस्मे अगस्त महीने मे ही मंडीयो मे बिक्री के लिए आ जाती है, इसी कारण से देश मे बिक रहे ज्यादातर बासमती चावल लगभग सुगंधहीन है।

बिचौलियो और राईस मिलर्स के लालच मे बासमती चावल की गुणवत्ता पर गहरा संकट बना हुआ है। क्योंकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड मे ग्रीष्मकालीन बासमती धान पर प्रतिबंध नही होने से, पूसा बासमती -1509 जैसी कम अवधि वाली किस्मे अगस्त महीने मे ही मंडीयो मे बिक्री के लिए आ जाती है, इस फसल को राईस मिलर्स औने-पौने दाम पर खरीदकर बासमती चावल मे मिलावट करते है।

इस के अतिरिक्त बिचौलियो और राईस मिलर्स मंडीयो मे भ्रष्ट कार्टेल बनाकर बासमती धान के खरीद दाम मे भारी हेराफेरी करके वर्षो से किसानो को खुला शोषण करते रहे है। इसीलिए बासमती धान खेती की आर्थिक व्यवहार्यता बनाए रखने के लिए, सरकार को सामान्य धान के मुकाबले डेढ गुणा अधिक एमएसपी दाम घोषित करके, बासमती धान को एमएसपी विपणन प्रणाली मे लाना चाहिए, जिससे किसानो की बिचौलियो और राईस मिलर्स द्वारा वर्षो से की जा रही खुली लूट पर रोक लगाने और बासमती धान के दाम मे अनिश्चितता को खत्म किया जा सकेगा।

**-डा. वीरेन्द्र सिह लाठर**
**पूर्व प्रधान वैज्ञानिक भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान**
**नई दिल्ली**

### सोनिया गांधी ने किया पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण

# हिमाचल के साथ केंद्र सरकार का सौतेला व्यवहार : प्रियंका

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**शिमला।** कांग्रेस संसदीय पार्टी की नेता सोनिया गांधी ने आज शिमला के ऐतिहासिक रिज पर पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने वीरभद्र सिंह के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर कांग्रेस की महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। वह ऐसे शख्स थे, जिनके दिल में हमेशा हिमाचल प्रदेश की भलाई रही। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लेकर मेरे परिवार का हिमाचल प्रदेश के साथ विशेष लगाव है। यहां मेरा सिर्फ घर ही नहीं है, बल्कि मुझे पहा?ों से भी बहुत लगाव है।

वीरभद्र सिंह को याद करते हुए प्रियंका गांधी ने कहा कि राजनीति में कम ही मिसाल हैं, जो नेता सचाई पर चलते हैं। महात्मा गांधी ने देश को और वीरभद्र सिंह ने हिमाचल प्रदेश को जो रास्ता दिखाया, वही कांग्रेस पार्टी की मूल विचारधारा है। आज ऐसे नेताओं और राजनीति की जरूरत है जो सोशल मीडिया से आगे ब?कर लोगों के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी निडर होकर सच बोलते हैं और कांग्रेस पार्टी की इसी विचारधारा को प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इसी विचारधारा पर चली है और चलती रहेगी। देश को विकास की राजनीति चाहिए, लेकिन जो केंद्र में सत्तासीन हैं वह इस विचारधारा से दूर है।

कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार पर भेदभाव का आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में आपदा के दौरान सैंक?ों परिवार उज? गए और हर तरफ तबाही मची लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के आग्रह के बावजूद केंद्र सरकार ने यहां के लोगों की कोई मदद नहीं की। उन्होंने कहा, ''मुख्यमंत्री सुक्खू प्रदेश के आपदा प्रभावितों का दर्द समझते हैं। वह हर जगह गए।

उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों के लिए केंद्र से मदद मांगी, लेकिन वह प्रदेश को नहीं मिली क्योंकि भाजपा की राजनीति सिर्फ चुनाव जीतने के लिए हैं।''

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कांग्रेस संसदीय पार्टी की नेता सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी का हिमाचल आने पर स्वागत करते हुए कहा कि उन्हें तीस साल तक कांग्रेस में वीरभद्र सिंह के साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह से बहुत कुछ सीखा और प्रदेश की जनता उन्हें स?कों के नेता के रूप में जानती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने वर्ष 1971 में हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया, जबकि भाजपा के नेता 'स्टेटहुड को मारो ठुड' का नारा लगाते थे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश गांधी परिवार का ऋणी रहेगा, जिन्होंने इस प्रदेश के विकास के लिए भरपूर मदद दी। उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी की सोच के कारण हिमाचल प्रदेश को आईआईटी मंडी, आईआईएम सिरमौर और केंद्रीय विश्वविद्यालय मिला। प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में अपना घर बनाया है, जिससे पर्यटन को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास कांग्रेस पार्टी की देन है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा प्रतिभा सिंह ने कहा कि यह खुशी की बात है आज वीरभद्र सिंह की मूर्ति का अनावरण हुआ है और हमारे लिए यह भावुक क्षण है। सोनिया गांधी तथा प्रियंका गांधी ने इस कार्यक्रम मे आकर शोभा ब?ाई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू भी वीरभद्र सिंह की तरह सादगी का जीवन जीते हैं और लोगों के कल्याण के लिए दिन-रात प्रयासरत रहते हैं।

उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया और प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री यशवंत सिंह परमार ने हिमाचल के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान किया। उन्होंने वीरभद्र सिंह को आधुनिक हिमाचल का निर्माता बताते हुए कहा कि हम उनकी ही पाठशाला में पड़े हैं। वीरभद्र सिंह का प्रदेश के लोगों के साथ भावनात्मक रिश्ता था। वह रात 12 बजे तक जन-समस्याएं सुनते थे और हमेशा प्रदेश के लोगों के दुख-दर्द में साथ ख? रहते थे। वीरभद्र सिंह ने शिक्षा और महिलाओं के उत्थान के लिए जीवन भर काम किया।

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस की प्रभारी रजनी पाटिल, पूर्व प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला, सह प्रभारी विदित चौधरी और चेतन चौहान, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट व दीपेंद्र हुड्डा, मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकगण, विभिन्न बोर्डों और निगमों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायकों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

#### मेरे जीवन का सबसे भावनात्मक क्षण : विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सभी नेताओं का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन मेरे जीवन का सबसे भावनात्मक क्षण है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह ने अपना पूरा जीवन जन सेवा के लिए समर्पित किया और प्रदेश में विकास का नया अध्याय लिखा है। आज उनकी प्रतिमा का अनावरण मात्र एक औपचारिक कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और जन-भावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लोगों के विश्वास पर खरा उतरना वीरभद्र सिंह की सोच का प्रतीक है। रोजगार, शिक्षा, स?क और स्वास्थ्य क्षेत्र में उन्होंने अभूतपूर्व कार्य किया है। उन्होंने कहा कि मैं अपने पिता के दिखाए आदर्शों पर चलने की कोशिश कर रहा हूं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सोनिया गांधी जबकि उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने प्रियंका गांधी को सम्मानित किया।



## राम के शिव धनुष तोड़ते ही सीता से जुड़ा नाता शाहतलाई स्वयंवर में

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा

**बिलासपुर।** सीता स्वयंवर से पहले बाल रामलीला मंचन शाहतलाई में प्रभु श्री राम के चरण स्पर्श से पत्थर की शिला से गौतम ऋषि नारी अहिल्या श्रापित मुक्त हुई दृश्य दर्शाया। सीता के सखियों संग गौरी पूजन करते ही मिला मन वांछित वर का आशीर्वाद दृश्य अति मनमोहक प्रस्तुति रही। सीता स्वयंवर दृश्य में जनक द्वारा रखी शिव धनुष तोड़ने की प्रतिज्ञा घोषणा होते ही जनकपुर में पहुंचे बाणासुर और रावण संवाद गर्जना पूरे पंडाल के दर्शकों को खामोशी के लिए मजबूर कर अपने-अपने अभिनय पर तालियां खूब बटोरी।गुरु विश्वामित्र आदेश से राम के धनुष तोड़ते ही सीता ने जयमाला डाल जोड़ा नाता जय श्री राम के नारों से गूंज उठा पंडाल दृश्य अति मनमोहक दर्शाया गया। अंतिम दृश्य में अपने कुलगुरु शिव धनुष टूटते ही परशुराम ने सीता स्वयंवर पहुंच जमकर राजाओं पर क्रोध बरसाने पर भड़क उठे लक्ष्मण परशुराम संबाद रात्रि कार्यक्रम का बेहतरीन अदाकारी की प्रस्तुति कार्यक्रम पर दशकों से इनाम भी बटोरा। रात्रि मंचन में रावण रविंद्र शर्मा, बाणासुर सरवन कुमार, राम रोहित ठाकुर, लक्ष्मण अमित ठाकुर, सीता हर्ष वनियाल, जनक अंकुश सोनी, विश्वामित्र सुरेश पंडित, पांडा महेंद्र ठाकुर राकेश शर्मा हरबंस लाल शर्मा, बंगाल राजा राकेश शर्मा, सखी अथर्व भारद्वाज, जन्नत, राजा ऋतिविक कौशल, दीपांश, आरब सोनी इत्यादि में अपनी भूमिका अदा कर खूब वाह वाही लूटी।

## एचआईवी/एड्स एवं टीबी जागरूकता के लिए अभियान शुरू

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) ऊना डॉ. संजीव वर्मा की अध्यक्षता में आज क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में सनराइज एनजीओ के सहयोग से एचआईवी/एड्स और टीबी जागरूकता संबंधी हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ डॉ. संजीव वर्मा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को एचआईवी, एड्स एवं क्षय रोग (टीबी) के प्रति जागरूक करना और उन्हें इस मुहिम से जो?ना है। उन्होंने कहा कि यह हस्ताक्षर अभियान हिमाचल प्रदेश में जिला ऊना से पहली बार शुरू किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को शामिल किया जाएगा ताकि युवाओं सहित अधिकतम लोगों तक जन-जागरूकता का संदेश पहुंचाया जा सके। डॉ. वर्मा ने जिला के नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और समाज को इन बीमारियों के प्रति जागरूक बनाने में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. विशाल ठाकुर ने जानकारी दी कि जिला ऊना में 1,01,321 की संवेदनशील आबादी को चिन्हित किया गया था। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 हजार लोगों के टीबी की जांच हेतु एक्स-रे भी कर लिए गए हैं। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक ऊना डॉ संजय मनकोटिया, जिला कार्यक्रम अधिकारी अंकित चौधरी, डॉ पुष्पेंद्र राणा, डॉ ऋचा कालिया, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, डॉ नरेश शर्मा, डॉ रामपाल, डॉ शिंगारा सिंह, डॉ पंकज पराशर, डॉ राहुत कतना, जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी गोपाल कृष्ण, लक्ष्य कंसल्टेंट प्रिय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

## अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चों की टीमों के साथ मंडल अध्यक्षों की घोषणा

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा




**हमीरपुर।** भाजपा हमीरपुर जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने आज पत्रकारों के साथ एक प्रेस वार्ता में विभिन्न मोर्चों की जिला टीमों और उनके मंडल अध्यक्षों की घोषणा की। मीडिया को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि युवा मोर्चा को छोड़कर, जिला मोर्चों के सभी पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। अंतिम रूप देने की प्रक्रिया जारी होने के कारण युवा मोर्चा की टीम अभी लंबित है।

प्रेस वार्ता के दौरान मंडल महामंत्री अजय रिंटू एवं राजेश सहगल, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान, किसान मोर्चा के अनिल काकू, अनुसूचित जाति मोर्चा के राजकुमार, अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के संजय कुमार और जिला मीडिया प्रभारी विक्रमजीत सिंह बन्याल उपस्थित थे। राकेश ठाकुर ने घोषणा करते हुए बताया कि महिला मोर्च की जिला टीम में जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान के नेतृत्व में 30 सदस्य शामिल हैं, जो हमीरपुर जिले की सभी विधानसभाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। सपना सोनी, नीरू मिश्रा, अंजना कुमारी और नीलम कुमारी को जिला महिला मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। शकुंतला देवी और मंजू देवी जिला महामंत्रियों के रूप में काम करेंगी, जबकि सुनीता देवी, अंजू गुलेरिया, बबीता शर्मा, अलका ठाकुर और मंजना कुमारी को जिला सचिव के रूप में नामित किया गया है। कोषाध्यक्ष का पद कांता शर्मा संभालेंगी।

महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्षों की भी घोषणा की गई हैः सरोज ठाकुर (बमसन), शामली (सुजानपुर), ज्योति बाला (हमीरपुर ग्रामीण), सुमन कपिल (हमीरपुर शहरी), सरला शर्मा (बड़सर), किरण बाला (ढटवाल), अंजना कुमारी (भोरंज), रीना कुमारी (समीरपुर), वीना कटोच (नादौन), और सविता शर्मा (गलोड़)।

किसान मोर्चा में, जिला अध्यक्ष अनिल काकू के साथ मनोज धीमान, अश्वनी कुमार आशु, पवनेंद्र ठाकुर और विपिन कुमार जिला उपाध्यक्ष होंगे। संजीवन पटियाल और श्याम ढटवालिया किसान मोर्चा के जिला महामंत्री की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। टीम में कुलदीप शर्मा, राकेश शर्मा, किशोर सडयाल, प्रेमलता और जोगिंदर पाल जिला सचिव के रूप में शामिल हैं, जबकि सुरेंद्र लगवाल किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी संभालेंगे। ओबीसी मोर्चा में, जिला अध्यक्ष संजय कुमार के साथ राजेश कुमार, देव राज, अशोक चौधरी और राजेश कुमार जिला उपाध्यक्ष होंगे। सुरेश चौधरी और चंद्रशेखर को जिला महामंत्री नियुक्त किया गया है। सचिव का पद ओम प्रकाश, देवेंद्र राणा, चुन्नी लाल, जगदेव सिंह और किरण बाला संभालेंगे। सुधीर मेहरा और वीरेंद्र सिंह क्रमशः कोषाध्यक्ष और प्रवक्ता का कार्यभार संभालेंगे।

ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष पद इस प्रकार सौंपे गए हैंः सुभाष चंद, विपिन मेहरा, रमेश चंद, रोहित भारद्वाज, सुरेंद्र कुमार, गुलशन संधू, सुभाष चंद, प्रवीण लता, सुनील कुमार, रजनी कुमारी, देश राज, राज कुमार, बलवंत राणा, हरदेव, सुखदेव, राजेश कुमार, कमलेश ढिल्लों और नसीब सिंह।

एससी मोर्चा में जिला अध्यक्ष राज कुमार की टीम में जिला उपाध्यक्ष के रूप में सुषमा नरोटा, दलीप चंद, सुखदेव सिंह और भागीरथ शामिल होंगे। राकेश कुमार और पूनम डोगरा जिला एससी मोर्चा महामंत्री की जिम्मेदारी संभालेंगे। अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्षों की घोषणा इस प्रकार की गई हैः कुलबीर नरोता, प्रीतम चंद, सतीश कमल, रजनीश कुमार, प्रकाश चंद हीर, गरीब दास, विजय कुमार, दीना नाथ, राम रतन, अमरजीत, इंद्रजीत सिंह, अजीत सोनी, रतन चंद और रमेश चंद।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहित ठाकुर 15 व 16 अक्तूबर को सोलन आएंगे

**सोलन (यशपाल कपूर)।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 15 व 16 अक्तूबर, 2025 को सोलन ?िला के प्रवास पर आ रहे हैं। रोहित ठाकुर 15 अक्तूबर, 2025 को सांय 05.30 बजे पाईनग्रोव स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे। शिक्षा मंत्री 16 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 10.00 बजे पाईनग्रोव स्कूल के 34वें वार्षिक समारोह में मुख्यातिथि होंगे।

### अपने स्कूल पहुंची अभिनेत्री पूजा बेदी

**सोलन (यशपाल कपूर)।** लारेंस स्कूल सनावर की ओल्ड सनारियन और फिल्म अभिनेत्री पूजा बेदी सोमवार को अपने स्कूल पहुंची। उन्होंने अपने पुराने



यादगार पल याद किए और वर्तमान छात्रों के साथ बातचीत की। अपने दौरे के दौरान, उन्होंने अपने स्कूल के दिनों की प्रेरणादायक कहानियां भी साझा की और छात्रों को अपने लक्ष्यों को समर्पण के साथ पूरा करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल ने पूजा बेदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। उपप्रधानाचार्य रवि कुमार और बर्सर मेहक सिंह ने उनके दौरे को सुचारू और यादगार बनाने में मदद की। इस अवसर पर पूजा बेदी ने स्कूल में हो रहे आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकास और स्कूल की हैरिटेज वैल्यू के साथ संतुलित आधुनिक सुविधाओं के विकास की सराहना की। उन्होंने इस दिशा में स्कूल की कोशिशों को प्रेरक बताया। बेदी का यह दौरा न केवल स्कूल और पूर्व छात्रों के बीच संबंध को मजबूत करता है, बल्कि छात्रों को एक विशिष्ट पूर्व छात्रा से मिलने और उनके सफर से प्रेरणा लेने का अनोखा अवसर भी प्रदान करता है। ज्ञात रहे कि पूजा बेदी कसौली में चल रहे खुशवंत सिंह लिट् फेस्ट में भाग लेने आई थी।

### 1500 युवाओं को मिलेगा रोजगार,15 को कुल्लू में होगा रोजगार मेला : अक्षय कुमार

**कुल्लू 13 अक्टूबर (अशेष शर्मा)।** देवभूमि कुल्लू में दशहरा उत्सव के बाद अब 15 अगस्त को रोजगार मेला लग रहा है। इस रोजगार मेले में 1500 युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस रोजगार मेले में ब?ी-ब?ी 30 कंपनियां आ रही है और अकेली सीस कंपनी ही 300 युवाओं को रोजगार दे रही है और रोजगार का क्षेत्र भी हिमाचल व चंडीगढ़ होगा। यह बात अक्षय कुमार क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी मंडी ने यहां कुल्लू में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि इस रोजगार मेले में सभी युवाओं को भाग लेना चाहिए और अपना भविष्य बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह रोजगार मेला रथ मैदान कुल्लू में आयोजित होगा और सुबह नो बजे से लेकर शाम चार बजे तक चलेगा। लेकिन युवाओं को सुबह मेले में आकर अपना पंजीकरण करना होगा। उन्होंने कहा कि जो युवा रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं है वे ऑनलाइन पंजीकरण करवा लें। उन्होंने कहा कि आयु 18 से 40 वर्ष तक रहेगी जबकि कुछ कंपनियों को 18 से 35 वर्ष ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मेट्रिक से लेकर ग्रेजुएट,एमबीए व आईटीआई के छात्र भी इस मेले में भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए यह एक अच्छा अवसर है और प्रदेश सरकार भी चाह रही है कि हर घर के युवाओं को रोजगार मिल जाए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट सैक्टर में युवाओं को रोजगार के अच्छे अवसर प्रदान हो रहे हैं और इस रोजगार मेले को हम जिला प्रशासन से मिलकर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी कारण युवाओं का रोजगार कार्यालय में पंजीकरण नहीं हुआ है तो वोह भी आएं और यहीं पर उनका पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा।

## 12,000 फीट की ऊंचाई पर बागवानी की सफलता का किया प्रदर्शन

### सेब दिवस

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** किन्नौर की ठंडी मरुस्थलीय हंगरंग घाटी के मल्हिंग क्षेत्र में समुद्र तल से 3,556 मीटर की ऊंचाई पर स्थित हाई ऐल्टिटूड प्रदर्शन बगीचे में सेब दिवस 2.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम ने उच्च घनत्व सेब रोपण प्रणाली और प्राकृतिक खेती की उन उन्नत तकनीकों को प्रदर्शित किया, जो शुष्क समशीतोष्ण जलवायु के लिए विकसित की गई हैं।

यह आयोजन डॉ यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) किन्नौर और क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र, शारबो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।

जनजातीय उप-योजना परियोजना के अंतर्गत वर्ष 2021 में स्थापित इस मॉडल बगीचे में सुपर चीफ, स्कारलेट स्पर, रेड वेलोक्स, ऑर्गन स्पर-2 और गाला वैल जैसी दस प्रीमियम सेब किस्में सीड्लिंग रूटस्टॉक पर लगाई गई हैं। यह बगीचे अब दुर्गम उच्च हिमालयी क्षेत्रों में उच्च घनत्व बागवानी की संभावनाओं का प्रतीक बन गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूह खंड की बीडीसी सदस्य पद्मा दोर्जे, द्वारा किया गया। उन्होंने केवीके और अनुसंधान केंद्र के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में उन्नत बागवानी पद्धतियाँ पहुँचाई हैं। इस अवसर पर 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें सेब उत्पादक, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि, बागवानी विभाग और आत्मा के अधिकारी तथा विश्वविद्यालय के बी.एससी. (औद्यानिकी) विद्यार्थी शामिल थे, जो वर्तमान में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के तहत किन्नौर में कार्यरत हैं।

इस अवसर पर फल वैज्ञानिक एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. अरुण कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में उत्पादकता बढ़ाने हेतु क्षेत्र-आधारित नवाचारों का प्रदर्शन किया। सह-निदेशक एवं केवीके किन्नौर के प्रमुख डॉ. प्रमोद शर्मा ने सीडलिंग रूटस्टॉक पर उच्च घनत्व रोपण और प्राकृतिक खेती को अपनाने के महत्व पर बल दिया। उन्होंने बागीचे प्रबंधन में प्रकृति-आधारित समाधान, बहुस्तरीय फसली प्रणाली और फसल विविधीकरण को दीर्घकालिक कृषि स्थिरता के लिए आवश्यक बताया।

## प्रो. श्याम लाल ठाकुर की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित



अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 अक्टूबर।** श्याम संगीत सम्मेलन समिति कुल्लू द्वारा सूत्रधार कला संगम कुल्लू के सभागार में प्रो0 श्याम लाल ठाकुर की 15वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में प्रो0 श्याम लाल ठाकुर को श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये । इस कार्यक्रम में मैडम बाला जॉनसन प्रबंध निदेशक तारा इंटरनेशनल स्कूल रायसन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की । श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ0 सुरत ठाकुर द्वारा मुख्यातिथि को कुल्लवी परम्परा अनुसार सम्मानित किया गया । इस अवसर पर श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ0 सुरत ठाकुर ने अपने स्वागत भाषण में आये हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और प्रो0 श्याम लाल ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला और उन्होंने कहा कि गुरु की चार पी?ियाँ अब तक निरंतर शिक्षा दीक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में सूत्रधार संगीत अकादमी के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें अर्पिता, विजय, अनुष्का, निशांत गौतम, संजय, लक्ष्मी, क्षितिज, जीवन बुडाल व खुशबू भारद्वाज द्वारा बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई । कार्यक्रम का मंच संचालन सुंदर श्याम महंत द्वारा बखूबी निभाया गया । इस कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम के अंतर्गत कला संस्कृति के संरक्षण संवर्धन सहित समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत हैं और निरंतर रूप से यहाँ सूत्रधार संगीत व नृत्य अकादमी के साथ-साथ विविध विधाओं का आयोजन भी किया जाता रहता हैं।

### अभियान

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में उपायुक्त जतिन लाल ने दिए निर्देश

## जिला ऊना को तंबाकू मुक्त जिला बनाने की मुहिम तेज

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए हर विभाग से जिम्मेदारी निभाने को कहा है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागों से समन्वय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें। वे सोमवार को यहां जिला स्तरीय तंबाकू नियंत्रण समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में जिले में 9 अक्तूबर से आरंभ 60 दिवसीय तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' के तहत जागरूकता गतिविधियां की समीक्षा के साथ आगे की रणनीति तय की गई।

उपायुक्त ने कहा कि ऊना जिला प्रशासन का लक्ष्य इस अभियान को एक जन जागरूकता आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है, ताकि नई पीढ़ी तंबाकू के दुष्प्रभावों से मुक्त एक स्वस्थ जीवन जी सके।

**सफलता के लिए साझे प्रयास जरूरी :** उपायुक्त ने कहा कि यह केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि पूरे समाज का साझा मिशन है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, ग्रामीण विकास, पंचायत, नगर निकाय, आयुष, जनसंपर्क विभाग समेत अन्य विभा और एनजीओ तथा युवा संगठनों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया,ताकि यह मुहिम एक जन आंदोलन का रूप ले। उपायुक्त ने कहा कि तंबाकू सेवन असमय मृत्यु और बीमारियों का एक प्रमुख कारण है। इसकी शुरुआत अक्सर कम उम्र में ही हो जाती है, इसलिए युवाओं को जागरूक करना और उन्हें नशे से दूर रखना अभियान का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने इस पर विशेष फोकस करने को कहा। उपायुक्त ने शिक्षण संस्थानों को भी पूर्णतः तम्बाकू मुक्त बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि शिक्षण संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद न बिकें। इसके अलावा पंचायतों में 'तंबाकू मुक्त गांव% बनाने की दिशा में ठोस प्रयास करने को कहा। उन्होंने कहा कि पंचायत घरों और सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता बैनर और सूचना पट्ट लगाए जाएं ताकि संदेश घर-घर तक पहुंचे।

#### उल्लंघन पर करें सख्त कार्रवाई

जतिन लाल ने निर्देश दिए कि जिले में किसी भी बार या रेस्तरां में नियमों का उल्लंघन कर हुक्का परोसने की शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही हिमाचल प्रदेश तंबाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम, 2016 और खुली सिगरेट एवं बीड़ी की बिक्री निषेध अधिनियम, 2016 को अक्षरशः लागू किया जाए।


**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**e-Procurement Notice**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer HPPWD Dodra Kawar Distt Shimla H.P on behalf of Governor of H.P invites item rate, bids, in electronic tendering system, in 2 cover system for the under mentioned work from the eligible and approved contractors/firms registered with HP.PWD Department.

| | |
|---|---|
| Sr No. | 1 |
| Name of Work | Construction of Govt Sr.Sec.School Building at kawar tehsil Dodra Kawar Distt shimla(SH:- C/o Building portion in floor level and Toilet block,WS and SI, Septic tank etc) |
| Estimated Cost (In Rs) | 1,37,10,540/- |
| Starting date for downloading Bid | 13-10-2025 |
| Earnest money | 274211/- |
| Deadline for submission bid | 21-10-2025 |

The Bidders are advised to note other details for tenders and letter No.PWD(B) A(3) 1/2020 dated 12.01.2023 issed by secretary PW) to the Govt. of himachal Pradesh Public Works Department from the department website www.hptenders.gov.in. and any corrigendum will be uploaded on the website only.

**Executive Engineer**
**HPPWD Division Dodra Kawar**
**Distt Shimla HP**

RO No. 3671_2025-2026

# ड्रिंक एंड ड्राइव पर नकेल, एल्कोसैंसर से 139 चालान और आठ वाहन इंपाउंड



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** फेस्टिवल सीजन में पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया है। सिटी ट्रैफिक एसएचओ वरिन्द्र कुमार और सूरजपुर ट्रैफिक एसएचओ अभिषेक की अगुवाई में पुलिस टीमों ने पिछले चार दिनों में देर रात तक नाकेबंदी कर करीब 1550 वाहनों की एल्कोसैंसर से जांच की। इस दौरान 139 चालक शराब पीकर वाहन चलाते हुए पकड़े गए। पुलिस ने मौके पर ही इन चालकों के चालान काटे। इसके अलावा कई चालकों ने नशे की हालत में अत्यधिक मात्रा में शराब का सेवन किया हुआ था, ऐसे 8 वाहनों को इंपाउंड किया।

डीसीपी ट्रैफिक ने कहा कि यातायात नियम सिर्फ कानून नहीं, जीवन की सुरक्षा की गारंटी हैं। नशे में वाहन चलाना न केवल खुद के जीवन को खतरे में डालता है, बल्कि दूसरों की जान भी जोखिम में डाल देता है। पंचकूला पुलिस ऐसे लापरवाह चालकों के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

## शिक्षा एवं मनोरंजन नगर परियोजना में आई अड़चन

# पीएमडीए ने चंडीमंदिर में प्रस्तावित 100 एकड़ जमीन को अस्वीकार किया

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** शहर में शिक्षा एवं मनोरंजन नगर परियोजना में एक बड़ी अड़चन पैदा हो गई है। पंचकूला महानगर विकास प्राधिकरण (पीएमडीए) ने नगर निगम द्वारा चंडीमंदिर में प्रस्तावित 100 एकड़ जमीन को अस्वीकार कर दिया है।

पीएमडीए ने नगर निगम से अन्य विकल्प तलाशने को कहा है क्योंकि प्रस्तावित जमीन में पहाड़ी क्षेत्र शामिल है। पीएमडीए ने नगर निगम से चंडीमंदिर गांव में शिक्षा नगर के लिए एक अन्य स्थान चुनने को अनुरोध किया है।

पीएमडीए और नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग के कर्मचारियों और अधिकारियों के साथ संयुक्त स्थल निरीक्षण के दौरान, बिल्ला गांव में लगभग 36 एकड़ जमीन को शिक्षा मनोरंजन केंद्र के लिए उपयोग करने का प्रस्ताव रखा गया था। हालांकि, प्रस्तावित जमीन अपर्याप्त होने के कारण, उन्हें जमीन का निरीक्षण करने और अन्य विकल्प सुझाने के लिए कहा गया है। पंचकूला नगर निगम के स्वामित्व वाली अधिकांश जमीन गैर-मुस्लिम चौ और पहाड़ी है, जो किसी भी परियोजना के लिए उपयुक्त नहीं है।

### एजुकेशन सिटी के लिए जमीन की थी मंजूर

इससे पहले, नगर निगम ने नए गांव चंडीमंदिर में 100 एकड़ ज़मीन एजुकेशन सिटी के विकास के लिए पीएमडीए को हस्तांतरित करने को मंजूरी दी थी। इस शर्त पर कि एजुकेशन सिटी के निर्माण से होने वाली आय का 10 प्रतिशत नगर निगम के पास जमा किया जाएगा। इस परियोजना से स्थानीय निवासियों को रोज़गार देने पर भी सहमति बनी थी।

**परियोजना काफी आगे बढ़ी :** नगर निगम के एक अधिकारी ने कहा कि हम पीएमडीए के अधिकारियों से फिर मिलेंगे और उनके साथ ज़मीन के मुद्दे पर बातचीत करेंगे। परियोजना काफ़ी आगे बढ़ चुकी है। जमीन का मुद्दा तय होते ही चीजें पटरी पर आ जाएंगी। इस परियोजना में विधि, वास्तुकला, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी, दंत चिकित्सा और व्यावसायिक स्कूल, साथ ही व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने वाले विभिन्न संस्थान शामिल होंगे।

**कई शैक्षणिक समाजों जताई है इच्छा :** कई शैक्षणिक समूहों ने यहां विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए ज़मीन खरीदने में रुचि दिखाई है। योजना के अनुसार, शैक्षणिक संस्थानों के पास एक वर्षा आधारित झील और खाने-पीने की दुकानें भी बनाई जाएंगी। इसके अलावा, एक झील, कॉफ़ी हाउस, विश्राम गृह और खेल का मैदान भी इस परियोजना का हिस्सा हैं।

# छह दिन बाद भी न पोस्टमार्टम, न अंतिम संस्कार, क्या यही है कानून व्यवस्था : राठी

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला 13 अक्तूबर।** आम आदमी पार्टी के अंबाला लोकसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता सुरेंद्र राठी ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी पूरण सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुखद और चिंताजनक है कि एक ईमानदार एवं उच्च पदस्थ अधिकारी को इंसाफ के लिए अपनी जान तक गंवानी पड़ी, और छह दिन बीत जाने के बाद भी न तो उनका पोस्टमार्टम हुआ है और न ही अंतिम संस्कार।

राठी ने कहा कि यह स्थिति राज्य की कानून व्यवस्था और प्रशासनिक निष्क्रियता पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। ÷जब एक आईपीएस लेवल के अधिकारी को न्याय पाने के लिए आत्महत्या जैसा कदम उठाना पड़े, तो सोचिए आम नागरिक का क्या हाल होगा। यह घटना सिर्फ एक मौत नहीं, बल्कि सिस्टम की गंभीर विफलता और संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है।उन्होंने कहा कि पूरण सिंह ने अपने अंतिम संदेश में उन वरिष्ठ अधिकारियों के नाम स्पष्ट रूप से लिए हैं, जिन्होंने मानसिक उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव कर उन्हें आत्महत्या के लिए मजबूर किया। इसके बावजूद कार्रवाई का अभाव यह साबित करता है कि सरकार और प्रशासन जातिवाद और भ्रष्टाचार से आंख मूंदे बैठा है।

राठी ने कहा कि यह सिर्फ एक अधिकारी की आत्महत्या नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त जातिगत अन्याय और प्रशासनिक तंत्र की असफलता का प्रतीक है। उन्होंने मांग की कि पूरण सिंह की आत्महत्या की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए और जिन अधिकारियों के नाम उन्होंने अपने अंतिम संदेश में लिए हैं, उनके खिलाफ तुरंत करवाई जाए।

# हरियाणा राज्य रेडक्रॉस के वाइस चेयरमैन अंकुश मिगलानी ने रचा इतिहास, चुनावों में रिकॉर्ड जीत दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ, 13 अक्तूबर।** भारतीय रैडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में प्रबंध कार्यकारिणी में कुल 18 सदस्य होते है जिसमें 6 सदस्यों को माननीय राष्ट्रपति महोदय जी के द्वारा मनोनित किए जाते है तथा 12 सदस्यों को संपूर्ण भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण के राज्यों द्वारा चुनाव प्रणाली द्वारा चुना जाता है।

भारतीय रैडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली में प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव दिनांक 13.10.2025 को संपन्न हुए जिसमें हरियाणा राज्य रैडक्रास के वाईस चेयरमैन श्री अंकुश मिगलानी ने जीत दर्ज करते हुए इतिहास रचा है। राष्ट्रीय प्रबंध कार्यकारिणी के चुनाव में कुल 28 राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने मत का प्रयोग किया। जिन्होंने हरियाणा राज्य रैडक्रास के पक्ष में मत देकर श्री अंकुश मिगलानी की जीत में अपनी सहभागिता जाहिर की। जिसका मुख्य कारण पूरे भारत वर्ष में मानवीय कल्याण हेतु चलाई जा रही गतिविधियों का व्यवहारिक रूप से जन-जन को जोडना और उनको लाभ पहुंचाना। गौरतलब है कि वाईस चेयरमैन ने दिसम्बर, 2024 में अपना पदभार संभाला था। मिगलानी ने पदभार संभालते हुए हरियाणा राज्य की गतिविधियों में नई उर्जा का संचार करते हुए नित नये गतिविधियों को संपूर्ण भारत में और अधिक विस्तार करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है और आगामी वर्षों के लिए नये रोडमैप भी तैयार किया है।

इस अवसर पर भारतीय रैडक्रास सोसायटी, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के सेकेट्री जनरल श्री आर. के. जैन (सेवानिवृत आई.ए.एस.) ने इतिहास जीत पर श्री अंकुश मिगलानी को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



# विश्वास फाउंडेशन को अति विशिष्ट सेवा सम्मान अवॉर्ड से नवाजा

अर्थ प्रकाश/सोनू

**पंचकूला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर किए जा रहे सेवा पखवा?ा 2025 के अन्तर्गत भाजपा चंडीग? द्वारा विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान करने का कार्यक्रम प्रदेश कार्यालय कमलम सेक्टर 33 चंडीग? में आयोजित किया गया।

विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने बताया कि इस कार्यक्रम में गुरुदेव श्री स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से मुख्यातिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र पाल मल्होत्रा एवं चंडीग? नगर निगम की महापौर हरप्रीत कौर बबला ने विश्वास फाउंडेशन को अति विशिष्ट सेवा सम्मान अवॉर्ड सम्मान पत्र से नवा?ा। यह सम्मान संस्था की और से जॉइन्ट सेक्रेटरी ऋषि सरल विश्वास ने प्राप्त किया और अवॉर्ड संस्था द्वारा निरंतर किए जा रहे सेवा कार्यों जैसे की रक्तदान शिविर, समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के तहत दिया गया।

# गोचरण भूमि की निशानदेही की मांग

उपायुक्त ने समाधान शिविर में 10 लोगों की सुनी समस्याएं

प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** डीसी ने गांव रत्तेवाली के सरपंच विशाल की गोचरण भूमि की निशानदेही की मांग पर संबंधित अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उपायुक्त सतपाल शर्मा लघु सचिवालय के सभागार में सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उपायुक्त ने आज समाधान शिविर में 10 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर नगराधीश जागृति, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला वन अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, नगर निगम, नगर परिषद, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### रविंदर ने ग्रहण किया उपमंडल अधिकारी का कार्यभार

**कालका (जग्गी)।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड, कालका में एक सादे किन्तु गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें रविंदर सिंह ढाकला ने नीरज कुमार महतो के स्थान पर उपमंडल अधिकारी का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण किया। यह अवसर न केवल विभाग के लिए प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि टीम भावना और सौहार्द का प्रतीक भी बना। कार्यभार ग्रहण समारोह में उपमंडल कार्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा पारंपरिक स्वागत कर श्री ढाकला का हार्दिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने नई जिम्मेदारी संभालने पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में उपमंडल के सुचारू संचालन की उम्मीद जताई। इस अवसर पर पूर्व उपमंडल अधिकारी श्री नीरज कुमार महतो को भी उनके कार्यकाल में दिए गए योगदान के लिए सम्मानित किया गया। श्री महतो ने अपने संबोधन में सभी स्टाफ सदस्यों के सहयोग और टीमवर्क की सराहना की तथा अपने उत्तराधिकारी को शुभकामनाएं दीं। नवग्रहण SDO रविंदर सिंह ढाकला ने अपने संबोधन में कहा कि उपभोक्ताओं को समय पर और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने विभागीय पारदर्शिता, त्वरित शिकायत निवारण तथा जनता के साथ सकारात्मक संवाद को अपनी कार्यशैली का आधार बताया। उन्होंने सभी कर्मचारियों से मिलजुलकर टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान सत्यवान नैन, नीरज कुमार महतो सहित उपमंडल कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। समारोह का समापन आपसी सौहार्द और उत्साह के माहौल में हुआ।



### उपायुक्त ने समाधान शिविर में 10 लोगों की सुनी समस्याएं

**पंचकूला, 13 अक्टूबर।** उपायुक्त सतपाल शर्मा ने गांव हिंगोली ब्लॉक रायपुररानी के दलजीत सिंह की परिवार पहचान पत्र में ज्यादा इनकम दिखाने की शिकायत पर कारवाई करते हुए संबंधित अधिकारी को दोबारा सर्वे व जांच करवाने के निर्देश दिए। डीसी ने गांव रत्तेवाली के सरपंच विशाल की गोचरण भूमि की निशानदेही की मांग पर संबंधित अधिकारी को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त आज लघु सचिवालय के सभागार में सरकार द्वारा निर्देशित समाधान शिविर में जिलावासियों की समस्याएं सुन रहे थे। उपायुक्त ने आज समाधान शिविर में 10 लोगों की समस्याएं सुनी व संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है । जिले में सोमवार व वीरवार को कार्यदिवस के दिन प्रातः 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन लगातार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की मुख्यमंत्री स्वयं मानिटरिंग करते हैं और समाधान शिविर से जुडते भी हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को गंभीरता से लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगराधीश जागृति, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी विशाल पराशर, तहसीलदार सुरेश कुमार, जिला वन अधिकारी, जिला बागवानी अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पीडब्ल्यूडी बी एंड आर, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, सिंचाई, नगर निगम, नगर परिषद, पुलिस तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



# आईपीएस सुसाइड मामले में शहर के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला

उतरी भारत एससी/एसटी भलाई संगठन ने भी कैंडल मार्च निकाला

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** सोमवार को एडीजीपी वाई पूरन कुमार की याद में उतरी भारत एससी एसटी भलाई संगठन द्वारा शांति पूर्वक केंडल मार्च निकाला गया। यह कैंडल मार्च सैक्टर 24 से शुरू हुआ।वही उतरी भारत एससी एसटी भलाई संगठन के अध्यक्ष प्रेम शम्मी और पूर्व मेंबर डॉ अम्बेडकर फाउंडेशन भारत सरकार हाकम सरहदी ने हरियाणा सरकार और यूटी पुलिस से मांग की हैं कि पीड़ित परिवार वालो को पूरी तरह से न्याय मिले। इस कैंडल मार्च में यशपाल चौहान, रमेश कुमार, जनक हरभजन सिंह, एडवोकेट सुदेश कुमार खुरचा, सिमरन, रुद्र, इत्यादि लोग शामिल थे।

# अस्थाई ग्रीन पटाखों के लिए लाइसेंस का ड्रा के माध्यम से होगा आवंटन : एसडीएम

**पंचकूला, 13 अक्तूबर।** उपायुक्त सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में अस्थाई ग्रीन पटाखों के लिए बिक्री के लिए जिलावासी आवेदन कर लाईसैंस प्राप्त कर सकते हैं। उपमण्डल अधिकारी, पंचकूला चन्द्रकांत कटारिया ने बताया कि पंचकूला में अस्थाई ग्रीन पटाखों के लाईसैंस के लिए निम्नलिखित स्थानों एवं दस्तावेजों सहित अस्थाई ग्रीन पटाखों के स्टाल लगाने के लिए 14.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे से सायं 5:00 बजे व दिनांक 15.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे से शाम 05.00 बजे तक आवेदन पत्र कार्यालय उपमण्डल अधिकारी (ना0), लघु सचिवालय, सैक्टर-1, पंचकूला के कार्यालय में स्वीकार किए जाएंगे। जो भी व्यक्ति अस्थाई ग्रीन पटाखों के स्टाल के लिए लाईसैंस प्राप्त करना चाहता है वो व्यक्ति 15 अक्टूबर 2025 शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकता है।

# नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की मार्केटिंग टीम के लिए अभिनंदन एवं रणनीतिक समीक्षा बैठक का आयोजन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 अक्टूबर।** नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय ने ष्ट्ढद्ध कॉन्फ्रेंस हॉल, सेक्टर 31, चंडीगढ़ में ÷संकल्प 2026 ङ्क एक साथ मिलकर लक्षित परिवर्तन की ओर÷ थीम के तहत ÷अभिनंदन एवं रणनीतिक समीक्षा बैठक÷ का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से मार्केटिंग अधिकारियों, बिज़नेस डेवलपमेंट मैनेजर, बिज़नेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव, स्टार एजेंट और बिज़नेस एसोसिएट्स ने भाग लिया।

अभिनंदन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले टॉप परफॉर्मर्स को उनकी संपूर्ण व्यावसायिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इसके बाद, ग्राहकों और फील्ड टीमों के लिए महत्वपूर्ण तकनीकी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गईं।

# 'ड्रोन पायलट प्रशिक्षण को अनुसूचित जाति के अभ्यार्थी कर सकते हैं आवेदन'

**पंचकूला, 13 अक्टूबर।** अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती निशा यादव ने बताया की ड्रोन इमेजिन और इनफॉरमेशन सर्विस ऑफ हरियाणा लिमिटेड (दृश्य) के माध्यम से अनुसूचित जाति के पुरूष व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ड्रोन पायलट प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के लिए पात्रता में प्रशिक्षु व्यक्ति की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच हो एवं शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास और परिवार पहचान पत्र में परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये तक हो। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षु व्यक्ति आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, 10वीं की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र व 2 पासपोर्ट साईज फोटो लेकर जिला प्रबन्धक, हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, प्लॉट नं0 199, इण्डस्ट्रियल ऐरिया फेस-1, पंचकुला में पहुंचकर अपने दस्तावेज जमा करवाएं।

# सीबीएसई कार्यशाला में शिक्षकों को मिला मार्गदर्शन

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** रचनात्मक एवं मूल्य-आधारित शिक्षा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए सेंट विवेकानंद पब्लिक स्कूल, संजौर ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत ÷स्कूली शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023÷ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। यह कार्यशाला उत्कृष्टता केंद्र, पंचकूला के तत्वावधान में आयोजित हुई। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रियूष गुंज ने मुख्य संसाधन विशेषज्ञ श्रीमती रंजना भारद्वाज (एसोसिएट प्रिंसिपल, मॉडर्न एजुकेशन स्कूल, चंडीगढ़) तथा श्रीमती शिवानी विशिष्ठ (टीजीटी इंग्लिश, आर्मी पब्लिक स्कूल, चंडीमंदिर) का स्वागत स्वामी विवेकानंद साहित्य और हरी पौधों के साथ किया।

8 घंटे चली इस कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा तैयार की गई नई रूपरेखा से अवगत कराना था, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप स्कूली शिक्षा को नई दिशा प्रदान करती है। संसाधन विशेषज्ञों ने शिक्षा में चक्रीय दृष्टिकोण को बल देते हुए मनुष्य के पाँच आयामों के समग्र विकास पर चर्चा की। 55 शिक्षकों को ऐसे शिक्षण अनुभव तैयार करने के लिए प्रेरित किया गया जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए शिक्षा को आनंदमय एवं सार्थक बनाते हैं।

संवादात्मक और विचारोत्तेजक सत्रों में बताया गया कि किस प्रकार राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2023 कक्षा शिक्षण को अनुभवात्मक अधिगम, बहुभाषावाद और दक्षता-आधारित शिक्षा के माध्यम से रूपांतरित करने का दृष्टिकोण रखती है। यह रूपरेखा 5+3+3+4 की संरचना के अंतर्गत सभी आयु वर्गों के विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रोत्साहित करती है।

कार्यशाला में प्रतिभागी शिक्षकों ने चर्चा और सहयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से नई शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षण रणनीतियों को समझा, जो रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देती हैं।

# बाल दिवस के उपलक्षय में आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चों ने मोहा मन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ के निर्देशानुसार जिला बाल कल्याण परिषद, पंचकूला की ओर से उपायुक्त सतपाल शर्मा के मार्गदर्शन में बाल दिवस के उपलक्षय में प्राचीन शिव मंदिर, सेक्टर 9, में जिला स्तर पर एकल नृत्य, ग्रुप नृत्य प्रथम, द्वितीय ग्रुप प्रतियोगिताओं का शुभआरंभ मुख्य अतिथि चंद्रकांत कटारिया, उपमंडल अधिकारी (ना.) द्वारा किया गया।

इस अवसर पर श्री चंद्रकांत कटारिया ने कहा कि बच्चे भविष्य के कर्णधार है और बच्चों को सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। सभी प्रतियोगिताओं का निर्णय शिक्षा विभाग की निर्णायक टीम द्वारा किया जाएगा।

इस मौके पर अध्यक्षया, जिला बाल कल्याण अधिकारी पंचकूला शिवानी सूद, ने बताया कि आज जिला पंचकूला के सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों के लगभग 16 स्कूलों के 250 बच्चों ने एकल नृत्य, ग्रुप नृत्य के अपने-अपने ग्रुप में भाग लिया। बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित इन सभी प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास को बढ़ावा देना है। उन्होंने बताया की सभी विजेता बच्चों को बाल दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

# मोदी को सुनने सोनीपत पहुंचेंगे लाखों लोग : बड़ौली

**17 को सोनीपत के राई स्थित एजुकेशन सिटी में होगी पीएम मोदी की भव्य ''जन विश्वास-जन विकास'' रैली**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि 17 अक्टूबर को सोनीपत के राई स्थित एजुकेशन सिटी में पीएम मोदी की विशाल रैली होगी। इस ''जन विश्वास-जन विकास'' रैली में पीएम मोदी को सुनने के लिए लाखों लोग सोनीपत पहुंचेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हरियाणा आगमन पर भव्य स्वागत और अभिनंदन किया जाएगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी जब-जब हरियाणा में आए हैं तब-तब बड़ी सौगातें देने का काम किया है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद पीएम मोदी 17 अक्टूबर को 17वीं बार हरियाणा आ रहे हैं। पीएम मोदी का हरियाणा की भूमि से विशेष लगाव है, यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब भी हरियाणा आते हैं तो बड़े-बड़े तोहफे हरियाणा की जनता को देकर जाते हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि इस बार पीएम मोदी बहुत सारे कार्यों का शिलान्यास और उद्घाटन कर जनता को समर्पित करेंगे।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की जनता भाजपा सरकार के विकास कार्यों, योजनाओं से खुश है। जनता ने तीसरी बार भाजपा सरकार को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष में हरियाणा की नायब सरकार तीन गुणा तेज गति से विकास कार्य करा



रही है। विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास के लिए ही पीएम मोदी हरियाणा आ रहे हैं।मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा केवल चुनाव लड़ने वाली पार्टी नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेने वाली पार्टी है।

भाजपा के कार्यकर्ता डबल इंजन की सरकार के जनकल्याण के कार्यों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रहे हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने शपथ लेने के साथ ही संकल्प पत्र में लिए गए संकल्पों को पूरा करना शुरू किया। एक साल में 48 संकल्प पूरा करके नायब सरकार ने इतिहास रचा है। उन्होंने कहा कि अभी इसी वर्ष में 90 संकल्प भी पूरे होने जा रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा जो भी योजना तैयार करती है गरीबों को केंद्र में रखकर करती है। श्री बड़ौली ने भाजपा की जनहितैषी नीतियों के कारण ही लगातार लोगों को विश्वास और भरोसा भाजपा सरकार पर बढ़ रहा है।

जन-जन का विश्वास जीतना और प्रदेश का विकास करना भाजपा की डबल इंजन सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता से आग्रह करते हुए कहा कि 17 अक्टूबर को अधिक से अधिक लोगों को लेकर पीएम मोदी की रैली में पहुंचे।

# एसडीएम ने किया अनाज मंडी का निरीक्षण, फसल खरीद प्रबंधों का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



टोहाना। उपमंडलाधीश आकाश शर्मा ने सोमवार को अतिरिक्त अनाज मंडी टोहाना का औचक निरीक्षण कर धान खरीद के लिए किए गए प्रबंधों और सुविधाओं का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता हो और सभी खरीद प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान मंडियों में अनाज भंडारण, वेट मशीनों की कार्यप्रणाली और खरीदी प्रक्रिया की बारीकियों का परीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि सही वजन और उचित तरीके से ही अनाज खरीद होनी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी न हो। साथ ही उन्होंने यह सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को समय पर भुगतान मिले और यदि किसी किसान को कोई शिकायत हो तो उसका त्वरित निपटारा किया जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने मंडियों में किसानों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीने के पानी, शौचालय, बिजली की सुचारु व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि मंडियों में साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखना जिला प्रशासन की जिम्मेदारी है।

एसडीएम ने गेट पास और संबंधित दस्तावेजों की व्यवस्था की समीक्षा की और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को मंडियों में शौचालयों की नियमित सफाई, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की निरंतर जांच और रखरखाव करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों को यह निर्देश भी दिए गए।

**विधायक ने राई-मुरथल ब्लॉक के सरपंचों व पार्षदों के साथ की बैठक**

# राई हलका पीएम मोदी की रैली में दर्ज करेगा ऐतिहासिक उपस्थिति : विधायक गहलावत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। राई विधायक कृष्णा गहलावत ने सोमवार को राई व मुरथल ब्लाक के सरपंचों की संबधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में ब्लाक समिति सदस्यों व कुंडली नगरपालिका के पार्षदों की राई रेस्ट हाऊस में बैठक की। बैठक में विधायक कृष्णा गहलावत ने सरपंचों व ब्लजाक समिति सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे जोश व उत्साह से ग्रामीणों के साथ आगामी 17 अक्टूबर को सोनीपत के राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में जन विश्वास, जन विकास रैली में पहुंचकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुने। विधायक कृष्णा गहलावत ने सभी सरपंचों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हरियाणा की धरती पर आगमन पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा में आगमन हमारे लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। यह रैली न केवल विकास कार्यों की उपलब्धियों का उत्सव है, बल्कि जनता के विश्वास



का प्रतीक भी है। हमें एकजुट होकर ऐतिहासिक कार्यक्रम में जोश से पहुंचना है। विधायक गहलावत ने कहा कि यह रैली हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अध्यक्षता करेंगे। गहलावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और हरियाणा ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ है, रैली में प्रधानमंत्री के संबोधन से आने वाले समय की योजनाओं की झलक भी देखने को मिलेगी।

विधायक गहलावत ने सभी सरपंचों से अपने-अपने गांवों से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को रैली स्थल तक लाने का आह्वान किया। जनसहभागिता ही लोकतंत्र की सबसे ब?ी ताकत है, और हमें मिलकर इस रैली को ऐतिहासिक बनाना है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि राई हलका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में ऐतिहासिक उपस्थिति दर्ज करेगा और हरियाणा के विकास का संदेश पूरे देश में गूंजेगा। बैठक में आगामी रैली की लॉजिस्टिक व्यवस्था, वाहनों की तैनाती, ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के मार्ग और सुरक्षा प्रबंधों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर ब्लाक समिति सदस्य सीमा देवी, कुंडली नगरपालिका चेयरपर्सन शिमला देवी के अलावा काफी संख्या में सरपंच, ब्लॉक समिति सदस्य, नगर पालिका के पार्षद गण मौजूद थे।

# अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

सोनीपत (अप्रस)। जिले की क्राईम यूनिट गन्नौर की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ऋतिक उर्फ कातिया पुत्र संतलाल निवासी गाँव बेगा जिला सोनीपत का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 12 अक्टूबर 2025 को क्राईम यूनिट गन्नौर की पुलिस टीम मे तैनात सहायक उप निरीक्षक बिजेंद्र अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पड़ताल हेतु गन्नौर चौक फ्लाईओवर के नीचे मौजुद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि पानीपत ङ्क दिल्ली जी.टी. रोड, सर्विस रोड पर सनपेडा मोड़ के पास एक नौजवान युवक ऋतिक उर्फ कातिया पुत्र संतलाल निवासी गांव बेगा, गन्नौर अवैध हथियार लिये हुए किसी वारदात को अजांम देने की फिराक में खड़ा हुआ है। अगर तुरंत रेड की जाये तो अवैध हथियार सहित काबु आ सकता है जो पुलिस टीम सूचना के आधार पर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए पानीपत - दिल्ली जी.टी. रोड सर्विस रोड पर सनपेडा मोड़ पहुँची तो सामने एक नौजवान युवक खड़ा दिखाई दिया जिसको पुलिस टीम ने शक की बिनाह पर काबु करके नामपता पुछा तो उसने अपना परिचय ऋतिक उर्फ कातिया पुत्र संतलाल निवासी गांव बेगा, गन्नौर बतलाया जो पुलिस टीम द्वारा संदेह के आधार पर ऋतिक उर्फ कातिया उपरोक्त की नियमानुसार तलाशी लेने पर ऋतिक द्वारा पहनी हुई पजामी से एक देशी पिस्तौल .32 बोर बरामद हुआ।

# प्रधानमंत्री की रैली को लेकर पार्षदों को सौंपी जिम्मेदारियां

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 17 अक्टूबर को राई एजुकेशन सिटी में होने वाली रैली को लेकर सोमवार को नगरपालिका सभागार में पार्षदों व भाजपा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक में भाजपा पूर्व प्रत्याशी देवेंद्र कौशिक, पूर्व विधायक निर्मल चौधरी, भाजपा नेता आजाद नेहरा, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, जिला महामंत्री नीरज ठरू ने शिरकत की। देवेंद्र कौशिक ने रैली में अधिक से अधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कौशिक ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी की यह रैली हरियाणा में विकास कार्यों की दिशा तय करेगी और युवाओं को नई ऊर्जा देगी। बैठक के दौरान पार्षदों व कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई ताकि रैली में अधिकतम उपस्थिति




सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, संजय गौतम, रविंद्र दिलावर, भूषण हसीजा, अजय जैन, श्रवण कौशिक, दिनेश स्वामी, कविता शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बोली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरटा (कैथल) द्वारा गांव में बनी बस स्टैंड, पंचायत घर, उप स्वास्थ्य केंद्र की कंडम बिल्डिंग की खुली बोली दिनांक 29 अक्टूबर 2025 को सुबह 10 बजे विलेज नॉलेज सेंटर में करवाई जाएगी, सिक्योरिटी के तौर पर 20 हजार रुपए की राशि ली जाएगी, अन्य नियम व शर्तें मौके पर बताई जाएंगी।

**सरपंच अनीता रानी**
**8030740400**
**ग्राम सचिव संदीप कुमार**
**8529520540**

**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ, (ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ 62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ) (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)**



[illegible]

**खेल प्रतिभाओं को संवारने पर जोर**

# समिति ने सरकार को संसाधन व अंतरराष्ट्रीय मानक बढ़ाने की दी सिफारिश

**समालखा विधायक मनमोहन भडाना की अध्यक्षता में किया गया**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। हरियाणा विधानसभा की समिति ने समालखा विधानसभा के विधायक मनमोहन भड़ाना की अध्यक्षता में राई खेल विश्वविधालय का निरीक्षण एवं अवलोकन किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मनमोहन भड़ाना के नेतृत्व में समिति के सदस्यों सोनीपत के विधायक निखिल मदान,महम के विधायक बलराम डांगी, जुलाना की विधायक विनेश फोगाट और पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक, प्रशिक्षण तथा खेल संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया।विधानसभा समिति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक, खेल प्रशिक्षण सुविधाओं, विद्यार्थियों की उपस्थिति, कोचिंग व्यवस्था तथा अनुसंधान गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने खेल विश्वविद्यालय प्रशासन से संवाद कर विभिन्न मुद्दों और आवश्यकताओं के



बारे में विस्तृत जानकारी ली।

समिति अध्यक्ष विधायक मनमोहन भड़ाना ने विश्वविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा यह भी सुझाव दिया कि खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे लाने के लिए संसाधनों का और अधिक विकास किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश खेलों में अग्रणी रहा है। समिति द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा तथा आवश्यक सिफारिशें भी की जाएंगी। विधायक निखिल मदान ने कहा कि खेल विश्वविद्यालय को आगे लाने के लिए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने के लिए इंटरनेशनल कंसल्टेंट की जरूरत है। जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत विश्वविद्यालय को अच्छे खिलाड़ी तैयार करवा सके। इसी तरह कमेटी के सदस्य और जुलाना विधायक विनेश फोगाट और महम के विधायक बलवान डांगी के साथ-साथ पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि समय-समय पर खिलाड़ियों के मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, चोट प्रबंधन इत्यादि के लिए कार्यशाला में ज्यादा से ज्यादा इजाफा किया जाए और अंतरराष्ट्रीय स्तर के उपकरण भी विश्वविद्यालय में उपलब्ध होने चाहिए ताकि खिलाड़ियों को अभ्यास करने में किसी भी तरह की परेशानी ना हो। उन्होंने सुझाव दिया कि आगामी ओलंपिक को देखते हुए खिलाड़ियों की तैयारी इसी स्तर पर होनी चाहिए।


**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें**
**PH. : 0172-2638515, 98883-03520**
**Email : arthparkashadvt29@gmail.com**

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** सर्विस नंबर 034020582, रैंक एएसआई/ आरओ, 157 बटालियन, संजीव कुमार पुत्र बुध राम, निवासी मकान नंबर 46-बी, कमरा नंबर 7, द्वितीय तल, बहलाना, चंडीगढ़, पिन कोड 160003, ने अपने नाबालिग बेटे का नाम वैदिक पाल से बदलकर वैदिक सिंह चंदेल रख दिया है।
एपी-5052

**मैं,** चिराग पुत्र राजकुमार # 2555 हुडा सेक्टर 13 तहसील और जिला भिवानी हरियाणा ने अपना नाम चिराग से बदलकर चिराग जांगड़ा रख लिया है।
एपी-5053

**मैं,** मोहन सिंह पुत्र सुखदेव निवासी गांव नंदसिंहवाला पोस्ट ऑफिस सांघन जिला कैथल (हरियाणा) अपनी नाबालिग पुत्री का नाम खुशी से बदलकर खुशी सैनी रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** मोहन सिंह पुत्र सुखदेव निवासी गांव नंदसिंहवाला पोस्ट ऑफिस सांघन जिला कैथल (हरियाणा) अपने नाबालिग पुत्र का नाम दक्ष से बदलकर दक्ष सैनी रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** मोहनीश वालिया पुत्र अजय वालिया निवासी खेड़ा के पास, बूम मोहल्ला , गांव फतेहपुर तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम मोहनीश से बदलकर मोहनीश वालिया रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** अजय वालिया पुत्र ब्रिज भूषन वालिया निवासी बूम मोहल्ला, गांव फतेहपुर तहसील व जिला कैथल (हरियाणा) अपना नाम अजय कुमार वालिया से बदलकर अजय वालिया रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5054

**मैं,** एकता रानी पत्नी सौरभ शर्मा निवासी मकान नंबर 14/18 कनिका विहार विकास कालोनी, करनाल 132001 ने अपना नाम एकता रानी से बदलकर एकता शर्मा कर लिया है।
एपी-5065

I, Army No: 9929247N, Rank: L/NK, Mubarik Hussain Presently posted at Unit: 5 Ladakh Scouts Chandimandir Cantt, Panchkula, Haryana declare that in my army record my father's name is wrongly written as GH AHMAD but in Civil Govt document my father Correct Name is GHULAM AHMAD.

**मैं,** गजानंद, सैन्य संख्या- जेसी-543578Y रैंक- नायब सूबेदार नाम- वीरेंद्र कुमार का पिता हूं जो वर्तमान में गांव- दंतल, पोस्ट- नांगलनुन्या, तहसील- नांगल चौधरी जिला- मोहिंदरगढ़, राज्य- हरियाणा घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम गजानंद से बदलकर गजा नंद रख लिया है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं सचिन कुमार पुत्र चमन लाल निवासी टोका, टोका (1), पंचकूला, हरियाणा-134118 मैं घोषणा करता हूँ कि मेरे 10वीं कक्षा के शैक्षिक दस्तावेजों में मेरे पिता और माता का नाम गलती से चमन सिंह और विमला देवी लिखा गया है। मेरे पिता और माता का वास्तविक नाम क्रमशः चमन लाल और विमला देवी है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाए।
एपी-5056

**मैं,** आर्मी नंबर 14671461एफ, रैंक एनके नाम- PANCHAL SANJAY KUMAR, स्थायी निवासी- गांव सामैया पोस्ट ऑफिस- बिलड़िया तहसील- विजयनगर, जिला- साबरकांठा, राज्य- गुजरात-383462, मैंने अपने बेटे का नाम KRISH से बदल लिया है, मेरे बेटे का सही नाम PANCHAL KRISH है।

**मैं,** पूनम पत्नी प्रताप चंद निवासी मकान नंबर 684-बी, स्मॉल फ्लैट्स, धनास, चंडीगढ़, ने अपना नाम पूनम से बदलकर लोहली देवी रख लिया है।

**मैं,** दिलबाग सिंह (रिटायर्ड आर्मी हवलदार आर्मी नं. 2686862के) पुत्र बलवान निवासी सैक्टर 11 म.नं. 4896 जीन्द तह. व जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरे आर्मी रिकार्ड में मेरे पिता का नाम बलवान सिंह व उनकी जन्म तिथि 06.08.1950 दर्ज है व मेरी माता का नाम सुमित्रा रानी व जन्म तिथि 11.03.1954 दर्ज है, जोकि गलत हैं। मेरे पिता का सही नाम बलवान व उनकी सही जन्म तिथि 01.01.1948 व माता का सही नाम सुमित्रा व उनकी सही जन्म तिथि 01.01.1953 है, जिन्हे मेरे आर्मी रिकार्ड में भी दुरूस्त किया जाए।
एपी-5058

**मैं,** Bazeer पुत्र Kesho राम वासी गांव व डाक महमदपुर जिला युमना नगर ने अपना नाम बदलकर Bazir Singh रखा है।

**मैं,** Dharmvir सिंह पुत्र श्री लाल सिंह वासी मकान नं. 458 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सैक्टर 4 करनाल ने अपना नाम बदलकर Dharamvir सिंह से Dharmvir सिंह रखा है।

**मैं,** Surjit सिंह पुत्र हरबंस लाल वासी वार्ड नं. 6, रामसर Bitna रोड, कालका, जिला पंचकूला ने अपना नाम बदलकर Surjeet सिंह रखा है।

**मैं,** अंजू देवी पत्नी राजपाल वासी गांव सूली खेड़ा जिला फतेहाबाद, हरियाणा ब्यान करती हूँ कि मेरी नाबालिग बेटी कंचन, उम्र 16 वर्ष, के 10वीं कक्षा के शैक्षिनिक दस्तावेजों में मेरा नाम गलती से अंजू लिख दिया गया है। मेरा वास्तविक नाम अंजू देवी है, जिसे तदनुसार संशोधित किया जाए
एपी-5059

**मैं,** जय राम पुत्र दुनी चंद निवासी गाँव सरनोटा, डाकघर जामनी, तहसील सरकाघाट, जमनी, वीटीसी सरनोटा, डाकघर जामनी, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश सूचित करता हूँ कि मेरे पैनकार्ड में मेरे पिता का नाम गलती से दीवान चंद दर्ज है। मेरे पिता का सही नाम दुनी चंद है।

**मैं,** फरजाना खान पत्नी शहजाद निवासी मकान नंबर 606, चरण सिंह कॉलोनी मौली जागरां चंडीगढ़ ने अपना नाम फरजाना खान से बदलकर शबनम कर लिया है।

**मैं,** रूपेश सिन्हा पुत्र ओम प्रकाश सिन्हा निवासी मकान नंबर 3218-ए, सेक्टर 31-डी, चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम आदित्य वर्धन कुमार से बदलकर अंश कुमार सिन्हा रख दिया है।
एपी-5052

**मैं,** भागीरथी पाटील माता आर्मी नंबर 15730848ए एनके भरमा पाटील वाई निवासी तानाजी गली, निलजी, बेलगाम, कर्नाटक-591124 ने अपना नाम भागीरती से बदलकर भागीरथी पाटील रख लिया है।

**मैं,** भागीरथी पाटील माता आर्मी नंबर 15730848ए एनके भरमा पाटील वाई निवासी तानाजी गली, निलजी, बेलगाम, कर्नाटक-591124 ने अपनी जन्मतिथि 01-01-1961 से बदलकर 01-01-1971 कर ली है।

**मैं,** यशवंत भरमा पाटील पिता आर्मी नंबर 15730848ए एनके भरमा पाटील वाई निवासी तानाजी गली, निलजी, बेलगाम, कर्नाटक-591124 ने अपनी जन्मतिथि 01-01-1956 से बदलकर 20-12-1955 कर ली है।

**मैं,** यशवंत भरमा पाटील पिता आर्मी नं.15730848ए एनके भरमा पाटील वाई निवासी तानाजी गली, निलजी, बेलगाम, कर्नाटक-591124 ने अपना नाम यशवंत से बदलकर यशवंत भरमा पाटील रख लिया है।
एपी-5060

**मैं,** इशु सरदाना पत्नी मोहित सरदाना निवासी मकान संख्या 3988, लाहोरिया चौक के पास, विवेक नगर, हिसार-125001 (हरियाणा) भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम इशु से बदलकर इशु सरदाना करवा रही हूँ।
एपी-5061

**मैं,** बलबीर कुमार, पुत्र मदन लाल, निवासी मकान नंबर 255, सेक्टर 16, पंचकूला, हरियाणा, ने अपना नाम बदलकर अब बलबीर कुमार नागपाल कर लिया है। अब मुझे सभी कानूनी और सरकारी कार्यों में बलबीर कुमार नागपाल के नाम से जाना जाएगा। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह संबंधित प्राधिकरण को सूचित कर सकता है।
एपी-5063

**मैं,** हरप्रीत सिंह मक्कड पुत्र हरविंदर सिंह तथा रिम्पी पत्नी हप्रीत सिंह मक्कड़ निवासी हाउस नम्बर, 1916 सैक्टर 13 अरबन एस्टेट कानाल बयां करते है कि मेरी पुत्री रहमत मक्कड़ जिसकी जन्म तिथि 29/09/2019 है उसने अपना नाम बदल कर रहमत से रहमत मक्कड़ कर लिया है। उसको नए नाम रहमत मक्कड़ से जाना जाए।
एपी-5066

**मैं,** पूनम रानी पत्नी श्री सन्दीप कुमार गांव कोथ कलां सब तहसील जालब खेड़ी तहसील नारनौंद जिला हिसार घोषणा करती हूं कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड (10515788A) में मेरा नाम पूजा और जन्मतिथि 10-12-1992 है जोकि गलत है सही नाम और जन्म तिथि पूनम रानी और 10-12-1989 है।
एपी-5067

**मैं,** BALBIR KAUR पत्नी जसवंत सिंह निवासी गांव बटेडी, पोस्ट ऑफिस गुमथला गढू जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) अपना नाम BALBIR KAUR से बदलकर BALVIR KAUR रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** जसवंत पुत्र सुरजीत सिंह निवासी गांव बटेडी , पोस्ट ऑफिस गुमथला गढू जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) अपना नाम जसवंत से बदलकर जसवंत सिंह रखता हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** निष्ठा सिंघल पुत्री विक्रम सिंघल, निवासी मकान नं 248/2 , नजदीक मोती बाग, वार्ड नं 6, जोशियान मोहल्ला , कैथल - 136027 (हरियाणा) भविष्य में सभी उद्देश्यों संबंधित अपना नाम निष्ठा से बदलकर निष्ठा सिंघल रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5054

## बेदखली सूचना

मनकि विजय लक्ष्मी पत्नी विधवा भूपिंदर सिंह निवासी धर्मकोट तहसील व्यासपुर ज़िला यमुनानगर यह बयान करती हूं की मेरा लड़का अरुण शर्मा मेरे कहने सुनने से बाहर है । इसलिए मैं अपने पुत्र अरुण शर्मा को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ । आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इसके साथ कोई भी तालुक वास्ता नहीं है, और ना ही भविष्य में होगा। इसके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करे।
एपी-5055

We, Ajit Singh s/o Sewa Singh and Mrs Paramjit kaur w/o Ajit Singh r/o 1193 sector 44B chandigarh declare that we debarred/disown our son Iktaj Singh alongwith his wife Hannet kaur from our moveable and immoveable property because they are not in our Control if anybody deal with them he/She/they will be responsible himself/ herself/ ourselves.
एपी-5063

हम, केदार पुत्र श्री सुखलाल और विनोदा देवी पत्नी श्री केदार, निवासी गाँव- नाडा साहिब, जिला- पंचकूला, हरियाणा, घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र धीरेंद्र हमारे कहने सुनने से बाहर है। हम अपने पुत्र को अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। उसके साथ लेन-देन करने वाला व्यक्ति अपनी कानूनी/अवैध लेन देन के लिए स्वयं ज़िम्मेदार होगा। हमारा और हमारे परिवार का इससे कोई लेना-देना नहीं होगा।
एपी-5056

हम लोकेश पुत्र श्री राम कुमार व नेहा पत्नी श्री लोकेश निवासी राम नगर, बबैल रोड, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करते है। कि हमारी पुत्री जमना मेरे व हमारे परिवार के कहने सुनने से बाहर है इसलिए हम अपनी पुत्री को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करते है। भविष्य मे इसके साथ लेन-देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा।
एपी-5057

**मैं,** नूर मसीह पुत्र पियारा मसीह और राज रानी पत्नी नूर मसीह, निवासी मकान नंबर 4157-ए, सेक्टर 46-डी, चंडीगढ़ सूचित करते हैं कि हमारा बेटा अनिल मसीह, उसकी पत्नी दीक्षा शर्मा और उनकी बेटी अनीशा हमारे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए हम इनको अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। इनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5052

**मैं,** भगवान सिंह (आधार नं. 4468 4396 7376) पुत्र कुंदन सिंह जाति जट्ट सिख निवासी गांव पीपलथा तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र नरेंद्र सिंह व पुत्रवधू रमनप्रीत कौर मेरे कहने- सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में उनसे जो भी लेनदेन करेगा वह स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-5062

**मैं,** रामनिवास पुत्र रतीराम, गांव बिशनपुरा तहसील व जिला जीन्द का स्थाई निवासी हूं और अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र अनिल मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं इसको अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। जो कोई भी इसके साथ किसी प्रकार का लेन-देन व व्यवहार रखता है वह स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-5064

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश**
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

**आवश्यक सूचना**
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# जापान दौरा निवेश की दृष्टि से रहा अत्यंत सफल : राव नरबीर सिंह

हरियाणा में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये के निवेश समझौते, कृषि व पर्यावरण क्षेत्र में खुलेगा नए युग का द्वार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के साथ हाल ही में संपन्न हुआ जापान दौरा निवेश की दृष्टि से अत्यंत सफल रहा है। इस दौरान लगभग पांच हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए कई प्रमुख जापानी कंपनियों के साथ 10 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह दौरा हरियाणा में कृषि और पर्यावरणीय क्षेत्रों में एक नए युग की शुरुआत करेगा।

राव नरबीर सिंह ने कहा कि जापान की सबसे बड़ी विशेषता उसकी वचनबद्धता और कार्यसंस्कृति है – वहां की कंपनियां जो वायदा करती हैं, उसे निर्धारित समय में पूरी निष्ठा से धरातल पर उतारती हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा में जापानी निवेश का यह सिलसिला नया नहीं है। वर्ष 1980 में जब वे पहली बार मंत्री बने थे, तभी मारुति उद्योग लिमिटेड ने पुराना गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी। आज प्रदेश में 500 से अधिक जापानी कंपनियां सक्रिय हैं, जो हरियाणा की औद्योगिक प्रगति में अहम भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि कुबोटा ट्रैक्टर कंपनी हरियाणा के कृषि विकास में अपनी अहम भूमिका निभाएगी, जबकि पर्यावरणीय क्षेत्र में ग्रीन एनर्जी, इलेक्ट्रिक वाहन, स्मार्ट मोबिलिटी, ग्रीन बिल्डिंग और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से शहरों का विकास होगा और नागरिकों की जीवन गुणवत्ता में सुधार आएगा।

उन्होंने बताया कि जापान दौरे के दौरान एआईएसआईएन, एयर वाटर, टीएएसआई, नम्बूब, डेंसो, सोजित्ज़, निसिन, कावाकिन, डाइकिन और टोप्पन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ हुए समझौतों से हजारों युवाओं के लिए रोजगार सृजन के नए अवसर खुलेंगे।

राव नरबीर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में 10 नए इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) विकसित करने की घोषणा की थी, जिनमें से पांच को पहले ही स्वीकृति मिल चुकी है। सरकार की योजना है कि इनमें से एक आईएमटी विशेष रूप से जापानी कंपनियों के सहयोग से विकसित की जाए। इसके लिए हरियाणा सरकार अपनी उद्योग नीति में संशोधन कर रही है, जिसके तहत 40 लाख रुपये तक के इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की योजना है। यह नीति मध्यम वर्ग को लाभान्वित करने के साथ-साथ हरित ऊर्जा के विस्तार पर केंद्रित होगी।

उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गर्व की बात है कि गुरुग्राम में जन्मे होने के नाते उन्होंने 1980 के दशक से लेकर अब तक चार बार मंत्री रहते हुए जापानी कंपनियों की कार्यशैली और निवेश संस्कृति को निकटता से अनुभव किया है।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से ग्रामीणों को मिला दोहरी सब्सिडी का लाभ : चंदन सैनी

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 13 अक्तूबर।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम परिचालक मंडल नारायणगढ़ द्वारा गांव लखनोरा में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु एक जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। इस कैंप में 10 उपभोक्ताओं को योजना के अन्तर्गत सब्सिडी के चैक वितरित किये गये जिन्होंने अपने घरों की छतों पर रूफ टॉप सोलर सिस्टम लगवाकर केंद्र सरकार से 60 हजार तथा हरियाणा सरकार से 50 हजार की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी ने प्राप्त की है।

कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थी उपभोक्ताओं को मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के बड़े भाई श्री चंदन सैनी द्वारा चेक वितरित किए गए।

चेक प्राप्त करने वालों में साहिल शाहपुर, फूलचंद नन्हेड़ा, करनैल सिंह बाकरपुर, नरेंद्र कुमार नन्हेड़ा, अमरीक सिंह हुसैनी से तथा ओमप्रकाश गोदौली गांव के लाभार्थी शामिल रहे, जिन्हें योजना के अनुसार हरियाणा सरकार की ओर से 50-50 हजार रूपये की राशि के चेक वितरित किए गए।

इस अवसर पर श्री चंदन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में देश को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर घर को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल बिजली उपलब्ध कराना है। इस योजना के माध्यम से न केवल बिजली खर्च में कमी आएगी, बल्कि आमजन को अतिरिक्त आय का भी अवसर मिलेगा।

उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस योजना से जुड़ें और केंद्र व राज्य सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी का लाभ उठाएं।

इस मौके पर उपमंडल अधिकारी नारायणगढ़ विकास बंसल ने उपस्थित ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के साथ-साथ हरियाणा सरकार की ब्याज माफी योजना के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आमजन के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा दी जाने वाली 60 हजार रूपये की सब्सिडी प्रत्येक लाभार्थी के खाते में आ चुकी है।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच राजीव मेहता गांव लखनौरा, कमलजीत सैनी, जगतार, हर्ष, सुनील फोरमैन, रवि सिंह एरिया इंचार्ज सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा अधीरा ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** दा डिस्कवरी वर्ल्ड स्कूल लाडवा की कक्षा 4 की छात्रा अधीरा ने राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल व राज्य का नाम रोशन किया। यह जानकारी स्कूल की प्रधानाचार्य रूबी शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि होनहार छात्रा अधीरा ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर अपना कब्जा किया। इस प्रतियोगिता में अनेक स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया और सभी ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने अधीरा की कड़ी मेहनत व लग्न की सराहना की। सोमवार को स्कूल में पहुंचने पर गोल्ड मैडल विजेता छात्रा का स्कूल के डायरेक्टर रोहित गर्ग सहित स्कूल स्टाफ ने मैडल पहनाकर सम्मानित किया। स्कूल के डायरेक्टर रोहित गर्ग ने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ-साथ खेलों पर भी पूरा फोकस रहता है,ताकि बच्चे खेलों में भी अपना भविष्य उज्ज्वल बना सके। उन्होंने पदक विजेता छात्रा व उनके परिजनों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर स्कूल का अन्य स्टाफ भी मौजूद था।

### वरिष्ठ नागरिक संगठन लाडवा की बैठक संपन्न



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** वरिष्ठ नागरिक संगठन लाडवा की एक विशेष बैठक लाडवा की श्रीमति नारायणी देवी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रधान सतप्रकाश शर्मा द्वारा की गई, जिसमें संगठन को लेकर विचार-विर्मश हुआ तथा वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं व मांगों पर विचार-विर्मश भी किया गया। यह जानकारी संगठन के सचिव मास्टर तिलक राज गुप्ता ने दी। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रकट भी किए तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विस्तार से चर्चा की तथा एक दूसरे को दीपावली पर्व की बधाई भी दी। बैठक में एक दूसरे की खुशियों में किस प्रकार शामिल हो इसके लिए बैठक में विमल कुमार, रमेश चोपड़ा व सुशील कोहली के जन्मदिन उनके साथ मनाया और उनको जन्मदिन की बधाई भी दी और फूल मालाओं से उनका सम्मान किया। इसके लिए संगठन द्वारा गौशाला, गुरुद्वारा ङ्क्षसह सभा एवं हनुमान मंदिर लाडवा को 2100 रुपए प्रति संस्था दान स्वरूप भी दिए गए। बैठक में प्रधान सत प्रकाश शर्मा, सचिव मास्टर तिलकराज गुप्ता, राम लाल सैनी, पृथ पाल, ओम प्रकाश मल्होत्रा, गुरदीप ङ्क्षसह, हरीश, राजेंद्र प्रकाश प्रेम चंद अरोड़ा, विमल कुमार, रमेश चोपड़ा, सुशील कोहली मुख्य रूप से मौजूद थे।

### दो दिवसीय हिंदी विषय पर कार्यशाला आयोजित



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** लाडवा के सुगनी देवी आर्य गर्ल्स सीनियर सैंकडरी स्कूल में दो दिवसीय हिन्दी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह जानकारी स्कूल की प्रिंसिपल पूजा छाबड़ा ने दी। कार्यशाला का आयोजन स्कूल की प्रिंसिपल की अगुवाई में किया गया, जिसमें शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। हिंदी विषय पर लगाई गई कार्यशाला का संचालन सी.बी.एस.ई. के रिसोर्स पर्सन प्रिंसिपल तनुजा सचदेवा एवं मंजूषा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मां शारदा के आगे दीप प्रज्वलित करके किया गया। कार्यशाला में हिंदी भाषा के शिक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई, जिसमें राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, ब्लूम टैक्सनॉमी , संज्ञानात्मक क्षेत्र के उद्देश्य से संबंधित क्रियाएं, अनुदेशनात्मक उद्देश्य लेखन का अभ्यास, मानक हिंदी वर्तनी, पाठ योजनाऔर हिंदी के चारों कौशल शामिल थे। इस चर्चा के दौरान वक्ताओं द्वारा अध्यापकों से कुछ गतिविधियां भी करवाई गई और शिक्षकों को कक्षा में बच्चों को बेहतर तरीके से पढने के लिए नए और सरल उपायों की जानकारी भी दी गई। प्रिंसिपल पूजा छाबड़ा ने रिसोर्स पर्सन द्वारा दी गई जानकारी पर उनका आभार जताया और और कहा कि ये कार्यशाला हिंदी शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में अहम कदम है। इसी के साथ रिसोर्स पर्सन को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ और लाडवा के आसपास स्कूलों के प्रतिभागी अध्यापक भी मौजूद रहे।

## ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए अस्थाई लाईसेंस के लिए आवेदन 16 अक्टूबर तक

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

**टोहाना, 13 अक्टूबर।** उपमण्डलाधीश आकाश शर्मा ने बताया कि दीपावली पर्व के अवसर पर द एक्सप्लसिव नियम, 2008 के 84 अनुसार पटाखे /आतिशबाजी (केवल ग्रीन पटाखें) की स्टाल के लिए 18 से 20 अक्तुबर 2025 तक अस्थाई लाईसेंस जारी किए जाएगें। स्टाल लगाने के लिए उपमंडल टोहाना में टाउन पार्क, हिसार रोड़ के सामने वाली खाली पड़ी जगह और राजकीय माडल सांस्कृतिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (लड़के) जाखल में स्थान निर्धारित किया गया हैं।

एसडीएम आकाश शर्मा ने बताया कि दीपावली के अवसर ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस प्राप्त करने के इच्छुक व्यक्ति संबंधित उपमंडल अधिकारी कार्यालय में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर के बीच अपना आवेदन निर्धारित फार्म में दे सकते हैं। अस्थाई लाइसेंस के बिना पटाखों, आतिशबाजी आदि की बिक्री करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और इसे माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना माना जाएगा। एसडीएम ने बताया कि अस्थाई लाइसेंस लेने के इच्छुक व्यक्ति उपमंडल अधिकारी कार्यालय में 14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर सायं 5 बजे तक अपना आवेदन दे सकते हैं। अस्थाई लाइसेंस प्राप्त विक्रेता निर्धारित नियमों व शर्तों के अनुरूप पटाखों की बिक्री कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आए आवेदन 17 अक्टूबर को ड्रा द्वारा निकाला जाएगा।

## सद्भाव यात्रा' को मिल रहा है जनता का अपार जनसमर्थन : बृजेंद्र सिंह

### 9वें दिन जींद कचहरी से शुरू हुई यात्रा, युवाओं और समाज के हर वर्ग का मिल रहा साथ

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 13 अक्तूबर।** हरियाणा के पूर्व सांसद और कांग्रेस नेता चौधरी बृजेंद्र सिंह की 'सद्भाव यात्रा' को लगातार भारी जनसमर्थन मिल रहा है। यात्रा ने सोमवार को अपने 9वें दिन की शुरुआत जींद कचहरी से की।

यात्रा का रूट अंबेडकर चौक, रानी तालाब, गुरुद्वारा, घंटाघर, मैन बाजार, पंजाबी बाजार, झांझ गेट, पुरानी सब्जी मंडी, पटियाला चौक, अमरहेड़ी से होते हुए कंडेला गांव तक रहा, जहां रात्रि विश्राम किया गया।

इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भी यात्रा के साथ शामिल रहे। यात्रा में शामिल सभी लोगों ने काली पट्टी बांधकर दलितों पर हो रही प्रताड़ना के खिलाफ विरोध भी जताया।

प्रेसवार्ता में बोले बृजेंद्र सिंह – ÷युवाओं की नजरों में उम्मीद की किरण दिख रही है÷

चौधरी बृजेंद्र सिंह ने जींद में यात्रा के दौरान आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि आज हरियाणा के युवाओं के सामने सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है।

उन्होंने कहा – सरकार इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रही। युवा बेहतर भविष्य की तलाश में 'डंकी स्कीम' जैसी योजनाओं के तहत विदेश जा रहे हैं। बहुत से युवा बेरोजगारी और हताशा के कारण आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। यह बेहद गंभीर स्थिति है।

बृजेंद्र सिंह ने कहा कि यात्रा के 8वें दिन तक जो फीडबैक मिला है, वह उम्मीद से कहीं अधिक सकारात्मक है– हमें जितना समर्थन मिल रहा है, उसकी हमने कल्पना नहीं की थी। लोग जबरदस्त तरीके से यात्रा के साथ जुड़ रहे हैं। युवाओं में जोश है, और उनकी आंखों में बदलाव की उम्मीद साफ दिखाई दे रही है।

आईपीएस वाई पूरन कुमार केस पर बोले बृजेंद्र सिंह – ÷जातिगत मानसिकता बढ़ रही है। बृजेंद्र सिंह ने कहा कि आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार को योजनाबद्ध तरीके से उत्पीड़ित किया गया। यह हरियाणा की नौकरशाही में बढ़ते जातिगत भेदभाव का प्रमाण है।

## किसानों की फसल के खरीद व उठान कार्य में नहीं आएगी कोई समस्या : अभिनव सिवाच

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 13 अक्टूबर।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अभिनव सिवाच ने धान खरीद कार्य को लेकर खरीद एजेंसियों, राईस मीलर्ज़ और सैलर्ज़ तथा आढ़तियों की एक बैठक ली। बैठक में उन्होंने धान खरीद कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए जानकारी ली तथा उचित दिशा-निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने अनाजमंडी पिहोवा का भी निरीक्षण किया। एसडीएम अभिनव सिवाच ने बैठक में सम्बोधित करते हुए कहा कि धान का सीजन सुचारू रूप से चलाने के लिए सभी के समन्वय की आवश्यकता है। धान खरीद कार्य में किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए सभी सैलर्ज़ एसोसिएशन व अनाजमंडी आढ़तियों को प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना है। इस मौके पर उन्होंने खरीद एजेंसियों के प्रतिनिधियों को आदेश देते हुए कहा कि वे किसी भी असामाजिक तत्वों के दबाव में आकर कोई भी ऐसा कार्य न करें, जो किसानों के हित में न हो। बैठक के पश्चात एसडीएम पिहोवा अभिनव सिवाच ने अनाजमंडी पिहोवा का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मंडी में धान खरीद कार्य को लेकर जो समस्याएं चल रही थीं, उन्हें सुलझा लिया गया है। अब धान का खरीद कार्य व उठान कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। कोई भी ऐसी समस्या सामने नहीं आई, जिसके चलते धान खरीद व उठान कार्य में कोई अढ़चन आए। उन्होंने कहा कि कोई भी असामाजिक तत्व यदि दोबारा किसानों की फसल के खरीद कार्य में दिक्कत बनेगा, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा और कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में जानकारी देते हुए हरियाणा प्रदेश राईस मिलर्ज़ एंड डीलर्ज़ ऐसोसिएशन के प्रधान सतीश सैनी ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्वों की वजह से खरीद कार्य में रूकावट आ रही है। इस कारण से किसान व आढ़ती वर्ग को परेशानी आ रही है। उन्होंने कहा कि जो भी असामाजिक तत्व किसानों की फसल के खरीद कार्य में अढ़चन बन रहे हैं, उन पर सख्त कार्यवाही होनी चाहिए। इस पर एसडीएम अभिनव सिवाच ने आश्वासत करते हुए कहा कि किसानों की फसल को उचित व सही मूल्य पर खरीदा जाएगा। किसी भी राईस मिलर्ज़ को व आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी।

## सांस्कृतिक आदान -प्रदान करना एवं दूसरे देशों के संस्थानों के बीच एक स्थायी बंधन को बढ़ावा देना : अमित राणा

डी. पी. एस. पानीपत सिटी ने अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत की कैनेडा डेलिगेशन की मेज़बानी

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 13 अक्तूबर।** नेशनल हाइवे स्थित डी पी एस पानीपत सिटी में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत कनाडा के दो स्कूलों के अध्यापकों और छात्रों ने शिरकत की। विद्यालय में पधारने पर विद्यालय के अध्यापकों और छात्रों ने भारतीय संस्कृति की परंपरा के अनुसार उनका गर्म जोशी से स्वागत किया। सर्वप्रथम छात्रों ने उन्हें तिलक लगाया।तत्पश्चात मंत्रोच्चारण की ध्वनि पर उन्होंने विद्यालय की कॉर्डिनेटर आभा विषाद के साथ मिलकर दीप प्रज्ज्वलित किया ।तत्पश्चात उनके सम्मान में भारतीय संस्कृति से ओत प्रोत स्वागत गीत और कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसे देखकर वे मंत्र मुग्ध हो गए । उन्होंने विद्यालय के परिसर और कक्षाओं का भी निरीक्षण किया । उन्होंने वैश्विक मित्रता बढ़ाने वाले विद्यालय के कई सत्रों में भाग लिया ।इसके अतिरिक्त उन्होंने विद्यालय की कई गतिविधियों में भी भाग लिया ।दोनों विद्यालयों ने अपनी संस्कृतियों को और अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने विद्यालय की अनुशासन की और शिक्षा स्तर की खूब तारीफ की ।विद्यालय के प्रोश्व वाइस चेयरमैन अमित राणा ने कहा कि विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य सांस्कृतिक आदान -प्रदान करना एवं दूसरे देशों के संस्थानों के बीच एक स्थायी बंधन को बढ़ावा देना है ।

## 15 अक्तूबर को पानीपत के करीब 2 लाख 32 हजार विद्यार्थी देंगे यातायात नियमों की परीक्षा

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 13 अक्तूबर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक यातायात एवं हाइवे (हरियाणा) करनाल श्री हरदीप सिंह दून आईपीएस के दिशा निर्देशों के अनुसार जिला में यातायात सुरक्षा को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा 15 अक्तूबर बुधवार को करवाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक पानीपत श्री भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में होने वाली इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर प्लान तैयार कर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी द्वारा गत दिनों बीओ ऑफिस में जिला शिक्षा विभाग व जिला यातायात पुलिस के अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे।

उप पुलिस अधीक्षक यातायात सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि उक्त परीक्षा का उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा के साथ साथ यातायात नियमों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को प्रारंम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना की परीक्षा का मदसद है। क्योकि बचपन में सीखा हुआ सबक जिंदगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जा रहा है। इस परीक्षा को लेकर जिला पुलिस विभाग द्वारा सभी तैयारियां समय रहते पूरी कर ली गई है। जिला पानीपत में करीब 2 लाख 32 हजार विद्यार्थी स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा परीक्षा में हिस्सा लेगें।

## वाई पूर्ण सिंह मामले में सर्वजातीय बिनैन खाप ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग, कहा- सच्चाई सामने लाना प्रदेश और देश के हित में

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 13 अक्टूबर।** वाई पूर्णसिंह प्रकरण को लेकर अब खाप पंचायतें भी खुलकर सामने आ गई हैं। सर्वजातीय बिनैन खाप और सर्व खापों के प्रधान रघुबीर नैन ने इस मामले में निष्पक्ष जांच की सख्त मांग करते हुए सरकार से अपील की है कि यदि नीयत साफ है, तो उसे तुरंत इस मामले की जांच किसी स्वतंत्र एजेंसी को सौंपनी चाहिए। रघुबीर नैन ने कहा कि यह मामला अब आमजन के बीच चर्चा का विषय बन चुका है और लोगों के मन में इस घटना को लेकर कई तरह के संदेह और सवाल खड़े हो गए हैं।

उन्होंने कहा कि जब कोई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ऐसा कठोर कदम उठाता है तो यह स्पष्ट संकेत देता है कि घटना के पीछे कुछ ऐसा है जिसे जानबूझकर छिपाया जा रहा है या दबाया जा रहा है। वाई पूर्णसिंह जैसे अधिकारी का आत्मघाती कदम उठाना अपने आप में एक बड़ी बात है जिससे लोगों में यह भावना पनप रही है कि यह सिर्फ एक व्यक्तिगत मामला नहीं बल्कि इसके पीछे कोई बड़ा षड्यंत्र हो सकता है। ऐसे में यह आवश्यक हो जाता है कि जांच किसी निष्पक्ष और स्वतंत्र एजेंसी से करवाई जाए ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके।

प्रधान रघुबीर नैन ने आरोप लगाया कि स्थानीय स्तर पर इस मामले को दबाने या इसकी दिशा मोड़ने की कोशिशें की जा रही हैं जिससे जनता में प्रशासन और पुलिस की भूमिका को लेकर अविश्वास पैदा हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक जांच पारदर्शी नहीं होगी और उसमें जनता को भरोसे में नहीं लिया जाएगा तब तक इस प्रकरण को लेकर सवाल उठते रहेंगे। नैन ने कहा कि यदि सरकार वाकई में पारदर्शिता और न्यायप्रियता में विश्वास रखती है तो उसे तुरंत इस मामले की जांच किसी स्वतंत्र और निष्पक्ष एजेंसी को सौंपकर अपने इरादों को साफ करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि सरकार इस पर चुप्पी साधे रखती है या मामले को रफा-दफा करने की कोशिश करती है, तो यह न केवल जनता के विश्वास को तोड़ेगा बल्कि आने वाले समय में सामाजिक आक्रोश को भी जन्म देगा।

उन्होंने यह भी कहा कि खाप पंचायतों का स्पष्ट मानना है कि चाहे दोषी कितना भी प्रभावशाली या बड़ा व्यक्ति क्यों न हो अगर वह इस पूरे घटनाक्रम में शामिल पाया जाता है तो उसे कानून के दायरे में लाकर सजा दी जानी चाहिए। जनता अब सिर्फ जवाब नहीं चाहती बल्कि न्याय चाहती है। प्रधान ने कहा कि इस मामले में सच्चाई को छिपाने की बजाय उजागर करना ही प्रदेश और देश दोनों के हित में है। अगर जांच पारदर्शी और निष्पक्ष होती है, तो न केवल निर्दोषों को न्याय मिलेगा बल्कि दोषियों को भी उनके अपराध की सजा दी जा सकेगी। इससे जनता का कानून और व्यवस्था पर फिर से विश्वास कायम होगा।

# धनतेरस पर मां लक्ष्मी का पूजन घर में लाता है वैभव और सौभाग्य

कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धन की देवी के उत्सव का प्रारंभ होने के कारण इस दिन को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। धनतेरस को धन त्रयोदशी व धन्वन्तरी त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस पर पांच देवताओं, गणेश जी, मां लक्ष्मी, ब्रह्मा,विष्णु और महेश की पूजा होती है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय कलश के साथ माता लक्ष्मी का अवतरण हुआ उसी के प्रतीक के रूप में ऐश्वर्य वृद्धि, सौभाग्य वृद्धि के लिए बर्तन खरीदने की परम्परा शुरू हुई। औषधियों के जनक भगवान धनवंतरी की जयंती यानी धनतेरस का पर्व इस बार 18 अक्टूबर को मनाया जा रहा है। कहा जाता है कि समुद्र मंथन के दौरान भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था, यही वजह है कि धनतेरस को भगवान धनवंतरी और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। भारतीय कैलेंडर के अनुसार कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को धन की देवी के उत्सव का प्रारंभ होने के कारण इस दिन को धनतेरस के नाम से जाना जाता है। धनतेरस को धन त्रयोदशी व धन्वन्तरी त्रयोदशी के नाम से भी जाना जाता है। धनतेरस दिवाली के दो दिन पहले मनाया जाता है। ऐसी मान्यता है कि समुद्र मंथन के समय कलश के साथ माता लक्ष्मी का अवतरण हुआ उसी



के प्रतीक के रूप में ऐश्वर्य वृद्धि, सौभाग्य वृद्धि के लिए बर्तन खरीदने की परम्परा शुरू हुई। माना जाता है कि इस दिन कोई नया सामान खरीदने से आपका धन 13 गुना बढ़ जाता है।

धनतेरस जिसे धन त्रयोदशी और धन्वंतरि जयंती भी कहते हैं पांच दिवसीय दीपावली का पहला दिन होता है। धनतेरस के दिन से दिवाली का त्योहार प्रारंभ हो जाता है। मान्यता है इस तिथि पर आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि समुद्र मंथन से अमृत कलश लेकर प्रगट हो हुए थे। इसी कारण से हर वर्ष धनतेरस पर बर्तन खरीदने की परंपरा निभाई जाती है। कहा जाता है जो भी व्यक्ति धनतेरस के दिन सोने-चांदी, बर्तन, जमीन-जायजाद की शुभ खरीदारी करता है उसमें तेरह गुना की बढ़ोत्तरी होती है। चिकित्सक अमृतधारी भगवान धन्वन्तरि की पूजा करेंगे। इसी दिन से देवता यमराज के लिए दीपदान से दीप जलाने की शुरुआत होगी और पांच दिनों तक जलाए जाएंगे। इस दिन खरीदे गए सोने या चांदी के धातुमय पात्र अक्षय सुख देते हैं। लोग नए बर्तन या दूसरे नए सामान खरीदेंगे।


धनतेरस पर यमदीप भी प्रज्वलित किया जाएगा। रोग,शोक, भय, दुर्घटना, मृत्यु से बचने के लिए धनतेरस की शाम घर के बाहर यमदीप जलाने की परंपरा है। इसी दिन धनवंतरी ने सौ तरह के मृत्यु की जानकारी के साथ अकाल मृत्यु से बचाव के लिए यमदीप जलाने की बात बतायी थी।

धनत्रयोदशी के दिन सायंकाल यमराज के निमित्त दीपदान करें। इसे 'यम दीपदान' कहा जाता है। घर के मुख्य द्वार के बाहर गोबर का लेपन करें तत्पश्चात मिट्टी के 2 दीयों में तेल डालकर प्रज्वलित करें। दीये प्रज्वलित करते समय 'दीपज्योति नमोस्तुते' मंत्र का जाप करते रहें एवं अपना मुख दक्षिण दिशा की ओर रखें। धनत्रयोदशी के दिन 'यम दीपदान' करने से घर-परिवार में किसी सदस्य की अकाल मृत्यु नहीं होती है।

इस दिन लक्ष्मी जी के स्वागत के लिए अपने घर के मुख्य द्वार पर रंगोली बनाने के साथ ही महालक्ष्मी के दो छोटे-छोट पद चिन्ह लगाए जाते हैं। धनतेरस पर माता लक्ष्मी के अलावा धन्वंतरी,कुबेर की भी पूजा की जाती है। धनवंतरी इसी तिथि को समुद्र मंथन से अवतरित हुए थे। प्राचीन काल में लोग इस दिन नए बर्तन खरीदकर उसमें क्षीर पकवान रखकर धनवंतरी भगवान को भोग लगाते थे। दिवाली से पहले धनतेरस का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन माता लक्ष्मी और कुबेर के साथ भगवान धनवंतरी की पूजा भी की जाती है। घर में हमेशा सुख-समृद्धि बनी रहे इसलिए इस दिन इनकी पूजा की जाती है।

पौराणिक कथा के अनुसार एक बार भगवान विष्णु मृत्युलोक में विचरण करने के लिए आ रहे थे तब लक्ष्मी जी ने भी उनसे साथ चलने का आग्रह किया। तब विष्णु जी ने कहा, 'अगर मैं जो बात कहूं तुम अगर वैसा ही मानो तो फिर चलो' तब लक्ष्मी जी उनकी बात मान गई और भगवान विष्णु के साथ भूमंडल पर आ गई। कुछ देर बाद एक जगह पर पहुंचकर भगवान विष्णु ने लक्ष्मी जी से कहा, 'जब तक मैं न आऊं तुम यहां ठहरो। मैं दक्षिण दिशा की ओर जा रहा हूं, तुम उधर मत आना।' विष्णुजी के जाने पर लक्ष्मी के मन में कौतूहल जागा, 'आखिर दक्षिण दिशा में ऐसा क्या रहस्य है जो मुझे मना किया गया है और भगवान स्वयं चले गए।'

# धैर्य रखें और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें: मुनिश्री विनय कुमार



चंडीगढ़। जीवन में कभी भी कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि कठिनाइयां ही तुम्हें मजबूती देती हैं मनुष्य के जीवन में सुख-दुःख, हानि-लाभ आदि का निर्धारण कर्म के आधार पर होता है। कर्म का भोग, भोग का कर्म, यही जड़ का चेतन आनंद। इस सांसारिक जीवन में देना-लेना, करना-भरना ही सतत चलता रहता है. दूसरे शब्दों में इसे 'कारण और प्रभाव, यानि कर्म और उसका फल कहा जा सकता है। कर्म और फल के वीच भाग्य का स्थान नहीं होता है. हमारे मध्य में ऐसे लोगों कि संख्या कम नहीं है जो भाग्य पर भरोसा करते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर-24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार मे सभा को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा कठिनाइया आए तो कैसे उनसे पार होना है हमें कितनी क्षमता है, दक्षता है। समय कभी नही रुकता न किसी के लिए शोक मनाता है यह निरंतर चलता रहता है इसलिए असफल होने पर पुनः प्रयास करें। विश्स्वास के साथ प्रयास करें संशय हमारे काम को कुशलता से नही होने देता। हर पत्थर की तकदीर बदल सकती है, सलीके से उसे तराशा जाए। सफलता का सूत्र हम एक बालक से लेते है -आइये देखे एक बालक से हम कैसे सीख सकते है? एक बालक हमेशा प्रसन्न रहता है उसे किसी का न भय होता है न शोक वह एक नियम के तहत जीवन में बढ़ता जाता है । गाय का बछा नही जानता इर्ष्या क्या होती है ,शत्रुता क्या होती है ,वह केवल प्रेम की भाषा जानता है भेद दृष्टि उसमे नही होती बालक ग़लत नही बोलते वो हमेशा वही कहते है।

मनीषीसंत ने अंत मे फरमाया मानसिक स्तर पर मजबूत लोग अपनी परिस्थितियों पर दुखी बने रहने में यकीन नहीं रखते और न ही अपने साथ हुए खराब व्यवहार में ही अटककर रह जाते हैं। वे अपने व्यवहार और परिणाम की जिम्मेदारी लेना पसंद करते हैं। वे जानते हैं कि जीवन में सब कुछ अच्छा नहीं होता। समस्या में उलझने की बजाय उनके हल पर ध्यान देते हैं। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। मन से मजबूत लोग स्वस्थ आदतें रखते हैं। वे अपने इमोशंस, विचार और व्यवहार को नियंत्रित करना जानते हैं।

मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत बनना रात भर में होने वाली चीज नहीं है। अगर आप जीवन की हर मुश्किल को, आपको और अधिक मजबूत बनाने के एक अवसर के रूप में देखना शुरू कर देते हैं, तो आप ज्ञान एकत्रित करने लगेगें और यह स्पष्ट हो जाएगा कि जब चीजें वास्तव में कठोर हो जाती हैं, तब आपका असली परीक्षण होना शुरू होता है। अगर आप अपने मन को मजबूत बनाना चाहते हैं और आत्मविश्वास के साथ जीवन की गिरावट को संभालना सीखना चाहते हैं, तो अपनाये ये तरीके। आप हमेशा काम में व्यस्त रहते हैं, आपके पास खुद के लिए समय नहीं है। जीवन की तमाम उलझनों ने आपको चिड़चिड़ा बना दिया है। इसलिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालिए। एक शांत कमरे में बैठकर लंबी सांसे लीजिए, इससे तनाव दूर होगा और आपके दिमाग को आराम मिलेगा।

# रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड ने की डिवाइन सिटी फेज-2 का उद्घाटन




भाजपा नेता माईराम कौशिक मुख्य अतिथि व रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड के चेयरमैन सतीश लूथरा रहे विशिष्टातिथि

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड की ओर से डिवाइन सिटी में फेज-2 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली के छोटे भाई भाजपा नेता माईराम कौशिक मुख्य अतिथि व रामा कृष्णा बिल्डवेल लिमिटेड के चेयरमैन सतीश लूथरा विशिष्टातिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुत किए गए। माईराम कौशिक ने कहा कि भाजपा द्वारा गन्नौर में अंतर्राष्ट्रीय बागवानी का निर्माण जोर शोर से करवाया जा रहा हैं। जिससे यहां लोगों का रुझान बढ़ने लगा और गन्नौर एक विकसित क्षेत्र के रुप में उभर रहा है। सतीश लूथरा ने बताया कि फेज-2 में 3 स्कूल, 2 अस्पताल, 3 मल्टीप्लेक्स, 1 फूड कार्ट और 5 सितारा रेस्तरां भी खुलेगा। जिससे क्षेत्र को पूर्ण विकसित आवासीय स्वरूप और व्यापारिक केंद्र के रूप में बढ़ावा मिलेगा। यह प्रोजेक्ट क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने का काम करेगा। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक, डिवाइन सिटी मंदिर अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

# संतों-महापुरुषों ने हमें हमेशा सहनशीलता का पाठ पढ़ाया



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

16 नवम्बर का दिन संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सहनशीलता दिवस घोषित किया गया है और हम सहनशीलताकी बात कर रहे हैं। लेकिन हम चारों ओर असहनशीलता ही देख रहे हैं। आज कितनी ज्यादा असहनशीलता है और इसीलिए हम इतना ज्यादा उत्पीड़न देख रहे हैं, इसीलिए हम इतना अधिक रक्तपात देख रहे हैं। इसलिए हम परिवारों में इतना ज्यादा बिखराव देख रहे हैं क्योंकि यदि परिवार के लोग एक-दूसरे के प्रति सहनशील नहीं होंगे तो परिवार का ताना-बाना ही बिखर जायेगा और इसके कारण खुशियां भी इसी तरह बिखर जाएगी जिस तरह एक पक्षी अपने पंखों के सहारे उड़ जाता है और हम इससे वंचित रह जाते हैं।

सन्तों-महापुरुषों ने हमें हमेशा सहनशीलता का पाठ पढ़ाया है। हमें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के साथ रहना है। हमें मतभेदों को समझना चाहिए। सन्तों ने एकता की बात की है एकरुपता की बात नहीं की है। सन्तों ने हमें एकता के महत्व की शिक्षा दी है लेकिन क्या हुआ है और क्या हो रहा है? समाज के कुछ लोग, भले ही वो धार्मिक समूहों के रुप में हों या स्थापित धर्म हों या वो जो अभी भी कुल, जाति और सम्प्रदाय में बंटे हुए हैं, वो अभी भी असहनशील हैं। लेकिन सन्त सहनशील हैं। स्थापित धर्मों वाले दूसरों पर धर्म परिवर्तन के लिए ताकत का इस्तेमाल करते हैं, भय का वातावरण बनाते हैं ताकि वे उनका धर्म स्वीकार कर लें। वे एकरुपता लाना चाहते हैं कि मैं पगड़ी पहनता हूं इसलिए तुम भी पकड़ी पहनो वरना तुम्हारा नामो निशान भी नहीं रहेगा। जिस पैगम्बर को मैं सम्मान देता हूं तुम भी उसका सम्मान करो। मैं जिस धर्मग्रन्थ को पढ़ता हूं तुम भी उसी धर्मग्रन्थ को पढ़ो, तभी तुम सुरक्षित रहोगे। तो हम क्या देख रहे हैं, यही असहनशीलता का रुप देख रहे हैं और दूसरी ओर जागरुक लोग हैं जो सत्य के प्रति जाग्रत हैं, जागृत आत्माएं जो सन्तों-महापुरुषों की शिक्षाओं को समझ चुके हैं इसलिए वो 'अनेकता में एकता' को स्वीकार करते हैं, एकरुपता को नहीं। तो साध संगत हमें इस विषय में बार बार कहा गया है कि हमें सहनशील रहना है।

एक और उदाहरण जो दास बार-बार देता आ रहा है कि एक पति कोई पुस्तक पढ़ रहा था तभी उसकी पत्नी आई और कहने लगी कि खाना खा लो। पति ने कहा- कुछ मिनटों बाद। पत्नी 15-20 मिनटों के बाद वापस आई और कहने लगी कि खाना खा लो। पति ने पुनः कहा, कुछ मिनट ओर रुको। वह फिर वापस चली गई और जब तीसरी बार वह आई और खाना खाने के लिए कहने लगी तो पति इतना अशांत हो गया कि वह जो किताब पढ़ रहा था उसे उठाकर पत्नी की ओर दे मारा। पुस्तक का नुकीला कोना पत्नी के सिर पर लगा और खून बहना शुरु हो गया। उसे चोट लग गई। जब पत्नी ने किताब उठाकर देखा तो पुस्तक का नाम था सहनशीलता। तो इस प्रकार की पाखंड या जो भी नाम उसे दें कि शब्दों के द्वारा तो नम्रताका वर्णन कर रहे हैं।

शब्दों द्वारा हम सहनशीलता को, एकता को, एकत्व को या सद्भाव को या परमात्मा एक है को, इसी तर से शब्दों भर तक लेकिन जब जीवन में ढालने की यबात आती है तब हम यह यनहीं मानते कि परमात्मा एक है।

## पंचांग

मंगलवार, 14 अक्तूबर, 2025, सूर्योदयः 06:21 ए एम, सूर्यास्तः 05:52 पी एम, चन्द्रोदयः 12:25 ए एम, अक्टूबर 15, चन्द्रास्तः 01:52 पी एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आश्विन, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः मंगलवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः अष्टमी - 11:09 ए एम तक, नक्षत्रः पुनर्वसु - 11:54 ए एम तक, योगः सिद्ध - 04:11 ए एम, अक्टूबर 15 तक, करणः कौलव - 11:09 ए एम तक, द्वितीय करणः तैतिल - 10:46 पी एम तक, सूर्य राशिः कन्या, चन्द्र राशिः कर्क, राहुकालः 03:00 पी एम से 04:26 पी एम, गुलिक कालः 12:07 पी एम से 01:33 पी एम, यमगण्डः 09:14 ए एम से 10:40 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:44 ए एम से 12:30 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:39 ए एम से 09:26 ए एम, दुर्मुहूर्तः 10:52 पी एम से 11:42 पी एम, अमृत कालः 09:33 ए एम से 11:07 ए एम, अमृत कालः 05:34 ए एम, अक्टूबर 15 से 07:10 ए एम, अक्टूबर 15, वर्ज्यः 07:56 पी एम से 09:32 पी एम।

## भविष्य फल



**मेषः** नए कामों में लग जाएं और खाली बैठने से बचें। नई शुरुआत के लिए आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।

**वृषः** आज नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे।

**मिथुनः** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें।

**कर्कः** आज लोगों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। घर में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**सिंहः** वित्तीय रूप से यह अच्छा दिन नहीं है। बेतरतीब निवेश समस्याएं पैदा कर सकता है। किसी जानकार से सलाह लेना बेहतर रहेगा।

**कन्याः** आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको सरकारी कामों में किसी बड़े व्यक्ति की मदद मिल सकती है।

**तुलाः** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। अपने काम पर पूरी नजरे रखें।

**वृश्चिकः** आज आपकी बातचीत और व्यवहार से किसी को कोई भ्रम न हो इसका ध्यान रखना होगा। प्रसन्नता रहेगी।

**धनुः** आप दूसरों पर अपने शब्दों से प्रभाव डालेंगे लेकिन आपकी सेहत आपको सहयोग नहीं करेगी। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं।

**मकरः** आज आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए।

**कुंभः** बिजनेस में आत्मनिर्भरता रहेगी। नए लोगों से कॉन्टैक्ट बनेंगे। कामकाज बढ़ेगा।

**मीनः** सामान्य रूप से आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होगा। व्यापार के नए अनुबंध हो सकते हैं।

# कामधेनु लिमिटेड पंजाब में अपनी स्ट्रक्चरल स्टील व पाइप सेगमेंट की बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करेगा

चंडीगढ़। भारत की सबसे बड़ी निर्माता और रिटेल में ब्रांडेड टीएमटी बार की विक्रेता, कामधेनु लिमिटेड ने पंजाब में स्ट्रक्चरल स्टील सेगमेंट की अपनी बाजार हिस्सेदारी को और मजबूत करने के लिए व्यापार रणनीति की घोषणा की। इस रणनीति के अनुसार, कंपनी एक वर्ष में पंजाब में अपने स्ट्रक्चरल स्टील की उत्पादन क्षमता को लगभग 10 प्रतिशत और बढ़ाने की योजना बना रही है। कामधेनु ने गुणवत्ता वाले निर्माण सामग्री के निर्माता और आपूर्तिकर्ता के रूप में खुद को प्रमुख बना लिया है जो उपभोक्ताओं के लिए किफायती मूल्य स्तर पर है। इसके अलावा, कंपनी पंजाब में अपने डीलर और वितरक नेटवर्क को भी मजबूत करने की योजना बना रही है। अगले एक वर्ष में और अधिक डीलर और वितरक जोड़ने की योजना है। वर्तमान में कंपनी के पास राज्य में पहले से ही एक मजबूत डीलर और वितरकों का नेटवर्क मौजूद है।

कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, सुनील अग्रवाल ने कहा, पंजाब कामधेनु लिमिटेड के विकास के लिए महत्वपूर्ण बाजार है जहां इंफ्रास्ट्रक्टर और निर्माण उद्योग के लिए बहुत सारी संभावनाएं हैं। कामधेनु संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में पहले से ही देश में मजबूत मौजूदगी रखता है और इस विस्तार रणनीति के साथ, हम पंजाब में एक ठोस बाजार हिस्सेदारी को पकड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। यह हमारी संरचनात्मक इस्पात सेगमेंट में अपनी बाजार हिस्सेदारी को बढ़ाने की हमारी संपूर्ण रणनीति के साथ मेल खाता है।

# सोनीपत की मुख्य सड़कों को गड्ढा-मुक्त बनाने के लिए एसएमडीए ने शुरू किया विशेष अभियान: ए. मोना श्रीनिवासन

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से प्रदेश की सड़कों को गड्ढा मुक्त करने की दिशा में जिला सोनीपत में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। सानीपत की मुख्य सड़कों को गड्डों से मुक्त बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके तहत एसएमडीए की सीईओ ए मोना श्रीनिवास ने सोनीपत शहरी क्षेत्र की सड़कों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सोनीपत शहरी क्षेत्र की मुख्य सड़कों को गड्डों से मुक्त बनाने के लिए एसएमडीए प्रतिबद्ध है। अब तक, 90: सड़कें (27.025 किलोमीटर) गड्डों से मुक्त की जा चुकी हैं। एसएमडीए के अधिकारियों ने बताया कि जिन सड़कों पर गड्ढे या ऊबड़-खाबड़ स्थान पाए गए हैं, वहां मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि आमजन को भी सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। एसएमडीए के सीईओ ए. मोना श्रीनिवासन ने बताया कि सड़कों के बीच बने डिवाइडर (मीडियन) के किनारे बनी केर्ब चैनल का भी सौंदर्यकरण किया जा रहा है। इसके अलावा थर्मोप्लास्टिक पेंट और आवश्यक सड़क फर्नीचर भी लगाया जा रहा है। सड़क के किनारे (बर्म) की मरम्मत का काम भी किया जा रहा है। मुख्य सड़कों और डिवाइडर के किनारे लगे पेड़ों की छँटाई का काम भी किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत मुख्य मार्गों के साथ-साथ प्रधानमंत्री के प्रस्तावित रूट पर आने वाली सड़कों की सफाई, लाईन मार्किंग, साइन बोर्डों की मरम्मत एवं जलभराव निवारण के कार्य भी किए जा रहे हैं। एसएमडीए सीईओ ने सड़कों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे काम में तेजी लाएं और यह भी सुनिश्चित करें कि काम के निष्पादन के दौरान आम जनता को यातायात के दौरान किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो।

# डुलियाना स्कूल में एंटी ड्रग सेमिनार का आयोजन



अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डुलियाना में प्रहरी क्लब के तत्वावधान में एंटी ड्रग सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुलाना थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने शिरकत की और विद्यार्थियों को नशे के बढ़ते खतरे व इसके दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन, परिवार और समाज तीनों को बर्बाद कर देता है। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वे नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक कार्यो में अपनी ऊर्जा लगाएं। कार्यक्रम का संचालन प्रहरी क्लब इंचार्ज हरजिंदर सिंह वीरक ने किया। स्कूल प्रिंसिपल डालिया गोस्वामी ने थाना प्रभारी का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे सेमिनार विद्यार्थियों के मानसिक और सामाजिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे और सेमिनार को सफल बनाने में योगदान दिया।

# श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में युवा विचार संगोष्ठी का आयोजन

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्विद्यालय में सोमवार को वन नेशन वन इलेक्शन और पंच परिवर्तन के विषय पर युवा विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। अध्यक्षता सागर डागर ने की। युवा विचार संगोष्ठी में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता फणींद्र नाथ शर्मा ने युवाओं से वन नेशन वन इलेक्शन की महत्वता बताते हुए वन नेशन वन इलेक्शन के लाभों को युवाओं के साथ साझा किया और युवाओं से उनका मत भी लिया। उत्तर में युवाओं ने वन नेशन वन इलेक्शन की महत्वता समझते हुए हाथ उठाकर अपना समर्थन दिया। कार्यक्रम में 52 पाल ब्रज मंडल खाप के प्रधान अरुण जैलदार ने अपने वक्तव्य में युवाओं की भागीदारी और महत्वता का वर्णन किया। दुधौला गांव के सरपंच सुनील ने पंच परिवर्तन विषय पर विचार साझा किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक सागर डागर ने धन्यवाद करते हुए सभी युवाओं तरुनाई से वन नेशन वन इलेक्शन और पंच परिवर्तन के विषय को गांव गांव तक लेकर जाने की अपील की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश कुमार (कुलपति), विपिन बैंसला, भाई सन्नी नारा, बहन प्रसन्नता चांवरिया , भाई अक्षित दहिया, बहन मनु बल्हारा, गिर्राज डागर, सुभाष कत्याल, चरण सिंह तेवतिया, प्रताप कुंडू , बिजेंदर नेहरा, वीरपाल दीक्षित, दिनेश कौशिक , जगमोहन गोयल, कुलवंत, संसबीर, भाई माधव रावत, भाई ओमवीर खंडिया, भाई कौशल ठाकुर, भाई पवन डागर, भाई यश राणा, भाई अरुण फुटेला, भाई शिवदत्त फुटेला, भाई अर्जुन, भाई मनमोहन, भाई आयुष, भाई आकाश, भाई प्रियांशु, भाई हर्ष, भाई नवनीत कुंडू आदि व अन्य कई गांवों के युवा सरपंच उपस्थित रहे।

## नरवाना जंक्शन पर जीआरपी की बड़ी कार्रवाई

# दो युवक 42 किलो चूरापोस्त सहित गिरफ्तार, पांच दिन का रिमांड मंजूर

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



जींद। जीआरपी ने नरवाना जंक्शन पर दो युवकों को काबू कर उनसे 42 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया है। आरोपियों की पहचान मध्यप्रदेश के जिला रायसेन, गांव रामगढ़ा निवासी रितेश और सुनील के तौर पर हुई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। चूरापोस्त की कीमत करीब पौने दो लाख आंकी गई है।

जीआरपी रविवार शाम को जीआरपी प्लेटफार्म पर तैनात थी। इस दौरान निर्माणाधीन प्याऊ के पास दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में खड़े दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों युवकों को काबू कर उनके पास दो बैग मिले। उनकी तलाशी ली तो उसमें से 42 किलो चूरापोस्त बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान मध्यप्रदेश के जिला रायसेन, गांव रामगढ़ा निवासी रितेश और सुनील के तौर पर बताई। पुलिस ने चूरापोस्त कब्जे में लेकर दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह नशीला पदार्थ मध्यप्रदेश से लेकर आए थे और नरवाना में ही सप्लाई करना था।

चरण सिंह जीआरपी प्रभारी जींद ने बताया पुलिस ने जंक्शन नरवाना से दो युवकों को 42 किलोग्राम चूरापोस्त के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए पांच दिन के रिमांड पर लिया है। मामले की अन्य जानकारी के लिए आरोपियों को मध्यप्रदेश ले जाया जाएगा।

# मोदी का हनुमान क्षण : बाधाओं से भरी दुनिया में भारत की लंबी छलांग

जब पूरे भारत में दीप जलते हैं, तो रामायण का एक अमर दृश्य आज के समय से संवाद करता है। हनुमान जी अपने बल पर संदेह करते हुए सागर के किनारे खड़े हैं, जब तक कि जाम्बवंत उन्हें यह याद नहीं दिलाते कि वह ताकत तो पहले से ही उनके भीतर है। उसके बाद जो छलांग लगती है, वह कोई चमत्कार नहीं बल्कि आत्मविश्वास का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यही आत्मविश्वास भारत की अर्थव्यवस्था में जगाने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि भारत अपनी भीतरी शक्ति के सहारे वैश्विक चुनौतियों को पार कर सके। जैसे-जैसे दुनिया नई वीजा बाधाओं और शुल्कों के साथ सिमट रही है, तब मोदी के नेतृत्व में भारत अपने आत्मविश्वास को दुनिया के सामने ला रहा है। भारत विपरीत परिस्थितियों को आगे बढ़ने की ताकत में बदल रहा है।

हाल के महीनों में, अमेरिका ने नए एच-1बी वीज़ा आवेदनों पर 1,00,000 डॉलर की फ़ीस और ब्रांडेड व पेटेंट वाली दवाओं के आयात पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाया है। इन कदमों को रोज़गार सुरक्षा के नाम पर लिया गया बताया गया, लेकिन इसके पीछे एक गहरी चिंता छिपी है। यह है विकसित देशों में बढ़ता संरक्षणवाद और जनसंख्या से जुड़ी असुरक्षा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने इसका जवाब तीन ऐसे स्तंभों को मज़बूत बनाकर दिया है, जिन्हें कोई भी शुल्क प्रभावित नहीं कर सकता- पैमाना (स्केल), कौशल (स्किल) और आत्मनिर्भरता (सेल्फ रिलायंस)। दुनिया से भारत का अंतर बहुत साफ दिखाई देता है। चीन की आबादी तेज़ी से बूढ़ी हो रही है। वहां की औसत आयु अब 40 साल से ज़्यादा हो गई है, जबकि भारत में यह 29 साल से कम है। हमारे दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। इस युवा ऊर्जा को जब कौशल, शिक्षा और उद्यमिता के ज़रिए सही दिशा दी जाती है तो वो भारत को विश्व अर्थव्यवस्था का 'विकास इंजन' बनाती है। जब वैश्विक संस्थाएं बताती हैं कि पिछले साल दुनिया की कुल आर्थिक वृद्धि में भारत का योगदान 16 प्रतिशत से ज़्यादा था, तो यह कोई नारा नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक दशक के सुधार, निवेश और बुनियादी ढांचे के निर्माण का परिणाम है।

हाल के आंकड़े इस रफ्तार को और पुख्ता करते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के लिए भारत की जीडीपी अनुमान को बढ़ाकर 6.8 प्रतिशत किया है। इसके पीछे कारण बताए गए हैं- मज़बूत घरेलू मांग, स्थिर निवेश प्रवाह और अच्छे मानसून की उम्मीद। सितंबर में जीएसटी संग्रह 1.89 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगातार नौवां महीना है जब संग्रह 1.8 लाख करोड़ रु. से ज़्यादा रहा। यह दर्शाता है कि देश में खपत बढ़ रही है और टैक्स का दायरा भी फैल रहा है।

विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो लगभग 11 महीनों के आयात को कवर करने के लिए पर्याप्त है। वहीं जून तिमाही में विदेशी धन प्रेषण 33.2 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल की तुलना में काफी अधिक है। मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 57.7 और सर्विस सेक्टर पीएमआई 60.9 पर स्थिर रहा, जो यह फिर साबित करता है कि भारत दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है।

यह सकारात्मक रुझान बाज़ारों और सड़कों दोनों पर दिखाई दे रहा है। इस दशहरा सीज़न में खुदरा और ई-कॉमर्स बिक्री अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गई। उद्योग संगठनों जैसे कैट और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अनुसार बिक्री 3.7 लाख करोड़ रुपये को पार कर गई, जो पिछले साल से लगभग 15 प्रतिशत ज़्यादा है। सिर्फ ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर ही त्योहारों के पहले पंद्रह दिनों में 90,000 करोड़ रुपये से ज़्यादा का कारोबार हुआ। सबसे ज़्यादा मांग ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोना और कपड़ों में देखी गई। अब उम्मीद है कि दीवाली इस बार सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ देगी, जो न केवल उपभोक्ता विश्वास को दिखाता है, बल्कि सरकार के औपचारिक ऋण, डिजिटल भुगतान और ग्रामीण क्रय शक्ति बढ़ाने के लगातार प्रयासों की सफलता को भी दर्शाता है।

भारत की आर्थिक नींव अब मज़बूत हो चुकी है। पिछले दस वर्षों में भारत की जीडीपी लगभग दोगुनी हो गई है और अब वह दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुकी है। जल्द ही जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद है। विदेशी मुद्रा भंडार 600 अरब डॉलर से अधिक है। मुद्रास्फीति नियंत्रित है, और वित्तीय अनुशासन के साथ सरकार ने रिकॉर्ड सार्वजनिक पूंजीगत निवेश किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में, भारत का वस्तुओं और सेवाओं का समग्र निर्यात लगभग 825 बिलियन अमरीकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि अकेले व्यापारिक निर्यात लगभग 437 बिलियन अमरीकी डॉलर था। भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अब 220 गीगावॉट से अधिक हो गई है।

ये आंकड़े एक ही कहानी कहते हैं- एक ऐसे देश की, जो कभी नाजुक था, और अब एक मजबूत राष्ट्र बन गया है। ऐसे नेतृत्व में, जो दूरदृष्टि और क्रियान्वयन दोनों को साथ लेकर चलता है। यह दुखद सच्चाई है कि प्रधानमंत्री मोदी की आत्मनिर्भर भारत की सोच को कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए गलत तरीके से पेश कर रहे हैं। वे अब भी इसे बीसवीं सदी की पुरानी सोच से देख रहे हैं। आत्मनिर्भरता का मतलब अलग-थलग रहना नहीं है। आत्मनिर्भर भारत का असली अर्थ है- अपनी शक्ति को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना। यह वह ताकत है जो भारत को बराबरी के आधार पर



वैश्विक स्तर पर भागीदारी करने की क्षमता देती है।

इसका उद्देश्य है- भारत में बनाना, लेकिन दुनिया के लिए अवसरों को विकेन्द्रित करना, ताकि मूल्य उन तक पहुंचे जो उसे बनाते हैं और वैश्विक बाज़ारों में समान शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करना। मोबाइल फ़ोन, रक्षा उपकरण, चिकित्सा यंत्रों से लेकर सौर मॉड्यूल तक- उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजनाओं ने भारत में निवेश, रोज़गार और निर्यात तीनों को तेज़ी से बढ़ावा दिया है।

50, 000 करोड़ की लागत से अनुसंधान राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन, हमारे अनुसंधान और विकास तंत्र को नई ऊर्जा देने वाला कदम है। स्टार्टअप्स के लिए दूसरा फंड-ऑफ-फंड्स और पीएलआई योजनाओं का विस्तार भारत की तकनीकी नींव को और गहरा बनाएगा। यही है रणनीतिक स्वतंत्रता के रूप में आत्मनिर्भर भारत, जो आत्मविश्वास पर आधारित नीतियों के ज़रिए साकार और वैश्विक साझेदारियों के माध्यम से और भी मजबूत बनता है। प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत ने दुनिया का सबसे समावेशी डिजिटल सार्वजनिक ढांचा तैयार किया है। यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस अब वीज़ा की तुलना में अधिक दैनिक लेनदेन को संभालता है, जो प्रतिदिन 650 मिलियन से अधिक है। आधार, डिजिलॉकर और ओएनडीसी मिलकर एक ऐसा इकोसिस्टम बनाते हैं जो बड़े पैमाने पर नागरिकों, छोटे व्यवसायों और नवप्रवर्तकों को जोड़ता है। सिंगापुर, यूएई और अन्य के साथ यूपीआई की वैश्विक साझेदारियां दर्शाती हैं कि भारतीय नवाचार वैश्विक मानक स्थापित कर सकता है। यह है- तकनीक के रूप में शासन , सशक्तिकरण और निर्यात। इस पूरी कहानी के केंद्र में लोग ही हैं। हमारा प्रवासी भारतीय समुदाय, जो 3.2 करोड़ से अधिक है, दुनिया के सबसे सफल और सम्मानित समुदायों में से एक है। आज फार्च्यून 500 की 11 कंपनियां ऐसे भारतीय मूल के सीईओ के नेतृत्व में हैं, जिनका संयुक्त मार्केट कैपिटलाइजेशन 6 ट्रिलियन डॉलर से भी ज़्यादा है। उनकी यात्रा नए भारत की आकांक्षाओं को दर्शाती है- कुशल, आत्मविश्वासी और समाधान केंद्रित। साल 2024 में 135 अरब डॉलर की रक़म के रूप में आए धन प्रेषण सिर्फ़ आर्थिक प्रवाह नहीं हैं। वे भारत पर विश्वास का प्रतीक हैं। जैसा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कई बार कहा है- विदेश में रहने वाला भारतीय सिर्फ प्रवासी नहीं, बल्कि भारत के मूल्यों और उद्यमशीलता का दूत है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने इस फैली हुई वैश्विक ऊर्जा को घरेलू आधार प्रदान किया है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और स्किल इंडिया केवल अलग-अलग पहल नहीं हैं। ये एक जुड़ी हुई मूल्य श्रृंखला हैं- अवसर पहचानना, उद्यमिता को सक्षम बनाना, और प्रतिभा को तैयार करना। अगला कदम है- एक व्यापक वैश्विक कौशल मिशन, जो इन पहलों को एक ही ढांचे में एकजुट करेगा। इसमें शामिल होंगे। मानकीकृत पाठ्यक्रम, जो अंतरराष्ट्रीय प्रमाणपत्रों से मेल खाते हों, कर्मचारियों के लिए प्रस्थान पूर्व प्रशिक्षण, भाषा और सांस्कृतिक प्रशिक्षण, और पोर्टेबल सामाजिक सुरक्षा समझौते। ये सभी उपाय भारतीय कामगार को दुनिया भर में पसंदीदा पेशेवर बनाएंगे। यह एजेंडा पहले ही प्रधानमंत्री मोदी की कूटनीति के तहत बनाए गए कई जी2जी साझेदारियों के माध्यम से लागू हो रहा है।

इसलिए हनुमान की छलांग का प्रतीकात्मक महत्व उपयुक्त है। यह कोई विरोध का कार्य नहीं था, बल्कि कर्तव्य का निर्वाह था, जो आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से संभव हुआ। प्रधानमंत्री मोदी की शासन दर्शन भी इसी विश्वास पर आधारित है कि भारत की नियति अपने लोगों की संकल्पशक्ति और संभावनाओं को जागृत करने में निहित है। इन्फ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल रूपांतरण, हरित ऊर्जा और वैश्विक साझेदारियां इस जागृति के साधन हैं। जहाँ दूसरे दीवारें बनाते हैं, भारत क्षमता का निर्माण करता है। जहां दूसरे व्यापार को सीमित करते हैं, भारत अवसर बढ़ाता है। जहां दूसरे भविष्य से डरते हैं, भारत उसकी तैयारी करता है ।

हनुमान की छलांग स्मृति की पुनर्प्राप्ति थी। प्रधानमंत्री मोदी का प्रयास यही रहा है कि भारत की क्षमता की राष्ट्रीय स्मृति को फिर से जागृत किया जाए। जब दूसरे दीवारें खड़ी करते हैं, तो भारत क्षमता का निर्माण करता है। जहां दूसरे अवसर सीमित करते हैं, भारत उन्हें बढ़ाता है। यही तरीका है जिससे सभ्यता में निहित आत्मविश्वास आधुनिक प्रतिस्पर्धात्मक ताकत में बदल जाता है। जैसे-जैसे हम दिवाली के करीब आ रहे हैं, यह याद रखना ज़रूरी है कि हनुमान की छलांग ने समुद्र को छोटा नहीं किया, बल्कि उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया। दुनिया नई बाधाएं खड़ी कर सकती है, लेकिन भारत के पास आज ऊंचा उठने के लिए नेतृत्व, लचीलापन और उद्देश्य है। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के मार्गदर्शन में, यह ऐसा देश है, जो किनारे पर नहीं रुकेगा। यह अपनी ताकत को याद रखता है और आगे छलांग लगाता है।

**-हरदीप एस. पुरी**
**(लेखक, केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)**

# एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में और व्यवस्थित होगी इन्वेस्ट यूपी : मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को सम्पन्न इन्वेस्ट यूपी शासी निकाय की पहली बैठक में प्रदेश के औद्योगिक निवेश ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में इन्वेस्ट यूपी के पुनर्गठन प्रस्ताव को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति दी। नए ढांचे के तहत टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, केमिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स और सर्विस सेक्टर जैसे क्षेत्रों में विशेषज्ञ सेल गठित किए जाएंगे। साथ ही मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई और नई दिल्ली में सैटेलाइट इन्वेस्टमेंट प्रमोशन ऑफिस स्थापित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से घरेलू और वैश्विक निवेशकों से सीधा संवाद स्थापित कर उत्तर प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन कार्यालयों के संचालन में पारदर्शिता, दक्षता और परिणामोन्मुखी दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्गठन का उद्देश्य इन्वेस्ट यूपी को अधिक कार्यकुशल, विशेषज्ञता-आधारित और निवेशक-केंद्रित संस्था के रूप में विकसित करना है। बैठक में 11 महाप्रबंधक/सहायक महाप्रबंधक पदों पर कार्योत्तर स्वीकृति दी गई। साथ ही, दो संयुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी (पीसीएस संवर्ग) को प्रतिनियुक्ति पर तैनात करने तथा भूमि बैंक प्रकोष्ठ गठित करने का निर्णय लिया गया, जिसमें दो पीसीएस अधिकारी (उपजिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी स्तर) तैनात होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नया ढांचा इन्वेस्ट यूपी को एक 'एकल निवेश सुविधा एजेंसी' के रूप में सशक्त बनाएगा, जो न केवल निवेश आकर्षित करेगी बल्कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन तक उनकी सक्रिय निगरानी भी सुनिश्चित करेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इस ढांचे को त्वरित प्रभाव से लागू किया जाए और प्रत्येक प्रकोष्ठ का कार्यक्षेत्र स्पष्ट रूप से परिभाषित हो, ताकि निवेश संवर्धन की दिशा में समन्वित और परिणामोन्मुख व्यवस्था विकसित हो सके।

बैठक में बताया गया कि बीते कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने औद्योगिक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2024-25 में लगभग 4,000 नई फैक्ट्रियाँ स्थापित हुईं, जिससे कुल संख्या लगभग 27,000 तक पहुँच गई है। वर्ष 2022-23 तक प्रतिवर्ष औसतन 500 नई इकाइयाँ स्थापित हो रही थीं, जिनमें अब कई गुना वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 'रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म' मंत्र के सफल क्रियान्वयन से राज्य के औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र में आए सकारात्मक परिवर्तन का प्रमाण है।

बैठक में निवेश प्रोत्साहन और सुविधा व्यवस्था की समीक्षा की गई। बताया गया कि फॉर्च्यून 1000 सूची की 814 कंपनियों को अकाउंट मैनेजर आवंटित किए गए हैं। अब तक 50 नए एमओयू हस्ताक्षरित हो चुके हैं तथा 280 से अधिक कंपनियों से संवाद प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशक इकाइयों को भूमि, सब्सिडी आदि के साथ-साथ प्रशिक्षित मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए भी संवाद बढ़ाया जाए।

ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में औद्योगिक निवेश अब नीतिगत प्रतिबद्धता नहीं, बल्कि 'ग्राउंड लेवल डिलीवरी' का उदाहरण बन चुका है। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल 3.0 के माध्यम से आवेदन, स्वीकृति और प्रोत्साहन की प्रक्रिया को और सरल किया जा रहा है, जिससे 30त्र तक प्रक्रिया समय और 50त्र तक दस्तावेजी औपचारिकताओं में कमी आएगी। पोर्टल में सिंगल साइन-ऑन, डायनेमिक एप्लीकेशन सिस्टम, एआई आधारित चैटबॉट, थर्ड पार्टी इंस्पेक्शन और डिजिटल मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएँ शामिल की जा रही हैं, जो निवेशकों के अनुभव को और अधिक सुगम बनाएंगी।

## मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों को निर्देश दिया कि वे मासिक लक्ष्य निर्धारित करें और स्वीकृत परियोजनाओं की 'लेटर्स ऑफ कम्फर्ट' जारी करने की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से पूरी करें। उन्होंने कहा कि नीति के अनुरूप देय इंसेंटिव बिना किसी बाधा के समय पर वितरित किए जाएँ तथा इंडस्ट्रियल बिल्डिंग बायलॉज को और अधिक व्यावहारिक एवं निवेशक हितैषी बनाया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि फोकस कंट्री डेस्क के माध्यम से जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, फ्रांस, रूस, ताइवान, सिंगापुर और खाड़ी देशों के निवेशकों से सक्रिय संवाद स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वैश्विक मंचों पर उत्तर प्रदेश की औद्योगिक छवि को और सुदृढ़ किया जाए तथा प्रत्येक कंट्री डेस्क ठोस निवेश परिणामों पर कार्य करे। मुख्यमंत्री ने यूपीडा, यूपीसीडा, बीडा और अन्य औद्योगिक प्राधिकरणों को ऑटोमोबाइल, फार्मा, इलेक्ट्रॉनिक्स और लेदर जैसे क्षेत्रों में क्लस्टर आधारित औद्योगिक विकास पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में यह जानकारी भी दी गई कि औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के पास 25,000 एकड़ से अधिक ग्रीनफील्ड भूमि तथा 6,300 एकड़ से अधिक रेडी-टू-मूव भूमि निवेश हेतु उपलब्ध है। 33,000 से अधिक औद्योगिक भूखंडों का सर्वेक्षण पूरा किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भूमि अधिग्रहण के मामलों में किसानों व व्यापारियों से सीधा संवाद किया जाए और उन्हें उचित मुआवजा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सर्किल रेट की असमानताओं को समाप्त करने और अप्रयुक्त औद्योगिक भूखंडों को निर्धारित समय सीमा के बाद निरस्त कर नए निवेशकों को आवंटित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने 'सेफ सिटी' की तर्ज पर 'सेफ इंडस्ट्री' की परिकल्पना रखी। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए, सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम हों, ताकि निवेशक और उद्यमी निश्चिंत होकर कार्य कर सकें। उन्होंने औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के अधीन क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

# विशाखापत्तनम में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निजीकरण के खिलाफ 1 करोड़ हस्ताक्षरों का जन आंदोलन शुरू

अर्थ प्रकाश /बोम्मा रेड्डी



विशाखापटणम। राज्य में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निजीकरण के खिलाफ एक जन आंदोलन शुरू हो गया है। आज, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के विशाखापत्तनम जिला अध्यक्ष और विशाखापत्तनम उत्तर निर्वाचन क्षेत्र के समन्वयक श्री के.के. राजू के तत्वावधान में जिला पार्टी कार्यालय में विशाखापत्तनम उत्तरी क्षेत्र में सरकारी मेडिकल कॉलेजों के निजीकरण के खिलाफ श्जन आंदोलनश् का पोस्टर अनावरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए. के. के. राजू ने कहा कि वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने राज्य स्तर से लेकर ग्राम स्तर तक एक करोड़ हस्ताक्षर एकत्र करने के लिए 45 दिवसीय कार्यक्रम शुरू किया है। लोगों के स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा और सरकारी मेडिकल कॉलेजों को निजी हाथों में सौंपने की साजिशों को विफल करने के लिए यह आंदोलन पूरे राज्य में जोरदार तरीके से जारी रहेगा। बुद्धिजीवियों, जन संगठनों, विभिन्न राजनीतिक दलो और आम जनता को हस्ताक्षर एकत्र करने में भाग लेना चाहिए।

सरकारी मेडिकल कॉलेज ऐ जनता की संपत्ति हैं हम किसी भी हालत में उनका निजीकरण स्वीकार नहीं करेंगे। तेलुगु देशम पार्टी गठबंधन की भाजपा के से ही आंध्र प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री है तथा यह कुछ चक्र भी भाजपा का ही हो सकता हैक्या कर लोगों शंका कर रहे हैं। भाजपा पिछले 11 वर्षों से केंद्र में सत्ता में है। भाजपा कई राज्यों में सत्ता में है। क्या आपने किसी भी ऐसे राज्य में जहाँ भाजपा सत्ता में है, सरकारी मेडिकल कॉलेज निजी व्यक्तियों को सौंपे हैं? आआंध्र प्रदेश में सरकारी मेडिकल कॉलेज निजी व्यक्तियों को क्यों सौंपे जा रहे हैं? आंध्र प्रदेश आपके लिए कितना छोटा राज्य है। आंध्र प्रदेश के तुराकापालेम में डायरिया का एक मामला सामने आया कुरुपम में, एक आदिवासी बालक छात्रावास में लगभग सौ लड़कियों बीमार श्री और दो लडकियों की उचित उपचार न मिलने के कारण मृत्यु हो गई। वहाँ उचित चिकित्सा सुविधा नहीं है और उन्हें इलाज के लिए विशाखापत्तनम लाया जा रहा है। उसी जगन ने कहा कि अगर आपने पार्वतीपुरम, विजयनगरम जिलो में शुरू किए गए मेडिकल कॉलेजों को पूरा कर लिया होता, तो उन्हें वहाँ बेहतर उपचार मिलता। डिप्टी मेयर कटुमुरी सतीश, फ्लोर लीडर बनाला श्रीनिवास राव, डिप्टी फ्लोर लीडर अल्लू शंकर राव, स्थायी समिति सदस्य सादी पद?मा रेड्डी, पार्षद के. अनिल कुमार राजू, रेयी वेंकटरमण, बरकत अली, के.पी.एन. शशिकला. सह-विकल्प सदस्य सेनापति अप्पाराव, राज्य संयुक्त सचिव किरण राजू, एसईसी सदस्य पीला वेंकटलक्ष्मी, स्वैच्छिक विभाग जोनल अध्यक्ष एम. सुनील कुमार, जिला संबद्ध विभाग अध्यक्ष नीली रवि, करी राम रेड्डी, वार्ड अध्यक्ष गुज्जू वेकट रेड्डी, पैदी रमण, बोदेती किरण, बालिरेड्डी गोविंद, के. सुकुमार, पूर्व नगरसेवक वल्ली रामकृष्ण रेड्डी, निर्वाचन क्षेत्र संबद्ध एसोसिएशन के अध्यक्ष राघबुलु, पी. अप्पाराव मास्टर, शेख बबजी, नीलापु ईश्वरखु, हरिपत्नायक, मुव्वला संतोष, हरिकृष्ण, बिलाल, बी. सतीश, लक्ष्मण, बाधा श्रीनु, कोट्यादा सूर्या, साई, ऋषिकेष और अन्य ने भाग लिया।

# सीआईआई चंडीगढ़ फेयर 2025 का समापन, व्यापार संस्कृति और नवाचार का अनोखा संगम



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सीआईआई द्वारा आयोजित सीआईआई चंडीगढ़ फेयर 2025 का भव्य समापन हो गया है, जो क्षेत्र के प्रमुख कंज्यूमर और लाइफस्टाइल प्रदर्शनी का एक और मील का पत्थर साबित हुआ। 10 से 13 अक्टूबर तक सेक्टर 17 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित इस चार दिवसीय मेले में देश भर से प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नवाचार, उद्यमशीलता व सांस्कृतिक जीवंतता का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला। इस वर्ष के संस्करण में देश के कोने-कोने से आए प्रदर्शकों ने हिस्सा लिया और घरेलू सजावट, फैशन, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, वेलनेस और क्षेत्रीय हस्तशिल्प जैसे विविध क्षेत्रों की झलक प्रस्तुत की। रंग-बिरंगे स्टॉल्स, एक्सक्लूसिव उत्पाद लॉन्च और त्योहारों के विशेष ऑफर्स के साथ यह मेला उपभोक्ताओं और ब्रांडों के बीच जुड़ाव का केंद्र बन गया, जिसने त्रिसिटी और आस-पास के राज्यों से हज़ारों आगंतुकों को आकर्षित किया।

मेले के थीम आधारित पवेलियनों ने खासतौर पर स्मार्ट लिविंग नवाचारों, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों और भारत के पारंपरिक शिल्पकला को उजागर किया, जिससे आगंतुक खासे प्रभावित दिखे। मोहाली से आए एक आगंतुक ने कहा, ÷चंडीगढ़ फेयर एक अद्भुत अनुभव रहा – एक ही छत के नीचे इतने अनोखे उत्पाद! मेरी योजना से कहीं ज्यादा शॉपिंग हो गई। खरीदारी के अलावा चंडीगढ़ फेयर 2025 ने एमएसएमई और महिला उद्यमियों को समर्थन देना जारी रखा, जिससे उन्हें व्यापक दर्शकों के साथ जुड़ने और अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक प्रीमियम प्लेटफॉर्म मिला। जैसे ही चंडीगढ़ फेयर 2025 का समापन हुआ, इसने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि यह मेला संस्कृति, वाणिज्य और सामुदायिक भावना का एक प्रतिष्ठित उत्सव बन चुका है।

# जियो पेमेंट्स बैंक 'एडवांस इलेक्ट्रोनिक टोल कलेक्शन' का करेगा इस्तेमाल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

मुंबई। जियो पेमेंट्स बैंक को फ़ास्टैग ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन पर आधारित मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोल कलेक्शन सिस्टम को लागू करने के लिए दो टोल प्लाज़ा का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। जियो पेमेंट्स बैंक, एक डिजिटल-फर्स्ट पेमेंट्स बैंक है और जियो फ़ाइनेंशियल सर्विसेज़ लिमिटेड की सहायक कंपनी है। इसे गुरुग्राम - जयपुर के बीच शाहजहांपुर और मनोहरपुरा में प्रबंधन के लिए दो टोल प्लाज़ा मिले हैं । मल्टीलेन, फ़्री फ़्लो टोलिंग सिस्टम, टोल वसूल करने का एक तरीका है जिसमें वाहन की पहचान कर उसे क्लासिफ़ाई करना और टोल चार्ज करना शामिल है। इस नई व्यवस्था में टोल प्लाजा पर गाड़ियों को रोकने, धीरे करने या किसी तय लेन में जाने की ज़रूरत नहीं पड़ती। वाहनों से टोल चार्ज करने के लिए रेडियो फ़्रीक्वेंसी की पहचान, एएनपीआर, डेडिकेटेड शॉर्ट रेंज कम्युनिकेशन और ग्लोबल नैविगेशन सैटेलाइट सिस्टम का इस्तेमाल किया जाता है। इस तकनीक के इस्तेमाल से वाहनों को टोल प्ला?ा पर रुकना नहीं पड़ेगा और यातायात सुचारु रूप से चलता रहेगा। जियो पेमेंट्स बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ विनोद ईश्वरन ने कहा, ÷हमारा मिशन हर पेमेंट को डिजिटल बनाना, ढांचागत सुविधाओं को देश के कोने-कोने में पहुंचाना और देश के नागरिकों को बेहतर फाइनेंशियल सर्विस देना है। हम मोबिलिटी की क्षमता को लगातार बड़ा रहे हैं ताकि टोल वसूल करने का काम बेहतर तरीके से किया जा सके।

# 70वां हुंडई फिल्मफेयर 2025 : 'लापता लेडीज' बेस्ट फिल्म, अभिषेक बच्चन और कार्तिक आर्यन बेस्ट एक्टर

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**चंडीगढ़।** अहमदाबाद के ईका एरिना, कांकरीया लेक में 70वां हुंडई फिल्मफेयर अवॉर्ड्स 2025 विद गुजरात टूरिज्म का भव्य समापन हुआ। इस रात बॉलीवुड के बड़े सितारों, शानदार परफॉर्मेंस और भावुक ट्रिब्यूट्स से जगमगा उठी। 'लापता लेडीज' को बेस्ट फिल्म का अवॉर्ड मिला। अभिषेक बच्चन को 'आई वॉन्ट टू टॉक' और कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' के लिए बेस्ट एक्टर (मेल) का पुरस्कार मिला, जबकि आलिया भट्ट को 'जिगरा' के लिए बेस्ट एक्टर (फीमेल) का अवॉर्ड मिला। शाम की शुरुआत एक शानदार ड्रोन शो से हुई और शाहरुख खान ने 'जवान' के टाइटल ट्रैक पर ग्रैंड एंट्री ली। अक्षय कुमार, अनन्या पांडे, कृति सेनन और सिद्धांत चतुर्वेदी ने अपने ऊर्जा और डांस से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अभिषेक बच्चन ने अपने पिता अमिताभ बच्चन को सम्मानित किया और स्टेज पर अपने करियर का पहला बेस्ट एक्टर अवॉर्ड जीतने पर भावुक स्पीच दी। शाहरुख और काजोल ने 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कभी खुशी कभी गम' के मशहूर पलों को जीवंत किया। मनीष पॉल और राजकुमार राव ने स्टेज पर हल्का-फुल्का मनोरंजन प्रस्तुत किया। इस अवॉर्ड नाइट ने ग्लैमर, टैलेंट और सिनेमा की यादगार उपलब्धियों का अद्भुत संगम पेश किया।

# सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने सेवक-रंगपो रेल परियोजना का किया निरीक्षण, 14 सुरंगों व 23 पुलों का निर्माण लगभग पूरा

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



मालीगांव। सिक्किम के राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर ने पाक्योंग जिला अंतर्गत खनिखोला, रंगपो में सेवक-रंगपो रेल लाइन परियोजना का निरीक्षण किया और रणनीतिक रूप से इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उनके साथ माननीय लोकसभा सांसद डॉ. इंद्र हांग सुब्बा, पाक्योंग के जिला अधिकारी रोहन अंगवाडे और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद थे। इस दौरान, माननीय राज्यपाल ने परियोजना की स्थिति का आकलन करने और इसके प्रमुख विकास कार्यों की समीक्षा करने के लिए पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की।

परियोजना की प्रगति पर एक विस्तृत प्रस्तुति एनएफआर के महाप्रबंधक (निर्माण) अरुण कुमार चौधरी और इरकॉन इंटरनेशनल लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हरि मोहन गुप्ता द्वारा दी गई। अधिकारियों ने राज्यपाल को अब तक की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी, जिसमें 14 सुरंगों और 23 पुलों जैसे प्रमुखघटकों का निर्माण कार्य लगभग पूरा होना शामिल है, साथ ही कार्य की गति को प्रभावित करने वाली विभिन्न चुनौतियों का भी उल्लेख किया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि सेवक-रंगपो रेल परियोजना राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय सुरक्षा को मज़बूत करनेऔर औद्योगिक विकास एवं रोज़गार के अवसरों को बढ़ावा देने में एक परिवर्तनकारी भूमिका निभाएगी। उन्होंने एनएफआर, इरकॉन और सभी परियोजना कर्मियों के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की और उनसे गुणवत्ता, सुरक्षा और समय पर कार्यान्वयन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने का आग्रह किया।

इस परियोजना को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूर्वोत्तर में बेहतर कनेक्टिविटी के विजन का प्रतिबिंब बताते हुए, माननीय राज्यपाल ने कहा कि सेवक-रंगपो रेल लाइन45 किलोमीटर लंबी है, जिसमें 41.5 किलोमीटर हिस्सा पश्चिम बंगाल और 3.5 किलोमीटर हिस्सा सिक्किम में है। इस हिमालयी राज्य को पहली बार यह परियोजना राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। यह परियोजना निर्धारित समय पर पूर्ण होने का विश्वास व्यक्त करते हुए, उन्होंने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे और इस महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना को साकार करने में शामिल सभी एजेंसियों को अपना पूर्ण सहयोग करने पर जोर दिया।

# हरभजन सिंह ईटीओ ने अधिकारियों को दिए नगर कीर्तन के सुरक्षित व सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश

लोक निर्माण मंत्री ने श्री आनंदपुर साहिब की ओर जाने वाले सड़क नेटवर्क की समीक्षा की

राज्यभर के राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी पर्व के मद्देनज़र महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने अधिकारियों को राज्यभर में आयोजित किए जा रहे नगर कीर्तनों के सुरक्षित और सुगम मार्ग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण मंत्री ने पंजाब सड़क एवं पुल विकास बोर्ड, एस.ए.एस. नगर में हुई बैठक के दौरान श्री आनंदपुर साहिब को जोड़ने वाले संपूर्ण सड़क नेटवर्क की समीक्षा की और राष्ट्रीय राजमार्गों व प्रमुख सड़कों की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी। उन्होंने इस पवित्र अवसर के मद्देनज़र राज्यभर में आयोजित हो रहे नगर कीर्तनों के मार्गों से संबंधित सड़क नेटवर्क का भी मूल्यांकन किया। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि तुरंत और सुव्यवस्थित तालमेल के लिए नगर कीर्तन के मार्ग पहले ही सभी संबंधित विभागों के साथ साझा किए जा चुके हैं। लोक निर्माण मंत्री को बताया गया कि मरम्मत और रखरखाव के कार्यों के लिए टेंडर आमंत्रित किये जा चुके हैं और नगर कीर्तनों के निर्विघ्न संचालन के लिए सभी परियोजनाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी। हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने जम्मू-कश्मीर सीमा से होते हुए दसूहा, गुरदासपुर से अमृतसर, कपूरथला से श्री आनंदपुर साहिब वाया बंगा और बलाचौर, तलवंडी साबो से बनूर वाया बठिंडा, बरनाला, संगरूर, पटियाला और फरीदकोट से सरहिंद वाया फिरोजपुर, मोगा, जगराओं, लुधियाना, खन्ना और बनूर से श्री आनंदपुर साहिब वाया कुराली और रूपनगर तक प्रमुख मार्गों से जुड़े राष्ट्रीय राजमार्गों की स्थिति पर रिपोर्ट मांगी। कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों के इन हिस्सों से सटी सर्विस लेनों का उचित रखरखाव किया जाए क्योंकि नगर कीर्तन के दौरान मुख्य रूप से इन्हीं सर्विस लेनों का उपयोग किया जाएगा। एन.एच.ए.आई. के परियोजना निदेशकों ने बताया कि अधिकांश क्षेत्रों में सड़कें अच्छी स्थिति में हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि फुटपाथ, साइनबोर्ड और हाईवे लाइटों समेत सभी मरम्मत कार्य समय पर पूरे कर लिए जाएंगे।

श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने नगर कीर्तनों के सुरक्षित और सुगम मार्ग को सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पानी जमा होने से रोकने के लिए सड़कों के किनारे बने पक्के नालों की सफाई की जाए और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए इन्हें प्रीकास्ट स्लैब से ढका जाए। लोक निर्माण मंत्री ने यह भी कहा कि किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए इन मार्गों के साथ-साथ ओवरहेड और साइड बिजली ट्रांसमिशन लाइनों को सुरक्षित ऊंचाई तक उठाया जाए।

उन्होंने आगे निर्देश दिया कि सड़कों के किनारे पेड़ों की शाखाओं की छंटाई प्राथमिकता के आधार पर की जाए। लोक निर्माण मंत्री ने विभागीय इंजीनियरों को निर्देश दिया कि नगर कीर्तनों के सुचारू संचालन के लिए वे एएच.एआई., एमओआरटी-एच, पीएसपीसीएल, पीएसटीसीएल ड्रेनेज और वन विभाग सहित सभी संबंधित एजेंसियों के साथ निकट समन्वय बनाए रखें। बैठक में लोक निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव अमरबीर सिद्धू, इंजीनियर-इन-चीफ गगनदीप सिंह, मुख्य इंजीनियर रामतेश बैंस और अनिल गुप्ता सहित लोक निर्माण विभाग (बी एंड आर) के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त, बैठक में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एन.एच.ए.आई.) के परियोजना निदेशक भी मौजूद थे।

### हरभजन सिंह ई.टी.ओ., डॉ. रवजोत सिंह और मोहिंद्र भगत द्वारा वाई. पूरन कुमार के परिवार से मुलाकात



पंजाब के कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ., डॉ. रवजोत सिंह और मोहिंद्र भगत ने आज दिवंगत आई.पी.एस. अधिकारी वाई. पूरन कुमार के परिवार से मुलाकात कर दुख साझा किया। हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने इस अवसर पर परिजनों को भरोसा दिलाया कि पंजाब सरकार उन्हें न्याय दिलाने के लिए पूरी तरह से वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद है कि एक योग्य अधिकारी को जातीय भेदभाव का शिकार बनाया गया, जो भारत के संविधान की मूल भावना के विपरीत है। हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि वाई. पूरन कुमार की मृत्यु के बाद उनके परिवार को जो कुछ सहना पड़ रहा है, उसे देखकर दुख और बढ़ जाता है। उन्होंने हरियाणा सरकार और चंडीगढ़ प्रशासन से अपील की कि इस मामले में कार्रवाई को तेज़ी से आगे बढ़ाया जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद मिल सके।

# पुलिस ने गुप्त सूचना पर नशेड़ी को रंगे हाथ किया काबू

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला किया दर्ज़, आरोपी को गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 13 अक्तूबर।** मोहाली पुलिस ने नशे के खिलाफ जारी अपने अभियान में ज़ीरकपुर के दशमेश कॉलोनी निवासी एक नशेड़ी को रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी को ढकोली में एक बंद पड़े होटल के बाहर नशे की हालत में काबू किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 के तहत मामला दर्ज़ किया गया है।

यह घटना 05 अक्टूबर 2025 की शाम करीब 6.30 बजे की है। हेड कॉन्स्टेबल अवतार सिंह (HC/1436), एएसआई बलजीत सिंह और सिपाही संदीप कुमार समेत पुलिस पार्टी गश्त पर थी, तभी ढकोली स्थित एमएस गेट, पुराना अंबाला कालका रोड पर एक मुखबिर ख़ास ने हेड कॉन्स्टेबल अवतार सिंह को गुप्त सूचना दी।

मुखबिर ने पुलिस को बताया कि दशमेश कॉलोनी, ज़ीरकपुर का रहने वाला कुलविंदर सिंह पुत्र बलवीर सिंह हेरोइन (चिट्टा) का आदी है और आज भी वह ढकोली के बंद पड़े 'होटल मार्क रॉयल' के बाहर नशे की हालत में बैठा है। मुखबिर ने कहा कि अगर अभी रेड की जाए तो आरोपी नशे की हालत में पकड़ा जा सकता है।

### मौके पर ही दर्ज़ हुआ मुक़दमा

सूचना को पुख़्ता मानते हुए, हेड कॉन्स्टेबल अवतार सिंह ने तुरंत %रक्का% (प्राथमिक रिपोर्ट) टाइप किया, जिसमें कहा गया कि कुलविंदर सिंह का हेरोइन का नशा करना एनडीपीएस एक्ट की धारा 27 के तहत अपराध है। उन्होंने रक्का को तुरंत सिपाही संदीप कुमार के हाथों ढकोली थाने भेजा ताकि आरोपी कुलविंदर सिंह के खिलाफ मुक़दमा दर्ज़ किया जा सके। थाना ढकोली के मुख्य अफ़सर को सूचना दी गई और कंट्रोल रूम के जरिए वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित किया गया। मुक़दमा दर्ज़ होने के बाद, हेड कॉन्स्टेबल अवतार सिंह अपनी टीम के साथ तुरंत होटल मार्क रॉयल ढकोली के लिए रवाना हो गए और आरोपी को मौके पर ही काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की तफ्तीश शुरू कर दी है।

# गोल्डन सैंड सोसाइटी में सजी रौनक-बंपर दिवाली मेले में उमड़ा उत्साह

50 से ज़्यादा स्टॉल्स और 110 इनाम बने आकर्षण का केंद्र

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा




**जीरकपुर, 13 अक्तूबर।** ज़ीरकपुर के ढकोली क्षेत्र स्थित ओल्ड कालका रोड पर गोल्डन सैंड सोसाइटी में रविवार को वार्षिक बंपर दिवाली मेले का भव्य आयोजन हुआ। इस मेले में न सिर्फ सोसाइटी के निवासी बल्कि आसपास की अन्य सोसाइटियों के स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। रंग-बिरंगी लाइटों, संगीत, तम्बोला गेम्स और आकर्षक सजावट से सजी सोसाइटी में शाम का नज़ारा देखते ही बनता था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संजीव खन्ना द्वारा रिबन काटकर किया गया। उन्होंने बताया कि गोल्डन सैंड सोसाइटी में हर वर्ष दिवाली से पहले इस मेले का आयोजन किया जाता है ताकि सोसाइटीवासियों को उत्सव का आनंद घर के पास ही मिल सके। उन्होंने कहा, 'हमारी कोशिश रहती है कि इस मेले के माध्यम से लोगों को एक सुरक्षित, आनंददायक और पारिवारिक माहौल मिले। एंट्री हमेशा निशुल्क रखी जाती है ताकि हर वर्ग का व्यक्ति भाग ले सके।'

मेले में 50 से ज़्यादा स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें घरेलू सामान, हस्तशिल्प, कपड़े, खिलौने और सजावटी वस्तुएँ आकर्षण का केंद्र रहीं। खास बात यह रही कि सभी स्टॉल्स पर सामान रियायती दरों पर उपलब्ध था, जिससे लोगों ने जमकर खरीदारी की। महिलाओं के लिए आयोजित तम्बोला गेम में सैकड़ों प्रतिभागियों ने भाग लिया, जबकि बच्चों के लिए विशेष फन गेम्स ज़ोन बनाया गया था।

कार्यक्रम में 110 से अधिक लकी ड्रॉ पुरस्कार दिए गए, जिनमें प्रमुख इनाम Samsung Smart TV (32 इंच) रहा। पुरस्कार वितरण के दौरान माहौल में उत्साह और खुशी की लहर दौड़ गई।

संजीव खन्ना ने बताया कि इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में सोसाइटी की आर.डब्ल्यू.ए. टीम का अहम योगदान रहा। उन्होंने विशेष रूप से एस.बी. शर्मा, रेनू खन्ना, इंदु, राकेश अरोड़ा, मीनाक्षी, दीपक सेठी, प्रनीत विग, साहिल, रजत गुप्ता, राज कम्बले और अक्षिता के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज में मेल-जोल और खुशहाली का संदेश देते हैं और आने वाले वर्षों में भी गोल्डन सैंड सोसाइटी का दिवाली मेला और भव्य रूप में मनाया जाएगा।

ज़ीरकपुर की नई एएसपी की नाइट क्लबों को सख्त चेतावनी

# नियमों का करो पालन, वरना होगी कड़ी कार्रवाई

सिर्फ़ दो क्लबों को रात 3 बजे तक की अनुमति

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 अक्तूबर।** जीरकपुर की नवनियुक्त (एएसपी) आईपीएस गजलप्रीत कौर ने कार्यभार संभालते ही देर रात तक खुले रहने वाले नाइट क्लब मालिकों को सखूत हिदायत दी है कि वे सरकार द्वारा निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन करें। एएसपी ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी क्लब को बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एएसपी गजलप्रीत कौर ने बताया कि पिछले दिनों जगुआर क्लब में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े के आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने ज़ीरकपुर के सभी नाइट क्लब मालिकों के साथ बैठक कर उन्हें अपने लाइसेंस और प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, जिनमें क्लब खोलने और बंद करने का समय स्पष्ट रूप से दर्ज हो।

एएसपी ने बताया कि ज़ीरकपुर में केवल दो क्लबों - जगुआर और म्याऊं - को ही देर रात 3 बजे तक खुले रहने की अनुमति है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि ये क्लब भी तय समय से अधिक देर तक खुले पाए गए, तो उन पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्लब मालिकों को हिदायत दी कि वे बंद होने के समय से एक घंटा पहले ही अपना सामान समेटना शुरू कर दें, जिसके बाद पुलिस किसी की दलील नहीं सुनेगी और सीधा मामला दर्ज किया जाएगा।

### अवैध शराब परोसने वाले ढाबों पर भी शिकंजा

देर रात तक अवैध शराब परोसने वाले ढाबों के सवाल पर एएसपी ने कहा कि वे आबकारी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे ढाबों के खि़लाफ़ भी कार्रवाई करेंगी। उन्होंने ज़ोर दिया कि ज़ीरकपुर में कानून-व्यवस्था को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। इसी क्रम में उन्होंने मार्केट एसोसिएशनों के अध्यक्षों के साथ भी बैठक कर चोरी जैसी घटनाओं पर रोक लगाने के लिए चौकीदार रखने के निर्देश दिए हैं।

### सड़कों पर शराब पीने वालों पर होगी सख्त रोक

एएसपी गजलप्रीत कौर ने यह भी बताया कि पुलिस बल की कमी के बावजूद संवेदनशील इलाकों में नियमित गश्त की जाएगी। उन्हें लोहगढ़ रोड, नाभा-भबात रोड और वीआईपी रोड से शिकायतें मिल रही हैं कि लोग सड़कों पर गाड़ियों में शराब पीते हैं। इस पर सख़्त रोक लगाई जाएगी। अंत में उन्होंने ज़ीरकपुर के निवासियों से अपील की कि वे पुलिस का सहयोग करें ताकि शहर में बढ़ रहे अपराधों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

# बीबीएसबी कॉन्वेंट स्कूल,जगराओं सिधवां बेट में बच्चों को दिखाया गया सरस मेला



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 13 अक्टूबर।** जगराओं.वी.बी.एस.बी.कॉन्वेंट स्कूल सिधवां बेट जो शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान बन चुका है, शिक्षा के साथ-साथ स्कूल परिसर में समाज को दिशा देने वाली गतिविधियाँ भी संचालित करता है। इसी श्रृंखला के अंतर्गत, स्कूल के बच्चों को लुधियाना में चल रहे सरस मेले का दर्शन कराया गया। इसके लिए कक्षा छठी से बारहवीं तक के बच्चों को अध्यापक के साथ स्कूल बस में लुधियाना भेजा गया। बच्चों में इस मेले को लेकर काफी उत्साह देखा गया। वहाँ जाकर उन्हें लकड़ी के शिल्प, ऊनी शिल्प और विभिन्न क्षेत्रीय खाद्य पदार्थ, उनके रीति-रिवाज, वेशभूषा और विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित वस्तुओं जैसी हस्तनिर्मित वस्तुएँ देखने को मिलीं। बच्चों ने इस मेले का खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या महोदया और समस्त प्रबंधन ने बच्चों को बताया कि बच्चों को यह मेला दिखाने का उद्देश्य यह है कि वे हमारे देश के विभिन्न प्रांतों के बारे में जान सकें, उनके उत्पादों और कौशल को देख सकें और हस्तनिर्मित शिल्प देख सकें। प्रधानाचार्य महोदया ने कहा कि इससे उनके ज्ञान में वृद्धि होगी।

इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजिंदर कुमार बावा, अध्यक्ष हरिकृष्ण भगवान दास, प्रबंध निदेशक शाम सुंदर भारद्वाज, महासचिव अंजू बाला और प्रबंधक गगनदीप बावा सहित समस्त प्रबंधन सदस्य उपस्थित थे।

# एनफोर्समेंट विंग की कार्रवाई के बाद दोबारा वहीं सज गई सब्जी मंडी

इंफोर्समेंट विंग क्यों नहीं दे रहा काटे गए चलान और जप्त दिए गए सामान का डाटा

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 13 अक्तूबर।** शहर में रेहड़ी फड़ी व लोहे की चदरों के खोखों की भरमार हो गई है। जो सरकारी रेवनयु को चुना तो लगा ही रहे हैं उलटा जाम व एंक्रोचमेंट का कारण बन शहर को खूबसूरती को बदसूरती में बदल रहे हैं। नाभा साहिब से भबात जाने वाली वाली सड़क जोकि करीब दो से ढाई किलोमीटर लंबी है। शाम के समय पभात डंप ग्राउंड के उल्टे हाथ वाला क्षेत्र सब्जी मंडी में तब्दील हो जाता है।

यहीं नही इस सड़क पर दर्जनों खोखे पक्के तौर पर लगाए हुए हैं। जो अवैध रूप से बनाए हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन सभी खोखों के पास बिजली के कनेक्शन भी लगे हुए हैं। जोकि बिलकुल ही नियमों के उलट है जिसकी जांच होना अनिवार्य है। इस रोड पर शाम के समय इतनी ज्यादा भीड़ जो जाती है के गाड़ियां व दो पहिया निकालने के लोगों को भीड़ के साइड हटने का इंतजार करना पड़ता है। यह सब नगर परिषद अधिकारियों की लापरवाही के चलते हो रहा है। या फिर यु कहें की इंकरोचमेंट के ही कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के चलते यह पूरा धंधा चल रहा है। एक तरफ लोग बिजली के मीटर लगवाकर भारी भरकम बिल भर रहे हैं दूसरी ओर यहां लोग फ्री में बिजली का आनंद ले रहे है। क्योंकि यह लोग 200 यूनिट फ्री का भरपूर फायदा उठा रहे हैं। कई लोग यहां कुंडी कनकेशन भी चला रहे हैं। स्थानीय लोगों द्वारा इन कुंडी कनेक्शनों की जांच करने की मांग की जा रही है।

शहर में मुसीबत बनी रेहड़ी फड़ी जाम का कारण तो बनती ही है, पूरी शहर में इंकरोचमेंट इतनी बढ़ गई है के लोग इतने बड़े शहर को रेहड़ी फड़ी व जाम का शहर कहने लगे हैं। जिसका जहां मन करता है वहीं रेहड़ी लगा लेता है। उससे भी बड़ी बात यह है नगर परिषद की एनफोर्समेंट टीम द्वारा जिस रेहड़ी फड़ी को पकड़ कर चलान किया जाता है वही एक हजार रुपए चलान भरने के बाद फिर से वहीं खड़ी हो जाती है। जोकि भर्ष्टाचार की तरफ इशारा करती है। क्योंकि नगर परिषद अधिकारियो का कहना है के एक रेहड़ी फड़ी वाला का पहला चालान एक हजार रूपये दूसरा चालान दो हजार रूपये और तीसरी बार में रेहड़ी फड़ी जब्त कर ली जाती है, जोकि फिर उन्हें वापिस नही दी जाती। लेकिन शहर में दिन प्रति दिन बढ़ रही रेहड़ी फड़ी वालों की तदाद किसी ओर ही तरफ इशारा कर रही है। क्योंकि एनफोर्समेंट विभाग लाख कोशिशों के बाद भी चालान का डाटा किसी को नही देता और टाल मटोल कर भेज दिया जाता है। किसी को इसकी जानकारी नही है के अब कितने चालान एनफोर्समेंट विंग ने किए है और कितना रेवनयु अभी तक नगर परिषद तक पहुंचा है, यह एक बड़ा सवाल है।

इससे पहले भी कई बार चालान का डाटा एनफोर्समेंट विंग द्वारा मांगा गया था लेकिन पता नही क्यों डाटा छुपाया जा रहा है।

मुझे जो एरिया दिया गया है उसका डाटा मैं कल आपको प्रदान कर दूंगा बाकी बात रही सब्जी मंडी को हटाने की बात 15 दिन पहले भी यहां पर कार्रवाई की गई थी कल फिर दोबारा कार्रवाई की जाएगी।

**इंस्पेक्टर अशोक**
**नगर परिषद जीरकपुर**

# डीएवी सैंटनरी पब्लिक स्कूल जगराओं में 'रन फॉर डीएवी' मैराथन का आयोजन, सेहत, शांति और एकता का संदेश



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 13 अक्टूबर।** डी.ए.वी सी.एम.सी के दिशा-निर्देश व आर्य रत्न डा.पूनम सूरी के आशीर्वाद से डी.ए.वी सैंटनरी पब्लिक स्कूल जगराओं में 'रन फॉर डी.ए.वी' मैराथन का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए कहा प्रधानाचार्य श्री वेद व्रत प्लाह जी ने बताया कि इस मैराथन का उद्देश्य सेहत, शांति और एकता का संदेश देना है। इस मैराथन की शुरुआत में सर्वप्रथम विद्यालय में प्रार्थना सभा करवाई गई, तत्पश्चात स्कूल के डी.पी.ई हरदीप सिंह बिंजल, सुरिंदरपाल विज और सुरिंदर कौर ने बच्चों को मैराथन के लिए वार्म अप किया। इसी दौरान एल.एम.सी मैंबर राजकुमार भल्ला, डॉ. मदन मित्तल, लोकसेवा सोसायटी के प्रधान राजेंद्र जैन 'काका', मैंबर चरणजीत सिंह पंडारी, पत्रकार अमित खन्ना, संजय कुमार बब्बा ने बच्चों को इस मैराथन का उद्देश्य समझाते हुए उन्हें सकारात्मकता प्रदान की। यह मैराथन डी.ए.वी स्कूल से शुरू होते हुए म्युनिसिपल कमेटी पर जाकर समाप्त हुई। इस मैराथन में छात्रों के साथ अध्यापकों ने भी हिस्सा लिया और हर पड़ाव पर अपनी ड्यूटी देकर अपने कर्तव्य का बहुत अच्छे से पालन किया। वापिस स्कूल पहुंचने पर सभी बच्चों को रिफ्रेशमेंट दी गई और सारे बच्चों ने इस मैराथन का बहुत आनंद लिया। अंत में प्रधानाचार्य जी ने इस मैराथन में पहुंचे सारे एल.एम.सी मैंबर, अध्यापकगण और छात्रों का धन्यवाद किया और भविष्य में ऐसी गतिविधियाँ करवाते रहने का वादा किया।

# वाई.पूरन कुमार आत्महत्या मामले में चंडीगढ़ पुलिस ने एस.सी. आयोग को रिपोर्ट पेश की

जसवीर सिंह गढ़ी ने चंडीगढ़ पुलिस को ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार फैसले के अनुसार कार्रवाई करने के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 13 अक्तूबर।** हरियाणा पुलिस के एडीजीपी वाई. पूरन कुमार आत्महत्या मामले में आज चंडीगढ़ पुलिस ने अब तक की गई कार्रवाई संबंधी रिपोर्ट पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष प्रस्तुत की। प्रस्तुत रिपोर्ट के अनुसार, चंडीगढ़ पुलिस ने इस मामले में एक एस.आई.टी. (विशेष जांच टीम) का गठन किया है और मामले की जांच की जारी है। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने प्रस्तुत रिपोर्ट पर असहमति व्यक्त करते हुए चंडीगढ़ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ललिता कुमारी बनाम उत्तर प्रदेश सरकार मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णय के अनुसार कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि दिवंगत वाई. पूरन कुमार के आत्महत्या मामले में जिन 14 व्यक्तियों के नाम सुसाइड नोट में दर्ज हैं, उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए।

इसके अलावा, आज प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के साथ एफ.आई.आर. की प्रति संलग्न नहीं थी, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि जिन 14 अधिकारियों का उल्लेख सुसाइड नोट में है, उनके विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की गई है या नहीं। साथ ही, मामले में गठित सिट के बारे भी आयोग को कोई लिखित जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई थी।

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन जसवीर सिंह गढ़ी ने आज दोपहर बाद दिवंगत वाई. पूरन कुमार के परिवार से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि आयोग पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए पूर्ण दृढ़ता के साथ कार्य करेगा।

# जगराओं में सहकारी बैठक आयोजित, विधायक सर्वजीत कौर माणुके ने सहकारिता की भूमिका पर किया जोर

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 की थीम पर चर्चा, पैक्स के कम्प्यूटरीकरण और 'सहकार से समृद्धि' योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**जगराओं, 13 अक्टूबर।** जगराओं विधानसभा क्षेत्र की विधायक सर्वजीत कौर माणुके की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग, उप-मंडल जगराओं द्वारा एक सहकारी बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां साहिल रवि गर्ग द्वारा आयोजित की गई थी। बैठक में उप-मंडल जगराओं के अंतर्गत आने वाली सहकारी समितियों के सचिव और अध्यक्ष उपस्थित थे।

विधायक सर्वजीत कौर माणुके ने सहकारिता आंदोलन और उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र द्वारा वर्ष 2025 को %अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष% घोषित किए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का विषय %सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण करती है% है। यह वर्ष गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन और सामाजिक एकीकरण में सहकारी समितियों के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जा रहा है।

बैठक के दौरान, विधायक माणुके और ए.आर. साहिल रवि गर्ग ने प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पैक्स) के कम्प्यूटरीकरण और %सहकार से समृद्धि% योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके अलावा, उपस्थित सचिवों और अध्यक्षों को पराली जलाने की समस्या से अवगत कराया गया और फसल अवशेष प्रबंधन (सीआरएम मशीनरी) का उपयोग करने तथा इस संबंध में संवेदनशील डेटा को अद्यतन करने के लिए प्रेरित किया गया।

विधायक माणुके ने सहकारिता आंदोलन और संपूर्ण सहकारिता विभाग के उत्थान के लिए राज्य सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी और हाल ही में किए गए संशोधनों की भी जानकारी साझा की। उन्होंने समितियों के माध्यम से सरकार द्वारा दिए जाने वाले आसान ऋणों और समितियों से ऋण लेने के लाभों के बारे में बताया। उन्होंने सभा के अध्यक्षों को ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता और स्वशासन के महत्व से अवगत कराया और विस्तृत चर्चा की।

बैठक के अंत में, साहिल रवि गर्ग ने उपस्थित सभी सदस्यों का धन्यवाद किया और उन्हें सहकारी क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आश्वासन दिया।

बैठक के दौरान लीलन सोसायटी की प्रबंधक कमेटी और सहायक रजिस्ट्रार साहिल रवि गर्ग ने विधायक सर्वजीत कौर माणूके को सम्मानित किया और बैठक में शामिल होने और सहकारी क्षेत्र के मुद्दों को सुनने के लिए उनका धन्यवाद किया।

# 2025 के अंतर्गत आपदा जोखिमों के प्रति किया जागरूक

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 अक्टूबर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण व सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर समर्थ 2025 के अंतर्गत जिला स्तरीय जन जागरूकता अभियान के तहत आज नग्गर विकास खंड के मनाली मालरोड टेक्सी स्टैंड व पतलीकूहल में आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ढ्ढ जिसमें मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों द्वारा गीतों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आपदा प्रबंधन संबंधित जानकारियां लोगों को मुहैया करवाई गई, भूकम्परोधी मकान बनाने के बारे ,आपदाओं के समय लोगों को क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, भूकंप, भूस्खलन, आग के समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए आदि के बारे में मंच के कलाकारों द्वारा लोकगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जानकारी दी गई।

मंच के कलाकारों ने कुल्लवी नाटीओं व %जानकारी ही बचाव% नाटक के माध्यम से लोगों को बताया कि हमारी हिमालयन श्रृंखला अति संवेदनशील जोन 5 के अंतर्गत आती है,इसलिए हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए,हमें आपदाओं से संबंधित ज्यादा से ज्यादा जानकारियां इकट्ठी करनी चाहिए और इन जानकारियों को अपने परिवार, बच्चों, बुजुर्गों के साथ भी सांझा करना चाहिए ताकि आपदा के समय सभी की जानों को बचाया जा सके। कार्यक्रम के दौरान लोगों को भूकंप आने पर झुको, ढको,व पकड़ो की रणनीति अपनाने के बारे में भी विस्तार से समझाया। उन्होंने आग लगने पर रुको, झुको व लुढको की रणनीति पर भी जानकारी दी, जिससे कि आग लगने की दशा में बचाव किया जा सके।उन्होंने सुरक्षित भूकंपरोधी भवन निर्माण पर जोर देते हुए लोगों को भवन निर्माण करने से पूर्व उचित वास्तुकार से भवन के नक्शे, इसके निर्माण व निर्माण संबंधित सामग्री बारे पूर्ण जानकारी दी।

# ऊना से 30 किसानों का दल बागवानी प्रशिक्षण शिविर के लिए सिद्धपुर रवाना

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा




**ऊना।** किसानों की आय में वृद्धि और आधुनिक बागवानी तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बागवानी विभाग, जिला ऊना द्वारा किसानों के लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण शिविर 13 से 17 अक्तूबर 2025 तक इंडो-इजराइल बागवानी उत्कृष्टता केंद्र, सिद्धपुर (जिला मंडी) में आयोजित होगा।

बागवानी विभाग ऊना के उप-निदेशक डॉ. के.के. भारद्वाज ने सभी किसानों को उन्हें सफल प्रशिक्षण की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण दल का नेतृत्व बागवानी विकास अधिकारी डॉ. कविता कर रही हैं। जिला ऊना की भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां विभिन्न फलदार फसलों की खेती के लिए अत्यंत अनुकूल हैं। जिले में आम, सिट्रस फलों, ड्रैगन फ्रूट, अनार, अमरूद, पपीता, जापानी फल, आ?, प्लम और नाशपाती जैसी फसलों की सफलतापूर्वक खेती की जा सकती है। फल फसलों की इन संभावनाओं को देखते हुए केंद्र प्रायोजित एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत यह प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया है ताकि किसान उत्कृष्टता केंद्र के विशेषज्ञों से नई बागवानी तकनीकें सीखकर अपने खेतों में उन्हें लागू कर सकें।

डॉ भारद्वाज ने बताया कि विभाग द्वारा किसानों को ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो और जापानी फल जैसी उच्च आय देने वाली फसलों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है, जिससे फसलों में विविधता और किसानों की आमदनी दोनों में वृद्धि होगी। राज्य सरकार ने बागवानी क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू की हैं। इन योजनाओं का लाभ उठाकर किसान न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि अपनी आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बागवानी विकास से जुड़ी अधिकांश योजनाएं अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जिनका लाभ किसान घर बैठे उठा सकते हैं।

उन्होंने जिले के किसानों से अपील की कि वे अपने निकटतम बागवानी अधिकारी से संपर्क स्थापित कर विभाग की विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का लाभ उठा सकते हैं।

# दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 अक्तूबर।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत विशेष न्यायाधीश) श्री प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक अभियुक्त को नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के मामले में दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा ?1 लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

जानकारी देते हुए ि?ला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 376क्क तथा 506 के तहत दोषी ठहराया है। धारा 506 के तहत उसे 2 वर्ष के कठोर कारावास और ?10,000 रुपये जुर्माने की भी सजा दी गई है।

इसके अतिरिक्त अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि यौन उत्पीड़न/अन्य अपराधों की महिला पीड़ितों के लिए मुआवजा योजनाक्क2018 के तहत, पॉक्सो अधिनियम की धारा 33(8) और पॉक्सो नियम 2020 के नियम 9 को ध्यान में रखते हुए, 30 दिनों के भीतर पीड़ित बच्ची को ?5 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए।

मामले के अनुसार, वर्ष 2019 में पीड़ित बच्ची की माँ ने पुलिस में शिकायत दी थी कि आरोपी, जो रिश्ते में बच्ची का चाचा (पिता का चचेरा भाई) है, ने उसके साथ गलत कार्य किया। जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर चालान न्यायालय में पेश किया। अभियोजन पक्ष ने आरोप सिद्ध करने के लिए 11 गवाहों के बयान दर्ज करवाए, जिसके आधार पर न्यायालय ने यह फैसला सुनाया।

# राजकीय महाविद्यालय सोलन में सड़क सुरक्षा पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोलन के सहयोग से आज महाविद्यालय सभागार में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एच. एस. ठाकुर, मुख्य विधिक सहायता रक्षा अधिवक्ता, सोलन ने भाग लिया और सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर विद्यार्थियों एवं स्टाफ को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

ठाकुर ने अपने व्याख्यान में मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2022 के अध्याय 11 एवं 12 के प्रावधानों, दावों की समय सीमा (स्द्वद्दह्लड्डह्वद्धश्ठ्ठ क्क्रह्लद्धश्स्त्र), मुआवजा राशि में वृद्धि, नियम उल्लंघन पर कठोर दंड, तथा दुर्घटनाओं की त्वरित रिपोर्टिंग और वाहन नियमों के पालन में पुलिस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वाहन स्वामियों के लिए बीमा पॉलिसी की अनिवार्यता, बीमा कंपनियों की जिम्मेदारियों, और पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने की प्रक्रिया को भी सरल शब्दों में समझाया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उन्होंने संतोषजनक उत्तर दिए। इस अवसर पर कार्यक्रम का सफल संचालन रोड सेफ्टी क्लब की सदस्य डॉ. आलिशा चौहान ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली, रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, समस्त शिक्षक एवं गैर-शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त लगभग 300 छात्र-छात्राएँ भी इस जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए अत्यंत सूचनाप्रद और ज्ञानवर्धक रहा तथा सभी को सड़क सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता से संबंधित अनेक नई जानकारियाँ प्राप्त हुईं।

# एडवर्ड्स में हुआ वॉल ऑफ फेम का लोकार्पण, जनरल बिपिन रावत हमारे रत्न

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** एडवर्ड्स स्कूल के 100 साल पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम स्कूल परिसर में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार में मंत्री अनिरुद्ध सिंह मुख्यातिथ रहे। उनके साथ सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश दीपक गुप्ता, उच्चनायलय में न्यायाधीश विपिन चंद्र नेगी विशेष रूप ने उपस्थि रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडवर्ड्स संघ के अध्यक्ष राजीव सूद ने बताया कि संघ एवं अतिथियों द्वारा मेमोरियल पार्क का शुभारंभ किया गया। हमने एक वॉल ऑफ फेम का निर्माण किया है जिसमें एडवर्ड्स के बड़े नाम चयनित किए गए जिन्होंने देश की सेवा का हिमाचल और एडवर्ड्स का नाम गौरवान्वित किया है। वॉल ऑफ फेम पर संचालन (आर्मी)में सर्वोच्च बलिदान हेतु स्कूल से पड़े जनरल बिपिन रावत पीवीएसएम, यूवाईएसएम, एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, वीएसएम (1958-2021) और भारत की पहली सी.डी.एस, कैप्टन जतिंदर नाथ सूद वीर चक्र (पोस्ट) 1971, कैप्टन संजय डोगरा 1989, कैप्टन संदीप कुमार 2000, कैप्टन अमित जोशी सन 2002, ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता कीर्ति चक्र (पश्चात) 2008।

उन्होंने बताया कि इसके साथ साथ वीरता के लिए अलंकृत 2एलटी (बाद में कर्नल) वी एन मदन वीर चक्र 1963, विंग सीडीआर सी एस दोरैस्वामी वीर चक्र 1965, लेफ्टिनेंट कर्नल (बाद में लेफ्टिनेंट जनरल) राज मोहन वोहरा महावीर चक्र 1971, मेजर (बाद में ब्रिगेडियर) विजय कुमार बेरी महावीर चक्र 1971, कैप्टन जतिंदर नाथ सूद, वीर चक्र (पश्चात) 1971, कोलम थडानी शौर्य चक्र 1983, विंग सीडीआर राजबीर सिंह वीर चक्र 1987, लेफ्टिनेंट (बाद में कमोडोर) रूपन बेम्बे नव सेना पदक (जीएएल) 1994 कैप्टन (बाद में कर्नल) अतुल बिष्ट सेना मेडल (ब्ररु) 1994, लेफ्टिनेंट कर्नल (बाद में लेफ्टिनेंट जनरल) पी एम बाली मेंशन-इन-डिस्पैचेस 2000, ब्रिगेडियर रवि दत्त मेहता कीर्ति चक्र (पश्चात) 2008, मेजर (अब कर्नल) अजय सिंह शौर्य चक्र और बार शौर्य चक्र 2009, 2010 तक फ्लाइट लेफ्टिनेंट अर्शवीर सिंह ठाकुर वीर चक्र 2025 के नाम भी अंकित किए गए है।

# युवाओं को नशे से दूर रहने और फिटनेस के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

डीसी बिलासपुर ने पीएमईजीपी योजना के अंतर्गत पावर जिम का किया शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 13 अक्टूबर।** जिला मुख्यालय बिलासपुर में उपायुक्त राहुल कुमार ने सोमवार को कॉलेज चौक के समीप स्थापित 'पावर जिम फिटनेस एंड हेल्थ सेंटर' का शुभारंभ किया। यह जिम प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत शुरू की गई है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी बल्कि समाज में फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगी। इस जिम की स्थापना युवा उद्यमी मोहित बंसल द्वारा की गई है। उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लगभग 20 लाख रूपए की वित्तीय सहायता प्राप्त कर इस जिम की शुरुआत की। जिम की स्थापना में कुल लगभग 25 लाख रूपए से अधिक की राशि व्यय की गई है।

उपायुक्त राहुल कुमार ने इस अवसर पर कहा कि आज के दौर में प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से जिम, योग, वॉक अथवा अन्य प्रकार के व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से न केवल व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक रूप से भी सशक्त होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे फिटनेस को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाएं ताकि अनेक बीमारियों से बचा जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में युवाओं में नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है, जिसे रोकने के लिए खेलकूद, व्यायाम और जिम जैसी सकारात्मक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जब युवा अपनी ऊर्जा को सही दिशा में लगाते हैं, तो उनका रुझान नशे की ओर नहीं जाता। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित युवाओं से आह्वान किया कि वे ÷फिट इंडिया÷ के संकल्प को जीवन में अपनाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### 68वें राष्ट्रमण्डल सम्मेलन की समाप्ति उपरान्त स्वदेश लौटेंगे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानियां

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां 5 से 12 अक्तूबर तक बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में आयोजित 68वें राष्ट्रमण्डल अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के उपरांत कल स्वदेश लौटेंगे। पठानियां 29 सितंबर की मध्यरात्रि लंदन के लिए रवाना हुए थे और दो दिन के प्रवास के बाद ब्रिजटाउन पहुँचे थे। भारतीय प्रतिनिधि के रूप में पठानियां ने सम्मेलन के तीन प्रमुख विषयों – फ्लोकतंत्र को समर्थन देने के लिए हमारी संस्थाओं को मजबूत बनानाफ्, फ्जलवायु परिवर्तन और वैश्विक स्वास्थ्य के लिए इसका खतरा ङ्क स्थायी समाधान की खोजफ् तथा फ्राष्ट्रीय संसद बनाम प्रांतीय, प्रादेशिक और न्यायगत विधानमंडल ङ्क शक्तियों के पृथक्करण की सुरक्षा और संरक्षणफ् – पर अपने विचार प्रस्तुत किए। पठानियां ने अपने संबोधन में भारत को विश्व का सबसे बड़ा और सशक्त लोकतंत्र बताते हुए कहा कि आज का भारत नए स्वरूप में उभर चुका है और दुनिया के अग्रणी देशों में शुमार है। उन्होंने कहा कि भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ढ्ढ) और डिजिटल प्रणाली का अग्रदूत बनकर संसदीय कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और दक्षता ला रहा है। विधानसभा अध्यक्ष कल लंदन से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे तथा 15 अक्तूबर की सायं शिमला पहुंचेंगे।

### पंचायती राज मंत्री आज गेयटी थिएटर में आयोजित समर्थ-2025 कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**शिमला।** ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह 14 अक्टूबर, 2025 को शिमला के गेयटी थिएटर में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि पंचायती राज मंत्री 14 अक्टूबर को प्रातः 10ः45 पर गेयटी थिएटर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर समर्थ-2025 कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

# आलाकमान ने हिमाचल को दी गई झूठी गारंटियों की तरफ एक बार मुड़कर भी नहीं देखा : जयराम

विधानसभा चुनाव की तरह अपने गुप्तचरों से प्रियंका गांधी अब भी ले सरकार का हाल

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस आला कमान को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि जिस आत्मविश्वास और दम के साथ प्रियंका गांधी समेत सभी नेताओं ने हिमाचल में विधानसभा चुनाव के दौरान झूठी गारंटियां देकर हिमाचल में लोगों के वोटों पर डाका डाला था। आज 3 साल बीतने के बाद भी उनका कोई नाम लेवा नहीं है। प्रियंका गांधी खुद हिमाचल प्रदेश आई और रिज मैदान पर सरकारी कार्यक्रम के नाम पर राजनीतिक बयानबाजी की लेकिन एक बार भी अपनी ही दी हुई गारंटियों के बारे में सरकार से एक प्रश्न नहीं पूछा। प्रदेश के लोग इंतजार कर रहे थे जिन लोगों ने 3 साल पहले गारंटियां दी थी, आज वह उनके हिसाब भी देंगे। लेकिन सभी नेता सिर्फ इधर-उधर की बात करके चले गए। हां सरकारी मंच को राजनीतिक लाभ के लिए उन्होंने प्रधानमंत्री को कोसने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जबकि हिमाचल प्रदेश में आपदा प्रभावितों के लिए जो कुछ भी हुआ है वह केंद्र सरकार की मदद से ही संभव हुआ है। इसके बाद भी केंद्र सरकार की मदद के लिए उनका आभार जताने के बजाय उन पर ही छींटाकसी की गई। एडीबी द्वारा, वर्ल्ड बैंक द्वारा, सभी एक्सटर्नल फंडेड प्रोजेक्ट्स द्वारा प्रदेश में लगभग हजारों करोड़ रुपए के जो काम चले हुए हैं, वह क्या केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित नहीं है? क्या उनका 90त्न हिस्सा केंद्र सरकार नहीं वहन करेगी?

जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 5500 करोड़ से ज्यादा की आर्थिक सहायता हिमाचल प्रदेश को आपदा के नाम पर दी गई है। प्रधानमंत्री ने 1500 करोड़ का अतिरिक्त पैकेज अलग से घोषित किया है। जो सरकार 5500 करोड रुपए केंद्र से लेकर आपदा प्रभावितों को 300 करोड रुपए भी नहीं दे पाई है वह किस मुंह और नैतिकता से केंद्र सरकार से प्रश्न कर रही है। सरकार के लोग चाहते हैं कि पैसा उनकी जेब में आए तो उनकी जेब में केंद्र से पैसा नहीं आएगा। केंद्र से जो भी पैसा आता है वह आपदा प्रभावितों के लिए प्रदेश के भले के लिए आता है। जिसे परियोजनाओं पर ही खर्च करना होता है। बीते कल ही हिमाचल प्रदेश में शहरी क्षेत्रों के लिए 1361 प्रधानमंत्री आवास के लिए 34 करोड़ों रूपए और एकीकृत बागवानी मिशन के लिए 25 करोड़ केंद्र द्वारा स्वीकृत हुए हैं।

# निजी स्कूलों को बनाया जा रहा है आरएसएस का अड्डा : संजय चौहान

प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन बोले – शिक्षा के नाम पर फैल रही है राजनीति, आरएसएस बढ़ा रही है सांप्रदायिकता और जातिवाद

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय सिंह चौहान ने कहा कि सुलह क्षेत्र के निजी स्कूलों को आरएसएस के राजनीतिक केंद्र में बदला जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन स्कूलों में शिक्षा से अधिक राजनीति सिखाई जा रही है और खुलेआम आरएसएस की शाखाएँ चलाई जा रही हैं।

संजय चौहान ने कहा कि यह देश का दुर्भाग्य है कि आरएसएस जैसे संगठन, जिन्हें पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में प्रतिबंधित किया गया था, आज फिर से सक्रिय होकर सांप्रदायिकता और जातिवाद को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ÷जब देश को आज रोजगार, महंगाई और विकास की जरूरत है, तब केंद्र सरकार जनता का ध्यान भटकाने के लिए आरएसएस की गतिविधियों को बढ़ावा दे रही है, और यही काम सुलह के विधायक भी अपने क्षेत्र में कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि ब्रिटिश शासन के दौरान आरएसएस ने अंग्रेजों का साथ दिया था। ÷आज भी उनकी सोच रूढ़िवादी है और देश के सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का काम कर रही है,÷ चौहान ने कहा। चौहान ने सवाल उठाया कि आपदा के समय आरएसएस ने प्रदेश के पीड़ितों के लिए क्या योगदान दिया – ÷कितने घर बनाए, कितने परिवारों को राशन दिया, कहाँ-कहाँ लंगर लगाए और कितनों को आर्थिक सहायता पहुंचाई – इसका जवाब आरएसएस को देना चाहिए।

# शिक्षा मंत्री ने भर्ती और मरम्मत कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज यहां विभाग की योजनाओं, भर्ती प्रक्रियाओं और अवसंरचना कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत पदों को तुरंत हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग और राज्य चयन आयोग को भेजा जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया में विलंब न हो और स्कूलों में रिक्त पद शीघ्र भरे जा सकें।

उन्होंने टीजीटी, जेबीटी, पंजाबी और ऊर्दू शिक्षकों सहित खेल छात्रावासों में डीपीई व कोच की लंबित भर्तियों की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। ठाकुर ने कहा कि जो पीजीटी पदोन्नति के बाद समय पर कार्यभार ग्रहण नहीं कर रहे हैं, उनकी पदोन्नति रद्द कर अगले योग्य उम्मीदवार को अवसर दिया जाए। शिक्षा मंत्री ने प्राथमिक विद्यालयों के नए प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर मंत्रिमंडल को भेजने, कोटखाई और पांवटा साहिब में केंद्रीय विद्यालय खोलने की प्रक्रिया पूर्ण करने और स्कूल प्रधानाचार्यों की नियुक्तियों में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने हाल ही में प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित 1320 शिक्षण संस्थानों की मरम्मत कार्यों में तेजी लाने को कहा, जिनको लगभग ?122 करोड़ का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पीडीएनए फंड का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और 75 प्रतिशत से अधिक क्षति वाले स्कूलों को पहले सहायता दी जाए।

बैठक में स्कूल निरीक्षण लक्ष्यों में वृद्धि, शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, और डॉ. वाई.एस. परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत पात्र छात्रों को 1 प्रतिशत ब्याज दर पर शिक्षा ऋण देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अतिरिक्त शिक्षा सचिव शुभकरण सिंह, परियोजना निदेशक (समग्र शिक्षा) राजेश शर्मा, निदेशक (स्कूल शिक्षा) आशीष कोहली और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कुल्लू भाजपा के सभी मोर्चों ने किया कार्यकारिणी का गठन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 13 अक्टूबर।** जिला कुल्लू भाजपा के द्वारा गठित विभिन्न मोर्चो के द्वारा अब अपनी जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया है। ऐसे में विभिन्न मोर्चा के द्वारा मंडल के अध्यक्षों की भी नियुक्ति की गई है। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा भी सभी मंडलों और जिला कार्यकारिणी के सदस्यों की घोषणा की गई है। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला कुल्लू के अध्यक्ष गंगा सिंह ने बताया कि भाजपा के नग्गर मंडल से सुभाष कोशल को अध्यक्ष, मनाली मंडल से सुरेश कश्यप, कुल्लू मंडल से देवेंद्र, भुंतर मंडल से मोहनलाल, पार्वती मंगल से तीरथ राम, बजौरा मंडल से संदीप कुमार, सैंज मंडल से मोहित, मंगलौर से भूपेंद्र, बंजार मंडल से पूर्ण चंद, आनी मंडल से अनंत राम आजाद, निरमंड मंडल से भूपेंद्र सिंह तथा दलाश मंडल से होशियार सिंह को चुना गया है। इसके अलावा जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष के पद पर रामदास, करमचंद, रूम सिंह, सोहनलाल राठी, महामंत्री पद के लिए परसराम चौहान, गिरधर, कोषाध्यक्ष के लिए जयचंद, सचिव पद के लिए काहन चंद जोशी, देवी राम, वीर सिंह, राकेश कुमार रमेश कुमार, कार्यालय सचिव के लिए गिरू राम, मीडिया प्रभारी के लिए रीना, प्रवक्ता पद के लिए संजय कुमार, आईटी संयोजक विनोद नाग, आईटी सहसंयोजक ठाकुरदास, सोशल मीडिया संयोजक सुरेंद्र नेगी, रूपलाल, पूर्ण चंद, प्रेम कुमार सेस राम तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए करमचंद, तेजराम, पूर्ण, रामशरण, प्रकाश लंबर, अविशांत नेगी, सुरेंद्र सिंह अमरचंद को नियुक्त किया गया है। वहीं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला कुल्लू की अध्यक्ष चंद्रा पधान ने भी अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है।

अनदेखी — कोचिंग संस्थानों के खिलाफ उपयुक्त कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं

# कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मापदंड राम भरोसे

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** ऊना जिला में बच्चों के भविष्य के निर्माण की जिम्मेदारी लेने वाले कोचिंग संस्थान आज अपने ही हाल पर छोड़ दिए हैं । क्या मजाल है कि प्रशासनिक अधिकारी अपने दफ्तरों से बाहर निकाल कर इन कोचिंग संस्थान की तरफ भी निरीक्षण करने आए। इनकी क्या जिम्मेदारी है या कोई भी अधिकारी अपने कर्तव्य उठाना नहीं चाहता? क्योंकि इन शिक्षण/कोचिंग इंस्टिट्यूट के संचालकों को पता है कि उन पर कार्रवाई और पूछने वाला कोई भी नहीं।

जब कोई हादसा हो जाता है तो दो-चार दिन कार्रवाई के नाम पर लिपापोथी होती है । सूत्रों के अनुसार इन अधिकारियों ने कभी इन शिक्षक संस्थानों में सुविधा बच्चों की जरूरत के अनुसार है या नहीं, इसका कोई नियमित निरीक्षण नहीं किया। वास्तविक सच्चाई यह है कि शिक्षा विभाग ने भी कोचिंग संस्थानों की देखरेख जिम्मेदारी छोड़ दे दी है।

जन सूचना के अधिकार के तहत मिली जानकारी से पता चला है कि ऊना जिला में शिक्षा विभाग के पास कितने शिक्षण/ कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे है इसकी कोई भी जानकारी नहीं है।

कोचिंग संस्थानों का हाल-यह है कि एक बिल्डिंग में एक हाल ले लेते है, फिर प्लाईवुड सीट लगाकर अस्थाई कमरों में बदल दिया जाता है। जहां छात्र बेहद तंग महल में पढते हैं। संस्थानों में सुरक्षा मानकों के मामले में कोताही हो रही है। किसी भी उपमंडल अधिकारी और शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने सघन निरीक्षण करने और सुरक्षा मानकों के अनुसार सुनिश्चित नहीं है। जिसमें सेंटर का नाम , पता स्वामित्व , पंजीकरण स्थिति, नामकित छात्रों की संख्या और बेसमेंट में कोचिंग संस्थान है। क्या कोचिंग सेंटर में अग्नि सुरक्षा का पालन हो रहा है। वहां कार्यात्मक अग्निशामक यंत्र, अलार्म और स्पष्ट आपातकालीन निकासी नहीं ना ही उचित वेंटीलेशन है। उचित प्रकाश और आपातकालीन निकासी नहीं है? आज तक इन संस्थानों के खिलाफ कानून और विनियमों के अनुसार उपयुक्त कानूनी और अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं हो रही।

# समाज सेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए राजकुमार गोयल सम्मानित



अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी डॉ. राजकुमार गोयल को समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। गोयल को यह सम्मान 7 सितम्बर को जींद के श्याम गार्डन में आयोजित उत्तर भारत स्तरीय विवाह योग्य परिचय सम्मेलन के सफल और ऐतिहासिक आयोजन के लिए दिया गया। यह सम्मेलन सामाजिक एकता और वैवाहिक समरसता की दिशा में एक बड़ी पहल माना जा रहा है। राजकुमार गोयल लंबे समय से समाज सेवा से जु? हुए हैं और निरंतर समाज में जागरूकता, संगठन और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्हें यह सम्मान सिविल हॉस्पिटल के डिप्टी सीएमओ डॉ. राजेश भोला द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष राजकुमार भोला भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर डॉ. भोला ने कहा कि राजकुमार गोयल ने जींद के इतिहास में रिकॉर्ड तो? परिचय सम्मेलन आयोजित कर समाज के लिए सराहनीय कार्य किया है।

# बिश्नोई धर्म की शिक्षाएं समाज को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं : बेदी

541वां बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस पर जांभाणी हरि कथा ज्ञानयज्ञ में कैबिनेट मंत्री व पूर्व विधायक ने की शिरकत



फतेहाबाद, 13 अक्टूबर। बिश्नोई समाज द्वारा 541वां बिश्नोई धर्म स्थापना दिवस शहर के बिश्नोई मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा हैं। इस अवसर पर मंदिर परिसर में जांभाणी हरि कथा ज्ञानयज्ञ के भव्य आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु स्वामी सच्चिदानंद महाराज के दिव्य प्रवचनों द्वारा जांभोजी के सिद्धांतों का श्रवण कर रहे हैं।

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने विशेष रूप से शिरकत की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि बिश्नोई समाज ने सदैव मानवता, जीवों के प्रति करुणा और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अनोखा उदाहरण प्रस्तुत किया है। बिश्नोई धर्म की शिक्षाएं आज भी समाज को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर जीवन जीने की प्रेरणा देती हैं। बिश्नोई धर्म की मूल भावना जीव मात्र से प्रेम ही सच्ची भक्ति है का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से जीवन में दया, सेवा और संयम को अपनाने का आह्वान किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक दुड़ाराम ने कहा कि बिश्नोई समाज की पहचान सेवा, संवेदना और सरल जीवनशैली से है। स्वामी सच्चिदानंद महाराज के दिव्य प्रवचनों से जीवन में धर्म, करुणा और पर्यावरण संरक्षण के प्रति नई प्रेरणा मिलती हैं।

समाज के लोगों ने श्री गुरु जांभोजी के सिद्धांतों पर चलते हुए पर्यावरण बचाने, जीवों की रक्षा करने और समाज में प्रेम व भाईचारे का संदेश फैलाने में सराहनीय भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि गुरु जांभोजी का मार्ग ही सच्चे अर्थों में जीवन का सार है। सभी ने गुरु जांभोजी की शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, बिश्नोई मंदिर प्रधान भूप सिंह, सेवादल प्रधान सुरजीत ढूकिया, संजय खीचड़, कृष्ण बड़ोपलिया और विमल बिश्नोई सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।



# ब्राह्मण जांगिड़ महासभा ने किया मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रेवाड़ी।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा प्रादेशिक सभा हरियाणा ने कस्बा धारूहे?ा स्थित करुनेश वाटिका में अपने समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों का एक समारोह में सम्मान किया।

संस्था के मीडिया प्रभारी धीरज शर्मा जांग?ा ने बताया कि जांगिड़ समाज के पूरे हरियाणा प्रदेश के वो विद्यार्थी, जिनका सत्र 2024-25 में सरकारी कॉलेज में एमबीबीएस, आईआईटी में एडमिशन हुआ हो या वे विद्यार्थी जिन्होंने इसी सत्र में 10 वीं व 12 वीं कक्षा में 90 फीसदी या इससे अधिक अंक अर्जित किए, या किसी राष्ट्रीय अथवा अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीतकर समाज का नाम रोशन किया हो, ऐसे करीब 135 युवाओं का सम्मान किया। मंच संचालन प्रदेश महामंत्री विजय कुमार जांगिड़ ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, समारोह अध्यक्ष सतीश शर्मा डायरेक्टर पी के एन मोटर्स खुशखे?ा, अति विशिष्ट अतिथि रमेश बुराड़ी वाले रहे। ज्योति प्रज्वलन महेंद्र सिंह जांगिड़ उद्योगपति धारूहे?ा और ध्वजारोहण निर्मल जांगिड़ उद्योगपति भिवाड़ी ने किया। सभी का स्वागत अध्यक्ष खुशीराम जांगिड़ और सह स्वागत अध्यक्ष करुनेस वाटिका के मालिक जियाराम ने किया।

## ट्राले की चपेट मे आने से महिला और उसके नौ माह के बेटे की मौत

**अंबाला छावनी (रवि पाहुजा)।** अंबाला-जगाधरी हाईवे पर एसडी कॉलेज के पास सोमवार सुबह पांच बजे एक तेज रफ्तार ट्राले ने एक्टिवा को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक्टिवा सवार सपेह?ा गांव निवासी वंदना 25 उम्र और उनके नौ माह के बेटे गीतांश की ट्राले के पहिए के नीचे आने से मौत हो गई। एक्टिवा चालक वंदना के चाचा-ससुर रेशम चंद उम्र 55 साल और उनके पति कृष्ण लाल उम्र 28 साल गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने भाग रहे ट्राला चालक को कैंट बस स्टैंड के पास से हिरासत में लिया। हाउसिंग बोर्ड चौकी प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि सपेहड़ा गांव का यह परिवार एक्टिवा पर सवार होकर कैंट बस स्टैंड की ओर जा रहा था। कृष्ण लाल को एक्टिवा चलाना नहीं आता था, इसलिए उनके चाचा-ससुर रेशम चंद एक्टिवा चला रहे थे।

# डीएपी खाद न मिलने पर किसानों में रोष

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा




**साहा।** डीएपी खाद ना मिलने पर सोमवार सुबह किसानों ने पिलखनी पैक्स पर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के जिलाध्यक्ष मलकीत सिंह ने बताया कि धान की कटाई के बाद किसान गेहूं, बरसीन और अन्य फसलों की बुआई कर रहे हैं। इसके लिए उन्हें डीएपी खाद की जरूरत है। लेकिन जब किसान डीएपी खरीदने के लिए पिलखनी पैक्स पर पहुंचते हैं तो उन्हें डीएपी नहीं मिलता। दो दिन पहले भी यहां किसान खाद लेने आए, लेकिन उन्हें खाद नहीं मिला। जिसके बाद सोमवार को किसान डीएपी ना मिलने पर धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि एक तरफ तो सरकार किसानों को लेकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करती हैं, वहीं किसान को बीज और खाद के लिए धक्के खाने पड़ते हैं। उनकी मांग है कि सरकार किसानों को खाद मुहैया करवाए। करीब एक-डेढ़ घंटे तक किसान पैक्स में प्रदर्शन करते रहे। इसके बाद विभाग की तरफ से खाद से भरा ट्रक लेकर कर्मचारी पहुंचे और किसानों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया। वहीं पिलखनी के किसान बलबीर सिंह ने आरोप लगाया कि पैक्स में पुराने खाद और सल्फर आदि प्रोडक्ट किसानों को दिए जाते हैं, जिससे किसानों का शोषण हो रहा है। डीडीए विभाग अम्बाला के लेखाकार मनदीप सिंह बताया कि किसानों को खाद की जो समस्या थी, वह आज पूरी कर दी है। एक ट्रक भेज दिया है, जबकि एक ट्रक कल आ जाएगा। इन किसानों की डिमांड करीब 2500 बैग की और यहां पर तीन गाडि?ां डीएपी से भरी मुहैया कराई जाएंगी। ज्यादा बारिश होने के कारण अम्बाला में डीएपी नहीं आ पाया। इसलिए

वहीं पैक्स के मैनेजर चरण सिंह ने कहा कि विभाग की तरफ से दो दिन पहले भी एक ट्रक भिजवाया गया था और सोमवार को भी एक ट्रक आया है। किसी किसान को डीएपी के लिए परेशान नहीं होने देंगे। किसी किसान को कोई भी वस्तु लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाता।

# दिल्ली आश्रम से फरीदाबाद तक बनेगा एलिवेटेड फ्लाईओवर : गोयल

खुद के अभिनन्दन समारोह में लोगों का दिल जीत गए प्रदेश सरकार के तीनों मंत्री

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** सेक्टर 37 अशोका एनक्लेव में प्रदेश सरकार के मंत्रियों विपुल गोयल, राजेश नागर एवं गौरव गौतम का सम्मान समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारों ने लोगों को सुशासन का मार्ग दिखाया है।

इसका धन्यवाद करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 17 अक्टूबर को हरियाणा की धरती पर पहुंच रहे हैं। आपको भी मैं इसमें सम्मिलित होने का निमंत्रण देता हूं। गोयल ने कहा कि फरीदाबाद के लोगों को दिल्ली से कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए दिल्ली आश्रम रोड से फरीदाबाद तक एलिवेटेड पुल मिलेगा। जिसके बाद लोगों को फरीदाबाद से आश्रम तक जाने में जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा और यह रोड पूरी तरीके से रेड लाइट फ्री होगा।

वहीं मंत्री राजेश नागर ने कहा कि प्रदेश का सम्पूर्ण विकास करना ही नायब सरकार का एक लक्ष्य है। कभी सड़कों के लिए ताकने वाले तिगांव में ही चौड़ी कंक्रीट की सड़कें, बिजली स्टेशन, नए स्कूल, आईटीआई विकास की कहानी लिख रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए पैसे की कमी कभी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि खुशहाली का रास्ता सड़कों से होकर जाता है। आज उन क्षेत्रों में भी हम सड़क बना रहे हैं जहां पिछले तीन दशक में सड़क नहीं बनी थी।

मंच को संबोधित करते राज्य मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हम तीनों मंत्री आपकी सभी समस्याओं को दूर करने के लिए वचनबद्ध हैं। इससे पहले पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता टेकचंद शर्मा ने अशोका एनक्लेव, सेक्टर 37 और नहर पार के लोगों की कुछ मांगों का पत्र तीनों मंत्रियों को सौंपा जिसमें सेक्टर 37 के एंट्री पॉइंट पर शराब के ठेके बंद कराने, दिल्ली मुंबई बड़ौदा हाइवे पर सेक्टर 37 के पास कट की मांग, सराय ख्वाजा पर टोल को हटाने की मांगें भी शामिल रहीं। जिनमें से अधिकांश मांगों को अधिकारियों से रिपोर्ट लेकर जल्द से जल्द पूरा करने का वादा मंत्रियों ने मंच के माध्यम से किया। इस अवसर पर फरीदाबाद की मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, पूर्व प्रदेश महामंत्री संदीप जोशी, भाजपा जिला प्रभारी नरेंद्र वत्स, पूर्व पार्षद प्रत्याशी अजय प्रताप भड़ाना, भाजपा नेता उमेश भाटी, मुकेश शर्मा और पार्षद गण आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पुलिस ने नष्ट की करोड़ों की मादक पदार्थों की खेप

पर्यावरण-अनुकूल तरीके से जैविक अपशिष्ट प्रबंधन प्लांट में की गई विधिवत कार्रवाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 13 अक्टूबर।** हरियाणा पुलिस ने नशे के खिलाफ अपने संकल्प को और मजबूत करते हुए आज एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। फतेहाबाद पुलिस द्वारा जब्त किए गए भारी मात्रा में मादक पदार्थों को पर्यावरण-अनुकूल तरीके से विधिवत नष्ट किया गया। यह कार्रवाई *हिसार रेंज के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री के.के. राव, आईपीएस* की निगरानी में की गई, जो अपने आप में एक अनुकरणीय और पारदर्शी उदाहरण है।

यह निस्तारण कार्यवाही हिसार के सेक्टर 27-28 स्थित हुडा इंडस्ट्रियल एरिया के सिनर्जी वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट में संपन्न हुई। पूरी प्रक्रिया केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (छ्क्क्क) के दिशा-निर्देशों के अनुरूप ÷शून्य कार्बन उत्सर्जन÷ नीति के तहत पूरी की गई, जिससे यह न केवल कानूनी दृष्टिकोण से सशक्त रही, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी सराहनीय रही।

**वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में हुई सख्त निगरानी और पारदर्शी कार्रवाई :** इस अवसर पर *पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धांत जैन, आईपीएस* , *उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय एवं क्राइम कुलवंत सिंह* , *उप पुलिस अधीक्षक हीरा सिंह* तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों की उपस्थिति और सतर्क निगरानी में पूरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता और विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए संपन्न की गई।

**करोड़ों की नशे की खेप — समाज को बर्बादी से बचाने का मजबूत संदेश :** यह मादक पदार्थ विभिन्न आपराधिक मामलों में फतेहाबाद जिले में जब्त किए गए थे। करोड़ों रुपये मूल्य की इस खेप को नष्ट करना पुलिस की नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

# वाई पूरन कुमार के परिवार को जल्द न्याय दे हरियाणा सरकार : पवन बंसल

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़।** आज पूर्व रेलमंत्री पवन कुमार बंसल आईजी पूर्ण कुमार के परिवार का ढांढस बँधाने उनके आवास पर पहुँचे और परिजनों से बातचीत कर उनका दर्द साझा किया और इस दुख की घड़ी में हरियाणा सरकार से तत्काल न्याय की मांग की। पवन बंसल और इंटक अध्यक्ष नसीब जाखड़ ने कहा कि एक हफ़्ता बीतने के बाद भी हरियाणा सरकार आरोपियों पर कोई कार्यवाही नहीं कर रही है।

वाई पूरण कुमार के सुसाइड नॉट में साफ़ साफ़ लिखा है कि उनको बहूत प्रताड़ित किया गया है ।उनको मंदिरों में जाने से रोका गया है और इतना ही नहीं उनके पिता कें अंतिम दर्शनों के लिए भी उन्हें नहीं जाने दिया गया ।ट्रांसफ़र मैटर पर भी उनको को बार- बार परेशान किया जाता रहा है ।सभी आरोपियों के नाम सुसाइड नॉट में साफ़-साफ़ लिखे हैं। उसके बावजूद भी आरोपियों की गिरफ़्तारी नहीं हुई है ।

पवन बंसल ने कहा की कांग्रेस पार्टी की और से हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और तत्काल प्रभाव से सभी आरोपियों की गिरफ्तारी की माँग करते हैं।

क्योंकि एक हफ़्ते अभी तक पोस्टमार्टम नहीं हुआ हुआ है ।और न्याय की गुहार में परिजनों ने दाह संस्कार भी नहीं किया है।

# समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निदान करें : उपायुक्त डॉ. विवेक भारती

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 13 अक्टूबर।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को अधिक समय तक लंबित न रखा जाए। विभागीय अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निदान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर एक्शन टेकन रिपोर्ट अपडेट करना भी सुनिश्चित करें। वहीं जो शिकायतें रिओपन होती हैं उनका भी जल्द निवारण करवाया जाए। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में सभी विभागाध्यक्षों के साथ समाधान शिविर में आई शिकायतों की सुनवाई कर रहे थे।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार की ओर से जिला और उपमंडल स्तर पर लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों के समाधान का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। समाधान शिविर के साथ ही जनसेवा के लिए सरकार के ऑनलाइन पोर्टल का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है और लोगों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान मुहैया करवाना है। उन्होंने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के लिए नियमित निगरानी और त्वरित कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा अब सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से सीएम विंडो, जनसंवाद, एसएमजीटी जैसे अनेक पोर्टल जनसेवा को समर्पित किए गए हैं। समाधान शिविर में हंस कॉलोनी निवासी संजय ने नामजद व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने, भट्टू कलां निवासी राहुल ने मेरी फसल मेरा ब्योरा में नाम दर्ज करने, धांगड़ निवासी विनोद कुमार ने ड्रेनेज पाइप लाइन का निर्माण करने, सनियाना निवासी प्रेम कुमार ने बारिश के कारण हुए नुकसान की भरवाई करवाने, ढाणी सांचला निवासी पूर्ण चंद ने सड? निर्माण में आ रही दिक्कतों को दूर करने संबंधी अपनी समस्या रखी।

## 100 लीटर कच्ची शराब सहित आरोपी काबू

**जींद (सुरेश सिसोदिया)।** जींद पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपराध शाखा सफीदों पुलिस टीम ने मुखबरी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव रोहड़ में चल रहे नाजायज़ शराब के धंधे का भंडाफोड़ किया। टीम ने मौके से एक व्यक्ति वीर सिंह वासी गांव रोहड़ को काबू किया, जो अपने घर पर अवैध रूप से शराब बेचने का काम कर रहा था।

सीआईए सफिदों के ईचांर्ज उप निरीक्षक राधेश्याम ने जानकारी देते हुए कहा कि मुखबर खास ने सुचना दी कि वीर सिंह वासी गांव रोहड अपने घर पर शराब बेचने का काम करता है,जो अपने घर पर इस समय शराब बेच रहा है।

# 'ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद' अभियान में पत्रकारों को वितरित की स्कूटी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ




**फरीदाबाद।** सिटी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित 'ग्रीन फरीदाबाद क्लीन फरीदाबाद' अभियान के तहत क्लब के सदस्यों को एफआईए सभागार में स्कूटी वितरण किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल और मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया सलाहकार राजीव जेटली मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय शिव कुमार ओझा को श्रद्धांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर कुल 18 पत्रकारों को इलेक्ट्रिक स्कूटी की चाबी प्रदान की गई। कार्यक्रम में एफआईए के पदाधिकारी, जिसमें प्रमुख राज भाटिया, पूर्व प्रधान बी. आर. भाटिया, सुनील गुलाटी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। सिटी प्रेस क्लब की ओर से प्रधान बिजेंद्र बंसल ने सभी अतिथियों और पदाधिकारियों का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि सिटी प्रेस क्लब ने पर्यावरण संरक्षण के लिए जो पहल की है, वह सराहनीय है। उन्होंने इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के प्रयासों की प्रशंसा की। वहीं, मीडिया सलाहकार राजीव जेटली ने इस कदम को सकारात्मक और प्रशंसनीय बताते हुए पत्रकारों को उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर क्लब के अन्य पदाधिकारी और संरक्षक भी उपस्थित रहे, जिनमें महासचिव राजेश शर्मा, कार्यकारी प्रधान नवीन धमीजा, संरक्षक उत्तमराज, राकेश चोरासिया, संजय कपूर, कुलजींदर सिंह रजनीकर, दीपक गौतम, सचिन गौड़ और अन्य वरिष्ठ पत्रकार शामिल थे।

एफआईए और सिटी प्रेस क्लब ने इस कार्यक्रम को पूर्ण शहर को स्वच्छ बनाने और हरियाणा में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। स्कूटी वितरण के माध्यम से पत्रकारों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए उनके दैनिक आवागमन में भी सुविधा प्रदान की गई।

प्रधान बिजेंद्र बंसल ने कहा कि यह पहल शहर में स्वच्छता और हरित पहल को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे।

# प्रेमी संग लिव इन में रह रही महिला की चाकू से गोदकर हत्या

अर्थ प्रकाश/रवि पाहुजा

**अंबाला छावनी।** प्रेमी संग लिव इन में रह रही महिला की चाकू से गोदकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी को हिरासत में ले लिया है। मृतका दो बच्चों की मां थी और पति से अलग रहती थी। अंबाला कैंट के बोह गांव के पास शिव शक्ति कॉलोनी में आज प्रेमी संग लिव इन में रह रही महिला की चाकू से गोदकर हत्या हो गई। मृतका की पहचान सिरसा से रानियां निवासी प्रिया उम्र 34 साल के रूप में हुई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कैंट के नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है।

महिला दो बच्चों की मां थी। पति को छोड़ने के बाद आठ माह से बोह गांव निवासी प्रेमी के साथ ही किराये के मकान में रह रही थी। महिला के चेहरे व छाती पर कई जगह चाकू के निशान मिले हैं। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए। हालांकि प्रेमी को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ शुरू कर दी है। महेश नगर थाना प्रभारी जतिंद्र ने बताया कि सिरसा के रानियां निवासी महिला अपने प्रेमी के साथ लिव इन में शिव शक्ति कॉलोनी में किराये के मकान में रह रही थी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।




## भबात में झुग्गियों से सुरक्षा और स्वास्थ्य खतरे में

# हाइलैंड पार्क हाईराइज रेजिडेंट्स सोसाइटी निवासियों ने की झुग्गियां हटाने की मांग

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर।** भबात क्षेत्र में एयरफोर्स स्टेशन के महज 100 मीटर के दायरे में बनी झुग्गियाँ स्थानीय निवासियों के लिए बड़ा सिरदर्द बन गई हैं। सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील इस क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से ये झुग्गियाँ मौजूद हैं, लेकिन म्युनिसिपल कमेटी की अनदेखी से स्थानीय लोग अब बेहद नाराज हैं और उन्होंने प्रशासन से इन्हें तुरंत हटाने की माँग की है।

**कार्रवाई न होने पर धरना-प्रदर्शन की चेतावनी:** स्थानीय निवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने आने वाले दिनों में उनकी माँगो पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे सामूहिक रूप से उपायुक्त और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि आवासीय इलाके के बीचों-बीच इस तरह की अवैध झुग्गियाँ शहर के स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों के लिए एक बड़ा खतरा हैं।

**गंदगी, दुर्गंध और बीमारियों का खतरा:** हाइलैंड पार्क हाईराइज रेजिडेंट्स सोसाइटी के निवासियों का आरोप है कि झुग्गियों के कारण इलाके का स्वच्छ वातावरण पूरी तरह दूषित हो गया है। इस मौके पर सोसाइटी निवासी राजीव कक्कड़, प्रेम लूथरा, रमेश चौहान, मनोज कोहली, भूपेंद्र सिंह, सुधीर भाटिया, हर्ष भनोट, राजेश गुप्ता, के.डी गुलाटी ने कहा कि यहाँ चारों ओर गंदगी का आलम है, दुर्गंध और मच्छरों की भरमार है। सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे नालियाँ अक्सर जाम रहती हैं और बरसात के दिनों में गंदा पानी सड़कों पर बहता है।आरडब्ल्यूए अध्यक्ष राजीव कक्कड़ ने बताया कि झुग्गीवासी खुले में कूड़ा फेंकते हैं और कई बार कूड़ा जलाते हैं, जिससे निकलने वाला धुआँ पूरे इलाके में फैल जाता है। इससे सांस संबंधी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है।

**सुरक्षा पर बड़ा खतरा:** राजीव कक्कड़ ने क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि झुग्गियों में रात के समय असामाजिक गतिविधियाँ बढ़ गई हैं। शराबखोरी, झगड़े और शोर-शराबे की घटनाओं से इलाके का माहौल खराब हो रहा है। इसके अलावा, अज्ञात व्यक्तियों के घरों के आस-पास घूमने की शिकायतें भी सामने आई हैं, जिसके कारण महिलाओं और बुजुर्गों में भय का माहौल है। एयरफोर्स स्टेशन के करीब होने के चलते यह मामला सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद संवेदनशील है।

**पुनर्वास के साथ हटाने की माँग:** आरडब्ल्यूए ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की माँग करते हुए कहा है कि इन झुग्गियों को जल्द से जल्द हटाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे किसी के रोजगार के खिलाफ नहीं हैं, इसलिए झुग्गीवासियों के लिए किसी वैकल्पिक स्थान पर पुनर्वास की उचित व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि क्षेत्र की स्वच्छता, सुरक्षा और शांति सुनिश्चित हो सके।

> इस बारे में आपके माध्यम से जानकारी हमें प्राप्त हो गई है कल सुबह ही टीम भेज कर मौका चेक करवा लिया जाएगा और बनती कार्रवाई की जाएगी।
>
> **इंस्पेक्टर अशोक**
> **नगर परिषद जीरकपुर**

# पांच अलग-अलग सड़क हादसों में चार की मौत, पांच घायल

## सड़क किनारे खड़ी रेहड़ी को ट्रक ने मारी टक्कर, मां और तीन बच्चे घायल

- घायलों में एक महिला और तीन बच्चे भी शामिल
- ट्रक की टक्कर से गलत दिशा में जा रहे दो एक्टिवा सवारों की मौत

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**डेराबस्सी, 13 अक्टूबर।** शहर की सड़कों पर बीते 24 घंटों के दौरान पांच अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों में एक महिला और तीन बच्चे भी शामिल हैं, जिन्हें गंभीर हालत में सिविल अस्पताल डेराबस्सी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार, डेराबस्सी में डीएवी स्कूल के पास दो एक्टिवा सवार मुबारकपुर की ओर गलत दिशा में जा रहे थे। इस दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ट्रक के टायर दोनों के ऊपर से गुजर गए, जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतकों की पहचान 69 वर्षीय भुवन चंद्र निवासी मौली जागरा, चंडीगढ़ और केवलानंद निवासी ज़ीरकपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर सिविल अस्पताल डेराबस्सी के शवगृह में रखवा दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

इसी तरह, रामगढ़ रोड स्थित गांव दफरपुर में एक मारुति कार ने सड़क किनारे खड़े एक व्यक्ति को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 वर्षीय धीर सिंह निवासी गांव हरीपुर हिंदुआ के रूप में हुई है। वह अपने पीछे पत्नी और तीन बच्चों को छोड़ गया है।

तीसरा हादसा चंडीगढ़-अंबाला राष्ट्रीय राजमार्ग पर आदर्श नगर के पास हुआ, जहां 23 वर्षीय गोलू, जो एक नहर फैक्ट्री में सहायक ऑपरेटर था, अपनी मोटरसाइकिल पर जा रहा था। अचानक एक कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में गोलू की मौत हो गई और उसका साथी घायल हो गया।

चौथा हादसा डेराबस्सी फ्लाईओवर के पास हुआ। एक प्रवासी व्यक्ति अपनी पत्नी और तीन बच्चों को रेहड़ी पर बैठाकर घर जा रहा था। वह फ्लाईओवर के पास एक दुकान से दूध लेने के लिए रुका और रेहड़ी सड़क किनारे खड़ी कर दी। इतने में पीछे से आ रहे ट्रक ने खड़ी रेहड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में रेहड़ी पर बैठी महिला और उसके तीनों बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला की पहचान 26 वर्षीय सानू के रूप में हुई है।

पांचवां हादसा मुबारकपुर में हुआ, जहां एक छोटा हाथी (मिनी ट्रक) और कैंटर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में छोटा हाथी चालक घायल हो गया।

## ममता बनर्जी खुद स्वीकार रही हैं कि वह एक कमजोर मुख्यमंत्री हैं: विज



**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'लड़कियों को रात में घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।' श्री विज ने कहा कि 'ममता बनर्जी अपने बयान से खुद यह परिभाषित कर रही हैं कि वे एक कमजोर मुख्यमंत्री हैं। एक महिला होते हुए भी वे अन्य महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में असमर्थ हैं। यह बयान उनकी नाकामी को उजागर करता है।' श्री विज आज चंडीगढ़ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि 'इससे पहले भी कई मौकों पर ममता बनर्जी ने अपनी बेचारगी और प्रशासनिक असमर्थता का परिचय दिया है। ऐसे बयान उनके नेतृत्व की कमजोरी और सरकार की विफलता को दर्शाते हैं।' कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा अनुशासन समिति गठित किए जाने संबंधी बयान पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 'यह कांग्रेस पार्टी का आंतरिक मामला है, इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं होगा।'

# मकान विवाद में पड़ोसियों के बीच खूनी झड़प

## तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज

- तीन आरोपियों ने मिलकर 52 वर्षीय महिला और उसके बेटे पर किया जानलेवा हमला

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**ज़ीरकपुर, 13 अक्तूबर।** ढकोली इलाके में पड़ोसियों के बीच चल रहे मकान विवाद ने तब हिंसक रूप ले लिया, जब तीन आरोपियों ने मिलकर एक 52 वर्षीय महिला और उसके बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में महिला को फावड़े (कही) से गंभीर चोट आई। खास बात यह है कि यह झगड़ा 21 सितंबर 2025 की शाम को हुआ था, लेकिन ढकोली पुलिस ने मामले में लंबी जाँच के बाद 18 दिन बाद 09 अक्टूबर 2025 को तीन आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**वीडियो बनाने के शक में दिया वारदात को अंजाम:** शिकायतकर्ता शरणजीत कौर ने पुलिस को बताया कि 21 सितंबर को शाम करीब 4:30 बजे आरोपी अवतार सिंह उर्फ तारा, राज रानी और गुरनाम सिंह उनके घर आए। आरोपियों को शक था कि शरणजीत कौर छत पर चढ़कर गुरनाम सिंह के मकान की वीडियो बनाती हैं और दूसरे पक्ष (बलजीत सिंह व अजैब सिंह) की मदद करती हैं। महिला के इनकार करने पर, अवतार सिंह ने गाली-गलौज करते हुए उनकी दोनों बाँहें पीछे की ओर मरोड़ दीं।

**'इसे मार डालो, एक कत्ल की भी उतनी ही सजा...'**

इस दौरान, आरोपी गुरनाम सिंह ने अवतार सिंह को उकसाते हुए बेहद भड़काऊ बात कही। गुरनाम सिंह ने कहा, 'इसके कपड़े फाड़कर नंगी करो और इसे मार डालो, एक कत्ल की भी उतनी ही सजा है, जितनी दो कत्लों की'।

बेटे रमनदीप सिंह के बीच-बचाव करने पर, राज रानी ने 'कही' (फावड़ा) उठा लाई, जिसे गुरनाम सिंह ने छीनकर रमनदीप सिंह पर हमला कर दिया। बेटे को बचाने के प्रयास में, शरणजीत कौर ने अपना हाथ आगे किया, जिससे कही उनके दाएँ हाथ पर लगी और वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हमलावरों ने अवतार सिंह ने डंडे से हमला किया और गुरनाम सिंह ने महिला का मोबाइल फ़ोन भी छीन लिया। इसके बाद उन्होंने बेटे रमनदीप सिंह की भी बुरी तरह पिटाई की और उसकी मोटरसाइकिल तोड़ दी।

**अस्पताल में भर्ती हुए माँ-बेटे:** शरणजीत कौर की बेटी सुखमनी के 112 पर पुलिस को फोन करने की धमकी देने पर, तीनों आरोपी जान से मारने की धमकियाँ देते हुए मौके से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल माँ-बेटे को पहले सिविल अस्पताल ढकोली और फिर जीएमसीएच सेक्टर-32 चंडीगढ़ रेफर किया गया। पुलिस जाँच में पता चला कि दोनों पक्षों के बीच आपसी राजीनामे की बात चल रही थी, जो सिरे नहीं चढ़ सकी।















अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

## मुंबई के कुर्ला पश्चिम इलाके में लगी भीषण आग, कई दुकानें जलकर हुईं खाक

मुंबई (एजेंसी)। मुंबई के कुर्ला पश्चिम इलाके में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। इससे ठीक एक दिन पहले यानी रविवार को भी मुंबई के खारघर में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है। रविवार को नवी मुंबई के खारघर इलाके में एक रिहायशी इमारत में आग लग गई थी। रैपिड एक्शन फोर्स ने तीन महिलाओं समेत 7 लोगों को बचाया। 19 मंजिला इमारत, ट्राइसिटी सिम्फनी में रविवार दोपहर करीब 12:50 बजे आग लग गई। बचाव दल ने 17वीं और 18वीं मंजिल से लोगों को बाहर निकाला। अधिकारियों ने बताया कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यहां उनका इलाज जारी है। मुंबई के कुर्ला पश्चिम इलाके में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात भीषण आग ने देखते ही देखते कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, हालांकि लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और आसपास के इलाके में सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग की गई है। इस घटना का एक वीडियो सामने आया है जिसमें दिखाई दे रहा है कि दुकानों में भीषण आग लगी है और ऊंची-ऊंची लपटे उठ रही। आग लगते ही इलाके में हड़कंप मच गया और देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गई।

## जयपुर-अजमेर हाईवे पर एंबुलेंस की ट्रक से टक्कर... दो लोगों की मौके पर मौत

जयपुर (एजेंसी)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में जयपुर-अजमेर हाईवे पर तेज रफ्तार एंबुलेंस, सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। एंबुलेंस में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हुई, जबकि 3 लोग घायल हैं। रोड पर पाम ऑयल गिरा हुआ था। इससे पहिया फिसलने के बाद एंबुलेंस अनियंत्रित हो गई थी। हादसा बगरू इलाके के छीतरोली स्टैंड के पास रात करीब ढाई बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि छीतरोली स्टैंड पर पाम ऑयल का टैंकर खड़ा था। पीछे से आए डंपर ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। पाम ऑयल सड़क पर फैल गया। टक्कर में डंपर के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसमें सवार सभी लोग सुरक्षित हैं। टक्कर के बाद टैंकर से पाम ऑयल का रिसाव होने लगा और वह हाईवे पर फैल गया। तभी किशनगढ़ की ओर से आ रही एम्बुलेंस पाम ऑयल पर आकर अनियंत्रित हो गई। हाईवे किनारे खड़े ट्रक में सामने से एंबुलेंस घुस गई। एंबुलेंस सतीश धामनी (31) चला रहा था। इसके अलावा एंबुलेंस में 4 लोग सवार थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को बगरू सीएचसी ले गए थे। इसके बाद दो घायलों को अस्पताल भेजा गया। हादसे में किशनगढ़, अजमेर निवासी दिनेश कुमारी (55) और विक्की उर्फ वीरम सिंह (31) पुत्र गोविंद सिंह की मौत हो गई। एम्बुलेंस ड्राइवर सतीश धामनी, अमित वैष्णव (30), और बिठुदास (60) का एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

## नेहा सिंह राठौर को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने कहा... मुकदमे का सामना करे

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम आतंकी हमले के बारे में सोशल मीडिया पर पोस्ट को लेकर गायिका और कार्यकर्ता नेहा सिंह राठौर के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर विचार करने से इंकार कर उन्हें मुकदमे का सामना करने को कह दिया। शीर्ष अदालत ने दो टूक कहा कि वे मामले के गुण-दोष पर कोई राय व्यक्त नहीं कर रही है। जस्टिस जे के माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा कि इस समय वे विद्रोह के आरोप (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने) के मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं कर रही है। शीर्ष अदालत ने उन्हें आरोप तय करते समय ये मुद्दे उठाने की भी स्वतंत्रता दी। गायिका ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के 19 सितंबर के आदेश को चुनौती देकर शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसमें प्राथमिकी रद्द करने से इंकार किया था। प्राथमिकी में राठौर पर एक खास धार्मिक समुदाय को निशाना बनाने और देश की एकता को खतरे में डालने का आरोप लगा है। उन्होंने अप्रैल के आखिरी हफ्ते में थाने में अभय प्रताप सिंह नाम के एक व्यक्ति द्वारा अपने खिलाफ दर्ज कराई गई प्राथमिकी को चुनौती दी थी। सिंह ने राठौर पर धार्मिक आधार पर एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ भड़काने की बार-बार कोशिश करने का आरोप लगाया था।

## जहरीले कफ सिरप मामले में श्रीसन फार्मा से जुड़े चेन्नई के 7 ठिकानों पर ईडी का छापा

चेन्नई (एजेंसी)। हाल ही में जहरीले कफ सिरप से करीब दो दर्जन बच्चों की जान चली गई। इन दवाओं को बनाने में नियमों का पालन नहीं हो रहा था। लेकिन कोई अफसर जांचने नहीं गया। बताया जा रहा है कि घोर लापरवाही के चलते सब कुछ कागजों पर ऑल इज वेल की कहानी चलती रही। कुछ इसी तरह की जानकारियां उस वक्त सामने आईं जब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत श्रीसन फार्मा और तमिलनाडु ड्रग नियंत्रण विभाग के शीर्ष अधिकारियों से जुड़े चेन्नई स्थित सात ठिकानों पर छापेमारी की। बता दें कि जो दवा जीवन बचाती है, उसने बच्चों को मौत दी। इस मामले ने देशभर में आक्रोश पैदा कर दिया है। वहीं, नियामक निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण में भी गंभीर खामियों को उजागर किया है। छापेमारी कोल्ड्रिफ कफ सिरप मामले के सिलसिले में की गई है, जिसके कारण मध्य प्रदेश में 20 से अधिक बच्चों की किडनी फेल होने से मौत हो गई थी। ईडी अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी तमिलनाडु के वरिष्ठ ड्रग नियंत्रण अधिकारियों के आवासों और जहरीले सिरप की निर्माता कंपनी श्रीसन फार्मा से जुड़े परिसरों पर की गई। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने कंपनी और तमिलनाडु खाद्य एवं औषधि प्रशासन दोनों द्वारा कई उल्लंघन पाए। खराब बुनियादी ढांचे और बार-बार सुरक्षा उल्लंघनों के बावजूद, श्रीसन 2011 में लाइसेंस प्राप्त करने के बाद से बेरोकटोक काम करती रही। कोल्ड्रिफ सिरप में डाइएथिलीन ग्लाइकॉल नामक घातक मात्रा पाई गई है, जो आमतौर पर एंटीफीज में इस्तेमाल होने वाला एक रसायन है।

# 'माँ, माटी, मानुष' का दावा झूठा! बांसुरी स्वराज बोलीं- ममता के कुशासन से बंगाल में माँ शर्मिंदा



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** दुर्गापुर में द्वितीय वर्ष की मेडिकल छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने सोमवार को कहा कि यह सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की रूढ़िवादी मानसिकता को दर्शाता है। बयान को असंवेदनशील बताते हुए, स्वराज ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देवी दुर्गा की भूमि माने जाने वाले राज्य में महिलाएं असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि माँ दुर्गा के बंगाल में महिलाएं असुरक्षित हैं। राज्य की महिला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बलात्कार पीड़िता को दोषी ठहराकर ऐसी असंवेदनशील टिप्पणी करती हैं। मेरा मानना है कि यह टीएमसी की रूढ़िवादी मानसिकता को दर्शाता है।

स्वराज ने बनर्जी से ओडिशा की रहने वाली पीड़िता को न्याय दिलाने और राज्य भर में महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाने पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। उन्होंने आगे कहा, 'मैं ममता बनर्जी से कहना चाहूँगी कि वह न केवल राज्य की मुख्यमंत्री हैं, बल्कि गृह विभाग भी उनके पास है। इसका मतलब है कि आंतरिक सुरक्षा की पूरी जिम्मेदारी उनकी है। उन्हें ऐसा माहौल बनाना चाहिए जहाँ लड़कियाँ सुरक्षित महसूस करें और दिन हो या रात, आज़ादी से घूम सकें। मैं उनसे फिर से अनुरोध करना चाहूँगीः कृपया बलात्कार को सही न ठहराएँ। उस लड़की को न्याय दिलाने की दिशा में काम करें।'

स्वराज ने आगे कहा कि मैं ममता बनर्जी से पूछना चाहती हूँ, वे 'माँ, माटी, मानुष' के नारे लगाती हैं। लेकिन आपकी असंवेदनशीलता, कुशासन और प्रतिगामी मानसिकता के कारण आज बंगाल में 'माँ' शर्मिंदा है, 'माटी' लहूलुहान है और 'मानुष' बदहाल है। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की सदस्य अर्चना मजूमदार ने एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष रेखा शर्मा के स्वतः संज्ञान लेने के निर्देश के बाद मामले की चल रही जाँच की समीक्षा के लिए दुर्गापुर का दौरा किया। उन्होंने पीड़िता के परिवार, छात्रों और स्थानीय अधिकारियों, जिनमें एसपी और ओसी भी शामिल हैं, से मुलाकात की।

उन्होंने एक समाचार एजेंसी को बताया, 'मेरी अध्यक्ष से बातचीत हुई। उन्होंने मुझे मामले का तुरंत स्वतः संज्ञान लेने, घटनास्थल पर पहुँचने और पीड़िता से मिलने के लिए कहा। मैंने अधिकारियों, छात्रों और पीड़िता के अभिभावकों से बात की। फिर मैंने पुलिस, एसपी और ओसी से बात की। हम अगले कार्यदिवस पर अपनी रिपोर्ट पेश करेंगे।' उन्होंने आगे बताया कि पुलिस ने पाँच संदिग्धों की पहचान कर ली है, जिनमें से तीन को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें 10 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। पुलिस जल्द से जल्द आरोप पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया में है। मेडिकल नमूने राज्य फोरेंसिक प्रयोगशाला भेजे गए हैं, जिन्हें उन्होंने केंद्रीय फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (सीएफएसएल) भेजने की सिफ़ारिश की है।

## हत्या के मामले में जेल आते ही फूट-फूटकर रोई महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडेय

**अलीगढ़ (एजेंसी)।** बीते 26 सितंबर की रात को खेरेश्वर चौराहे पर हाथरस के सिकंदराराऊ क्षेत्र के गांव कचौरा निवासी टीवीएस शोरूम मालिक अभिषेक गुप्ता की बाइक सवार दो शूटरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसमें नामजद पूजा शकुन पांडेय को पुलिस ने राजस्थान के भरतपुर जिले से गिरफ्तार किया। दोपहर में उसे जेल में दाखिल कर दिया गया। अंदर वह परेशान नजर आई। अन्य महिलाओं ने उसे संभाला।



अभिषेक की हत्या के मामले में 50 हजार की इनामी महामंडलेश्वर पूजा शकुन पांडेय उर्फ अन्नपूर्णा भारती जेल में आते ही फूट-फूटकर रोई। अधिकारियों ने उसे जेल के नियम-कायदे बताए। उधर, पुलिस अब मामले में चार्जशीट व गैंगस्टर लगाने की तैयारी कर रही है। हालांकि उसने खाना आदि समय से खाया। करवटें बदलकर रात काटी। पूजा को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। उससे मुलाकात के लिए 10 लोगों के नाम लिए हैं। उनसे सप्ताह में तीन दिन मुलाकात कराई जाएगी। इससे पहले जेल भेजे गए उसके पति अशोक कुमार पांडेय को भी संवेदनशील श्रेणी में ही रखा है। एएसपी मयंक पाठक के अनुसार मामले में जल्द ही चार्जशीट लगाई जाएगी। गैंगस्टर की कार्रवाई भी होगी। हत्या के बाद फरार हुई पूजा ने परिजनों से संपर्क नहीं किया। वह जहां भी गई, वहां उसे शरण नहीं मिली। लेकिन, कुछ लोगों ने उसका भगाने में सहयोग भी किया है। ऐसे लोग पुलिस के रडार पर आ गए हैं। वहीं दूसरी तरफ अभिषेक के भाई आशीष ने कहा कि पुलिस आरोपियों के खिलाफ एनएसए की कार्रवाई करे। साथ ही उनके घर की कुर्की हो। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी में पुलिस ने पूजा को जेल भेज दिया। जबकि सही ढंग से उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ होनी चाहिए थे। ताकि पूरे षड्यंत्र का खुलासा हो सके। परिजनों ने रविवार शाम को रोरावर थाने में इंस्पेक्टर से मुलाकात की।

## करोड़ों खर्च के बाद भी साफ नहीं हो सकी गोमत नदी!

**- 20 लाख लोगों को नदी से मिलता है 320 एमएलडी कच्चा पानी**

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में बहने वाली गोमती नदी शहर की जीवनरेखा है, लेकिन प्रदूषण के कारण इसकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। करीब 20 लाख लोगों को 320 एमएलडी कच्चा पानी नदी से मिलता है। गोमती बैराज के पास पानी का स्तर बनाए रखने के लिए पानी का बहाव रोका जाता है। नदी में 39 नाले गिरते हैं, जिनमें से 13 नाले बिना ट्रीटमेंट या आंशिक ट्रीटमेंट के सीवेज सीधे नदी में डालते हैं, जिससे पानी काला और जहरीला हो गया है। 2010 से 2025 तक गोमती नदी को स्वच्छ बनाने के लिए करीब 2,500 करोड़ रुपये खर्च किए गए। 2011 में भरवारा और दौलतगंज में बड़े एसटीपी बनाए गए, लेकिन नालों पर पंप काम नहीं कर रहे हैं और सीवेज पंपिंग स्टेशन से सही तरीके से सीवेज एसटीपी तक नहीं पहुंच पा रहा है। इसके कारण सीवेज अभी भी सीधे नदी में गिरता है। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग के प्रमुख प्रो. वेंकटेश दत्ता और गोमती टास्क फोर्स के मेजर केएस नागी ने नदी में गिरने वाले नालों का सर्वे किया। हैदर कैनाल, कुकरैल नाला और घसियारी मंडी नाले में कूड़ा-कचरा सीवेज सीधे नदी में पहुंच रहा है। नगर निगम भी नदी किनारे कूड़ा फेंकता रहा है, जिससे प्रदूषण और बढ़ा है। गोमती नदी की स्थिति सुधारने के लिए विभागों को अपनी जिम्मेदारियों को समझते हुए प्रभावी कार्यवाही करनी होगी। नालों और सीवेज प्रणाली की सही देखरेख, कूड़ा निस्तारण और जागरूकता अभियान के साथ-साथ पानी की गुणवत्ता पर कड़ी निगरानी जरूरी है, तभी गोमती को फिर से स्वच्छ और जीवनदायिनी बनाया जा सकेगा।

## असम में सरकारी नौकरी का रिकॉर्ड! 1 लाख का आंकड़ा पार, 2 लाख की ओर सरमा सरकार



**दिसपुर (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम सरकार ने एक लाख से ज़्यादा उम्मीदवारों को लाभकारी रोज़गार प्रदान करके एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, और अब दो लाख नियुक्तियों के विशाल लक्ष्य की ओर तेज़ी से बढ़ रही है। असम प्रदेश भाजपा ने एक बयान में कहा कि राज्य के महत्वाकांक्षी युवाओं में नई आशा का संचार करते हुए, सरकार अक्टूबर महीने में 35,000 उम्मीदवारों को रोज़गार देने के लिए तैयार है। असम पुलिस में 5,614 कांस्टेबल पदों के लिए बहुप्रतीक्षित परिणामों की घोषणा ने न केवल अनगिनत सपनों को साकार किया है, बल्कि पारदर्शिता, दक्षता और योग्यता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित किया है।

बयान में कहा गया है कि स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 3,698 तकनीकी और गैर-तकनीकी पदों के लिए परिणामों की घोषणा भी उतनी ही उल्लेखनीय है। जैसा कि मुख्यमंत्री ने अपने फेसबुक लाइव संबोधन में घोषणा की थी, एडीआर परीक्षा के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी पदों के परिणाम 15 अक्टूबर को घोषित किए जाएँगे, उसके बाद 17 अक्टूबर तक स्नातकोत्तर शिक्षक के परिणाम घोषित किए जाएँगे। असम राज्य भाजपा प्रवक्ता ज़फ़रीन मेहजबीन ने एक लाख सरकारी नौकरियाँ प्रदान करने के अपने वादे को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की गहरी सराहना और हार्दिक बधाई व्यक्त की - एक ऐसा वादा जिसे विपक्ष ने कभी अप्राप्य बताकर खारिज कर दिया था।

बयान में कहा गया है, 'आज यह उपलब्धि मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ कार्यान्वयन का अकाट्य प्रमाण है। नवंबर तक, 38,000 अतिरिक्त नियुक्तियाँ वितरित की जानी हैं, जो रोज़गार सृजन में निरंतर गति को दर्शाती हैं। साथ ही, मुख्यमंत्री के आत्मनिर्भर असम अभियान (CMAAA) के तहत, एक लाख और युवाओं - पुरुषों और महिलाओं दोनों - को उद्यमशीलता के उपक्रम शुरू करने के लिए 5 लाख रुपये मिलेंगे, जिससे पूरे राज्य में आत्मनिर्भरता की लहर दौड़ेगी। आवेदन प्रक्रिया पहले से ही चल रही है, और जिन लाभार्थियों ने पहली किस्त का विवेकपूर्ण उपयोग किया है, उन्हें सहायता की दूसरी किस्त मिलने की उम्मीद है।'

ज़फ़रीन मेहज़बीन ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में असम की भाजपा-नेतृत्व वाली सरकार ने सरकारी भर्ती को उद्यम-आधारित विकास के साथ सामंजस्य स्थापित करके रोज़गार नीति के पारंपरिक दायरे को पार कर लिया है। असम राज्य भाजपा ने बयान में कहा, 'योग्यता आधारित नियुक्तियों और उद्यमशीलता सशक्तिकरण पर यह दोहरा जोर समग्र सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन की दिशा में एक आदर्श बदलाव का प्रतीक है।'

## कर्नाटक में मंत्रिमंडल फेरबदल की अटकलें तेज, सिद्धारमैया बोले- रात्रिभोज सामान्य



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सोमवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल की अफवाहों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि कैबिनेट सहयोगियों के साथ उनकी रात्रिभोज बैठक एक नियमित बैठक थी और इसका किसी राजनीतिक कदम से कोई लेना-देना नहीं है। सिद्धारमैया ने बेंगलुरु में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा इस रात्रिभोज का मंत्रिमंडल में फेरबदल से कोई लेना-देना नहीं है। मैं अक्सर रात्रिभोज का आयोजन करता हूँ। मैंने काफी समय से इसकी मेज़बानी नहीं की है, इसलिए मैंने आज आमंत्रित किया। इस रात्रिभोज में कुछ खास नहीं है। यह केवल आपके और भाजपा के लोगों के लिए खास है। कांग्रेस सरकार अगले महीने अपने कार्यकाल के 2.5 वर्ष पूरे करने जा रही है, ऐसे में मंत्रिमंडल में संभावित बदलाव और यहां तक ??कि ÷नवंबर क्रांति÷ की अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ लोग इस मुहावरे का इस्तेमाल राज्य में सत्ता परिवर्तन का संकेत देने के लिए कर रहे हैं। क्या हमें मिलना नहीं चाहिए? मुझे समझ नहीं आ रहा। भाजपा की बात मानकर, आपने (मीडिया ने) हमारी डिनर पर हुई मुलाकात को अपराध बना दिया है। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन के पीछे राजनीतिक महत्व की बातों को खारिज करते हुए कहा हम अक्सर मिलते रहते हैं। पार्टी सूत्रों ने बताया कि बैठक में आगामी तालुका, जिला पंचायत और शहरी स्थानीय निकाय चुनावों की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। कर्नाटक राज्य ठेकेदार संघ द्वारा हाल ही में लिखे गए एक पत्र के बाद, जिसमें दावा किया गया था कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कमीशन की माँग दोगुनी हो गई है, भ्रष्टाचार के आरोपों का मुकाबला करने की रणनीतियों पर भी चर्चा हो सकती है। इस बीच, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जो संभावित नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों का विषय रहे हैं, ने सप्ताहांत में फेरबदल की चर्चा को एक अफवाह करार दिया। सिद्धारमैया के करीबी सूत्रों का कहना है कि किसी भी फेरबदल से उनके अधिकार और निरंतरता पर जोर पड़ेगा, लेकिन दोनों नेताओं ने कांग्रेस सरकार के भीतर किसी भी आंतरिक दरार के संकेत को कम करने की कोशिश की है।

## 10 दिन बाद सुबह पदयात्रा पर निकले संत प्रेमानंद महाराज... भक्तों की आंखों से आंसू छलक पड़े

**-राधे-राधे जयकारों से गूंज उठी वृंदावन की गली-गली**



**मथुरा (एजेंसी)।** वृंदावन में मशहूर संत प्रेमानंद महाराज 10 दिन बाद पदयात्रा पर निकले। महाराज की झलक पाकर भक्तों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े और हजारों की भीड़ जोर-जोर से राधे-राधे का जयकारा लगाने लगी। बात दें कि प्रेमानंद महाराज 2 अक्टूबर से पदयात्रा नहीं कर रहे थे। केली कुंज आश्रम ने इसके पीछे उनके स्वास्थ्य का हवाला दिया था। हालांकि, इस दौरान वे आश्रम में ही एकांतिक वार्ता (भक्तों से बातचीत) करते रहे।

दरअसल मथुरा-वृंदावन से संत प्रेमानंद जी महाराज के भक्तों के लिए रविवार की सुबह खुशखबरी लेकर आई। काफी दिन बाद प्रेमानंद महाराज ने अपनी पदयात्रा फिर शुरू की। सुबह करीब 3 बजे श्री राधे हित केलिकुंज आश्रम से बाहर निकलते ही उन्होंने परिक्रमा मार्ग की ओर प्रस्थान किया। इस दौरान उनके दर्शन के लिए भारी संख्या में भक्त उमड़ पड़े। परिक्रमा मार्ग राधे-राधे के जयकारों से गूंजने लगा। भक्तों का उत्साह देखकर प्रेमानंद महाराज कई स्थानों पर रुककर उनकी तरफ मुस्कुराते हुए दिखाई दिए। प्रेमानंद महाराज के स्वास्थ्य में सुधार को देखकर भक्तों ने भी राहत की सांस ली। उनकी एक झलक पाने को हजारों भक्त पहले से ही खड़े थे। महाराज को देखते ही भक्तों के चेहरे खिल उठे। भक्तों ने कहा, जब से हमने सुना था कि महाराज जी की तबीयत खराब है, हम बहुत चिंतित थे। लेकिन अब उन्हें स्वस्थ देखकर मन को सुकून मिला। वे हम सभी को आशीर्वाद देते हुए आगे बढ़ गए।

प्रेमानंद महाराज वृंदावन में श्रीकृष्ण शरणम् सोसाइटी से रमणरेती स्थित आश्रम हित राधा केली कुंज के लिए निकलते हैं। 2 किमी पैदल चलकर जाते हैं। उनके दर्शन के लिए रात को हजारों की संख्या में भक्त पहुंचते हैं।

## बिहार में मुस्लिम चुनाव में कर सकते हैं खेल, सभी राजनीतिक दलों की है नजर

**-11 सीटों पर 40 फीसदी मुस्लिम, 2020 में दिखाया था ट्रेलर, ओवैसी भी पीछे नहीं**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी बढ़ गई है। जाति और धर्म के आधार पर सीटों का विश्लेषण कर उसी के अनुरूप प्रत्याशियों का चयन किया जा रहा रहा है। एनडीए और महागठबंधन में सभी तरह के समीकरणों का ख्याल रखकर सीट बंटवारे पर मंथन चल रहा है। बिहार में लालू यादव ने मुस्लिम-यादव समीकरण का ईजाद कर आरजेडी की बादशाहत कायम की थी। बाद के सालों में उनके इस समीकरण की काट निकाली गई और आरजेडी सत?ता के अंदर-बाहर आती और जाती रही, लेकिन ज्यादातर समय एनडीए के हाथ में ही सत्ता की बागडोर रही।

हालांकि, आरजेडी के लिए मुस्लिम-यादव फॉर्मूला आज भी उपयोगी और कारगर है, लेकिन 2020 के विधानसभा चुनाव में एक नए खिलाड़ी ने आरजेडी के इस फॉर्मूले में सेंध लगा दी और पांच सीटें जीत ली। उनका नाम है असदुद्दीन ओवैसी। उनकी पार्टी एआईएमआईएम साल 2015 के चुनाव में बिहार की एंट्री की थी और अब खासकर सीमांचल क्षेत्र में अहम फैक?टर बन चुकी है। ओवैसी की पार्टी ने इसबार 243 सीटों में से 100 पर उम्?मीदवार उतारने का मन बनाया है। राजनीतिक एक्सपर्ट्स का मानना है कि एआईएमआईएम सबसे ज्यादा आरजेडी को नुकसान पहुंचाएगी।

सीमांचल को मुस्लिम आबादी वाला क्षेत्र माना जाता है। इस क्षेत्र में मुख्य रूप से चार जिले कटिहार, किशनगंज, अररिया और पूर्णिया आते हैं। यह क्षेत्र मुस्लिम बहुल आबादी के चलते लंबे समय से राजनीतिक दलों के लिए आकर्षण का केंद्र है। किशनगंज में ओवैसी ने इस फैक?टर को ध्यान में रखते हुए कहा था कि वे बिहार में कई साथियों से मिलने और नई मित्रता करने के लिए उत्सुक हैं। राज्य की जनता को एक नया विकल्प चाहिए और हम वही बनने की कोशिश कर रहे हैं।

बता दें एआईएमआईएम ने साल 2015 में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव लड़ा था। पार्टी ने सीमांचल की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली थी। किशनगंज के कोचाधामन विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार और पार्टी के मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को करीब 37 हजार वोट मिले थे। यह कुल मतों का करीब 26 फीसदी था। साल 2020 के बिहार विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने अपना अच्छा खासा प्रभाव छोड़ा था। बिहार में मुसलमानों की आबादी 17.7 फीसदी से ज्यादा है। राज्य की 47 विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। इनमें 11 सीटों पर मुस्लिम आबादी 40 फीसदी से ज्यादा, सात सीटों पर 30 फीसदी से ज्यादा और 29 सीटों पर 20 से 30 फीसदी के बीच है। इसमें से ज्यादातर सीटें सीमांचल में ही हैं। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान का कहना है कि हम बिहार चुनाव में विकल्प पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारी योजना 100 सीटों पर उम्मीदवार उतारने की है। हमने राजद प्रमुख लालू यादव और महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को पत्र लिखकर महागठबंधन में एआईएमआईएम के लिए कुछ सीट की मांग की थी, लेकिन उन्होंने रुचि नहीं दिखाई। चुनाव में जनता इसका जवाब देगी।

बता दें साल 2020 के विधानसभा चुनाव में ओवैसी की पार्टी ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारकर राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया था। इस चुनाव में



एआईएमआईएम ने सीमांचल की पांच सीटों अमौर, बहादुरगंज, बायसी, कोचाधामन और जोकीहाट पर जीत हासिल की थी। विजयी उम्मीदवारों में अमौर से अख्तरुल ईमान, बहादुरगंज से मोहम्मद अंजार नइमी, बायसी से सैयद रुकनुद्दीन, कोचाधामन से इजहार असफी और जोकीहाट से शाहनवाज आलम शामिल थे। हालांकि, 2022 में पार्टी को बड़ा झटका तब लगा जब अख्तरुल ईमान को छोड़कर बाकी चारों विधायक राजद में शामिल हो गए। साल 2020 के चुनाव में पार्टी ने 16 मुस्लिम और चार गैर-मुस्लिम प्रत्याशियों को टिकट दिया था। इनमें से पांच मुस्लिम उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। पार्टी के गैर-मुस्लिम उम्मीदवारों को सफलता नहीं मिली थी।

# ईपीएफओ की योजनाओं को मिलेंगे नए बेंचमार्क, निवेश रणनीति बदलने की तैयारी

**आरबीआई की सिफारिश पर तीन योजनाओं के लिए अलग-अलग तय किए जा सकते हैं निवेश मानक**

**नई दिल्ली**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) अपनी तीन प्रमुख योजनाओं कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ), कर्मचारी पेंशन योजना (ईपीएस) और कर्मचारी डिपॉजिट लिंक्ड बीमा योजना (ईडीएलआई) के लिए अलग-अलग बेंचमार्क यील्ड बनाने पर विचार कर रहा है। यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की सिफारिशों के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि इन योजनाओं की अलग-अलग देनदारियों को देखते हुए एक समान निवेश रणनीति उपयुक्त नहीं है। आरबीआई ने श्रम मंत्रालय द्वारा सौंपी गई एक रिपोर्ट की समीक्षा के बाद सलाह दी थी कि हर योजना की पूंजी निवेश रणनीति उसकी जिम्मेदारियों के अनुसार तय की जानी चाहिए। इसके बाद, क्रिसिल द्वारा बेंचमार्क का एक मसौदा तैयार किया गया है, जिसे विशेषज्ञों की समिति से अनुमोदन मिलने के बाद निवेश समिति और फिर सरकार के पास भेजा जाएगा। वर्तमान में ईपीएफओ 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति का प्रबंधन करता है, जो देश के औपचारिक क्षेत्र में काम कर रहे लगभग 30 करोड़ कर्मचारियों से जुड़ी है। इस बीच, ईपीएफओ का शीर्ष निकाय केंद्रीय न्यासी बोर्ड कर्मचारी पेंशन योजना के तहत आने वाले करीब 80 लाख पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देने जा रहा है। जल्द ही उन्हें इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेटकी घर पर डिलीवरी की सुविधा मिल सकती है। इसका उद्देश्य बुजुर्ग पेंशनधारकों को भौतिक रूप से प्रमाणपत्र जमा करने की कठिनाइयों से बचाना है।



# निवेशक तय नहीं कर पा रहे सोना खरीदें या शेयर?

**नई दिल्ली**



भारत में सोना और शेयर खरीदने का अपना अलग महत्व है। सोना पारंपरिक रूप से सुरक्षा और समृद्धि का प्रतीक माना जाता है, जबकि शेयर बाजार को लंबे समय में संपत्ति बढ़ाने का बेहतरीन जरिया समझा जाता है। हालांकि मौजूदा हालात में सोना निवेशकों के लिए ज्यादा चमकदार साबित हुआ है। पिछले एक साल में सोने ने करीब 50 प्रतिशत तक का शानदार रिटर्न दिया है। वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता, बढ़ते कर्ज और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी ने इसकी कीमत को ऊंचा बनाए रखा। भारत में सोने से जुड़ा प्रमुख ईटीएफ 'गोल्डबीस' ने भी लगभग 55 प्रतिशत रिटर्न दिया है, जिससे यह 2025 की सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली संपत्ति बन गई है। इसके मुकाबले निफ्टी 50 इंडेक्स पिछले एक साल में लगभग स्थिर रहा। हालांकि महामारी के बाद बाजार में अच्छी तेजी आई थी, लेकिन हाल के महीनों में उतार-चढ़ाव के कारण इसकी गति धीमी पड़ गई है। पहली नजर में सोना विजेता लगता है, मगर अगर नजरिया लंबी अवधि का रखा जाए तो तस्वीर अलग दिखाई देती है। पिछले 10 से 15 वर्षों के प्रदर्शन को देखें तो निफ्टी 50 ईटीएफ ने 12 से 15 प्रतिशत तक का कंपाउंड एनुअल रिटर्न (सीएजीआर) दिया है, जबकि सोने का लंबी अवधि का रिटर्न लगभग 8 से 9 प्रतिशत के बीच रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि शेयर बाजार में निवेश से कंपनियों की बढ़ती कमाई, डिविडेंड और देश की आर्थिक प्रगति का सीधा फायदा निवेशकों को मिलता है। वहीं सोना न तो आय उत्पन्न करता है और न ही उसमें ग्रोथ की संभावना होती है; यह केवल आर्थिक या राजनीतिक संकट के समय अपनी कीमत बनाए रखने में मदद करता है। पॉल असेट के इक्विटी विश्लेषक और 129 वेल्थ फंड के फंड मैनेजर प्रसेन्जित पॉल का कहना है कि सोना भले ही सुरक्षित निवेश माना जाता हो, लेकिन लंबी अवधि में शेयर बाजार ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करता है। उनके अनुसार, जो निवेशक स्थिरता चाहते हैं, वे सोना चुन सकते हैं, जबकि जो तेज़ विकास की संभावना तलाशते हैं, उनके लिए शेयर बेहतर हैं।

# भारत का नमकीन और स्नैक्स मार्केट बना बड़ा कारोबार

**विदेशी प्लेयर पैसा लगाने को तैयार**

**मुंबई**

भारत का नमकीन और स्नैक्स मार्केट अब सिर्फ खाने-पीने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह अब एक बड़ा बिजनेस बन चुका है। जिस बाजार पर कभी केवल देसी और लोकल ब्रांडों का दबदबा था, अब वहां विदेशी कंपनियों की भी दिलचस्पी बढ़ी है। अमेरिका की नामी कंपनी जनरल मिल्स, बालाजी वेफर्स जैसी लोकल कंपनियों में निवेश की तैयारी में है। वहीं पेप्सिको और आईटीसी जैसी बड़ी कंपनियां भी इसमें हिस्सेदारी चाहती हैं।

भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण और भागदौड़ भरी जिंदगी ने लोगों की खाने की आदतों को बदल दिया है। लोग अब लंबे समय तक घर में खाना बनाने के बजाय इसतरह के फूड आइटम पसंद कर रहे हैं जो झटपट खाए जा सकें। इसकारण रेडी-टू-ईट स्नैक्स की मांग तेजी से बढ़ रही है। आज का उपभोक्ता सिर्फ मसालेदार नमकीन या चिप्स से खुश नहीं है, लोग अब इसतरह के स्नैक्स ढूंढ रहे हैं जो स्वाद के साथ-साथ सेहत के लिए भी अच्छे साबित हो। बाजार में अब क्विनोआ, बाजरा, भुने बीज, कम तेल वाले और बेक किए हुए विकल्प तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

भारतीय नमकीन की बिक्री में 15 प्रतिशत तक की वृद्धि की उम्मीद है, जो संगठित पश्चिमी स्नैक्स सेगमेंट के लिए एक मजबूत अनुमान है। यह वृद्धि उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता और प्राकृतिक, स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स की मांग को दर्शाती है, साथ ही क्षेत्रीय और मसालेदार स्वादों के नए और पारंपरिक रूपों की बढ़ती लोकप्रियता भी इसमें योगदान दे रही है। भारतीय नमकीन और स्नैक्स बाज़ार 2025-2029 के दौरान लगभग 15 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। यह वृद्धि मुख्य रूप से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने और प्राकृतिक, स्वास्थ्यवर्धक उत्पादों की ओर झुकाव के कारण है। उपभोक्ता नए स्वाद और प्रारूपों को अपनाने के लिए उत्सुक हैं, खासकर उन क्षेत्रीय और मसालेदार स्वादों के लिए जो नए तरीकों से पेश किए जाते हैं।

एक कारण ये भी हैं कि भारत का ग्रामीण बाजार अब उतना पिछड़ा नहीं रहा, यहां भी लोगों की आय में इजाफा हुआ है और वे अब ब्रांडेड स्नैक्स खरीदने के लिए तैयार हैं। कंपनियां गांवों के लिए सस्ते पैकेट तैयार कर रही हैं जैसे 1 रुपये, 5 रुपये और 10 रुपये वाले पैक, जो वहां की जेब और जरूरत के हिसाब से फिट बैठते हैं।

# अमेरिका की टैरिफ नीति पर भारत का करारा जवाब, ईयू से मुक्त व्यापार समझौता जल्द

**27 देशों से बिना टैरिफ व्यापार की तैयारी, दिसंबर तक एफटीए पर हस्ताक्षर की उम्मीद**

**नई दिल्ली**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ और व्यापारिक दबावों का जवाब अब भारत ने रणनीतिक रूप से दे दिया है।

भारत ने यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को लेकर वार्ता को निर्णायक मोड़ पर पहुंचा दिया है। यह समझौता लागू होने पर भारत 27 यूरोपीय देशों के साथ बिना या बेहद कम टैरिफ के व्यापार कर सकेगा, जिससे अमेरिकी नीतियों से हुए नुकसान की काफी हद तक भरपाई संभव हो पाएगी।

ब्रुसेल्स में भारत और यूरोपीय संघ के बीच एफटीए पर 14वें दौर की वार्ता 6 अक्टूबर से शुरू होकर 5 दिन चली। वार्ता को गति देने के लिए भारत के वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल भी टीम के साथ अंतिम दिनों में शामिल हुए। इस दौरान वस्तुओं और सेवाओं से जुड़े विवादित मुद्दों पर भी सार्थक प्रगति हुई है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संकेत दिए हैं कि दिसंबर 2025 तक समझौते पर हस्ताक्षर हो सकते हैं। इसके लिए वह ब्रुसेल्स जाकर यूरोपीय आयोग के व्यापार प्रमुख से मुलाकात करेंगे। गौरतलब है कि वित्तवर्ष 2023-24 में भारत और ईयू के बीच कुल 135 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार और 53 अरब डॉलर का सेवा व्यापार हुआ था।

एफटीए से इन आंकड़ों में भारी वृद्धि की संभावना है। यह समझौता भारत के लिए एक रणनीतिक कदम होगा, जो उसे वैश्विक व्यापार में अधिक ताकतवर और स्वतंत्र बनाएगा।

# भारत की अर्थव्यवस्था 2026 तक 6-6.5 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना

**मुंबई**

भारत की एक वित्तीय सेवा कंपनी का मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग, डिजिटल नेतृत्व, अवसंरचना में निवेश, सुधारों की गति और भू-राजनीतिक संतुलन जैसी कई वजहों से लगातार विकास कर सकती है। फर्म के अनुसार, चीन+1 रणनीति और विभिन्न सेक्टरों में विविधता के साथ ये ताकतें भारत को उन कुछ बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनाती हैं, जो 2026 तक 6-6.5 फीसदी की स्थिर विकास दर देने में सक्षम हैं। वैश्विक चुनौतियों जैसे शुल्क युद्ध, सप्लाई चेन में व्यवधान और यूक्रेन व मध्य पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव से अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का अनुमान है कि इसका वैश्विक विकास पर केवल 0.5 प्रतिशत अंक का मामूली असर पड़ेगा। इसके विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था अगले कुछ तिमाहियों में उपभोक्ता खर्च, जीएसटी सुधार और कम ब्याज दरों से 6.2-6.3 फीसदी की दर से बढ़ने की संभावना है। हालांकि अमेरिकी बाजार में भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी तक शुल्क लगाने जैसी वैश्विक व्यापार चुनौतियां हैं, फिर भी भारतीय अर्थव्यवस्था लचीलापन दिखा रही है। अगस्त 2025 में मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज पीएमआई 15-17 साल के उच्च स्तर पर पहुंच गया, जो विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक विस्तार का संकेत देता है।




# तेलंगाना सरकार खुले बाजार से 9,000 करोड़ रुपये जुटाएगी



**हैदराबाद** तेलंगाना सरकार अक्टूबर-दिसंबर 2025 तिमाही में खुले बाजार से 9,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी उधारी कैलेंडर के अनुसार, अक्टूबर और नवंबर में 2,000-2,000 करोड़ रुपए तथा दिसंबर में 5,000 करोड़ रुपएकी राशि जुटाई जाएगी। इससे पहले, राज्य ने सितंबर तक 15,500 करोड़ रुपए की उधारी ली थी। तेलंगाना ने वित्त वर्ष 2025-26 में 54,009.74 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटे का अनुमान रखा है, जबकि अगस्त अंत तक यह आंकड़ा 33,415.15 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। यह उधारी विकास परियोजनाओं व वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए की जा रही है।

# दिवाली से पहले ड्राई फ्रूट्स की मांग में उछाल

**गिफ्टिंग और शादियों से बढ़ी खपत, टैरिफ और वैश्विक अस्थिरता से दाम चढ़े**

**मुंबई** दिवाली नजदीक आते ही देशभर में ड्राई फ्रूट्स की मांग में जबरदस्त उछाल देखने को मिल रहा है। बाजार पूरी तरह सज चुका है और घरों की खरीदारी के साथ-साथ कॉर्पोरेट गिफ्टिंग और शादियों के लिए भी मेवों की डिमांड बढ़ गई है। इस समय अगस्त से दिसंबर तक का समय ड्राई फ्रूट्स की सबसे अधिक बिक्री का होता है। इंडस्ट्री विशेषज्ञों के अनुसार सांस्कृतिक परंपराएं और त्योहारों में गिफ्टिंग का चलन ड्राई फ्रूट्स की मांग को तेजी से बढ़ाता है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च के एसोसिएट डायरेक्टर पारस जसराई का कहना है कि त्योहारी सीजन में मांग अचानक बढ़ जाती है, जिससे घरेलू बाजार पर दबाव बनता है और आयात तेज होता है। हालांकि, अमेरिका की टैरिफ नीतियों और वैश्विक व्यापार अस्थिरता ने बादाम, पिस्ता और अखरोट जैसे मेवों की कीमतों को प्रभावित किया है। काजू का आयात त्योहारी महीनों में 173.9 मिलियन डॉलर (1445 करोड़) रहा, जबकि सालाना औसत 134.8 मिलियन डॉलर (1120 करोड़) था। काजू में अगस्त-दिसंबर 2024 के दौरान औसत महंगाई 9.4 फीसदी रही। ऑस्ट्रेलिया, यूएई, ओमान और सऊदी अरब जैसे देशों से ड्राई फ्रूट्स के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उदाहरण के लिए, ऑस्ट्रेलिया से बादाम का आयात अप्रैल-जुलाई में 93 फीसदी तक बढ़ गया। विशेषज्ञों का मानना है कि मांग के दबाव में कीमतें और अधिक बढ़ सकती हैं, खासकर जब सप्लाई चेन को एडजस्ट होने में समय लगता है। ऐसे में आने वाले सालों में घरेलू उत्पादन बढ़ाना और आयात स्रोतों में विविधता लाना जरूरी होगा।

# चीन का अमेरिका को निर्यात सितंबर में घटा, वैश्विक निर्यात बढ़ा

**कुल निर्यात 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचा**



**हांगकांग** सितंबर 2025 में चीन का अमेरिका को निर्यात 27 फीसदी घटकर लगातार छठे महीने गिरावट के दौर में रहा, जबकि चीन का वैश्विक निर्यात 8.3 फीसदी की सालाना वृद्धि के साथ छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। चीन की सीमा शुल्क एजेंसी द्वारा सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, कुल निर्यात 328.5 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जो अर्थशास्त्रियों के अनुमानों से अधिक है। अगस्त में यह वृद्धि 4.4 फीसदी थी। वहीं आयात में भी सुधार दर्ज किया गया है। सितंबर में चीन का आयात 7.4 फीसदी बढ़ा, जो अगस्त की 1.3 फीसदी वृद्धि से काफी बेहतर है। हालांकि, घरेलू अर्थव्यवस्था की सुस्ती और रियल एस्टेट क्षेत्र की मंदी के कारण उपभोग पर दबाव बरकरार है। अमेरिका-चीन व्यापार तनाव इसके पीछे प्रमुख कारण है। अमेरिका द्वारा चीनी वस्तुओं पर 100 फीसदी तक के अतिरिक्त शुल्क लगाए जाने और चीन द्वारा अमेरिकी जहाजों पर नए बंदरगाह शुल्क लागू करने से तनाव और बढ़ गया है। इस बीच, चीन ने अन्य बाज़ारों की ओर रुख किया है। सितंबर में दक्षिण-पूर्व एशिया को निर्यात 15.6त्न बढ़ा, लातिन अमेरिका को 15 फीसदी और अफ्रीका को 56 फीसदी की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सीमा शुल्क एजेंसी के उप मंत्री वांग जुन ने कहा, वर्तमान वैश्विक व्यापार वातावरण गंभीर और जटिल है। हमें चौथी तिमाही में व्यापार को स्थिर रखने के लिए और प्रयास करने होंगे।

# शेयर बाजार हल्की गिरावट के साथ बंद

**मुंबई**




भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स करीब 173.77 अंक टूटकर 82,327.05 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 58 अंक फिसलकर 25,227.35 पर बंद हुआ। आईटी और एफएमसीजी स्टॉक्स में गिरावट से बाजार नीचे आया है। आज अधिकतर सूचकांक नीचे आये हैं।

निफ्टी आईटी 0.78 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी 0.90 फीसदी, निफ्टी पीएसई 0.55 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.84 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.43 फीसदी और निफ्टी एनर्जी 0.30 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ। निफ्टी पीएसयू बैंक 0.24 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 0.16 फीसदी, निफ्टी रियल्टी 0.02 फीसदी और निफ्टी प्राइवेट बैंक 0.10 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ।

मिडकैप और स्मॉलकैप में आज मिश्रित कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 64.95 अंक बढ़कर 58,762.35 बंद हुआ। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 31.60 अंक टूटकर 18,101.75 पर था।

सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, एसबीआई, मारुति सुजुकी, टाइटन और एमएंडएम सबसे अधिक बढ़े जबकि टाटा मोटर्स, एचयूएल, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, बीईएल, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टीसीएस, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक और ट्रेंट के शेयर सबसे ज्यादा गिरे। बाजार जानकारों के अनुसार एफएमसीजी शेयरों में मुनाफावसूली हावी होने से बाजार नीचे आया है।

इससे पहले आज सुबह बाजार गिरावट के साथ खुले। सेंसेक्स 400 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 82,049.16 पर खुला। इसी तरह निफ्टी-50 भी गिरावट के साथ 25,177 पर खुलकर 68.85 अंक की गिरावट लेकर 25,219 पर कारोबार कर रहा था।

वहीं एशियाई बाजारों लाल रंग में रहे, चीन और अमेरिका के बीच ट्रेड तनाव बढ़ने के बाद। दोनों देशों ने नए व्यापार प्रतिबंध लगाए और आपस में आरोप-प्रत्यारोप जारी रखा। वॉल स्ट्रीट के प्रमुख सूचकांक एसएंडपी 500 और कम्पो जिट में अप्रैल के बाद सबसे बड़ी एकल-दिन की गिरावट देखी गई। यह गिरावट अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड विवाद बढ़ने के बाद आई।

# आरबीआई ने पेमेंट एग्रीगेटर के लिए नियम आसान बनाए

**फिनटेक कंपनियां सीमा पार भुगतान में कर सकेंगी विस्तार**

**नई दिल्ली** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेमेंट एग्रीगेटर (पीए) के लिए नए दिशानिर्देश जारी किए हैं, जिनके तहत पूरी तरह से लाइसेंस प्राप्त पीए अब सीमा पार भुगतान जैसे नए सेगमेंट में तेजी से विस्तार कर सकते हैं। पहले सीमा पार (सीबी) भुगतान में काम करने के लिए अलग मंजूरी लेने में लगभग एक साल का समय लगता था, लेकिन नए नियमों के अनुसार पीए को केवल 30 दिन पहले आरबीआई को सूचना देना होगा और वे तुरंत नए बिजनेस में काम शुरू कर सकते हैं। इस बदलाव से बाजार में प्रवेश की प्रक्रिया आसान और तेज हुई है। फिनटेक क्षेत्र में काम करने वाली अधिकांश कंपनियां पहले पीए लाइसेंस लेकर बाद में पीए-सीबी में विस्तार करती हैं। इन दोनों श्रेणियों के अनुपालन मानदंड लगभग 80 फीसदी समान होते हैं। इसलिए, नए नियमों से पूरी तरह से लाइसेंस प्राप्त पीए पहले से ही लागू मानदंडों को पूरा करने के कारण नए बिजनेस में जल्दी कदम रख पाएंगे। इससे उनकी राजस्व वृद्धि और विस्तार योजनाओं को मजबूती मिलेगी। पेमेंट एग्रीगेटर ग्राहक और मर्चेंट के बीच पेमेंट चैनलों को जोड़ते हैं। वे ग्राहकों से पेमेंट एकत्र कर मर्चेंट को निपटान करते हैं। पीए-सीबी इकाइयां ऑनलाइन आयात-निर्यात की वस्तुओं और सेवाओं के लिए सीमा पार भुगतान की सुविधा प्रदान करती हैं। देश में फिलहाल 56 पूरी तरह से लाइसेंस प्राप्त ऑनलाइन पीए और 6 पीए-सीबी हैं, जिन्हें आरबीआई की मंजूरी मिली हुई है। नए नियमों से इनकी संख्या बढ़ने की उम्मीद है, जिससे डिजिटल भुगतान क्षेत्र और मजबूत होगा।

# एमएसएमई पर ट्रंप टैरिफ का असर: वित्त मंत्रालय बैंकों के साथ करेगा समीक्षा

**लोन की जरूरतों का भी होगा आकलन**

**नई दिल्ली**

अमेरिका द्वारा भारत के निर्यात पर लगाए गए उच्च शुल्क का सूक्ष्म, लघु और मध्यम उपक्रमों (एमएसएमई) पर पड़ने वाले असर और उनकी ऋण जरूरतों का सरकार मूल्यांकन करेगी। इसके लिए वित्त मंत्रालय सोमवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के साथ समीक्षा बैठक करेगा। एक वरिष्ठ अे धिकारी ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर यह जानकारी दी। इस बैठक की अध्यक्षता वित्तीय सेवाओं के विभाग के सचिव एम नागराजू करेंगे। समीक्षा में वित्तीय समावेशन योजनाओं जैसे मुद्रा, ऋण गारंटी योजनाओं आदि पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह समझना है कि बाहरी व्यापार दबाव एमएसएमई को कैसे प्रभावित कर रहे हैं और यह भी सुनिश्चित करना है कि मौजूदा सरकारी पहलों के तहत पर्याप्त ऋण सहायता जारी रहे। अधिकारी ने कहा` कि समीक्षा में वित्तीय समावेशन योजनाओं जैसे मुद्रा, ऋण गारंटी योजना आदि पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बैठक का उद्देश्य यह समझना है कि बाहरी व्यापार दबाव एमएसएमई को कैसे प्रभावित कर रहे हैं और यह सुनिश्चित करना है कि मौजूदा सरकारी पहलों के तहत पर्याप्त ऋण सहायता जारी रहे। सरकार को इस बात की भी चिंता है कि उच्च शुल्क के प्रभाव की वजह से मुद्रा ऋण योजना के तहत गैर-निष्पादित आस्तियां बढ़ सकती हैं। वित्तीय सेवाओं का विभाग स्थिति की समीक्षा करेगा और संभावित सुधारात्मक उपायों पर बैंकरों से सुझाव मांगेगा। भारत के कुल निर्यात में 45 फीसदी से अधिक का योगदान देने वाले एमएसएमई को अमेरिका द्वारा निर्यात पर 50 फीसदी शुल्क लगाने के फैसले के बाद बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। एमएसएमई उद्योग संगठनों ने इसके व्यापक प्रभाव पर चिंता जताई और सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



# स्काई गोल्ड पर ब्रोकरेज की चमकदार रिपोर्ट, 32 फीसदी रिटर्न की संभावना

**स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स में निवेश का सुनहरा मौका**

**नई दिल्ली** भारतीय शेयर बाजार ने बीते सप्ताह तीन महीने की सबसे बड़ी साप्ताहिक बढ़त दर्ज की। विदेशी निवेशकों की खरीदारी और दूसरी तिमाही के नतीजों के सीजन की शुरुआत ने बाजार को समर्थन दिया। हालांकि, वैश्विक स्तर पर ट्रंप टैरिफ को लेकर चिंता बनी हुई है, जिससे निवेशक सतर्क रुख अपनाए हुए हैं। इस बीच ब्रोकरेज हाउस नुवामा इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने जूलरी कंपनी स्काई गोल्ड एंड डायमंड्स पर कवरेज शुरू करते हुए बाय की रेटिंग दी है। ब्रोकरेज ने स्टॉक का टारगेट प्राइस 450 रुपए तय किया है, जो वर्तमान कीमत 337 रुपए के मुकाबले 32 फीसदी की संभावित बढ़त दिखाता है। नुवामा का मानना है कि स्काई गोल्ड वित्त वर्ष 2025 से 2028 के बीच 39 फीसदी की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से राजस्व में वृद्धि करेगा। यह वृद्धि मौजूदा ग्राहकों से मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ, नए ग्राहकों की संख्या में वृद्धि और निर्यात पर बढ़ते फोकस के चलते संभव होगी। कंपनी का एडवांस गोल्ड मॉडल वर्किंग कैपिटल को बेहतर बनाता है, जिससे प्रॉफिटेबिलिटी में सुधार की संभावना जताई जा रही है। कैरैटलैन और नॉवेल जैसे नए ग्राहक कंपनी की ग्रोथ में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# सोना 2000 रुपए उछला, चांदी ने भी 5000 की लगाई छलांग

**सोना 1,23,680 रुपए प्र ति 10 ग्राम, चांदी लगभग 1,52,322 रुपए तक**

**नई दिल्ली** घरेलू बाजारों में सोमवार को सोने की कीमत एक बार फिर उच्च स्तर पर पहुंच गई। हफ्ते के पहले दिन बाजार खुलते ही इसमें 2,000 रुपये से अधिक की तेजी आई। एमसीएक्स पर 5 दिसंबर की डिलीवरी वाला सोना सोमवार को खुलते ही 1,837 रुपये की तेजी के साथ 1,23,201 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। शुरुआती कारोबार में यह 1,23,680 रुपये तक गया। पिछले सत्र में यह 1,21,364 रुपये पर बंद हुआ था और आज 1,23,239 रुपये पर खुला। जानकारों का कहना है कि अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड वॉर फिर से शुरू होने की चिंता से निवेशक सुरक्षित निवेश की तलाश में सोने का रुख कर रहे हैं। आर्थिक और राजनीतिक अनिश्चितताओं और अमेरिका में रेट कट की संभावना ने भी सोने की चमक बढ़ा दी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना 4,059.30 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया।

# एमसीडी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति के ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे: महापौर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नई दिल्ली।** आयुर्वेद में कोई ऐसा रोग नहीं है जिसका इलाज न हो। नगर निगम (एमसीडी) में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के अधिक औषधालय खोले जाएंगे। यह बातें सोमवार को दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए-आयुष) द्वारा भगवान धनवंतरि जयंती के उपलक्ष्य में एनडीएमसी सभागार में आयोजित 39वें वार्षिकोत्सव में कहा। समारोह का शुभारंभ दिल्ली के मेयर राजा इकबाल सिंह ने भगवान धनवंतरि की पूजा के साथ किया।

महापौर ने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए कहा कि फेशियल पैरालिसिस के इलाज के लिए उन्होंने आयुर्वेद का सहारा लिया था। इस दौरान डॉ. आरएस चौहान ने भी महापौर से औषधालय बढ़ाने की मांग की, जिस पर उन्होंने आश्वासन दिया। इस अवसर पर कई विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया, जिनमें डॉ. एमबी गौड़ (निदेशक, चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक संस्थान), डॉ पीके प्रजापति (निदेशक, ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद), डॉ केडी पाठक, डॉ विद्यावती आदि प्रमुख रहे।

धनवंतरि अवॉर्ड से डॉ भीमा भट्ट (आयुर्वेद) और प्रो.(डॉ) हकीम मो. मज़ाहिर आलम (यूनानी) को धनवंतरि अवॉर्ड देकर डॉ. पीके प्रजापति मेयर राजा इकबाल सिंह ने सम्मानित किया। इसके साथ ही सुश्रुत अवॉर्ड और चरक अवॉर्ड भी आयुर्वेद चिकित्सा में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किए गए।संस्था के संरक्षक डॉ. आरएस चौहान ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से डॉ एसपी पांडे को सम्मानित किया।

इसके अलावा हरियाणा में फरीदाबाद, पानीपत, करनाल, कैथल और झज्जर के साथ ही हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश समेत अलग-अलग राज्यों से आए चिकित्सकों को भी सम्मानित किया गया। आयुर्वेद के प्रचार-प्रसार में सहयोग देने वाले प्रमुख मीडिया कर्मियों को भी स्मृति चिन्ह और शॉल देकर सम्मानित किया गया। इसमें गौरव शर्मा (आयुष मंत्रालय), अशोक किंकर, दीपक चौबे, पायल बनर्जी, अजीत सिंह, सिद्धार्थ, इल्तेज़ा उस्मानी और डॉ. फरमान अली प्रमुख रहे।

वहीं, समारोह में भगवान धनवंतरि के बारे में डॉ. केशव शर्मा विस्तार से वर्णन किया। संस्था के संरक्षक डॉ. आरएस चौहान ने बताया कि हमारी संस्था आईएमए-आयुष पिछले 40 साल में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास और प्रचार में क्या क्या उपलब्धियां प्राप्त कि और हमारी संस्था एक गैर सरकारी संगठन है लेकिन अपने प्रैक्टिशनर के अधिकारों के लिए लड़ती आ रही है। बताया कि संस्था के संघर्षों का ही परिणाम है कि आज केंद्र सरकार में अलग से आयुष मंत्रालय की स्थापना हुई है। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रमन खन्ना ने संस्था की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और उल्लेखनीय कार्यों के बारे मे जानकारी दी।

मीडिया प्रभारी डॉ. रामफल पांचाल बताया कि हमारी संस्था ने दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के चुनाव के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय से जीत कर चुनाव फिजिकल कराने का आदेश पारित करवाया, उच्चतम न्यायालय में भारतीय चिकित्सा पद्धति का इंटीग्रेशन अधिकार पर स्टे करवाया, राष्ट्रीय आयोग, भारतीय चिकित्सा पद्धति, भारत सरकार में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों को इंटीग्रेशन का अधिकार दिलवाया, दिल्ली में आईएसएम के डाक्टरों के मेडिकल सर्टिफिकेट को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए दिल्ली उच्च



न्यायालय द्वारा अनुमोदित करवाया, दिल्ली में आयुर्वेद और यूनानी के चिकित्सकों के लिए राष्ट्रीय सीएमई का आयोजन करवाया जो हर साल होने वाले रिन्यूअल के लिए आवश्यक है।

समारोह में संस्था की वार्षिक स्मारिका का विमोचन मेयर ने किया। इस अवसर पर डॉ. लव कुमार (मुख्य संपादक) सहित संपादकीय टीम के डॉ. राजीव मल्होत्रा, डॉ. मो. अशद, डॉ. शैलेश द्विवेदी, डॉ. केके सिंघल और डॉ. जितेन्द्र गौड़ के योगदान की सराहना की गई। समारोह के अंत में दिल्ली राज्य अध्यक्ष डॉ. अरुण कटारिया ने सभी गणमान्य अतिथियों, डॉक्टरों और प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे जयपुर, एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किया स्वागत



अर्थ प्रकाश/ जयपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के जयपुर आगमन पर सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने एयरपोर्ट पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं आत्मीय अभिनंदन किया। शाह नए आपराधिक कानूनों के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित 6 दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करने जयपुर पंहुचे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्यसभा सांसद मदन राठौड़, पूर्व विधायक सतीश पूनियां, मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित गणमान्य-जन उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अमरावती में नए सीआरडीए भवन का उद्घाटन किया

अर्थ प्रकाश/अमरावती। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को यहां राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए) के नवनिर्मित कार्यालय भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अमरावती की ग्रीनफील्ड राजधानी परियोजना के लिए भूमि पूलिंग योजना में भाग लेने वाले किसान भी मौजूद थे। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है ''मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने नगर प्रशासन विभाग के मुख्य कार्यालय का उद्घाटन किया। भवन का उद्घाटन सुबह 9:54 बजे किया गया।'' यह नया भवन राजधानी क्षेत्र विकास प्राधिकरण (सीआरडीए), अमरावती विकास निगम लिमिटेड (एडीसीएल) और नगर प्रशासन विभाग की सभी शाखाओं का कार्यालय होगा। यह अमरावती में दोबारा शुरू हुए निर्माण कार्यों के बाद उद्घाटन की जाने वाली पहली इमारत है।

### मणिपुर में दो उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और बारूद बरामद

अर्थ प्रकाश/इंफाल। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के इंफाल ईस्ट और वेस्ट जिलों से प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही बिष्णुपुर जिले में हथियार भी बरामद किए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, बिष्णुपुर जिले में अलग-अलग अभियानों में 12 आग्नेयास्त्र भी जब्त किए गए। ये गिरफ्तारियां और बरामदगी रविवार को की गईं। सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीएससी) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को इंफाल वेस्ट जिले के लामशांग हाओरंग सबल स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया। उसकी पहचान 22 वर्षीय कोंथौजम विकास मैतेई के रूप में हुई है। प्रतिबंधित संगठन कांगलेई यावोल कन्ना लूप के एक सक्रिय कार्यकर्ता को इंफाल ईस्ट जिले के उचोन अवाग लेइकाई से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान 39 वर्षीय नोंगमाईथेम श्यामकुमार मैतेई के रूप में हुई है। सुरक्षा बलों ने रविवार को बिष्णुपुर जिले में कई जगहों से हथियार भी बरामद किए। सुरक्षा बलों ने एक इंसास राइफल और मैगजीन, पांच बोल्ट-एक्शन राइफल, एक एके-47 राइफल और मैगजीन, एक एमपी-9 और मैगजीन, दो डीबीबीएल बंदूकें, .32 बोर की दो पिस्तौल और एक मैगजीन तथा 15 कारतूस जब्त किए।

### बीजापुर में बम विस्फोट से तीन जवान घायल

अर्थ प्रकाश / बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में प्रेशर बम के विस्फोट से सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए। यह घटना सोमवार को भोपालपटनम थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांडलापर्ती गांव के जंगल में हुई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों को भोपालपटनम क्षेत्र में गश्त पर भेजा गया था। दल में जिला बल और एसटीएफ के जवान शामिल थे। दल जब कांडलापर्ती गांव के करीब था, तभी जवान प्रेशर बम के संपर्क में आ गए। इससे बम में विस्फोट हो गया और एसटीएफ के तीन जवान घायल हो गए। विस्फोट के बाद घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है। राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में माओवादी सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के लिए बारूदी सुरंगों का उपयोग करते हैं। ऐसी ही घटना में शनिवार को बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुजारी कांकेर गांव में सीआरपीएफ की कोबरा बटालियन का जवान घायल हो गया था।

### सीएम नायडू ने विशाखापट्टनम में होने वाले सीआईआई पार्टनरशिप समिट की तैयारियों की समीक्षा की

अर्थ प्रकाश / अमरावती। मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) पार्टनरशिप समिट 2025 की तैयारियों की समीक्षा की। यह अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक सम्मेलन 14 और 15 नवंबर को विशाखापत्तनम में आयोजित किया जाएगा। इस समिट का उद्देश्य आंध्र प्रदेश को भारत की आर्थिक और तकनीकी प्रगति के केंद्र में स्थापित करना है। समिट का थीम 'प्रौद्योगिकी, विश्वास और व्यापार: भू-आर्थिक व्यवस्था को दिशा देना' रखा गया है, जिसका मतलब है – तकनीक, विश्वास और व्यापार के सहारे वैश्विक आर्थिक व्यवस्था में राह बनाना। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब दुनियाभर में अनिश्चितता है और समिट के जरिए रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने और समावेशी विकास की दिशा में ठोस पहल की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि यह समिट भारत की ताकत और वैश्विक नेतृत्व की उसकी क्षमता को दिखाने का एक बड़ा मंच होना चाहिए। उन्होंने कहा कि समिट को ऐसा ढांचा दिया जाए, जो विचार, रणनीति और कार्य की एक साझा भूमि बने। यह केवल चर्चा का मंच न होकर भारतीय उद्यमियों के लिए प्रेरणा स्रोत और सभी प्रतिभागियों के लिए ठोस परिणाम देने वाला कार्यक्रम होना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि समिट को एकल आयोजन तक सीमित न रखते हुए, इसे वर्षभर चलने वाले बिजनेस और इनोवेशन इवेंट्स की निरंतर श्रृंखला का हिस्सा बनाया जाए। इसके तहत आंध्र प्रदेश को वैश्विक निवेश और विचार नेतृत्व के स्थायी केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समिट की तैयारी में किसी प्रकार की कमी न रहने दें और सभी विभाग एकजुट होकर इसे सफल बनाने की दिशा में काम करें। उन्होंने यह कहा कि समिट का अनुभव सभी प्रतिभागियों के लिए प्रभावशाली और यादगार होना चाहिए। इस समीक्षा बैठक में मंत्री नारा लोकेश, पी नारायण, मुख्य सचिव के विजयनंद और सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी भी मौजूद रहे। बैठक में समिट से जुड़े विभिन्न पहलुओं जैसे लॉजिस्टिक्स, अतिथि प्रबंधन, सुरक्षा और विषयवस्तु पर विस्तार से चर्चा की गई।

### बीजापुर में नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी विस्फोट में सुरक्षाबल का एक जवान घायल

अर्थ प्रकाश / बीजापुर। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सोमवार को प्रेशर आईईडी विस्फोट में सुरक्षाबल का एक जवान घायल हो गया। यह घटना भोपालपटनम थाना क्षेत्र के कंडलापर्ती गांव के जंगलों में उस समय हुई, जब सुरक्षा बलों की टीम एरिया डोमिनेशन ऑपरेशन पर निकली हुई थी। पुलिस अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को सुरक्षा बलों की एक टीम इलाके में गश्त कर रही थी, तभी नक्सलियों द्वारा जमीन में छिपाकर लगाया गया प्रेशर आईईडी अचानक फट गया। इस धमाके में एक जवान घायल हो गया। हालांकि, राहत की बात यह रही कि जवान की हालत खतरे से बाहर है और उसे तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्र (हायर सेंटर) में शिफ्ट किया गया।

# आचार्य श्री विद्या सागर संस्कार पाठशाला का वार्षिक विद्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन हुआ

वार्षिक विद्योत्सव में पाठशाल के बच्चो ने दी योग, नृत्य, नाटिका की प्रस्तुतियां, जैन धर्म पर बनाए मॉडल।

धर्म के संस्कार न मिलने पर गलत संगति के रास्ते पर भटक जाते हैं बच्चे: आर्यिका श्री विजय मति।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – मुरार में चातुर्मास कर रहीं परम पूज्यनीय आर्यिका 105 विजय मति माताजी के सानिध्य मे मुरार, सीपी कालोनी ओर मीरा नगर में चल रही आचार्य श्री विद्या सागर संस्कार पाठशाला का वार्षिक विद्योत्सव 2025 का भव्य आयोजन आज मुरार स्थित जैन धर्मशाला में पाठशाला के 250 बच्चो के द्वारा वार्षिक विद्योत्सव कार्यकम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमे योग, नृत्य, नाटिका प्रस्तुति



के साथ गायन आदि विधाओं में बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पाठशाल के बच्चो के द्वारा जैन धर्म पर मॉडल भी बनाए गए जो कि जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः पर आधारित थे।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि वार्षिक विद्योत्सव में मुख्य पुण्यार्जक श्री मुन्नालाल जी जैन नर्मदापुरम (समाजसेवी) थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र अनावरण शशि इंद्रेश जैन एवं दीप प्रज्वलन हरीश दिवाकर जैन (दद्दा परिवार) ने किया। वही बैग वितरण राकेश पंकज जैन एवं मणिंद्र कुमार, रामनारायण जैन और लोकेंद्र जैन उपस्थित रहे। मंच संचालन श्रीमति प्रीति जैन (संचालिका), श्रीमति वर्षा जैन ने किया। वही विद्योत्सव कार्यक्रम में पाठशाला में अध्ययनरत सभी बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम भी घोषित कर पाठशाल के बच्चों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में 3 वर्ष से 11 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से अनवरत चलता आ रहा है। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि पाठशाल के बच्चो के द्वारा जैन धर्म पर मॉडल बनकर लाए। यह मॉडल जैन धर्म के मूल सिद्धांत अहिंसा परमो धर्मः पर आधारित थे। मॉडल में भक्तामर रचना, गोमतेश्वर के बाहुबली, पावापुरी का मंदिर, बत्तीसी एक्सप्रेस आदि मॉडल डिजाइनिंग और सजावट के साथ आकर्षित लग रहे थे। वही मॉडल में प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेता आने वाले बच्चों को पुरुस्कार दिए।

**धर्म के संस्कार न मिलने पर गलत संगति के रास्ते पर भटक जाते हैं बच्चे: आर्यिका श्री विजय मति।**

वार्षिक विद्योत्सव में आर्यिका श्री विजय मति माताजी ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जैन पाठशालाओं का उद्देश्य बच्चों को धार्मिक और नैतिक शिक्षा देना है ताकि वे संस्कारवान बन सकें। माता-पिता को बच्चों को ऐसी पाठशालाओं से जोड़ना चाहिए और घर में भी अच्छे संस्कार वाला माहौल बनाना चाहिए। संस्कार आज नहीं कल पल्लवित होंगे। बिना मोबाइल के आजकल बच्चे भोजन नहीं करते हैं, तो इन बच्चों को मोबाइल किसने दिया है। जब माता-पिता ही दिन भर मोबाइल चलाएंगे, तो बच्चे कहां पीछे रहने वाले हैं। समाज के कई लोग बच्चों को पाठशाला नहीं भेजते। ऐसे बच्चे जीवनभर भटकते हैं। जैसी संगति होती है, वैसा ही रंग चढ़ता है।

## ममता ने बाढ़ के लिए भूटान से मुआवजा मांगा

अर्थ प्रकाश / कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को दावा किया कि उत्तर बंगाल में बाढ़ भूटान से बहकर आने वाले पानी के कारण आई। उन्होंने पड़ोसी देश से मुआवजे की मांग की। मुख्यमंत्री ने यह बयान उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के नागरकाटा क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा करने के दौरान दिया। उन्होंने राहत शिविरों में जाकर हालात का जायजा लिया और लोगों से मुलाकात की। बनर्जी ने कहा कि भूटान से आने वाले पानी के कारण हमें नुकसान हुआ है। हम चाहते हैं कि वे हमें मुआवजा दें।

## चेन्नई: अन्नामलाई और टी.आर. बालू सैदापेट अदालत में पेश, मानहानि केस में सुनवाई जारी

अर्थ प्रकाश/चेन्नई। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई और डीएमके के कोषाध्यक्ष टीआर बालू सोमवार को सैदापेट अदालत में पेश हुए। यह पेशी टीआर बालू द्वारा अन्नामलाई के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे से जुड़ी है। सुनवाई मजिस्ट्रेट सेंथिल कुमार की देखरेख में हुई। यह मामला तब शुरू हुआ, जब अन्नामलाई ने 'डीएमके फाइल्स' जारी की थी। इन फाइल्स में टीआर बालू और अन्य डीएमके नेताओं की संपत्तियों का विवरण दिया गया था। के. अन्नामलाई ने दावा किया था कि टीआर बालू के पास 21 कंपनियां हैं, लेकिन बालू ने इसे झूठा और अपमानजनक बताया। टीआर बालू ने अन्नामलाई के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज करा दिया। पिछली सुनवाई में टीआर बालू अदालत में पेश होकर करीब डेढ़ घंटे तक गवाही दे चुके हैं। इस दौरान अन्नामलाई के वकील पॉल कनगराज ने उनसे सवाल-जवाब किए थे। सोमवार की सुनवाई में अन्नामलाई का पक्ष मजबूत करने के लिए उनके वकील ने फिर टीआर बालू से जिरह की। अदालत की कार्यवाही में दोनों नेता मौजूद रहे। इस केस ने तमिलनाडु की राजनीति में हलचल मचा दी है। भाजपा का कहना है कि 'डीएमके फाइल्स' के जरिए उन्होंने भ्रष्टाचार उजागर किया, जबकि डीएमके इसे साजिश करार दे रही है। टीआर बालू ने कहा कि के. अन्नामलाई के दावों से उनकी छवि को नुकसान पहुंचा है और वे कानूनी कार्रवाई से पीछे नहीं हटेंगे। दूसरी ओर, अन्नामलाई ने दावा किया कि उनके पास सारी जानकारी सही है और वे अपने आरोपों को साबित करेंगे। सुनवाई के दौरान अदालत में सुरक्षा कड़ी कर दी गई थी, क्योंकि दोनों पक्षों के समर्थक बाहर जमा थे। फैसला अभी लंबित है और अभी तमिलनाडु की राजनीति में इसे लेकर खूब चर्चा हो रही है। टीआर बालू वर्तमान में श्रीपेरंबदूर निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सदस्य हैं। 1996 से लेकर अब तक चेन्नई दक्षिण और श्रीपेरंबदूर से सात बार चुने गए हैं।

## भुवनेश्वर: भड़काऊ सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ पुलिस का कड़ा रुख, एक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/भुवनेश्वर। ओडिशा के भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्त सुरेश देव दत्ता सिंह ने सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के इरादे से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। कमिश्नरेट पुलिस ने इस तरह के सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। भुवनेश्वर-कटक पुलिस आयुक्त ने बताया कि पिछले एक हफ्ते से पुलिस सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाली और भड़काऊ पोस्ट के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान 500 से अधिक आपत्तिजनक पोस्ट को हटाया गया है और कई लोगों की गिरफ्तारियां भी हुई हैं। उन्होंने कहा कि कई यूजर्स, जिन्होंने अनजाने में ऐसी सामग्री शेयर की थी, अब अधिक सतर्क हो गए हैं। पुलिस लगातार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर नजर बनाए हुए है। जो लोग कानून का उल्लंघन करेंगे, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त ने बताया कि 9 अक्टूबर को राधामाधव दास की शिकायत पर जगतसिंहपुर के बिरिडी पुलिस क्षेत्र से अरशद अली नामक एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था। अली की पोस्ट सांप्रदायिक तनाव भड़काने वाली और आपत्तिजनक पाई गई थी। हालांकि, उन्होंने बाद में माफी मांगी, लेकिन तब तक उनकी पोस्ट वायरल हो चुकी थी। अरशद अली के खिलाफ आईटी अधिनियम, अभद्र भाषा और राष्ट्रीय एकता को भंग करने से संबंधित कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। आयुक्त सिंह ने इस दौरान खांटापाड़ा इलाके में पारिवारिक विवाद के बाद अपने भतीजे को गोली मारने के एक और मामले का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि आरोपी परिवार के सदस्यों को हिरासत में ले लिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है। सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस प्रशासन लगातार इस पर नजर बनाकर कार्रवाई कर रहा है।

# नए आपराधिक कानून बनाएंगे भारत में दुनिया की सबसे आधुनिक न्याय प्रणाली: अमित शाह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जयपुर।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार (रिफॉर्म) देश के तीन नए आपराधिक न्याय कानूनों का क्रियान्वयन है। इनके पूर्ण रूप से लागू होने के बाद भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली दुनिया की सबसे आधुनिक प्रणाली बन जाएगी। शाह ने विश्वास जताया कि इन कानूनों के जरिये लंबित मामलों में तेजी आएगी और न्याय अब वर्षों नहीं, समयबद्ध रूप से मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2027 से नई आपराधिक संहिताओं के तहत किसी भी एफआईआर के तीन वर्ष के भीतर सुप्रीम कोर्ट तक न्याय सुनिश्चित करने का लक्ष्य है।

शाह सोमवार को सीतापुरा स्थित जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित नवीन आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतर्गत प्राप्त निवेश प्रस्तावों में से 4 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग तथा लगभग 9,315 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

इसके साथ ही शाह ने विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म के लिए 260 करोड़ रुपये और दुग्ध उत्पादकों को दूध सब्सिडी के 364 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण भी किया। उन्होंने 150 यूनिट मुफ्त बिजली योजना के तहत पंजीकरण की शुरुआत की और महिला सुरक्षा व एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) से जुड़े वाहनों का फ्लैग ऑफभी किया। अमित शाह ने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद केवल एक वर्ष में ही देशभर में 50 प्रतिशत से अधिक मामलों में चार्जशीट समय पर दाखिल होने लगी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्ष में यह अनुपात 90 प्रतिशत तक पहुंच जाएगा। उन्होंने बताया कि लाखों पुलिसकर्मियों, न्यायिक अधिकारियों, जेल कर्मचारियों और एफएसएल स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है। अब आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही अदालत में पेश होंगे। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा पुलिस कस्टडी से फरार होने की घटनाओं पर लगभग पूरी तरह रोक लगेगी।

शाह ने कहा कि नई वैज्ञानिक जांच प्रणाली के लिए विशेषज्ञ तैयार करने के लिए 2020 में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की स्थापना की गई है, इसका विस्तार देशभर हो रहा है। नई संहिताओं में आतंकवाद, मॉब लिंचिंग, संगठित अपराध और डिजिटल अपराध की स्पष्ट परिभाषा दी गई है। उन्होंने बताया कि अब कानून में 29 स्थानों पर समय-सीमा तय की गई है- जैसे 90 दिन में पीड़ित को अपडेट देना और 60-90 दिन में चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य है। अनुपस्थिति में भी ट्रायल चलाकर सजा देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले राजस्थान में अपराधियों को सजा होने की दर 42 प्रतिशत थी, जो अब बढ़कर 60 प्रतिशत हो गई है। पूर्ण रूप से लागू होने पर यह दर 90 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है।

केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नए कानून दंड नहीं, बल्कि न्याय की भावना से प्रेरित होकर बनाए गए हैं। उन्होंने अपील की कि वे प्रदर्शनी का अवलोकन अवश्य करें ताकि नई न्याय प्रणाली को बेहतर ढंग से समझ सकें। इसी के माध्यम से आप जान पाएंगे कि 160 साल पुराने कानूनों को समाप्त करके नरेंद्र मोदी, जो नए तीन कानून लाए हैं। शाह ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा सरकार वादों को धरातल पर उतारने में विश्वास रखती है। उन्होंने बताया कि पूर्व कांग्रेस सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा गया था कि 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में कितने वास्तविक होंगे, लेकिन भजनलाल शर्मा सरकार ने अब तक 7 लाख करोड़ रुपये के एमओयू को जमीन पर उतार दिया है। शाह ने कहा कि मैं दो बातें अवश्य कहना चाहता हूं। दीपावली निकट है और इस अवसर पर हमारी माताएं-बहनें विशेष रूप से सबसे अधिक खरीदारी करती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवरात्र के प्रथम दिन ही 395 से अधिक आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में बड़ी राहत दी है।

# आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ के प्रवचन माधवगंज स्थित जैन मंदिर में चल रहे हे

समय सबसे शक्तिशाली है और मनुष्य के भाग्य और कर्मों को प्रभावित करता है। – आचार्य श्री सुबल सागरजी

माधवगंज जैन समाज ने ढोल ताशे के साथ की आचार्य श्री और मुनिराजों की भक्ति के साथ भव्य आगवानी।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**ग्वालियर** – समय सबसे शक्तिशाली है और मनुष्य के भाग्य और कर्मों को प्रभावित करता है। मनुष्य पर्याय में आकर यदि समय को नहीं समझा तो यह जीवन बेकार हो जाएगा। हमें मंदिर में जाकर केवल भगवान को ही देखना, उनकी आंखों के सामने अपनी आत्मा को देखना कि हमारी आत्मा भी उनके जैसी बन जाए। उस समय केवल भावों से उनकी छवि को निहारना मोबाइल को छोड़कर देना, फिर प्रभु के आपके सिवा कोई न दिखे तो जो ऊर्जा आपको मिलने लगेगी वह आपके जीवन को बदल देगी। वह समय आपको प्राप्त हो जायेगा। फिर सांसारिक कार्यों की और आपका लगाव समाप्त होना शुरु हो जायेगा। आप भी उन जैसे बनने के भावों में रम जाओगे। समय प्राप्ति में समय नहीं लगता। यह विचार आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने आज सोमवार माधवगंज स्थित दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश के दौरान धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

आचार्य श्री ने आगे कहा कि जब मनुष्य धर्म में लगता है तो उसको अच्छे, बुरे कर्मों के बारे में पता चल जाता है। मनुष्य अपने कर्मों की वजह से ही संसार में भटक रहा है। जब तक कर्मों की निर्जरा नहीं होगी, संसार में भटकना जारी रहेगा। सब सुख और दुख का कारण कर्म ही है। संसार को पार करना है तो कर्मों को समझना पड़ेगा। दुख और सुख दोनों हमारा ही है। ये सब हमारे कर्मों का ही परिणाम है। जैसा देंगे वापस वैसा ही मिलेगा। समय बहुत बलवान होता है। वही प्रवचन से पहले आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के चरणों में श्री फल



भेंट मंदिर समिति ओर समाजजनों ने श्रीफल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ससंघ 14 ओर 15 अक्टूबर को माधवगंज स्थित चितेरा ओली दिगंबर पार्श्वनाथ जैन मंदिर में आचार्यश्री के प्रवचन 09 : 00 बजे से होंगे।

**आचार्यश्री ससंघ की ढोल ताशे के साथ माधवगंज हैं समझ ने की भव्य आगवानी**

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ओर मुनिराज सुबह रेसकोर्स रोड स्थित केशरबाग से पद यात्रा शुरू की। केशर बागा से ढोल ताशे के साथ पद यात्रा रेल्वे स्टेशन, फूलबाग, शिंदे की छावनी, फालका बाजार, दौलतगंज रोड होते हुए माधवगंज जैन मंदिर पहुंचे। जहां माधवगंज सकल जैन समाज के परिवारों ने रंगोली सजाकर आचार्य श्री सुबल सागर महाराज की आगवानी कर उनके चरणों का पाद प्रक्षालन कर आरती उतारी।

# भारत/वेस्ट इंडीज दूसरे टेस्ट: वेस्टइंडीज के खिलाफ सूपड़ा साफ करने से भारत 58 रन दूर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 63/1 रन बनाए हैं और अब जीत से सिर्फ 58 रन दूर है। केएल राहुल 25* और साई सुदर्शन 30* रन बनाकर नाबाद हैं। वेस्ट इंडीज ने भारत को जीत के लिए 121 रन का टारगेट दिया है।

भारत ने अपनी पहली पारी 518/5 घोषित की थी और वेस्ट इंडीज ने पहली पारी में 248 रन बनाए। इसके बाद भारत ने फॉलो-ऑन देते हुए वेस्ट इंडीज को दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए भेजा। वेस्ट इंडीज ने दूसरी पारी में 390 रन बनाए, जिसमें जॉन कैम्पबेल ने 115 और शाई होप ने 103 रन बनाकर शानदार प्रदर्शन किया।

जॉन कैम्पबेल और शाई होप ने तीसरे विकेट के लिए 177 रनों की साझेदारी कर भारत की जीत को चुनौती दी। कैम्पबेल का यह टेस्ट करियर का पहला शतक था। शाई होप ने आठ साल बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक लगाया।

भारतीय गेंदबाजों में कुलदीप यादव ने 5 विकेट, जसप्रीत बुमराह ने 3 और मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट लिए। रनचेज़ में भारतीय टीम की शुरुआत यशस्वी जायसवाल (8 रन) के जल्दी आउट होने से थोड़ी धीमी रही, लेकिन केएल राहुल और साई सुदर्शन ने नाबाद अर्धशतकीय साझेदारी कर भारत को जीत के करीब पहुंचा दिया।

भारत के लिए कुलदीप यादव ने 5 विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। उल्लेखनीय है कि भारत ने पहली पारी में यशस्वी जयसवाल (175) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 129) की शतकीय पारियों के दम पर पांच विकेट पर 518 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी थी।

### भारत की पहली पारी: जायसवाल और शुभमन का कमाल

पहले दिन भारत के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। सलामी जोड़ी यशस्वी जायसवाल (175) और केएल राहुल (36) ने ठोस शुरुआत दी। इसके बाद साई सुदर्शन (87) ने जायसवाल के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 193 रनों की साझेदारी की।

जायसवाल का शतक 145 गेंदों में आया, जबकि शुभमन गिल ने 196 गेंदों पर नाबाद 129 रन की पारी खेलते हुए टीम को विशाल स्कोर तक पहुंचाया।

नीतीश रेड्डी (43) और ध्रुव जुरेल (44) ने भी तेज पारी खेली। भारत ने 134.2 ओवर में 518 रन बनाकर पारी घोषित की।

### वेस्टइंडीज की पारी: फिरकी में फंसे बल्लेबाज

जवाब में वेस्टइंडीज की शुरुआत निराशाजनक रही। ओपनर जॉन कैम्पबेल (10) जल्दी आउट हुए। तेजनारायण चंद्रपॉल (34) और एलिक अथानाज (41) ने थोड़ी देर प्रतिरोध किया, लेकिन जडेजा ने दोनों को चलता किया।



कप्तान रोस्टन चेज़ बिना खाता खोले आउट हुए। दिन के अंत में शाई होप (31)* और टेविन इमलाच (14)* नाबाद रहे।

### भारत की नजर 10वीं सीरीज जीत पर

भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली 9 टेस्ट सीरीज में एक भी हार नहीं झेली है। 2002 के बाद से कैरेबियाई टीम भारत के खिलाफ कोई टेस्ट मैच नहीं जीत पाई है। दिल्ली के इस मैदान पर जडेजा का प्रदर्शन एक बार फिर चर्चा में है – याद दिला दें, 2023 में इसी पिच पर उन्होंने एक पारी में 7 विकेट (7/42) और पूरे मैच में 10 विकेट झटके थे।

# जिद ने दिलाया खिताब, कोको गॉफ ने पेगुला को हराकर जीता वुहान ओपन फाइनल



**स्पोर्ट्स डेस्क।** अमेरिकी स्टार टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ (Coco Gauff) ने रविवार को अपने हमवतन जेसिका पेगुला को 6-4, 7-5 से हराकर वुहान ओपन 2025 का खिताब अपने नाम किया। 21 वर्षीय गॉफ ने इस टूर्नामेंट में बिना एक भी सेट गंवाए खिताब जीता और ओपन एरा में ऐसी पहली खिलाड़ी बनीं, जिन्होंने अपने शुरुआती 9 हार्ड कोर्ट फाइनल लगातार जीते।

गॉफ ने मैच के बाद बताया कि उनकी 'ज़िद' ने उन्हें जीत दिलाई, 'मेरे कोच चाहते थे कि मैं यूएस ओपन के बाद आराम करूं, लेकिन मैं जिद्दी हूं... और मैंने उन्हें गलत साबित कर दिया!'

कोको ने कहा कि चीन आकर खेलने का उनका फैसला सही साबित हुआ, 'यह एशियन स्विंग शानदार रहा। बीजिंग में सेमीफाइनल तक पहुंची और अब यहां खिताब जीतना वाकई खास है।'

गॉफ और पेगुला कभी डबल्स पार्टनर रह चुकी हैं। इस ऑल-अमेरिकन फाइनल में गॉफ ने कई बार पिछड़ने के बावजूद वापसी की। उन्होंने लगातार 10 अंक जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। पेगुला ने भी गॉफ की तारीफ करते हुए कहा, 'कोको के साथ फाइनल खेलना शानदार अनुभव रहा। वह जबरदस्त फाइटर हैं।'

31 वर्षीय पेगुला ने हाल के हफ्तों में बीजिंग और वुहान दोनों जगह शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि एशियाई टूर की गर्मी और थकान के बावजूद यह उनका सबसे अच्छा फॉर्म रहा है।

गॉफ ने अब तक अपने करियर का तीसरा WTA 1000 खिताब जीता है और उनकी फॉर्म आने वाले सीज़न के लिए इंगित करती है कि वह अभी लंबी दौड़ में हैं।

# लगातार दूसरी हार से निराश हरमनप्रीत बोली, हम वापसी करेंगे

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्वकप मैच में 300 से अधिक रन बनाने के बाद भी मिली हार पर निराशा जताई है। हरमनप्रीत ने साथ ही कहा कि केवल दो मैचों में मिली हार से विश्वकप अभियान पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इन दोनो ही मैचों में टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा हालांकि उसे जीत नहीं मिल पायी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भारतीय टीम ने 330 रनों का विशाल स्कोर बनाया था पर फिर भी वह उसका बचाव नहीं कर पायी। इस मैच में भारतीय टीम को 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। हरमनप्रीत ने कहा कि दो मैचों की विफलता से कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता है और टीम एक बार फिर जीत के साथ वापसी करेगी। हरमनप्रीत कौर ने कहा, हमारी शुरुआत जिस तरह की हुई थी, उससे हम 30 से 40 रन और बना सकते थे पर अंतिम 6 से 7 ओवरों में हमने लगातार विकेट गंवा दिये। बल्लेबाजी के लिए अच्छे विकेट का लाभ नहीं उठा पाने के कारण ऐसा हुआ। सलामी बल्लेबाजों ने काफी अच्छी शुरुआत दी थी पर बीच के ओवरों में हम उसका ठीक से इस्तेमाल नहीं कर पाये हालांकि निचले क्रम का प्रदर्शन अच्छा रहा। हरमनप्रीत ने कहा, अगले कुछ मैच बहुत अहम हैं और इस मैच से कई सकारात्मक बातें सामने आई हैं। हम बैठकर उस पर बात करेंगे। इस संयोजन से हमें पहले भी सफलता मिली है। वहीं भारतीय टीम को पिछले मैच में दक्षिण अफ्रीका के हाथों 3 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच भी भारतीय टीम जीत के करीब पहुंचकर भी हार गयी थी। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने शुरुआती विकेट काफी कम रनों पर गंवा दिये थे पर उसके बाद निचले क्रम ने उसे लक्ष्य तक पहुंचा दिया था।

# मोहम्मद सिराज 2025 में टेस्ट क्रिकेट के बादशाह बने, ब्लेसिंग मुजरबानी को पछाड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 2025 में टेस्ट मैचों में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज का खिताब अपने नाम कर लिया। उन्होंने यह उपलब्धि वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में चल रहे दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच के चौथे दिन हासिल की, जब उन्होंने शाई होप (103 रन) को आउट किया।

सिराज ने इस साल अब तक आठ टेस्ट मैचों में 37 विकेट झटके हैं। उन्होंने 1,575 गेंदें (262.3 ओवर) फेंकीं, जिनमें 39 मेडन ओवर शामिल रहे। उनका गेंदबाजी औसत 26.91, इकॉनमी रेट 3.79 और स्ट्राइक रेट 42.56 रहा। सिराज का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर 6 विकेट का है। उन्होंने दो बार चार विकेट और दो बार पाँच विकेट हासिल किए हैं।

दूसरी ओर, जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी ने नौ मैचों में 36 विकेट लिए हैं। उन्होंने 1,660 गेंदें (276.4 ओवर) फेंकीं और 28.63 की औसत से विकेट झटके। उनका इकॉनमी रेट 3.72 और स्ट्राइक रेट 46.11 रहा, जबकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 58 रन देकर 7 विकेट का था।

वेस्टइंडीज़ के खिलाफ दूसरे टेस्ट के चौथे दिन, मेहमान टीम ने 252/3 के स्कोर से दूसरे सत्र की शुरुआत की थी। शाई होप ने सिराज की गेंद पर चौका लगाकर अपना शतक पूरा किया, लेकिन जल्द ही 103 रन पर आउट हो गए। इसके बाद कुलदीप यादव ने एक ही ओवर में दो विकेट झटके रोस्टन चेज (40) और खैरी पियरे (0)।

विंडीज की टीम 300 रन तक पहुंची, लेकिन जल्द ही वारिकन (3) और फिलिप्स (2) भी आउट हो गए। दिन के अंत में मेहमान टीम 93 ओवर में 311/9 पर संघर्ष कर रही थी, जबकि जस्टिन ग्रीव्स (5*) और जोमेल वारिकन (0*) क्रीज पर टिके रहे। सिराज के शानदार प्रदर्शन ने न केवल भारत को मज़बूत स्थिति में ला दिया है, बल्कि उन्हें 2025 का टेस्ट विकेट किंग भी बना दिया है।



# जोशना चिनप्पा ने जापान ओपन का खिताब जीता

नई दिल्ली। भारत की चोटी की स्क्वाश खिलाड़ी जोशना चिनप्पा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को योकोहामा में जापान ओपन फाइनल में मिस्र की हया अली को चार गेम में हराकर अपना 11वां पीएसए टूर खिताब जीता। विश्व की पूर्व नंबर 10 भारतीय महिला खिलाड़ी ने 15,000 अमेरिकी डॉलर इनामी चैलेंजर प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त मिस्र की खिलाड़ी को 38 मिनट में 11–5, 11–9, 6–11, 11–8 से हराया। इससे पहले विश्व रैंकिंग में 117वें स्थान पर काबिज चिनप्पा ने सेमीफाइनल में मिस्र की चौथी वरीयता प्राप्त राणा इस्माइल को 11–7, 11–1, 11–5 से हराया था। इस बीच मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैंपियन और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह रविवार को रेडवुड सिटी (अमेरिका) में चल रहे 130,500 डॉलर इनामी पीएसए गोल्ड इवेंट सिलिकॉन वैली ओपन के राउंड ऑफ 16 के मैच में दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी और पांचवीं वरीयता प्राप्त फ्रांस के विक्टर क्रूइन से 4–11, 2–11, 1–11 से हार गए।



# पाक गेंदबाज इहसानुल्लाह का दावा, अभिषेक को 3 से 6 गेंदों में ही आउट कर दूंगा

लाहौर। एशिया कप क्रिकेट में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से विरोधी टीम के गेंदबाजों की जमकर पिटाई करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को पाकिस्तान के एक गेंदबाज ने चुनौती दी है। पाक गेंदबाज इहसानुल्लाह का एक वीडियो आया है। इसमें इस गेंदबाज ने कहा है कि अगर उसे अवसर मिले तो वह 3 से 6 गेंदों में ही अभिषेक को आउट कर सकता है। उसने इसके लिए अपनी योजना भी बतायी है। इहसानुल्लाह को एशिया कप में पाकिस्तान की टीम में जगह नहीं मिली थी। इस गेंदबाज ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रवेश किया है। इस गेंदबाज ने पाक के लिए एक एकदिवसीय और 4 टी20 मुकाबले खेले हैं। वहीं दूसरी ओर अभिषेक ने एशिया कप के सात मैचों में करीब 200 के करीब स्ट्राइक रेट से 314 रन बनाए हैं। उनके नाम सबसे ज्यादा छक्के का रिकार्ड भी है। वहीं पाक सुपर लीग में 152.65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकने के लिए मशहूर हुए इहसानुल्लाह के अनुसार वह अभिषेक का विकेट ले सकते हैं। वायरल वीडियो में इहसानुल्लाह कहते नजर आ रहे हैं, 'अगर मुझे भारत के खिलाफ खेलने का मौका मिला तो मैं अभिषेक का विकेट 3 से 6 गेंदों के बीच ले लूंगा।' साथ ही कहा, 'मेरी 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार उसे 160 जैसी लगेगी। वह उनकी तेजी का अंदाजा नहीं लगा पाएगा। मैं बाएं हाथ के बल्लेबाज़ों को इनस्विंगर करता हूं, और उसे ऐसी गेंदों से परेशानी होती है। इसीलिए मैं ऐसा कह रहा हूं। मैं बाएं हाथ के बल्लेबाजों के दाएं कंधे पर अपनी बाउंसर फेंकता हूं। जिससे खेलना कठिन हो जाता है।' भारत और पाकिस्तान की टीमों के बीच अगला मुकाबला टी20 विश्वकप 2026 में खेला जाएगा, अब देखना होगा कि इमसें इहसानुल्लाह पाक टीम में जगह मिलती है या नहीं।



# हरभजन सिंह को उम्मीद, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विराट कोहली कम से कम इतने शतक लगाएंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली की ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वनडे टीम में वापसी पर खुशी जताई और उम्मीद जताई कि 19 अक्टूबर से शुरू होने वाले तीन मैचों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान वह कम से कम दो शतक जड़ेंगे। विराट रोहित शर्मा के साथ ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर से बाहर होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए भारतीय टीम में अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करेंगे।

टी20 और टेस्ट मैचों से पहले ही संन्यास ले चुके विराट कोहली की वनडे क्रिकेट में वापसी किसी उत्सव से कम नहीं लग रही है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में, जहां उनका रिकॉर्ड शानदार रहा है। शुभमन गिल के नए वनडे कप्तान बनने और अभिषेक शर्मा, प्रभसिमरन सिंह और तिलक वर्मा जैसी कई नई प्रतिभाओं के साथ उन्हें 2027 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की दौड़ में बने रहने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा, क्योंकि टूर्नामेंट से पहले उनकी उम्र क्रमशः 39 और 40 वर्ष होगी।

हरभजन ने कहा कि विराट उन खिलाड़ियों में से एक हैं जो बड़े मौकों पर शानदार प्रदर्शन करते हैं और यही बात उन्हें



दूसरों से अलग बनाती है। उन्होंने कहा, 'वह बड़े मौकों और दबाव वाले मैचों का इंतजार करता है और तभी वह दिखाता है कि वह चैंपियन क्यों है। जब आप सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तभी आप सम्मान अर्जित करते हैं और उसने यह सम्मान अर्जित किया है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में शतक लगाने और टीम की कप्तानी की जिम्मेदारी संभालने के बाद। यही वो चुनौतियां हैं जिनका वह बेसब्री से इंतजार करता है। ऑस्ट्रेलिया उसका पसंदीदा शिकारगाह है और अब वह आईपीएल के बाद वापसी कर रहा है। मैं उसे उन तीन वनडे मैचों में बल्लेबाजी करते देखने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि उन तीन में से वह भारत के लिए कम से कम दो शतक लगाएगा।'

हरभजन ने विराट को फिटनेस गुरु भी कहा और आग्रह किया कि इस स्टार बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई सवाल या चिंता न उठाई जाए। उन्होंने आगे कहा, 'वह फिट हैं, शायद उनके साथ खेलने वाले कई खिलाड़ियों से ज़्यादा फिट। आज के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वह यकीनन सबसे फिट खिलाड़ी हैं। अब मैं विराट को फिर से खेलते हुए देखने के लिए उत्सुक हूं। प्रशंसकों ने उन्हें देखना मिस किया है, और निजी तौर पर मैं उन्हें कुछ और समय तक वनडे इंटरनेशनल फॉर्मेट में खेलते देखना पसंद करूंगा क्योंकि उनमें अभी भी बहुत कुछ है। जब उन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया, तो मुझे सचमुच लगा कि उनमें अभी भी 4-5 साल बाकी हैं, न सिर्फ खेलने के लिए बल्कि दबदबा बनाने के लिए भी, क्योंकि वह उस तरह के बल्लेबाज हैं।'

इस स्पिनर ने विश्वास जताया कि विराट ऑस्ट्रेलिया में एक बार फिर अपनी ÷दमदार÷ दिखाएंगे। उन्होंने कहा, 'हमने उन्हें पहले भी उन परिस्थितियों में ढेरों रन बनाते देखा है, और मुझे विश्वास है कि वह फिर से ऐसा करेंगे। रोहित के लिए भी यही बात लागू होती है, मैं इन दोनों दिग्गजों को भारत के लिए बड़े स्कोर बनाते और टीम को मैच जिताने में मदद करते देखने के लिए उत्सुक हूं।'

### विराट का रिकॉर्ड


विराट वनडे में भारत के दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 302 मैचों और 290 पारियों में 57.88 की औसत और 93 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 14,181 रन बनाए हैं, जिसमें 51 शतक और 74 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183 है। इस साल सात वनडे मैचों में, इस सुपरस्टार ने सात पारियों में 45.83 की औसत से 275 रन बनाए हैं, जिसमें एक शतक और दो अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 100* है।

विराट का ऑस्ट्रेलियाई खेल परिस्थितियों से भी पुराना नाता है। उन्होंने 29 वनडे मैचों में 51.03 की औसत और 89 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 1,327 रन बनाए हैं, जिसमें 29 पारियों में 5 शतक और 6 अर्द्धशतक शामिल हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 133* है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी आखिरी पांच पारियां 54, 56, 85, 54 और 84 हैं। ऑस्ट्रेलिया में उनकी आखिरी पांच पारियां 104, 46, 21, 89 और 63 हैं।

# इसे शब्दों में बयां करना मुश्किल है, अपने पहले टेस्ट शतक के बाद बोले कैंपबेल

नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल सोमवार को यहां अपना पहला टेस्ट शतक लगाने के बाद भावुक हो गए और कहा कि समझदारी से शॉट चयन करना उनके लिए कारगर रहा। फॉलोऑन खेलने के बाद कैंपबेल (155 रन, 199 गेंद में) और शाई होप (103 रन, 214 गेंद में) ने तीसरे विकेट के लिए 177 रन की साझेदारी की जिससे वेस्टइंडीज ने शानदार वापसी करते हुए मैच को पांचवें दिन तक खिंचने में सफल रहे। कैंपबेल ने कहा, 'इस पारी में मेरा शॉट चयन काफी सधा हुआ था। मुझे स्वीप खेलने में हमेशा से मजा आता है। शुक्र है, यह मेरे लिए कारगर रहा।' वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में 390 रन बनाये और भारत को 121 रनों का लक्ष्य दिया। स्टंप्स के समय भारत 2–0 की क्लीन स्वीप से 58 रन दूर था। कैम्पबेल इस तरह 23 साल बाद भारत में टेस्ट शतक बनाने वाले वेस्टइंडीज के पहले सलामी बल्लेबाज बन गये। उनसे पहले वेवेल हाइंड्स ने 2002 में ईडन गार्डन्स में शतक बनाया था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने रविंद्र जडेजा की गेंद पर लांग ऑन पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने छक्का लगाकर शतक पूरा करने के बारे में पूछ जाने पर कहा, 'इस गेंद से पहले मैंने देखा कि जडेजा मिड–ऑन के क्षेत्ररक्षक को करीब बुला रहे है। ऐसे में मैंने क्षेत्ररक्षक के ऊपर से शॉट खेलने का मन बनाया।' उन्होंने कहा, 'मैं दूसरी पारी में टीम के लिए योगदान देखकर खुश हूं।'

# डेनमार्क ओपन में लक्ष्य सेन, चिराग–सात्विक की जोड़ी करेगी भारतीय चुनौती की अगुवाई



नई दिल्ली। लक्ष्य सेन और देश की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी मंगलवार से शुरू हो रहे डेनमार्क ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। लक्ष्य सेन ने पिछले साल पेरिस 2024 में सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। उसके बाद से वह सीजन अब तक 10 बार पहले दौर से बाहर हो चुके हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले महीने हांगकांग ओपन में रहा, जहां वे उपविजेता रहे। पुरुष एकल वर्ग में सेन के साथ आयुष शेट्टी भी होंगे। इस साल की शुरुआत में आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन 2025 में पुरुष एकल स्पर्धा का खिताब जीता था। पुरुष युगल ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पिछले महीने हांगकांग ओपन और चाइना मास्टर्स में लगातार उपविजेता रहने के बाद अपने हालिया प्रदर्शन को और बेहतर करने के लिए उत्सुक होंगे। साई प्रतीक के और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय ड्रॉ में शामिल अन्य भारतीय पुरुष युगल जोड़ी हैं। अनमोल खरब महिला एकल वर्ग में भारत की एकमात्र खिलाड़ी हैं और पिछले हफ्ते आकर्टिक ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ होगा। मिश्रित युगल में भारत की चुनौती का नेतृत्व ओलंपियन तनिषा क्रैस्टो और ध्रुव कपिला करेंगे। महिला युगल में भारत के लिए कविप्रिया सेल्वम–सिमरन सिंघी और रुतपर्णा पांडा–श्वेतापर्णा पांडा की जोड़ी मैदान में उतरेगी।

# पाकिस्तान की हॉकी खिलाड़ियों को सलाह, भारतीय खिलाड़ियों के साथ टकराव से बचें

लाहौर। पाकिस्तान हॉकी महासंघ (PHF) ने अपनी राष्ट्रीय टीम के खिलाड़ियों को सलाह दी है कि वे मैदान पर भारतीय खिलाड़ियों के साथ किसी भी तरह के टकराव से बचें और मंगलवार को मलेशिया के जोहर बाहरू में सुल्तान जोहोर कप मैच के दौरान सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। पहलगाम में आतंकी हमले के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में संपन्न एशिया कप के मैचों के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था, जिसमें फाइनल भी शामिल था। इससे विवाद पैदा हो गया था और पाकिस्तान ने एशियाई क्रिकेट परिषद और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (ICC) में विरोध दर्ज कराया था। पूरी संभावना है कि भारतीय जूनियर हॉकी टीम पाकिस्तान के खिलाफ मंगलवार को होने वाले मैच में अपनी क्रिकेट टीम की तरह ही रवैया अपनाएगी। क्तास्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि खिलाड़ियों को भारतीय टीम की हाथ न मिलाने की नीति के लिए मानसिक रूप से तैयार रहने को कहा गया है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ियों से कहा गया है कि अगर भारतीय खिलाड़ी मैच से पहले या बाद में हाथ नहीं मिलाते हैं तो उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए और आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्हें खेल के दौरान किसी भी तरह के भावनात्मक टकराव से बचने के लिए भी कहा गया है।' पाकिस्तान ने अगस्त में बिहार के राजगीर में आयोजित पुरुष एशिया कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजी थी। अधिकारी ने कहा कि उन्होंने खिलाड़ियों से कहा है कि वे सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें।



# विराट के बाद बाबर? टेस्ट क्रिकेट से बाहर होने की कगार पर पाकिस्तानी स्टार, पूर्व कप्तान ने उठाए सवाल

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज़ बाबर आज़म एक बार फिर आलोचनाओं के घेरे में हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में 43 गेंदों पर सिर्फ 28 रन बनाने के बाद पूर्व कप्तान पर सवाल उठने लगे हैं। तीन साल से घरेलू मैदान पर अर्धशतक न बनाने वाले बाबर की फॉर्म को लेकर अब यह चर्चा तेज है कि क्या वह भी विराट कोहली की तरह टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने की राह पर हैं।

### सलमान बट का तंज- 'बाबर घरेलू क्रिकेट से ऊपर नहीं हैं'

पूर्व पाकिस्तानी कप्तान सलमान बट ने अपने यूट्यूब चैनल पर बाबर आज़म की आलोचना करते हुए कहा कि खराब फॉर्म के बावजूद उन्होंने घरेलू लाल गेंद क्रिकेट खेलने से परहेज़ किया, जो उनकी गिरती फॉर्म की बड़ी वजह है। बट ने कहा, 'बाबर प्रथम श्रेणी मैच भी नहीं खेलना चाहता। यह बेरुखी साफ दिखाई दी। जो खिलाड़ी खेले, उन्होंने रन बनाए तो बाबर क्यों नहीं खेला? पहले ओवर में ही वह बहुत कमजोर लग रहे थे। हां, वह बड़ा खिलाड़ी है, लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता आपको घरेलू क्रिकेट खेलना ही होगा। आप इससे ऊपर नहीं हैं।'

### 34 महीने से अर्धशतक का सूखा

बाबर आज़म का आखिरी टेस्ट शतक और अर्धशतक 2022 में आया था। तब से अब तक, उन्होंने 2024 में सिर्फ एक और 2025 में दो अर्धशतक लगाए हैं। लगातार नाकामी के चलते उनकी टीम में जगह पर भी सवाल उठ रहे हैं।

### कोहली से तुलना- क्या बाबर भी वही रास्ता अपनाएंगे?

सलमान बट की टिप्पणी के बाद कई फैंस और विश्लेषक बाबर की तुलना विराट कोहली से करने लगे हैं। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में लगातार असफलता के बाद जनवरी 2025 में टेस्ट क्रिकेट से अचानक संन्यास लेकर सबको चौंका दिया था। दिलचस्प बात यह है कि कोहली ने अपने रिटायरमेंट से ठीक पहले दिल्ली के लिए एक घरेलू मैच खेला था जो बाबर नहीं कर रहे।

### क्या बाबर का टेस्ट करियर भी ढलान पर है?

बाबर की फॉर्म और रवैये पर उठ रहे सवालों ने यह चर्चा तेज़ कर दी है कि क्या पाकिस्तान चयन समिति जल्द ही उन्हें टेस्ट टीम से बाहर कर सकती है। उनके प्रदर्शन में लगातार गिरावट और घरेलू क्रिकेट से दूरी यह संकेत देती है कि बाबर का टेस्ट करियर अब निर्णायक मोड़ पर है।

